
बी एच ई एल
BHEL

वार्षिक रिपोर्ट
2022-23

भारत के सतत विकास की दिशा में अग्रसर



परिचय

- 1964 से भारत में निर्माणशील
- भारत का अपनी तरह का सबसे बड़ा इंजीनियरिंग और विनिर्माण उद्यम
- भारतीय कैपिटल गुड्स उद्योग में सबसे बड़े नियोक्ताओं में से एक
- आज तक भारत और विदेश में 197 गीगावॉट विद्युत उत्पादन क्षमता स्थापित
- देश की कुल स्थापित थर्मल विद्युत उत्पादन क्षमता में बीएचईएल 55% हिस्सेदारी
- अखिल भारतीय उपस्थिति: 16 विनिर्माण इकाइयां; 8 सेवा केंद्र
- मानव संसाधन: 29,000+; 8,300+ अभियंता

प्रमुख क्षेत्र

- पावर- थर्मल, हाइड्रो, गैस , परमाणु और सौर पीवी
- परिवहन
- पारेषण (ट्रांसमिशन)
- रक्षा और एयरोस्पेस
- तेल एवं गैस
- ऊर्जा भंडारण



उपस्थिति

- देश के सभी राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों में 463 कोयला, 424 हाइड्रो, 103 गैस, 12 परमाणु और 58 मेगावाट स्केल ग्रिड कनेक्टेड सोलर पीवी प्लांट निष्पादित किए
- सभी 6 बसे हुए महाद्वीपों के 88 देशों से व्यावसायिक संबंध

बी एच ई एल
BHEL

बीएचईएल

देश को पावर और उद्योग क्षेत्र में **आत्मनिर्भर** बनाते हुए

- पावर, उद्योग और बुनियादी ढ़ांचा के क्षेत्रों में संपूर्ण संधारणीय समाधान
- भारतीय विद्युत संयंत्र उपकरण निर्माताओं में निर्विवाद रूप से शीर्षस्थ कंपनी
- देश के आधारभूत एवं रणनीतिक क्षेत्रों में कार्यरत
- विश्वस्तरीय प्रौद्योगिकी और परिसंपत्तियाँ
- भारतीय इंजीनियरिंग क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास तथा नवाचार पर उच्च निवेश

विषय सूची



4 वार्षिक समीक्षा

4 शेयरधारकों को पत्र

8 बीएचईएल का नेतृत्व

14 वर्ष के दौरान बीएचईएल एक नजर में





18 कॉर्पोरेट प्रोफाइल

18 बीएचईएल का परिचय

22 अखिल भारतीय उपस्थिति

24 बीएचईएल की दुनिया

26 उत्कृष्टता का सम्मान

30 निदेशक मंडल रिपोर्ट

39 प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण

44 व्यावसायिक खंडों का परिचय एवं निष्पादन

67 वित्तीय निष्पादन का व्यापक विश्लेषण

87 कॉर्पोरेट अभिशासन

117 संधारणीय विकास एवं कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

127 व्यावसायिक उत्तरदायित्व एवं संधारणीयता रिपोर्ट

160 अनुसंधान एवं विकास तथा प्रौद्योगिकीय उपलब्धियां



189 **वित्तीय विवरण**

190 एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरण

263 समेकित वित्तीय विवरण



345 **अतिरिक्त जानकारी**

346 वित्तीय निष्पादन रुख

349 उत्पाद सूची

358 शब्दावली

362 **सूचना**

विशेषताएँ

15 रेलयात्रा के अनुभव में क्रांतिकारी परिवर्तन

29 राष्ट्र के लिए क्षमता निर्माण

53 एयर कूल्ड कंडेनसर के माध्यम से संधारणीयता प्राप्त करना

63 कोयला गैसीकरण की स्वदेशी प्रौद्योगिकी के माध्यम से आत्मनिर्भरता

167 ग्रिड को हरित बनाना: नवीकरणीय और कोयला आधारित विद्युत के बीच तारतम्यता स्थापित करना

381 परमाणु उर्जा विद्युत: विश्वसनीय और संधारणीय बेस-लोड समाधान का निर्माण

शेयरधारकों को पत्र

प्रिय शेयरधारक,

आपकी कंपनी की 59वीं वार्षिक रिपोर्ट (वर्ष 2022–23) आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे बहुत अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

भारत में समग्र व्यावसायिक परिदृश्य मजबूत रहा है, जिससे हमारा देश वित्त वर्ष 2022–23 में 7.2% की उल्लेखनीय वृद्धि दर हासिल कर दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया है। औद्योगिक उत्पादन में भी पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 5.1% की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। जहां एक ओर वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी और भू–राजनीतिक व्यवधानों का व्यवसायों पर कुछ प्रभाव पड़ा है, वहीं दूसरी ओर अधोसंरचना क्षेत्र में पर्याप्त निवेश तथा घरेलू उद्योगों के निरंतर विस्तार ने आपकी कंपनी के लिए विकास के काफी अवसर उत्पन्न किए हैं।

कंपनी ने पिछले कुछ समय में व्यापार विविधीकरण, परियोजना निष्पादन, प्रौद्योगिकी विकास, गुणवत्ता, जनशक्ति विकास आदि क्षेत्रों में कई पहलें की हैं। मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि इन पहलों के परिणाम दिखने शुरू हो गए हैं।

यद्यपि वित्तीय मानदंड किसी संगठन के निष्पादन का अंतिम मानदंड होते हैं, परंतु यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि वित्तीय निष्पादन का वास्तविक आधार प्रत्यक्ष निष्पादन ही होता है। इसके अलावा, किसी भी संगठन, विशेष रूप से बड़े संगठनों के लिए भविष्य का निर्माण करना आवश्यक है जिसके लिए दीर्घकालिक सतत विकास हेतु उपर्युक्त चालक बलों पर ध्यान देना होता है।

"इस दिशा में, आपकी कंपनी ने हाल के दिनों में जो सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन देखे हैं, उनमें से एक है– कंपनी के परिचालन दृष्टिकोण का "राजस्व केंद्रित" से बदलकर "परियोजना केंद्रित" होना। कंपनी ने परियोजना निष्पादन की दिशा में अनेक केंद्रित प्रयास किए हैं जैसे एकीकृत परियोजना प्रबंधन प्रणाली (आईपीएमएस) का क्रियान्वयन, सामग्री का आवश्यकता के क्रम में प्रेषण, अग्रिम इंजीनियरिंग योजना और कार्रवाई, परियोजना निदेशकों को प्रदत्त शक्तियों को बढ़ाना, साइट डेटा डिजिटलीकरण आदि, जिनके परिणाम आने शुरू हो गए हैं।

व्यापक स्तर पर, इसे ऐसे समझा जा सकता है कि कंपनी में अगस्त 2019 से सितंबर 2022 के बीच तीन वर्षों तक घटती ऑर्डर बुक और थर्मल ऑर्डर 'शून्य' होने के बावजूद इसी अवधि में परियोजना स्थलों पर इरेक्शन भार दोगुना (वित्त वर्ष 2022–23 में 5.41 लाख मीट्रिक टन हासिल किया) हो गया है। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2018–19 में 59% की तुलना में वित्त वर्ष 2022–23 में चालू वर्ष के बिलिंग की 86% तक वसूली में वृद्धि उत्पादन और बिलिंग की गुणवत्ता का प्रमाण है। सूक्ष्म



(डॉ. नलिन सिंघल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्तर पर, कुछ समय पूर्व ही हमारी दो प्रमुख परियोजनाओं–मैत्री और नार्थ करनपुरा की सफलता इन प्रयासों के परिणाम दिखाने वाले विशिष्ट मामले हैं। बांग्लादेश में मैत्री थर्मल पावर प्रोजेक्ट की यूनिट 1 को अगस्त 2022 को सिंक्रोनाइज किया गया था। कोविड की दो लहरों और परियोजना स्थल से जन शक्ति के बड़े पैमाने पर एयरलिफ्ट के बीच और सीमा एवं वीजा संबंधी अनेक चुनौतियां के बावजूद कुल 64 महीनों में इस काम को पूरा किया गया। हाल ही में, मैत्री परियोजना की इकाई 2 का सिंक्रोनाइजेशन 28 जून को किया गया। इस यूनिट के सिंक्रोनाइजेशन का कठिन कार्य जी2जी उच्च स्तरीय बैठक में किए गए वादे पर किया गया है। जिस समय यह वादा किया गया था, उस समय भी यह बहुत कठिन लक्ष्य था। देश के भीतर की परियोजनाओं की बात करें तो, 3×660 थर्मल पावर प्लांट नार्थ करनपुरा इकाई 1 को अक्टूबर, 22 में सिंक्रोनाइज किया गया था और यूनिट 2 के सिंक्रोनाइजेशन का कार्य प्रगति पर है जो अक्टूबर, 23 में पूरा होने की संभावना है। यह संयंत्र पानी की खपत को कम करने वाले एयर कूल्ड कंडेनसर से युक्त पहला यूटिलिटी स्केल पावर प्लांट है। इस युक्ति से सभी तीन इकाइयों के संचालन के बाद सालाना 30,500 मिलियन लीटर पानी की बचत होगी। यह बचत लगभग 1.5 मिलियन लोगों की वार्षिक आवश्यकता के बराबर है। कोविड के प्रभावों के कारण ओईएम विशेषज्ञों की अनुपलब्धता के बाबजूद बीएचईएल इंजीनियरों ने इस एयर कूल्ड कंडेनसर को कमीशन किया था।

वित्त वर्ष 2022–23 की मुख्य निष्पादन उपलब्धियां

आइए, बीते साल में हमारे निष्पादन पर एक नजर डालते हैं:

- आपकी कंपनी ने परिचालन से 23,365 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया जो पिछले वर्ष के 21,211 करोड़ रुपये की तुलना में 10% अधिक है। हमने पिछले वर्ष के 410 करोड़ रुपये के कर पश्चात लाभ की तुलना में बीते साल 448 करोड़ का कर पश्चात लाभ (PAT) कमाया।
- वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान कुल प्राप्य राशि (वसूली योग्य) में लगभग 9% की वृद्धि के बावजूद परिचालन से राजस्व के दिनों की संख्या पिछले वर्ष 571 दिनों से घटकर बीते वर्ष 567 दिन हो गई तथा परिचालन से राजस्व के दिनों की संख्या में व्यापार प्राप्य वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान 107 दिनों के मुकाबले 102 दिनों तक कम हो गए। प्राप्यों में उक्त वृद्धि मुख्य रूप से प्रतिकूल भुगतान शर्तों वाली परियोजनाओं के निष्पादन के कारण हुई थी। रुपये
- कंपनी ने 23,548 करोड़ रुपये (कर रहित) के ऑर्डर प्राप्त किए, जो पिछले पांच वर्षों में सबसे अधिक हैं। हितधारकों की बेहतर समझ के लिए और राजस्व आंकड़ों की रिर्पोर्टिंग के अनुरूप आर्डर बुक में रिपोर्टिंग सभी करों को छोड़कर की गई है। उद्योग क्षेत्र में ऑर्डर बुकिंग 9,537 करोड़ रुपये है, जो कि पिछले 13 वर्षों में सबसे अधिक है। इसमें रक्षा क्षेत्र से अब तक के सबसे अधिक ऑर्डर हैं, जिसमें 20 अपग्रेडिड एसआरजीएम (भारतीय युद्धपोतों पर मुख्य बंदूक) का ऑर्डर भी शामिल है। बीएचईएल एसआरजीएम का देश में एकमात्र आपूर्तिकर्ता है।
- कंपनी ने बीते वर्ष प्रतिष्ठित थर्मल ईपीसी ऑर्डर–2×660 मेगावाट, एनटीपीसी तलचेर थर्मल पावर प्लांट प्राप्त किया। पिछले चार वर्षों में यह एकमात्र आर्डर ही प्राप्त हुआ है, जिससे बीएचईएल की थर्मल क्षेत्र में बाजार नेतृत्व की स्थिति बरकार रही।
- कंपनी ने स्पेयर्स एंड सर्विसेज बिजनेस में 25% से अधिक की वृद्धि दर्ज की।
- 31 मार्च 2023 को कुल बकाया ऑर्डर बुक 91,336 करोड़ रुपये है (करों के अलावा) पिछले वर्ष यह 90,084 करोड़ रुपये थी। अप्रैल 2023 में 80 "वंदे भारत ट्रेनसेट" का प्रतिष्ठित आर्डर प्राप्त होने के बाद कुल बकाया ऑर्डर बुक 1 लाख करोड़ रुपये (करों को छोड़कर) से अधिक हो गई। यह पिछले 4 वर्षों में सबसे अधिक है।

  पिछले कुछ वर्षों में, कंपनी ने 'इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड कंस्ट्रक्शन सेक्टर' श्रेणी में 'वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता' के लिए दो बार आईसीएआई पुरस्कार जीता है, जो लेखांकन/ रिपोर्टिंग प्रणालियों की गुणवत्ता को दर्शाता है।

बढ़ते कदम

भारत के 140 करोड़ लोगों की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप, बुनियादी सुविधा के विकास और प्रौद्योगिकी आत्मनिर्भरता के क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर की गई विभिन्न पहलें, आपकी कंपनी के लिए पूंजीगत माल के साथ–साथ ऊर्जा क्षेत्रों में भी अनेक अवसर पैदा करती हैं। इनमें से एक पहल है– आत्मनिर्भर भारत, जिसे हमारे माननीय प्रधान मंत्री ने शुरू किया है जो विकास के अनेक अवसर उत्पन्न करती है। आपकी कंपनी इन उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए अथक प्रयास कर रही है।

पारंपरिक (पावर) क्षेत्र में, हम एक आम सहमति बनती देख रहे हैं कि आर्थिक विकास और अपने लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने तथा ऊर्जा सुरक्षा की दृष्टि से, थर्मल पावर के उपयोग को समाप्त नहीं किया जा सकता है। इससे थर्मल पावर सेक्टर में दोबारा जान आ गई है। यह भले ही कम या मध्यम अवधि के लिए हो पर यह एक ऐसा राहत का समय है जो आपकी कंपनी को नए और भविष्य के व्यवसायों में विविधता लाने की दिशा में और प्रयास करने का मौका देगा।

कंपनी ने थर्मल से संबंधित क्षेत्रों में व्यावसायिक दायरे का विस्तार करते हुए, कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों के लचीले परिचालन (ग्रिड में नवीकरणीय ऊर्जा को एकीकृत करने के लिए आदेशात्मक अनिवार्यता) के लिए इन–हाउस समाधान को सफलतापूर्वक विकसित करने में काफी प्रगति की है। कंपनी ने अपने आर्डर में निष्पादन के निर्धारित मानदंडों को पूरा किया है और अगले चार ऑर्डर भी प्राप्त कर लिए हैं। सीईए द्वारा मौजूदा थर्मल सेटों में लचीलेपन की क्षमताओं को लागू करने संबंधी दिशानिर्देश जारी करने से इस क्षेत्र में और व्यवसाय उत्पन्न होने की उम्मीद है। ग्राहकों के साथ दीर्घकालिक समझौतों (आपूर्ति और सेवाओं के लिए), डिलीवरी के समय को कम करने के लिए उन्नत प्रापण (प्रोक्योरमेंट) कार्रवाई/स्टॉकिंग, और सेवा में सुधार के कारण स्पेयर्स एंड सर्विसेज व्यवसाय भी बढ़ रहा है। एनपीसीआईएल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने और लघु मॉड्यूलर रिएक्टरों के क्षेत्र में शुरू किए गए विकासात्मक प्रयासों से परमाणु व्यवसाय पर ध्यान केंद्रित करने के प्रयास जारी हैं। जीएचएवीपी (गोरखपुर हरियाणा अणु विद्युत परियोजना) को बीएचईएल के 44वें परमाणु भाप जनरेटर का प्रेषण इस क्षेत्र में हमारी क्षमता को प्रदर्शित करता है। कंपनी ने हाइड्रो पावर में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए रखी है। कंपनी 400 मेगावाट तक के विभिन्न आकारों के कस्टम–मेड हाइड्रो टर्बाइन और जनरेटर के डिजाइन, इंजीनियर और विनिर्माण की क्षमता रखती है और पुराने हो रहे हाइड्रो टर्बो जनरेटरों के विशाल बेड़े के लिए अनुकूल मरम्मत एवं अनुरक्षण समाधान प्रदान करती है।

जहां तक विविधीकरण का संबंध है, कंपनी का लक्ष्य है कि हमारा कम से कम 50% व्यवसाय गैर–कोयला क्षेत्र में हो। कंपनी ने इस दिशा में कुछ उल्लेखनीय सफलताएं प्राप्त की हैं, जैसे उद्योग क्षेत्र की ऑर्डर बुक कुल ऑर्डर बुकिंग का 40% है। ये ऑर्डर पिछले वर्ष रक्षा क्षेत्र में अब तक के सबसे अधिक ऑर्डर को मिलाकर हैं जिनमें अपग्रेडिड एसआरजीएम के आदेश, लड़ाकू विमान के लिए हीट एक्सचेंजर्स, एएमसीए की लीथियम–आयन बैटरी की आपूर्ति का पहला ऑर्डर (इस ऑर्डर से बीएचईएल अगली पीढ़ी के विमान की लीथियम–आयन बैटरी का एकमात्र भारतीय आपूर्तिकर्ता बन गया) आदि शामिल हैं। इसके अलावा, बीएचईएल ने हीट एक्सचेंजर्स, कंट्रोल सिस्टम, टर्बाइन, मोटर, जनरेटर आदि सहित उपकरणों की श्रृंखला तथा रणनीतिक क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण उपकरणों के डिजाइन, इंजीनियरिंग और विनिर्माण के एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में अपनी भूमिका को निरंतर बनाए रखा है।

बीएचईएल को अप्रैल, 2023 ऐतिहासिक सफलता मिली। हमें मेसर्स टीआरएसएल के साथ कंसोर्टियम के रूप में अब तक के सबसे बड़े ऑर्डरों में से एक, 80 वंदे भारत ट्रेनसेट की आपूर्ति और 35 साल के रखरखाव का ऑर्डर मिला है। जब एक ओर रेलवे सेमी–हाई स्पीड ट्रेनसेट, लोकोमोटिव, सिग्नलिंग आदि जैसे क्षेत्रों में बड़ी विस्तार और आधुनिकीकरण योजनाएं शुरू कर चुकी है, वहीं दूसरी ओर इस ऑर्डर के मिलने से भविष्य में रेल व्यवसाय के नए अवसर उत्पन्न होंगे।

एक और सफल व्यावसायिक पहल हुई हैः कोयला गैसीकरण। विभिन्न स्तरों पर यह स्वीकार किया गया है कि देश को अपने विशाल कोयला भंडार (अपर्याप्त गैस/तेल भंडार के कारण) का उपयोग करने की आवश्यकता है। साथ ही, यह भी स्वीकार किया गया कि, जलवायु परिवर्तन को देखते हुए देश को बड़े पैमाने पर स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकियों को अपनाना होगा। बीएचईएल ने अपनी स्वदेशी रूप से विकसित कोयला गैसीकरण प्रौद्योगिकी का लाभ लेते हुए 2,000 टीपीडी वाणिज्यिक पैमाने के संयंत्र के गैसीफायर के डिजाइन और इंजीनियरिंग कार्य को पूरा किया है। यह प्रौद्योगिकी उच्च राख वाले भारतीय कोयले के गैसीकरण के लिए दुनिया की पहली सिद्ध प्रौद्योगिकी है। इसके अलावा, कोयला से अमोनियम नाइट्रेट उत्पादन हेतु संयंत्र स्थापित करने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड के साथ एक संयुक्त उद्यम गठित करने की प्रक्रिया अंतिम चरणों में है। इससे हमारे माननीय प्रधान मंत्री द्वारा घोषित राष्ट्रीय कोयला गैसीकरण मिशन के तहत बीएचईएल के लिए बड़े व्यावसायिक अवसर उत्पन्न होंगे।

आपकी कंपनी 'राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन' के अनुरूप तैयार है और ग्रीन हाइड्रोजन वैल्यू चेन में विभिन्न संभावनाएं तलाश रही है। इसके लिए वाराणसी में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की जा रही है। ये प्रयास भविष्य के इस क्षेत्र के स्केलेबल व्यवसायों का मार्ग प्रशस्त करेंगे। इन सभी विविध पहलों ने बीएचईएल की गैर–कोयला खंड में दीर्घकालिक विकास संभावनाओं के लिए आधार तैयार किया है। ये प्रयास आपकी कंपनी की संधारणीयता, कार्बन फुटप्रिंट में कमी के प्रति प्रतिबद्धता तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने की दिशा में किए जा रहे वैश्विक प्रयासों में योगदान का प्रमाण हैं।

कंपनी ने कुछ प्रोद्योगिकी समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए हैं। उनमें से प्रमुख हैं– मैसर्स जनरल इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजी जीएमबीएच स्विट्जरलैंड के साथ मौजूदा / उन्नत और नए गैस टरबाइन मॉडल के अधिक अधिकारों के लिए; मैसर्स सुमितोमो एसएचआई–एफडब्ल्यू के साथ ईंधनों की विस्तृत श्रृंखला को दहन (फायर) करने में सक्षम सबक्रिटिकल और सुपरक्रिटिकल सर्कुलेटिंग फ्लूडाइज्ड बेड कॉम्बश्शन (सीएफबीसी) बॉयलर के लिए; मैसर्स एबीबी के साथ रेल खंड के लिए अंडरस्लंग प्रोपल्सन उपकरण के लिए। इन समझौतों के दौहरे लाभ होंगे। पहला, इनसे बीएचईएल के लिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से विविध नए व्यवसाय सृजित होंगे। दूसरा, आने वाले समय में बीएचईएल को अत्याधुनिक प्रोद्योगिकियों में आत्मनिर्भर बनाने में सहायता मिलेगी।

कंपनी ने अपने स्वयं के व्यावसायिक क्षेत्रों के साथ–साथ अन्य सीपीएसई के लिए भी उपस्करों के स्वदेशीकरण और आयात निर्भरता में कमी लाने में उल्लेखनीय प्रगति की है। अपने व्यवसाय के लिए, बीएचईएल ने एफजीडी जैसे कई उपस्कर इन–हाउस विकसित किए हैं और अपने विक्रेताओं/ सहयोगियों के उपस्कर विकास में सहयोग कर रहा है। हाल की सफलताओं में सकर रॉड पंप का विकास शामिल है, जो कि तेल उद्योग की एक प्रमुख आवश्यकता है और अब तक बड़े पैमाने पर चीन से आयात की जाती थी।

तथापि कंपनी के लिए चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। यद्यपि बढ़ती सामग्री लागत को कई लागत इष्टतमीकरण (ऑप्टिमाइजेशन) प्रयासों से नियंत्रित किया गया है फिर भी यह लाभप्रदता को लगातार प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर रही है। इसके अलावा, वर्तमान में निष्पादित किए जा रहे कुछ ऑर्डर बहुत प्रतिस्पर्धी दरों पर मिले हैं। ये दोनों तथ्य मिलकर निकट भविष्य में कंपनी के शुद्ध लाभ को कम कर सकते हैं। कंपनी इस स्थिति से निपटने के लिए सख्त लागत नियंत्रण उपाय लागू कर रही है। निकट भविष्य में ऐसे नए ऑर्डर जिनमें कंपनी ने परियोजना प्रबंधन सुधार के प्रयास किए हैं और विशिष्ट साइटों पर पीएमसी (परियोजना प्रबंधन परामर्शदाता) की सेवाएं ली जाएंगी तथा लागत वृद्धि को एक कारक माना गया है, वे ऑर्डर लाभप्रदता में सुधार करने में सहायक होंगे। वर्तमान में निष्पादित किए जा रहे ऑर्डरों में प्रतिकूल भुगतान शर्तों के कारण कंपनी की चलनिधि (लिक्विडिटी) स्थिति कमजोर बनी रह सकती है। लेकिन इनमें से अधिकांश ऑर्डर अगले दो वर्षों में काफी हद तक पूरे हो जाएंगे, जिससे चलनिधि में सुधार की उम्मीद है। हाल के वर्षों में प्राप्त इन नए ऑर्डरों की सुपुर्दगी समय पर करने पर लगातार ध्यान देने से इन ऑर्डरों की वसूली में और मदद मिलेगी।

गुणवत्ता सर्वप्रथम पहल

आपकी कंपनी द्वारा की गई एक अन्य प्रमुख पहल 'गुणवत्ता सर्वप्रथम (क्वालिटी फर्स्ट)' है। इसे पूरे संगठन में मिशन मोड में शुरू किया गया है ताकि ग्राहकों को दिये जाने वाले कंपनी के उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता को एक हॉलमार्क बनाया जा सके। इस दिशा में किए गए निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप बीएचईएल को व्यावसायिक उत्कृष्टता अपनाने और उसके संवर्धन के लिए पहली बार "सीआईआई–एक्जिम बैंक की विशेष जूरी से प्रशस्ति" प्राप्त हुई। इस सम्मान की प्राप्ति आपकी कंपनी के सभी परिचालनों में व्यावसायिक उत्कृष्टता को अंगीकार करने और उसे पोषित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इसके अतिरिक्त, "सीआईआई एक्जिम बैंक अवार्ड फॉर बिजनेस एक्सीलेंस 2022" में कंपनी की एचपीबीपी त्रिची, एचईईपी हरिद्वार, एचईपी भोपाल और एचपीईपी हैदराबाद इकाइयों को 'प्लेटिनम' सम्मान मिला वहीं पीईएम नोएडा, ईडीएन बेंगलुरु, बीएपी रानीपेट और पीएसएनआर नोएडा इकाइयों

को 'गोल्ड प्लस' सम्मान मिला। जकार्ता में गुणवत्ता नियंत्रण सर्किलों के 47वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने वाली सभी 8 गुणवत्ता सर्किल टीमों ने स्वर्ण पुरस्कार (पुरस्कार की उच्चतम श्रेणी) जीतकर भारत में गुणवत्ता सर्किल अभियान के अग्रणी के रूप में बीएचईएल का परचम लहराया है।

प्रतिबद्ध जनशक्ति और नेतृत्व पाइपलाइन बनाना

आपकी कंपनी की दशकों से एक मॉडल नियोक्ता के रूप में पहचान बनी हुई है। हम यह मानते हैं कि समर्पित और प्रतिबद्ध जनशक्ति किसी भी संगठन की सफलता की कुंजी है। इस दिशा में कई प्रयास किए गए हैं, जिनमें से एक है मानव संसाधन उत्कृष्टता का रोडमैप तैयार करने और लागू करवाने के लिए एक शीर्ष परामर्शदाता संगठन की सेवाएं लेना। दीर्घकालिक उत्तराधिकार योजना (सक्सेशन प्लान) के लिए सक्षमता मूल्यांकन के माध्यम से नेतृत्व विकास मॉडल बनाए गए हैं और व्यक्तिगत विकास योजनाओं आदि को लागू किया जा रहा है। संवाद कार्यक्रमों, यूनिट रीच–आउट कार्यक्रमों आदि के माध्यम से कर्मचारी सहभागिता/जुड़ाव बढ़ाने के लिए भी कई प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, बदलते कारोबारी परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए, नई आगामी प्रौद्योगिकियों पर केंद्रित अनलर्निंग, लर्निंग और रीलर्निंग पहलों के माध्यम से हमारी जनशक्ति को सक्षम बनाने हेतु निरंतर प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

हरित बीएचईएल

आज दुनिया भर में संपोषणीय भविष्य के लिए जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए प्रयास करना सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय बन गया है। इस दिशा में हमारे देश ने 'पंचामृत' लक्ष्यों को अपनाया है जिसमें वर्ष 2070 तक नेट जीरो बनने की प्रतिबद्धता भी शामिल है। हमने संधारणीय कंपनी के रूप में हमारे लोकाचार के अनुरूप वर्ष 2047 तक नेट जीरो प्राप्त करने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए "बीएचईएल को हरित कंपनी" बनाने की बड़ी पहल की है। कंपनी को सार्वजनिक क्षेत्र के लिए एक मॉडल "हरित कंपनी" बनाने के अलावा, दीर्घावधि में लागत कम करके और उधार एवं बीमा आदि की उपलब्धता बढ़ाकर व्यावसायिक निष्पादन में सहयोग करने की अपेक्षा है। इसके अलावा, इससे कंपनी के भीतर पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों के डिजाइन, इंजीनियरिंग और विनिर्माण हेतु नवाचार संस्कृति बनाने में मदद भी मिलेगी।

कौशल विकास पहल

आपकी कंपनी ने देश की कौशल विकास के लिए प्रतिबद्धता में योगदान करते हुए अपनी क्षमताओं और बुनियादी सुविधा का लाभ लेकर वेल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (डब्ल्यूआरआई) त्रिची (देश में अग्रणी वेल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूशन) में एक कॉमन इंजीनियरिंग फैसिलिटी सेंटर (सीईएफसी) की स्थापना की है। इसके विस्तार केंद्र वाराणसी, हरिद्वार, भोपाल, झांसी और रानीपेट में स्थापित किए गए हैं। इनमें वेल्डरों को प्रशिक्षित किया जाएगा। भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) के समर्थन से ये सीईएफसी स्थापित किए गए हैं। सीईएफसी अपनी स्थापना के पहले वर्ष में 2,000 वेल्डरों को प्रशिक्षित कर चुका है। यह पहल न केवल बीएचईएल की साइटों पर कुशल वेल्डरों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी, बल्कि देश और पड़ोस के विभिन्न देशों में भी वेल्डरों की उपलब्धता में योगदान देगी, जहां वर्तमान में कुशल वेल्डरों की कमी है। भारत के माननीय प्रधान मंत्री तथा माननीय भारी उद्योग मंत्री ने भी इस प्रयास की सराहना की है।

आभार

आपकी कंपनी की सफलता विभिन्न स्टेकहोल्डरों के विश्वास, निरंतर समर्थन और प्रोत्साहन से ही संभव है। मैं, कंपनी पर विश्वास बनाए रखने के लिए अपने प्रतिष्ठित ग्राहकों एवं व्यावसायिक भागीदारों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने हम पर भरोसा जताया। मैं अपने कर्मचारियों को उनकी लगन, जोश और कठिन परिश्रम के लिए धन्यवाद देता हूं। निदेशक मण्डल के सदस्यों को निरंतर मार्गदर्शन देने के लिए तथा आप सभी प्रतिष्ठित शेयरधारकों को सहयोग करने तथा कम्पनी पर विश्वास करने के लिए ध न्यवाद देता हूं। मैं भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विशेषकर भारी उद्योग मंत्रालय का हमारे सभी प्रयासों में उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन और निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं।

आपकी कंपनी ने खुद को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप वैश्विक इंजीनियरिंग और विनिर्माण उद्यम के रूप में स्थापित करने की यात्रा शुरू की है, और मुझे विश्वास है कि आपके समर्थन और सहयोग से हम यह लक्ष्य शानदार अंदाज में प्राप्त करेंगे।

शुभकामनाओं सहित



(डॉ. नलिन सिंघल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

नई दिल्ली
28 जुलाई, 2023

बीएचईएल का नेतृत्व

निदेशक मंडल की स्थिति 20 जुलाई 2023 को

कार्यकारी निदेशक



डॉ. नलिन सिंघल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक



सुश्री रेणुका गेरा
निदेशक
(इंडस्ट्रियल सिस्टम्स एवं उत्पाद)



श्री उपिन्द्र सिंह मठारू
निदेशक (पावर)



श्री जय प्रकाश श्रीवास्तव
निदेशक
(इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास)
अतिरिक्त प्रभार (वित्त)



श्री कृष्ण कुमार ठाकुर
निदेशक (मानव संसाधन)

सरकारी निदेशक/अंशकालिक सरकारी निदेशक



सुश्री आरती भटनागर
अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार,
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय



श्री विजय मित्तल
संयुक्त सचिव,
भारी उद्योग मंत्रालय

स्वतंत्र निदेशक



डॉ. के शिव प्रसाद
स्वतंत्र निदेशक



डॉ. लेखाश्री समंतसिंघार
स्वतंत्र निदेशक



श्री रमेश पाटल्या मावस्कर
स्वतंत्र निदेशक

बीएचईएल का नेतृत्व

निदेशक मंडल की स्थिति 20 जुलाई 2023 को

प्रबंधन समिति



डॉ. नलिन सिंघल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक



रेणुका गेरा
निदेशक (इंडस्ट्रियल सिस्टम्स एंड प्रोडक्ट्स



उपिन्द्र सिंह मठारू
निदेशक (पावर)




जय प्रकाश श्रीवास्तव
निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास)
अतिरिक्त प्रभार (वित्त)




कृष्ण कुमार ठाकुर
निदेशक (मानव संसाधन)



शकील कुमार मनोचा
कार्यपालक निदेशक (ओएसडी)



अनिल जोशी
कार्यपालक निदेशक (उद्योग क्षेत्र) नई दिल्ली



जी मुरली
कार्यपालक निदेशक (पीएस–एसआर), चेन्नई



पंकज गुप्ता
कार्यपालक निदेशक (एसबीडी), बेंगलुरु




प्रवीण चन्द्र झा
कार्यपालक निदेशक (एचईईपी एवं सीएफएफपी), हरिद्वार; अतिरिक्त प्रभार–एसएसबीजी, नोएडा



एस बी नैथानी
कार्यपालक निदेशक (पीईएम) नोएडा एवं आईएसजी, बेंगलुरु



सुशील कुमार बवेजा
कार्यपालक निदेशक (सीओसी एवं सीडीटी), नई दिल्ली




टी एस वरदराजन
कार्यपालक निदेशक (एचपीईपी), हैदराबाद




एम इसादोर
कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन), नई दिल्ली



विनय निगम
कार्यपालक निदेशक (एचईपी) भोपाल; अतिरिक्त प्रभार–टीपी, झाँसी




टी एस मुरली
कार्यपालक निदेशक (सीएसएम एवं सीसी) नई दिल्ली; सचिव – एम.सी




राजीव सिंह
कार्यपालक निदेशक (बीएपी), रानीपेट



प्रवीण किशोर
कार्यपालक निदेशक (पीएस–ईआर), कोलकाता



के एस मूर्ति
कार्यपालक निदेशक (सीओएम), नई दिल्ली




बानी वर्मा
कार्यपालक निदेशक (ईडीएन), बेंगलूरु एवं टीबीएसजी, नई दिल्ली



पी सुधीर बाबू
महाप्रबंधक प्रभारी (पीई एवं एसडी), हैदराबाद



पुष्पेंद्र कुमार सक्सेना
महाप्रबंधक प्रभारी (पीएस–एचक्यू), नई दिल्ली



के रविशंकर
महाप्रबंधक प्रभारी (कॉर्पोरेट आर एंड डी), हैदराबाद

प्रबंधन समिति



आसिम सुर
महाप्रबंधक प्रभारी (पीएसटीजी–II), नई दिल्ली

एस जितेंदर रेड्डी
महाप्रबंधक प्रभारी (एचपीवीपी), वाइजैग

अरुमोय मुखर्जी
महाप्रबंधक प्रभारी (पीएस–डबल्यूआर), नागपुर

राजेश कोहली
महाप्रबंधक प्रभारी (सीटीएम), नई दिल्ली

एस एम रामनाथन
महाप्रबंधक प्रभारी (एचपीबीपी), त्रिची

नवीन सक्सेना
महाप्रबंधक प्रभारी (पीएस–एनआर), नोएडा



आर के चोखानी
महाप्रबंधक प्रभारी (एनबीजी) नोएडा

राजीव कुमार गुप्ता
महाप्रबंधक प्रभारी (आईओ), नई दिल्ली

अमित केरकेट्टा
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (कैपेक्स एवं एसएस एवं पी) नई दिल्ली, अतिरिक्त प्रभार–एफएसआईपी, जगदीशपुर एवं सीएफपी, रुद्रपुर

जितेंद्र दास
महाप्रबंधक एंव प्रमुख (आईपीएम), नई दिल्ली

पंकज रस्तोगी
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (एचबीजी), नोएडा

विनय कुमार बस्सी
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (आरओडी), नई दिल्ली



रजनीश गोयल
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (ईएसएसजी एवं एनबीए), नई दिल्ली

राहुल बंसल
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (सीक्यू एवं बीई), नई दिल्ली

एस प्रभाकर
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (कोयला से रसायन समूह), नई दिल्ली

राकेश सिंह
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (टीबीजी), नोएडा

आर पी एस सिसोदिया
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (पीएसटीजी–I), नई दिल्ली

सुमीत सल्होत्रा
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (कॉर्पोरेट वित्त), नई दिल्ली




धीमान चट्टोपाध्याय
महाप्रबंधक (पीएस–टीएस), नोएडा

आर वीरबाहु
महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट इंटरनल ऑडिट), नई दिल्ली

राजीव कालड़ा
कंपनी सचिव

बीएचईएल का नेतृत्व

कॉर्पोरेट संगठनात्मक संरचना (01 अप्रैल 2023 की स्थिति)



प्रबंधन समिति

- पीएसबीजी I
- पीएसटीजी II
- न्यूक्लियर बिजनेस ग्रुप
- हाइड्रो बिजनेस ग्रुप
- तकनीकी सेवा
- कोयला से रसायन तक
- प्रोजेक्ट क्लोजर सिनर्जी ग्रुप
- परियोजना इंजीनियरिंग प्रबंधन
- स्पेयर्स एंड सर्विसेज बिजनेस ग्रुप
- हेवी इक्विपमेंट रिपेयर प्लांट, वाराणसी
- इंडस्ट्रियल सिस्टम्स ग्रुप, बंगलूरू
- पावर सेक्टर–उत्तरी क्षेत्र, नोएडा
- पावर सेक्टर–दक्षिणी क्षेत्र, चेन्नई
- पावर सेक्टर–पूर्वी क्षेत्र, कोलकाता
- पावर सेक्टर–पश्चिमी क्षेत्र, नागपुर
- पावर सेक्टर–मुख्यालय, एमएसएक्स, मा. सं.

- कैप्टिव पावर एंड प्रोसेस प्लांट
- परियोजना प्रबंधन समूह (सीपीपी)
- क्षेत्रीय परिचालन प्रभाग (ट्रांसमिशन एवं इलेक्ट्रिकल उत्पाद)
- परिवहन व्यवसाय और सिस्टम समूह
- रक्षा और एयरोस्पेस बिजनेस ग्रुप
- ट्रांसमिशन बिजनेस ग्रुप
- परियोजना इंजीनियरिंग और सिस्टम डिवीजन
- मैकेनिकल उत्पाद
- ऊर्जा भंडारण समाधान समूह
- नए व्यावसायिक क्षेत्र
- अंतर्राष्ट्रीय परिचालन

- **भोपाल**
  - हेवी इलेक्ट्रिकल प्लांट
- **हरिद्वार**
  - हेवी इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट प्लांट
  - सेंट्रल फाउन्ड्री फोर्ज प्लांट
- **हैदराबाद**
  - हेवी पावर इक्विपमेंट प्लांट
- **तिरुचिरापल्ली**
  - हाई प्रेशर बॉयलर प्लांट, तिरुचि
  - सीमलेस स्टील ट्यूब प्लांट, तिरुचि
  - इंडस्ट्रियल वॉल्व प्लांट गोइंदवाल
  - पावर प्लांट पाइपिंग यूनिट, तिरुमयम
- **रानीपेट**
  - बॉयलर ऑग्जीलरी प्लांट
- **बंगलूरू**
  - इलेक्ट्रॉनिक्स डिवीजन, बंगलूरू
  - इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम्स डिवीजन, बंगलूरू
  - इलेक्ट्रिकल मशीन्स रेपेयर प्लान्ट मुंबई
  - सोलर बिजनेस डिवीजन, बंगलूरू[1]
- **झांसी**
  - ट्रान्सफॉर्मर प्लांट
- **जगदीशपुर**
  - फैब्रिकेशन स्टांपिंग एवं इंसुलेटर प्लांट[2]
- **रुद्रपुर**
  - कम्पोनेंट फैब्रिकेशन प्लांट[2]
- **विशाखापत्तनम**
  - हेवी प्लेट्स एंड वेसल्स प्लांट

1: निदेशक (इंडस्ट्रियल सिस्टम्स एंड प्रोडक्ट्स) को रिपोर्टिंग
2: निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास) को रिपोर्टिंग

वर्ष 2022-23 की एक झलक

स्वदेशी कोयला गैसीकरण प्रौद्योगिकी के व्यावसायीकरण के लिए रणनीतिक साझेदारी - वाणिज्यिक स्तर की कोयला गैसीकरण परियोजनाओं के लिए कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

गैर-कोयला व्यवसाय विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करना- वार्षिक ऑर्डर बुकिंग में उद्योग क्षेत्र की अब तक की सबसे अधिक हिस्सेदारी

**उद्योग क्षेत्र के 13 वर्षों में सबसे अधिक ऑर्डर ~`9,500 करोड़\* -** रक्षा क्षेत्र में अब तक के सबसे अधिक ऑर्डर ~`3,600 करोड़*

स्पेयर्स एवं सर्विसेज व्यवसाय में अब तक के सर्वाधिक ऑर्डर ~`3,800 करोड़*

बीएचईएल ने सुपरक्रिटिकल और सबक्रिटिकल सर्कुलेटिंग फ्लुइडाइज्ड बेड कम्बशन (सीएफबीसी) **बॉयलर के लिए सुमितोमो एसएचआई एफडब्ल्यू एनर्जिया ओवाए, फिनलैंड** के साथ प्रौद्योगिकी समझौता किया है।

अनुसंधान एवं विकास और नवप्रवर्तन में 691 करोड़ रुपए का निवेश; **503 पेटेंट और कॉपीराइट दायर किए गए; कुल बौद्धिक पूंजी-5,443**

निर्धारित समय से पहले आपूर्ति - भारतीय रेलवे को 75 नग 6000 HP WAG-9H इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की आपूर्ति।

1x600 मेगावाट अडानी रायगढ़ थर्मल पावर प्लांट में भारत के पहले लचीले संयंत्र परिचालन का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया नवीकरणीय और पारंपरिक थर्मल पावर के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम

*करों को छोड़कर



रेलयात्रा के अनुभव में क्रांतिकारी परिवर्तन लाते हुए भारत की आधुनिकीकरण यात्रा में बीएचईएल का योगदान

भारतीय रेलवे को अपने विस्तार और आधुनिकीकरण के प्रयास में बीएचईएल के रूप में एक मूल्यवान साथी मिल गया है। बीएचईएल ने वंदे भारत ट्रेनसेट के लिए चार प्रणोदन (प्रपल्शन) प्रणालियों का ऑर्डर जीतने के बाद, टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (टीआरएसएल) के साथ मिलकर भारतीय रेलवे से 80 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनसेट का एक और महत्वपूर्ण ऑर्डर सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया है। यह बीएचईएल के विविधीकरण अभियान का एक बड़ा प्रतिफल है। स्लीपर श्रेणी की इन वंदे भारत ट्रेनसेट को लंबी दूरी के लिए चलाया जा सकता है। ये ट्रेनसेट 160 किमी प्रति घंटे की उच्च गति से चलने में सक्षम हैं।

इस नवीन प्रकार के प्रगति पथ पर ले जाने वाले आर्डर में 80 ऊर्जा दक्ष वंदे भारत ट्रेनसेट की इंजीनियरिंग, विनिर्माण, परीक्षण, कमीशनिंग और आपूर्ति और मरम्मत का काम किया जाना है। इन ट्रेनसेटों के पूरे बेड़े का 35 वर्षों तक अनुरक्षण किया जाएगा ताकि इष्टतम विश्वसनीयता और उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। यात्री इन ट्रेनसेट से शहरों के बीच यात्रा के समय को कम करने के साथ–साथ, उनकी सुख–सुविधाओं और सुरक्षा की प्राथमिकता वाली उन्नत विशेषताओं की आशा कर सकते हैं।


बीएचईएल की अत्याधुनिक व उन्नत प्रोद्योगिकी के साथ रेल परिवहन के 'मेक इन इंडिया' भविष्य का अनुभव लें। भारतीय रेलवे को आधुनिक, कुशल और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में नई यात्रा का आरंभ।




वर्ष की एक झलक

(आंकड़े ₹ करोड़ में हैं जब तक कि अन्यथा उल्लेख न हो)


राजस्व



अन्य परिचालन आय




जनशक्ति (संख्या में) एवं
प्रति कर्मचारी राजस्व (₹ लाख में)



कुल (संख्या में)

प्रति कर्मचारी से राजस्व
(₹ लाख में)


अन्य व्यय–राजस्व के प्रतिशत में



अन्य व्यय

राजस्व का %


ईबीआईडीटीए



ईबीआईडीटीए

ईबीआईडीटीए राजस्व के % के रूप में

माल सूची की स्थिति (रु करोड़ में)
एवं दिनों की संख्या




माल सूची
(रु करोड़ में)

दिनों की संख्या में माल सूची


वर्ष की एक झलक

(आंकड़े ₹ करोड़ में हैं जब तक कि अन्यथा उल्लेख न हो)


चालू अनुपात




कुल क्षमता में से लिक्विडेशन का %
(प्रारंभिक निवल व्यापार प्राप्य + चालू वर्ष की निवल बिलिंग)



वर्तमान वर्ष की नेट बिलिंग से लिक्विडेशन का %




व्यापार प्राप्य (रु करोड़ में) एवं दिनों की संख्या



व्यापार प्राप्य (रु करोड़ में)

व्यापार प्राप्य (दिनों की संख्या में)

बाजार पूंजीकरण और नेट वर्थ का अनुपात



बाजार पूंजीकरण

नेट वर्थ

बाजार पूंजीकरण और नेट वर्थ का अनुपात

बीएचईएल का परिचय

बीएचईएल ऊर्जा, उद्योग तथा बुनियादी ढांचा (इंफ्रास्ट्रक्चर) के क्षेत्र में कार्यरत भारत का सबसे बड़ा इंजीनियरिंग एवं विनिर्माण उद्यम है। कंपनी की स्थापना 1964 में हुई थी और तब से हम भारत में निर्माण (मेकिंग इन इंडिया) कर रहें हैं। हम पावर (थर्मल, हाइड्रो, गैस, नाभिकिय और सोलर फोटो–वोल्टाइक), ट्रांसमिशन, परिवहन, रक्षा, एयरोस्पेस, तेल एवं गैस तथा कुछ उभरते क्षेत्र जैसे ऊर्जा भंडारण प्रणाली एवं इलेक्ट्रिक व्हिकल चार्जर आदि क्षेत्रों में ग्राहकों को उत्पादों, प्रणालियों और सेवाओं का एक व्यापक पोर्टफोलियो प्रदान करते हैं।

बीएचईएल अपनी शुरुआत के समय से ही देश की विद्युत उत्पादन क्षमता विकसित करने, मुख्य औद्योगिक एवं रणनीतिक क्षेत्रों में योगदान देने में सहायक रहा है। कंपनी की अपने ग्राहकों के प्रति प्रतिबद्धता अपने उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला, नई प्रौद्योगिकियों का विकास और आमेलन, आर एंड डी तथा नवाचार पर अपने राजस्व के 2.5% से अधिक का लगातार व्यय, विश्व स्तरीय विनिर्माण सुविधाओं की स्थापना, स्थायी व्यावसायिक समाधान प्रदान करने में परिलक्षित होती है। हम ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान कराने के अलावा कौशल विकास, स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, साफ–सफाई एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से बड़े पैमाने पर समाज को भी योगदान दे रहें है।

1964 से भारत में निर्माणरत और वैश्विक स्तर पर उत्पादों एवं सेवाओं की आपूर्ति

इंजीनियरिंग क्षेत्र में भारत के सबसे बड़े नियोक्ताओं में से एक, **29,000** से अधिक उच्च कुशल कर्मचारी; **8,300** इंजीनियर

भारत में **पूंजीगत माल के विनिर्माण क्षेत्र में सबसे बड़े संगठनों** में से एक है



अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उपकरण तैयार करने वाले देश भर में
16 विनिर्माण केंद्र

4 क्षेत्रीय कार्यालय, 8 सेवा केंद्र और 15 क्षेत्रीय विपणन केंद्र

भारत और विदेश के विभिन्न हिस्सों में चल रही
140+ परियोजनाएँ

सभी 6 बसे हुए महाद्वीपों के
88 देशों से व्यावसायिक संबंध

अनुसंधान एवं विकास पर निरंतर वार्षिक राजस्व का **2.5%** से अधिक व्यय

पिछले कुछ वर्षों में कई वैश्विक ओईएम के साथ
80+ प्रौद्योगिकी गठजोड़ (कोलैबोरेशन)

नवाचार क्षमताओं और प्रौद्योगिकी को आकार देने के लिए हैदराबाद में
अलग से एक अनुसंधान एवं विकास केंद्र, 14 उत्कृष्टता केंद्र और 5 अनुसंधान केंद्र

बीएचईएल थर्मल, गैस, हाइड्रो और नाभिकीय विद्युत परियोजनाओं के निष्पादन में सिद्धहस्त होने के साथ विद्युत परियोजनाओं की समूची शृंखला के विनिर्माण की क्षमता रखने वाली दुनिया की चुनिंदा कंपनियों में से एक है।

मुख्य इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों जैसे विद्युत, रेलवे, औद्योगिक प्रणाली एवं उत्पाद, रक्षा एवं एयरोस्पेस में उपकरणों की इंजीनियरिंग, विनिर्माण, परीक्षण, आफ्टरमार्केट सेवाओं की विशेषज्ञता वाली
अत्याधुनिक सुविधाएं



पावर सेक्टर

बीएचईएल थर्मल, गैस, हाइड्रो और नाभिकीय विद्युत परियोजनाओं के निष्पादन में सिद्धहस्त होने के साथ विद्युत परियोजनाओं की समूची शृंखला के विनिर्माण की क्षमता रखने वाली दुनिया की चुनिंदा कंपनियों में से एक है। इसके उत्पादों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- 1000 मेगावाट इकाई आकार तक के जीवाश्म–ईंधन आधारित संयंत्रों के लिए स्टीम टर्बाइन, जनरेटर और बॉयलर तथा मैचिंग सहायक उपकरण
- SOx उत्सर्जन नियंत्रण के लिए फ्लू गैस डिसल्फेराइजेशन (FGD) सहित उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण प्रणाली, कण उत्सर्जन नियंत्रण के लिये उच्च दक्षता इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रेसिपेटर, NOx उत्सर्जन नियंत्रण के लिए बॉयलर मॉडिफिकेशन और सिलेक्टिव केटलिस्टिक रिडक्शन सिस्टम
- 299 मेगावाट यूनिट आकार तक गैस टर्बाइन और जनरेटर
- 400 मेगावाट यूनिट आकार तक के हाइड्रो टर्बाइन और जनरेटर
- 220/235/540/700MW न्युक्लियर टर्बाइन जनरेटर सेट
- संयंत्रों के जीवन चक्र विस्तार और नवीकरण, आधुनिकीकरण, लचीलाकरण उन्नयन, शेष जीवन चक्र आकलन, समस्या निदान के माध्यम से संयंत्र के निष्पादन में संवर्धन



उद्योग क्षेत्र

उद्योग और बुनियादी सुविधाओं (इंफ्रास्ट्रक्चर) के क्षेत्रों में बीएचईएल के प्रमुख उत्पाद निम्नानुसार हैं:

- परिवहन: सेमी हाई स्पीड (वंदे भारत) ट्रेनसेट, 9000 एचपी तक के इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव, 3000 एचपी तक के डीजल इलेक्ट्रिक लोको, ईएमयू कोच, आईजीबीटी आधारित प्रणोदन उपकरण (ट्रैक्शन कनवर्टर/सहायक कनवर्टर/वाहन नियंत्रण इकाई), इलेक्ट्रिक लोको और एसीईएमयू के लिए ट्रैक्शन ट्रांसफार्मर/मेमू
- रक्षा एवं एयरोस्पेस: नेवल शिव के लिए सुपर रैपिड गन माउंट (एसआरजीएम), उन्नत एसआरजीएम एवं इंटिग्रेटिड प्लेटफोर्म मैनेजमेंट सिस्टम (आईपीएमएस), कॉम्पैक्ट हीट एक्सचेंजर्स, स्पेस ग्रेड लिथियम आयन सेल्स, स्पेस ग्रेड सोलर पैनल, स्पेस ग्रेड बैटरी, अंतरिक्ष यान प्रोपेलेंट (प्रणोदक) टैंक की हॉट फार्मिंग, टाइटेनियम तथा रोटरी मेन जेनरेटर का निर्माण, टाइटेनियम शीट और ट्यूबों की वेल्डिंग और मशीनिंग सहित भारतीय रक्षा बलों के लिए रणनीतिक उपस्कर
- नवीकरणीय ऊर्जा: फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्रों और 400 डब्ल्यूपी तक मोनो–पीईआरसी सौर पीवी मॉड्यूल सहित ग्रेड कनेक्टिड एवं एकल (स्टैंड अलोन) सोलार पीवी अनुप्रयोगों के लिए संकल्पना से कमीशनिंग तक ईपीसी समाधान
- ऊर्जा भंडारण समाधान और नए व्यावसायिक क्षेत्र: अपस्ट्रीम इलेक्ट्रिकल सिस्टम वाले इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) स्टेशनों के लिए ईवी चार्जर एवं सहायक इलेक्ट्रिकल प्रणाली, ईपीसी समाधान
- कैप्टिव पावर व प्रोसेस प्लांट: एकल (स्टैंडअलोन), एसटीजी, बीटीजी पैकेज, ईपीसी आधार पर रिफाइनरी सीपीपी, एएफबीसी एवं सीएफबीसी बॉयलर, यूबी पैकेज, ईपीसी आधार पर डाउनस्ट्रीम ऑयल एवं गैस पैकेज
- पारेषण (ट्रांसमिशन): 765 केवी तक के ईएचवी सबस्टेशन (एआईएस और जीआईएस प्रकार), ±800 केवी तक के यूएचवी सबस्टेशन और एचवीडीसी कनवर्टर स्टेशन, पावर ट्रांसफार्मर, शंट रिएक्टर, वैक्यूम स्विचगियर, गैस इंसुलेटेड स्विचगियर, लचीला एसी ट्रांसमिशन सिस्टम डिवाइस, 765 केवी तक के अनुप्रयोग के लिए कमपोसिट इंसुलेटर आदि।
- औद्योगिक उत्पाद: ऑयल रिग्स, वेलहेड्स और एक्समैस ट्री वाल्व, मैकेनिकल पैकेज, फैब्रिकेटेड उपकरण और बॉयलर फीड पंप, कम्प्रेसर और एसी मशीन



वर्तमान में 29,000 से अधिक कुशल और प्रेरित कार्यबल तथा देश भर में फैली भौतिक संपत्तियां पिछले कुछ वर्षों में हमारी यात्रा के पीछे प्रेरक शक्ति रही हैं। बीएचईएल की सम्पत्तियों में 16 विनिर्माण इकाइयों, 2 मरम्मत इकाइयों, 4 क्षेत्रीय कार्यालयों, 8 सेवा केंद्रों, 3 सक्रिय संयुक्त उद्यमों, 15 क्षेत्रीय विपणन केंद्रों, 1 विदेशी कार्यालय और भारत एवं विदेश में निष्पादित की जा रही 140 से अधिक परियोजनाओं का नेटवर्क है। विनिर्माण इकाइयां राष्ट्रीय एवं शृंखला मानकों का पालन करते हुए उच्च गुणवत्ता वाले विश्वसनीय उत्पादों की एक विस्तृत शृंखला तैयार करती हैं।

बीएचईएल राज्य प्रतिष्ठानों (यूटिलिटीस) और भारतीय कैपिटल गुड्स उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में एक जाना पहचाना नाम है। बीएचईएल द्वारा आपूर्ति किए गए विद्युत उत्पादन उपकरणों का विश्व भर में स्थापित आधार 197 गीगावाट से अधिक है जो बीएचईएल को भारतीय विद्युत संयंत्र उपस्कर बनाने वाली कम्पनियों में निर्विवाद रूप से अग्रणी बनाती है। कंपनी ने लोकोमोटिव और ईएमयू लिए 800 से अधिक लोकोमोटिव एवं अन्य ट्रैक्शन उपकरण की आपूर्ति करने; देश में 240 इलेक्ट्रिक सबस्टेशन और 6 प्रमुख एचवीडीसी परियोजनाएं शुरू (कमीशन) के अलावा, देश में पावर ट्रांसफार्मर और इलेक्ट्रिकल एसी मशीनों का सबसे बड़ा विनिर्माता एवं आपूर्तिकर्ता है और देश भर में 1.2+ गीगावॉट सौर पोर्टफोलियो को स्थापित और चालू (कमीशन) किया।

बीएचईएल का विश्व के सभी बसे हुए महाद्वीपों के 88 देशों से व्यावसायिक संबंध हैं जिसमें पड़ोसी देश जैसे बांग्लादेश, अफगानिस्तान, भूटान, नेपाल, इंडोनेशिया, ओमान, इराक, सूडान, संयुक्त राष्ट्र और न्यूजीलैंड सम्मिलित हैं। आज तक, विदेशी बाजारों में लगभग 12 गीगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता स्थापित की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त बांग्लादेश में 2X660 मेगावाट मैत्री सुपर थर्मल पावर परियोजना और नेपाल में 4X225 मेगावाट अरुण–3 जलविद्युत परियोजना सहित 5 गीगावाट निष्पादन के किया जा रहा है।

बीएचईएल प्रौद्योगिकियों से युक्त अनेक उत्पादों एवं प्रणालियों का एकमात्र भारतीय आपूर्तिकर्ता होने के नाते राष्ट्र के रणनीतिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बीएचईएल देश में न्युक्लियर स्टीम टरबाइन का एकमात्र विनिर्माता है; भारत के न्युक्लियर पावर कार्यक्रम के तीनों स्तरों से जुड़ी हुई एकमात्र कंपनी है; तीन दशकों से अधिक समय से रक्षा एवं एयरोस्पेस क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपस्कर एवं सेवाओं का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है; भारतीय नौसेना को उसके युद्धपोतों के लिए नेवल गन का विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता है।

अखिल भारतीय उपस्थिति



विनिर्माण संयंत्रों /इकाइयों की अवस्थिति

बीएचईएल की विनिर्माण इकाइयां	बंगलूरू	1. इलेक्ट्रॉनिक्स डिवीजन (ईडीएन)
		2. इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम्स डिवीजन (ईएसडी)
		3. सोलर बिजनेस डिवीजन (एसबीडी)
	भोपाल	4. हेवी इलेक्ट्रिकल प्लांट (एचईपी)
	गोइंदवाल	5. इंडस्ट्रियल वॉल्व प्लांट (आईवीपी)
	हरिद्वार	6. हेवी इलेक्ट्रिकल इक्विप्मेंट प्लांट (एचईईपी)
		7. सेंट्रल फाउन्ड्री फोर्ज प्लांट (सीएफएफपी)
	हैदराबाद	8. हेवी पावर इक्विप्मेंट प्लांट (एचपीईपी)
	जगदीशपुर	9. फैब्रिकेशन स्टांपिंग एवं इंसुलेटर प्लांट (एफएसआईपी)
	झांसी	10. ट्रान्स्फॉर्मर प्लांट
	रुद्रपुर	11. कम्पोनेंट फैब्रिकेशन प्लांट
	रानीपेट	12. बॉयलर ऑग्जीलरी प्लांट
	तिरुचिरापल्ली	13. हाई प्रेशर बॉयलर प्लांट (एचपीबीपी)
		14. सीमलेस स्टील ट्यूब प्लांट (एसएसटीपी)
	तिरुमयम	15. पावर प्लांट पाइपिंग यूनिट (पीपीपीयू)
	विशाखापत्तनम	16. हेवी प्लेट्स एंड वेसल्स प्लांट (एचपीवीपी)
बीएचईएल की मरम्मत इकाइयां	मुंबई	1. इलेक्ट्रिकल मशीन्स रीपेयर प्लान्ट (ईएमआरपी)
	वाराणसी	2. हेवी इक्विप्मेंट रिपेयर प्लांट (एचईआरपी)

भारत


गोइंदवाल
चंडीगढ़
हरिद्वार
रुद्रपुर
नई दिल्ली
नोएडा
जयपुर
लखनऊ
वाराणसी
जगदीशपुर
पटना
गुवाहाटी
झांसी
वड़ोदरा
भोपाल
जबलपुर
रांची
कोलकाता
नागपुर
रायपुर
भुबनेश्वर
मुंबई
विशाखापत्तनम
सिकंदराबाद
हैदराबाद
बेंगलुरू
चेन्नई
रानीपेट
तिरूचिरापल्ली
तिरूमयम
विनिर्माण इकाइयाँ
सेवा केंद्र
क्षेत्रीय विपणन केन्द्र
कॉर्पोरेट कार्यालय
कॉर्पोरेट अनुसंधान एवं विकास
क्षेत्रीय कार्यालय (पावर सेक्टर)
मरम्मत इकाइयां

विजन

बेहतर कल के लिए समाधान प्रदान करने वाला वैश्विक अभियांत्रिकी उद्यम बनना



बीएचईएल की दुनिया

मिशन

ऊर्जा, उद्योग और अधोसंरचना के क्षेत्र में संधारणीय व्यावसायिक समाधान प्रदान करना



राष्ट्रीय संस्थान

- अर्थव्यवस्था के मुख्य क्षेत्रों को सेवा प्रदान करने वाली भारत की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग और विनिर्माण कंपनियों में से एक
- विश्व स्तर पर 140+ परियोजना स्थल एवं 16 विनिर्माण इकाइयों के साथ अखिल भारतीय उपस्थिति



क्या आप जानते हैं?

- बीएचईएल एकमात्र ऐसी कंपनी है जो राष्ट्रीय परमाणु योजना के तीनों चरणों से जुड़ी है
- बीएचईएल ने अपनी त्रिची विनिर्माण इकाई से रावतभाटा परमाणु ऊर्जा संयंत्र के लिए अपना 44वां न्यूक्लियर स्टीम जेनरेटर भेजा है
- बीएचईएल 1990 के दशक से देश में कोयला गैसीकरण प्रौद्योगिकी में अग्रणी रहा है
- बीएचईएल ने हल्के लड़ाकू विमान– तेजस Mk1 के लिए एयर साइकिल मशीन (एसीएम) आधारित 2 किलोवाट लिक्विड कूलिंग सिस्टम (तरल शीतलन प्रणाली) को डिजाइन और विकसित किया है
- बीएचईएल ने रेल व्हील फैक्ट्री, येलहंका और बेला में कास्ट स्टील पहियों की विनिर्माण प्रक्रिया के लिए सिरेमिक पोरिंग ट्यूब का सफलतापूर्वक स्वदेशीकरण किया है।
- बीएचईएल अगली पीढ़ी के विमानों के लिए ली–आयन बैटरी का एकमात्र आपूर्तिकर्ता होगा



भारत को ऊर्जावान बनाते हुए

- 197 गीगावाट से अधिक के विद्युत उत्पादन उपकरणों को भारत और विदेशों में स्थापित किया
- 18.8 मेगावाट से अधिक के कैप्टिव पावर प्लांट कमीशन किए
- 1.2 गीगावाट से अधिक का सौर पोर्टफोलियो
- देश में स्थापित 55% ताप विद्युत उत्पादन क्षमता 48% परमाणु ऊर्जा उत्पादन (द्वितीयक पक्ष) और 44% जल विद्युत उत्पादन क्षमता बीएचईएल आपूर्ति उपस्करों के माध्यम से स्थापित की गई है।



कोर सेक्टर्स में अप्रतिम योगदान

- 7,30,000 एमवीए से अधिक के पारेषण (ट्रांसमिशन) उपकरण की आपूर्ति
- 33,500 से अधिक एसी मशीनों की आपूर्ति
- 800 से अधिक लोको की भारतीय रेलवे को आपूर्ति
- 415 से अधिक कंप्रेशर्स की आपूर्ति और 90 ऑयल ड्रिलिंग रिग्स की आपूर्ति
- 13500 से अधिक वेल हेड्स और क्रिसमस ट्री वाल्व की आपूर्ति
- 40 से अधिक सुपर रैपिड गन माउंट आपूर्ति भारतीय नौसेना के जहाजों के लिए

विश्व स्तर पर उपस्थिति

- 88 देशों से व्यावसायिक संबंध
- देश के बाहर 12 GW विद्युत उत्पादन क्षमता स्थापित; 5 GW पर काम चल रहा है।



कर्मचारियों का महत्त्व

- 29,000 से अधिक समर्पित सशक्त जन शक्ति,
- लगभग 8300 इंजीनियर
- 1973 से सहभागी प्रबंधन संस्कृति



सतत भविष्य के लिए प्रौद्योगिकियां

- बीएचईएल द्वारा इन–हाउस विकसित लचीला ऑपरेशन प्रोद्योगिकी – मेसर्स अदानी आरईजीएल (1x600 मेगावाट) इकाई की ग्रिड में नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण के लिए भारत का पहला लचीला ऑपरेशन सफलतापूर्वक निष्पादित किया गया।
- थर्मल पावर प्लांटों में हल्के डीजल तेल और भारी ईंधन तेल के विकल्प के रूप में मेथनॉल फायरिंग प्रणाली को सफलतापूर्वक स्थापित किया गया
- भारत का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र एनटीपीसी रामागुंडम, तेलंगाना में चालू (कमीशन) किया गया– क्षमता 100 मेगावाट
- घरेलू स्तर पर 35MWp सौर ऊर्जा संस्थापनों CO_2 के लगभग 26,964 मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन में कमी
- इन–हाउस डिजाइन और विकास से तेल निष्कर्षण उत्पाद सकर रॉड पंपिंग (एसआरपी) का आयात प्रतिस्थापन
- बीएचईएल की 10 विनिर्माण इकाइयां अब 'जीरो लिक्विड डिस्चार्ज' इकाइयां हैं

समाज के साथ विकासशील

- संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट के सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध
- ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की सत्यनिष्ठा संधि पर हस्ताक्षर
- हरित आवरण को बढ़ाने के लिए 2022–23 के दौरान बीएचईएल में 49,200 से अधिक पौधे लगाए गए



नवाचार

- अनुसंधान एवं विकास व्यय लगातार टर्नओवर का 2.5% से अधिक है, 5400 से अधिक बौद्धिक सम्पदा
- प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों और अनुसंधान संगठनों के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान एवं विकास
- पांच शोध संस्थान; 14 उत्कृष्टता केंद्र
- 12 विनिर्माण इकाइयों एवं प्रभागों के घरेलू अनुसंधान एवं विकास केंद्रों को डीएसआईआर से मान्यता प्राप्त है

उत्कृष्टता का सम्मान



1. सीएमडी, बीएचईएल को परिवर्तनकारी नेतृत्व के लिए आईसीसी पीएसई उत्कृष्टता पुरस्कार 'सीईओ ऑफ द ईयर' से सम्मानित किया गया।



2. सीएमडी को बहुआयामी परिवर्तनकारी रणनीतियां लागू करने के लिए 'अभिशासन नाउ सीएमडी लीडरशिप अवार्ड 2022' से सम्मानित किया गया।
3. सीएमडी, बीएचईएल को राष्ट्रीय विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए आईआईटी दिल्ली पूर्व छात्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
4. क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया, औरंगाबाद चैप्टर द्वारा आयोजित 36वें राष्ट्रीय गुणवत्ता अवधारणा सम्मेलन (एनसीक्यूसी)–2022 के दौरान 20 टीमों ने परम उत्कृष्टता पुरस्कार (उच्चतम श्रेणी), 13 टीमों ने उत्कृष्टता पुरस्कार और 1 टीम ने प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता।
5. सुश्री रेणुका गेरा, निदेशक (आईएस एंड पी) को पेरिस सत्र, फ्रांस में 'सीआईजीआरई वूमेन इन एनर्जी अवार्ड' से सम्मानित किया गया।
6. कॉर्पोरेट आर एंड डी, हैदराबाद की सुश्री सिरीशा बेले को उनकी प्रौद्योगिकी नवाचारों में उपलब्धियों के लिए तेलंगाना सरकार तथा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), तेलंगाना राज्य केंद्र से 'यंग इंजीनियर ऑफ द ईयर अवार्ड 2022' प्राप्त हुआ ।
7. विभिन्न श्रेणियों में 'अभिशासन नाउ पीएसयू अवार्ड 2022' – अनुसंधान और नवाचार, मानव संसाधन उत्कृष्टता, भू–रणनीतिक पहुंच में वृद्धि, डिजिटल सुरक्षा और उभरती प्रौद्योगिकियों: आईओटी / आईआईओटी के उपयोग में सर्वश्रेष्ठ पीएसयू अवार्ड।







8. बीएचईएल को भारत में विनिर्माण क्षेत्र में पेटेंट फाइलिंग, अनुदान और वाणिज्यीकरण के लिए टॉप पब्लिक लिमिटेड कंपनी/प्राइवेट लिमिटेड कंपनी' की श्रेणी में नेशनल इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी अवार्ड्स 2021 और 2022 प्राप्त हुआ। पेटेंट महानियंत्रक कार्यालय, डीपीआईआईटी, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किया गया।
9. बीएचईएल को भारत की शीर्ष 50 नवोन्मेषी कंपनियों में चिह्नित कर 'सीआईआई के औद्योगिक नवाचार पुरस्कार 2022' से सम्मानित किया गया



10. बीएचईएल को व्यवसाय उत्कृष्टा अपनाने और उसके संवर्धन के लिए पहली बार सीआईआई–एक्जिम बैंक की विशेष जूरी से प्रशस्ति प्राप्त हुई। कंपनी की त्रिची, हरिद्वार, भोपाल और हैदराबाद इकाइयों को प्लेटिनम सम्मान मिला वहीं प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग मैनेजमेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स डिवीजन – बेंगलुरु, पावर सेक्टर–उत्तरी क्षेत्र और रानीपेट इकाई को 'गोल्ड प्लस' सम्मान मिला।

11. बीएचईएल ने सौर ऊर्जा में सर्वश्रेष्ठ योगदान के लिए सीबीआईपी पुरस्कार 2022 जीता। माननीय केंद्रीय विद्युत और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री आर के सिंह के कर कमलों से यह पुरस्कार बीएचईएल के सीएमडी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर सुश्री रेणुका गेरा, निदेशक (आईएस एंड पी), बीएचईएल भी उपस्थित थीं।

12. बीएचईएल को वित्त वर्ष 2021–22 में जीईएम पर ऑर्डर की संख्या में सबसे अधिक प्रापण (प्रोक्योरमेंट) के लिए सम्मानित किया गया था।

13. बीएचईएल को व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित इलेक्ट्रॉनिक प्रोक्योरमेंट राष्ट्रीय कार्यशाला में ई–प्रोक्योरमेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सीपीएसई के रूप में सम्मानित किया गया।





14. बीएचईएल को आईक्यूएमए (इंडोनेशिया क्वालिटी मैनेजमेंट एसोसिएशन) द्वारा जकार्ता इंडोनेशिया में आयोजित इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी सर्किल्स 2022 में 8 गोल्ड अवार्ड प्राप्त हुए। इस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में 20 से अधिक देशों ने भाग लिया। टीमों को उनके कार्य क्षेत्र में नए विचारों, काम को सरल बनाने, गुणवत्ता लाने और नए उपकरण एवं तकनीक विकसित करने के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किए गए।



15. बीएचईएल की एचपीईपी हैदराबाद इकाई को देश में क्वालिटी सर्किल मूवमेंट का समर्थन करने और इसके विकास में योगदान देने के लिए क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया (क्यूसीएफआई), हैदराबाद द्वारा क्वालिटी सर्किल्स पर वार्षिक चेप्टर सम्मेलन (सीसीक्यूसी–2022) के दौरान सर्वश्रेष्ठ संगठन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

16. बीएचईएल को नवीकरणीय ऊर्जा इंडिया एक्सपो में अग्रणी ईपीसी–सौर श्रेणी का नवीकरणीय ऊर्जा भारत पुरस्कार – 2022 प्राप्त हुआ।



17. बीएचईएल को महारत्न सीपीएसई श्रेणी में 'महिला और दिव्यांग योगदान' के लिए आईसीसी पीएसई उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त हुआ।

18. बीएचईएल को अनुकरणीय मानव संसाधन पद्धतियों को प्रदर्शित करने और कंपनी को भविष्य की अवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने के कार्य में प्रभावी ढंग से मानव संसाधन दक्षताओं को विकसित करने के लिए वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस से प्रतिष्ठित उत्तर



भारत सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता ब्रांड पुरस्कार 2022 प्राप्त हुआ।

19. बीएचईएल को श्पावर इक्विपमेंट सेक्टरश श्रेणी में गोल्डन पीकॉक एनवायरमेंट मैनेजमेंट अवार्ड 2022 प्राप्त हुआ।

20. 51वें ईईपीसी इंडिया नेशनल अवार्ड्स में उत्पाद समूहरू प्रोजेक्ट एक्सपोर्ट्स – लार्ज एंटरप्राइजश में 2018–19 के लिए स्टार परफॉर्मर का प्रतिष्ठित पुरस्कार।

21. बीएचईएल को ओडिशा के कंधमाल जिले में अपने समावेशी सीएसआर कार्यक्रम "कंधमाल के कृषक समुदायों को अर्थव्यवस्था परिवर्तन के लिए प्रेरित करना (मार्केट)" के लिए 'पावर इक्विपमेंट सेक्टर' श्रेणी में गोल्डन पीकॉक एनवायरमेंट मैनेजमेंट अवार्ड 2022 प्राप्त हुआ।



22. बीएचईएल को अभिनव मानव संसाधन पद्धतियों के लिए एपेक्स इंडिया एचआर एक्सीलेंस प्लेटिनम अवार्ड 2022 और इंजीनियरिंग क्षेत्र में सुरक्षा में अपने बेहतरीन ट्रैक रिकॉर्ड के लिए एपेक्स इंडिया ऑक्यूपेशनल हेल्थ एंड सेफ्टी गोल्ड अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया।



23. बीएचईएल को पनकी, धाम, कानपुर में हेल्थकेयर सीएसआर परियोजना लाइफलाइन एक्सप्रेस– हॉस्पिटल ऑन ट्रेनश के लिए आईसीसी सोशल इम्पैक्ट अवार्ड्स 2023 प्राप्त हुआ।

24. बीएचईएल को संगठनात्मक निष्पादन के साथ–साथ, कर्मचारी संतुष्टि और उत्पादकता को अधिकतम करने के लिए टीम मार्क्समैन द्वारा शविनिर्माण में सबसे पसंदीदा कार्यस्थलश 2022–23 के रूप में सम्मान प्राप्त हुआ।



25. बीएचईएल को अपने सीएसआर प्रोजेक्ट 'हील ए सोल–IV' के माध्यम से हेमोफिलिया से पीड़ित व्यक्तियों के जीवन को बेहतर बनाने में अमूल्य योगदान के लिए हेमोफिलिया फेडरेशन इंडिया द्वारा वर्ल्ड हेमोफिलिया डे को मेमेंटो से सम्मानित किया गया।

26. बीएचईएल को रेलवे को संपोषणीय एवं ऊर्जा दक्ष समाधान क्षेत्र में अनुकरणीय उपलब्धि के लिए चौथे रेल विश्लेषण नवाचार और उत्कृष्टता शिखर सम्मेलन 2023 में रेल विश्लेषण भारत द्वारा सम्मान प्राप्त।

27. श्री बिजय कुमार दास ने अस्ताना, कजाकिस्तान में आयोजित "आयरन मैन लंबी दूरी की त्रिएथलॉन दौड़ को पूरा किया। यह दुनिया के सबसे कठिन एक दिवसीय खेल आयोजनों में से एक है।


राष्ट्र के लिए क्षमता निर्माण

बीएचईएल ने त्रिची स्थित अपने वेल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (डब्ल्यूआरआई) में कॉमन इंजीनियरिंग फैसिलिटी सेंटर (सीईएफसी) की स्थापना करके भारतीय कैपिटल गुड्स क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस पहल को भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) की "भारतीय कैपिटल गुड्स क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि योजना– चरण–II" से प्राप्त अनुदान से आरंभ किया गया है।

सीईएफसी, सालाना 5,000 वेल्डरों को कुशल बनाने की लक्ष्य क्षमता के साथ, विभिन्न वेल्डिंग प्रौद्योगिकियों में व्यापक प्रशिक्षण प्रदान करता है। इनमें शील्डेड मेटल आर्क वेल्डिंग (एसएमएडब्ल्यू), गैस मेटल आर्क वेल्डिंग (जीएमएडब्ल्यू), गैस टंगस्टन आर्क वेल्डिंग (जीटीएडब्ल्यू), साथ ही रोबोटिक वेल्डिंग, लेजर वेल्डिंग, फ्रिक्सन वेल्डिंग और डिसेसमस मेटल वेल्डिंग जैसी उन्नत वेल्डिंग प्रौद्योगिकियां शामिल हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल सैद्धांतिक पहलुओं को कवर करते हैं बल्कि प्रतिभागियों को व्यावहारिक कौशल भी प्रदान करते हैं।

सीईएफसी हब और स्पोक मॉडल के तहत काम करता है। डब्ल्यूआरआई–त्रिची इसका हब है और वाराणसी, भोपाल, झांसी, हरिद्वार और रानीपेट में इसके विस्तार केंद्र स्थित हैं। यह मॉडल सीईएफसी को पूरे भारत में एक बड़ी आबादी तक पहुंचने में सक्षम बनाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि देश भर में कौशल के अवसर उपलब्ध हों। परिणामस्वरूप, भारत में पारंपरिक और आधुनिक विनिर्माण उद्योगों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूरे देश में प्रशिक्षित वेल्डरों का एक पूल बनाया जा रहा है।


वर्तमान में, सीईएफसी के सभी कौशल केंद्र चालू हैं और इसके संचालन के पहले वर्ष में ही 2,000 से अधिक वेल्डरों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है।











निदेशक मंडल रिपोर्ट

निदेशक मंडल की रिपोर्ट

अनुलग्नक– I 39

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

अनुलग्नक– II 87

कोर्पोरेट अभिशासन

अनुलग्नक – III 116

सीईओ और सीएफओ प्रमाण पत्र

अनुलग्नक– IV 117

संधारणीयता एवं सीएसआर

अनुलग्नक– V 127

व्यावसायिक उत्तरदायित्व एवं संधारणीयता रिपोर्ट

अनुलग्नक– VI 160

अनुसंधान एवं विकास और प्रौद्यौगिकीय उपलब्धियां

अनुलग्नक– VII 166

ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी अधिग्रहण

अनुलग्नक – VIII 168

राजभाषा एवं सतर्कता तंत्र

अनुलग्नक – VIII 171

फॉर्म AOC-I और AOC-2

अनुलग्नक– IX 174

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और सीएजी टिप्पणी

निदेशक मंडल की रिपोर्ट

प्रिय सदस्यो,

निदेशक मंडल को आपकी कंपनी के व्यवसाय और परिचालन पर 59वीं वार्षिक रिपोर्ट और 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

वित्तीय परिणाम

(₹ करोड़ में)

	वर्ष	
	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
राजस्व	**22136**	20153
परिचालन से राजस्व	**23365**	21211
कर पश्चात लाभ / (हानि)	**448**	410
कुल व्यापक आय / (हानि	**430**	487
ईपीएस (₹ में)	**1.29**	1.18


कंपनी मामलों की स्थिति

कंपनी ने परिचालन से राजस्व में 10% की वृद्धि दर्ज की, पिछले वित्तीय वर्ष में 21,211 करोड़ रुपये के मुकाबले वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान 23,365 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया, तथा पिछले वर्ष के 410 करोड़ रुपये की तुलना में 448 करोड़ रुपये का कर पश्चात लाभ प्राप्त कर इसमें 9.3% की वृद्धि दर्ज की।

हाल के वर्षों में परियोजना निष्पादन, समापन और भौतिक प्रदर्शन पर निरंतर ध्यान देने के परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं, ऑर्डर बुक में गिरावट के बावजूद परियोजना स्थलों पर इरेक्शन टन भार रिकॉर्ड 5.41 लाख मीट्रिक टन (पिछले 3 वर्षों की अवधि में दोगुना) है। तीन वर्षों से अधिक समय तक थर्मल सेक्टर में 'शून्य' ऑर्डर के साथ–साथ चालू वर्ष की बिलिंग की वसूली पिछले चार वर्षों में 59% से बढ़कर वित्त वर्ष 2022–23 में 86% हो गयी। यह वास्तविक समय परियोजना निगरानी के लिए एकीकृत परियोजना प्रबंधन प्रणाली (आईपीएमएस) के कार्यान्वयन, डेटा के एकल स्रोत को सुनिश्चित करने के लिए साइट डेटा डिजिटलीकरण, अनुक्रमिक आपूर्ति पर ध्यान केंद्रित करने और पूर्ण परियोजनाओं के प्रौद्योगिकी और वित्तीय समापन सहित प्रमुख पहलों की सफलता का स्पष्ट संकेत है। केंद्रित परियोजना प्रबंधन प्रयासों के उत्कृष्ट परिणाम में एयर कूल्ड कंडेनसर (एसीसी) से सुसज्जित देश के पहले यूटिलिटी स्केल थर्मल पावर प्लांट, नॉर्थ करनपुरा यूनिट 1 की कमीशनिंग और प्रतिष्ठित 2x660 मेगावाट मैत्री सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट, बांग्लादेश की रुप में यूनिट 1 की कमीशनिंग के रूप में देखे गए। इसके अलावा, मैत्री परियोजना की इकाई 2 को बांग्लादेश सरकार द्वारा दिए गए अत्यंत कठिन समय लक्ष्य से पहले 28 जून 2023 को सिंक्रोनाइज़ किया गया है।

हाल के वर्षों में विविधीकरण के प्रयासों का फल उच्च राख वाले भारतीय कोयले के गैसीकरण के लिए बीएचईएल की स्वदेशी तकनीक (इसके लिए पहली सिद्ध तकनीक) पर आधारित 2,000 टीपीडी कोयला से अमोनियम नाइट्रेट संयंत्र की स्थापना के लिए कोल इंडिया लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के रूप में सामने आया जिसके बाद इंजीनियरिंग, अनुकूलन एवं अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा सत्यापन और संयुक्त उद्यम का गठन किया गया। संयुक्त उद्यम अच्छी तरह से प्रगति कर रहा है। हमारे रेल परिवहन व्यवसाय को बढ़ाने के प्रयासों से "वंदे भारत" ट्रेनसेट के 80 सेटों के निर्माण और रखरखाव के लिए प्रतिष्ठित ऑर्डर मिला। इस परियोजना को बीएचईएल द्वारा टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड के साथ कंसोर्टियम में मुख्य भागीदार के रूप में लिया जा रहा है और इसका मूल्य करों को छोड़कर 23,000 करोड़ रुपये से अधिक है (बीएचईएल का अंश लगभग 13,500 करोड़ रुपये है)।

भविष्य के विकास के परिप्रेक्ष्य के संबंध में, वित्त वर्ष 2022–23 में कंपनी के लिए ऑर्डर बुकिंग 23,548 करोड़ रुपये (करों का शुद्ध) तक पहुंच गई, जो पिछले 5 वर्षों में सबसे अधिक है। यह भी ध्यान रखना उचित है कि उद्योग क्षेत्र में कंपनी के प्रयासों का फल मिला है और 9,537 करोड़ रुपये (करों का



शुद्ध) का ऑर्डर प्राप्त हुआ जो पिछले 13 वर्षों में सबसे अधिक है तथा वार्षिक ऑर्डर बुक में इसकी हिस्सेदारी 40% है। ऑर्डर बुक की रिपोर्टिंग सभी हितधारकों की बेहतर समझ के लिए लागू करों को छोड़कर की जाती है, और राजस्व संख्याओं की रिपोर्टिंग के अनुरूप है।

31 मार्च 2023 तक कुल बकाया ऑर्डर बुक 91,336 करोड़ रुपये, शुद्ध करों का (PY 90,084 करोड़ रुपये) है। अप्रैल 2023 में प्रतिष्ठित "वंदे भारत" ट्रेनसेट ऑर्डर की प्राप्ति के साथ, कुल बकाया ऑर्डर बुक 1 लाख करोड़ (करों को छोड़कर) को पार कर गई है, जो पिछले 4 वर्षों में सबसे अधिक है।

वित्त वर्ष 2022–23 में भू–राजनीतिक मामलों और सेमीकंडक्टर जैसे प्रमुख इनपुट की कमी के कारण सामग्री उपलब्धता की विद्मान की चुनौतियों के बावजूद राजस्व में वृद्धि हासिल की गई है। स्पेयर और सेवा व्यवसाय, जो आपकी कंपनी के लिए फोकस क्षेत्र रहा है, ने लगभग 25% की वृद्धि दर्ज की है।


हाल के दिनों में सामग्री लागत न केवल बीएचईएल के लिए बल्कि घरेलू और वैश्विक उद्योग जगत के लिए भी एक चुनौती रही है। धातु की कीमतों में कुछ सुधार देखा गया है, फिर भी वे काफी ऊंचे स्तर पर हैं। इन बाधाओं के बावजूद, आपकी कंपनी वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान सामग्री लागत को पिछले वर्ष के समान स्तर पर बनाए रखने में सक्षम थी।

आगामी वर्ष में, कच्चे माल की बढ़ती कीमतों के साथ–साथ अत्यधिक

प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से जीती गई पुरानी परियोजनाओं के निष्पादन से कंपनी की वित्तीय स्थिति और तरलता पर असर पड़ते रहने की उम्मीद है।


ईंधन की ऊंची कीमतों ने लाभप्रदाता पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। ऊपर से, सामान्य तौर पर मुद्रास्फीति भी परिचालन बजट पर लगातार दबाव डाल रही है जिसे कड़े बजटीय नियंत्रण उपायों के माध्यम से संभाला जा रहा है। कंपनी सिविल राजस्व में कम मार्जिन के बावजूद परियोजना को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो के लिए चुनौती बनी रहेगी।

आपकी कंपनी ने रुकी हुई इन्वेंट्री को अनलॉक करके इन्वेंट्री स्तर को अनुकूलित किया, और वर्ष 2022–23 के दौरान, 230 करोड़ रुपये मूल्य की अचल इन्वेंट्री को समाप्त कर दिया गया। कंपनी में स्क्रैप की बिक्री, अचल इन्वेंट्री के निपटान आदि के प्रयासों ने अन्य परिचालन आय बढ़ाने में मदद की है और ईबीआईटीडीए के स्तर को 1,231 करोड़ रुपये तक सुधारने में मदद की है, जो कि वित्त वर्ष 2021–22 के लिए 1,106 करोड़ रुपये के ईबीआईटीडीए से लगभग 11% अधिक है। वित्त वर्ष 2022–23 के लिए कर पश्चात लाभ को कराधान क्षेत्र में हुए लाभ से और सहायता मिली। वर्ष के दौरान, कंपनी को कुल 266 करोड़ रुपये का आयकर रिफंड (ब्याज सहित) प्राप्त हुआ, जिससे शुद्ध नकदी सृजन के साथ–साथ लाभ अर्जित करने में भी मदद मिली।




अन्य परिचालन आय, जो सीधे तौर पर लाभ में योगदान करती है, वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान अपने उच्चतम स्तर 1,229 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जो वित्त वर्ष 2021–22 की तुलना में 16% अधिक है। कर पश्चात लाभ में वृद्धि को विनिर्माण, प्रशासनिक और एस एंड डी खर्चों पर निरंतर कड़े बजटीय नियंत्रण से भी सहायता मिली, जो कि राजस्व के 6.6% पर अपने निम्नतम स्तर पर है, जो कंपनी में मजबूत बजटीय नियंत्रण को दर्शाता है।

समन्वित प्रयासों और 'परियोजना केंद्रित" परिचालन पर जोर देने के परिणामस्वरूप चालू वित्त वर्ष 2022–23 में बिलिंग का परिसमापन 86% रहा, जो पिछले वर्ष के समान है। परिचालन से राजस्व के दिनों की संख्या के संदर्भ में व्यापार प्राप्य वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान घटकर 102 दिन हो गई है, जबकि वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान यह 107 दिन थी।



31 मार्च 2023 को व्यापार प्राप्य राशि 6,544 करोड़ रुपये (31 मार्च 2022 को 6,229 करोड़) थी और अनुबंध परिसंपत्ति 31 मार्च 2023 को 29,740 करोड़ रुपये (31 मार्च 2022 को 26,940 करोड़ रुपये) थी। हालाँकि वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान कुल प्राप्य में वृद्धि हुई है, लेकिन परिचालन से राजस्व के दिनों की संख्या के संदर्भ में कमी आई है जो कि पिछले वर्ष 571 दिनों से घटकर चालू वर्ष में 567 दिन हो गई है। प्राप्य में वृद्धि मुख्य रूप से निष्पादन के तहत अनुबंधों में विषम भुगतान शर्तों के कारण होती है, जिसके परिणामस्वरूप आस्थगित ऋणों का अधिक संचय होता है जो मध्यवर्ती और अंतिम माइलस्टोन के पूरा होने पर देय होते हैं।



संविदा परिसंपत्तियों में उच्च निवेश के कारण, कंपनी की नकदी स्थिति पर कुछ दबाव था। हालाँकि, कंपनी ने 1,258 करोड़ रुपये के सकारात्मक नकदी और बैंक शेष (अल्पकालिक उधार का शुद्ध) के साथ अपनी ऋण मुक्त स्थिति बरकरार रखी है, और कंपनी के पास पूंजीगत व्यय और विविधीकरण पहलों में निवेश करने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं।

रिजर्व में अंतरण

कंपनी ने वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान रिजर्व में कोई राशि हस्तांतरित नहीं की है।

लाभांश

निदेशक मंडल ने 26 मई, 2023 को आयोजित अपनी बैठक में वित्त वर्ष 2022–23 के लिए लाभ में से 20% (2 रु. के प्रत्येक शेयर पर 0.40 रु.) की दर से अंतिम लाभांश की सिफारिश की है, जो कि 139.28 करोड़ है, बशर्ते कि आपका अनुमोदन प्राप्त हो जाए।

कंपनी के पास भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 (''एलओडीआर'') के विनियमन 43ए की आवश्यकताओं के अनुसरण में एक लाभांश वितरण नीति है। लाभांश वितरण नीति कंपनी की वेबसाइट https://www.bhel.com/dividend-distribution-policy-bhel-0 पर उपलब्ध है।

जमा

कंपनी ने वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 73 के दायरे में आने वाले लोगों से जमा स्वीकार नहीं की है।

पूंजी एवं वित्त

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, कंपनी ने आंतरिक स्रोतों के माध्यम से अपनी पूंजीगत व्यय और परिचालन निधि आवश्यकताओं को पूरा किया है। कंपनी को ब्याज आय अधिकतम करने के लिए कंपनी किसी भी उपलब्ध अधिशेष निधि का निवेश करती है। किसी भी रुक–रुक कर होने वाली परिचालन निधि की आवश्यकता को पूरा करने के लिए, कंपनी द्व ारा उपयोग किए जाने वाले अल्पकालिक उधार विकल्पों में डब्ल्यूसीडीएल, वाणिज्यिक पत्र (एनएसई और बीएसई पर सूचीबद्ध), पीसीएफसी, आदि

शामिल हैं। पीसीएफसी उधार कंपनी को एक प्राकृतिक विदेशी मुद्रा बचाव प्रदान करते हैं। कंपनी ने शून्य ऋण कंपनी के रूप में अपनी स्थिति बरकरार रखी है।

ऋण और निवेश

कंपनी या उसकी सहायक कंपनी में ऋणदाता द्वारा निवेश का कोई उदाहरण नहीं है।

क्रेडिट रेटिंग

आपकी कंपनी की क्रेडिट रेटिंग इस प्रकार हैं:

रेटिंग एजेंसी	रेटिंग की तिथि	दीर्घावधि रेटिंग	आउटलुक	अल्पावधि रेटिंग
सीआरआई एसआईएल (CRISIL)	18-06-2021	CRISIL AA-	नेगेटिव	CRISIL A1+
	25-07-2022	CRISIL AA-	नेगेटिव	CRISIL A1+
इंडिया रेटिंग एण्ड रिसर्च	01-07-2021	Ind AA-	नेगेटिव	Ind A1+
	30-06-2022	Ind AA-	नेगेटिव	Ind A1+
सीएआरई CARE	24-06-2021	CARE AA-	स्थिर	CARE A1+
	17-06-2022	CARE AA-	स्थिर	CARE A1+
	19-06-2023	CARE AA-	स्थिर	CARE A1+

वित्तीय वर्ष के दौरान विविध खर्चों में कटौती और पुराने बकाया के निपटान के लिए कंपनी द्वारा किए गए लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप परिचालन से सकारात्मक नकदी प्रवाह हुआ और संगठन की क्रेडिट रेटिंग बनाए रखने में मदद मिली।

वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले भौतिक परिवर्तन और प्रतिबद्धताएँ

वित्त वर्ष 2022–23 के अंत और इस रिपोर्ट की तारीख के बीच कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले कोई भौतिक परिवर्तन और प्रतिबद्धताएं नहीं हैं। नियामकों या अदालतों या न्यायाधिकरणों द्वारा भविष्य में कंपनी की वर्तमान स्थिति और परिचालन को प्रभावित करने वाले कोई महत्वपूर्ण और महत्वपूर्ण आदेश पारित नहीं किए गए हैं।

ट्रेडिंग का स्थगन

कंपनी के इक्विटी शेयर एनएसई और बीएसई पर सूचीबद्ध हैं। वित्त वर्ष 202–23 के दौरान कंपनी के शेयरों की ट्रेडिंग को स्थगित नहीं किया गया था।

निदेशकों का उत्तरदायित्व वक्तव्य

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(5) के अनुसार, निदेशक मंडल पुष्टि करता है कि:

क) वार्षिक खातों को तैयार करने में, सामग्री प्रस्थान के संबंध में उचित स्पष्टीकरण के साथ लागू लेखा मानकों (Ind AS) का पालन किया गया है;

ख) निदेशकों ने ऐसी लेखा नीतियों का चयन किया है और उन्हें सुदृढ़ता से लागू किया है और ऐसे निर्णय और अनुमान लगाए हैं जो उचित और विवेकपूर्ण हैं ताकि वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी के मामलों की स्थिति और उस अवधि के लिए कंपनी के लाभ के बारे में सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण दिया जा सके।

ग) निदेशकों ने कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं की रोकथाम और पहचान के लिए इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकॉर्ड के रखरखाव हेतु उचित और पर्याप्त ध्यान दिया है।

घ) निदेशकों ने वार्षिक लेखाओं को चालू कारोबार के आधार पर तैयार किया है;

ड) निदेशकों ने कंपनी द्वारा पालन किए जाने वाले आंतरिक वित्तीय नियंत्रण निर्धारित किए हैं और यह सुनिश्चित किया है कि ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से काम कर रहे हैं;

च) निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणाली तैयार की है और यह सुनिश्चित किया है कि ऐसी प्रणालियां पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से काम कर रही हैं।

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

यह रिपोर्ट बाह्य वातावरण, भविष्य के लिए कंपनी की रणनीति, परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन, जोखिम और चिंताओं, और विभिन्न क्षेत्रों में की गई विभिन्न पहल जैसे कि व्यावसायिक क्षेत्रों के विविधीकरण, परियोजना निष्पादन में सुधार, लागत अनुकूलन, प्रौद्योगिकी विकास, डिजिटलीकरण, गुणवत्ता आदि के विकास पर प्रबंधन के दृष्टिकोण को व्यक्त करती है।

लगातार चुनौतीपूर्ण कारोबारी और आर्थिक माहौल के बीच, आपकी कंपनी ने विकास हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखा है। मुख्य व्यवसाय को मजबूत करना, निष्पादन पर ध्यान केंद्रित करना और गैर–कोयला क्षेत्रों में व्यापार बढ़ाने सहित विविधीकरण की दिशा में दृढ़ प्रयास दीर्घकालिक सतत विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रवर्तक हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया **निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक**–I देखें।

कॉर्पोरेट अभिशासन

सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 34 के अनुसरण में, कॉर्पोरेट अभिशासन पर एक रिपोर्ट (निदेशक मंडल एवं समिति की बैठकों के विवरण सहित) निम्नलिखित के साथ **निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक**–II में दी गई है,,

i. सेबी सूचीबद्धता विनियमों की अनुसूची V के तहत निदेशकों की गैर अयोग्यता का प्रमाणपत्र।

ii. कॉर्पोरेट अभिशासन पर सेबी सूचीयन विनियमों और सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) के दिशानिर्देशों के तहत कॉर्पोरेट अभिशासन पर लेखापरीक्षक प्रमाणपत्र।

iii. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 (1) के तहत सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट।

स्वतंत्रता की घोषणा

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(6) के तहत स्वतंत्रता के मानदंड से संबंधित घोषणा स्वतंत्र निदेशकों द्वारा निदेशक मंडल को दी गई है। सभी स्वतंत्र निदेशकों ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 150 के तहत अधिसूचित भारतीय कॉर्पोरेट मामलों के संस्थान (आईआईसीए) के ऑनलाइन डेटाबेस पर अपना पंजीकरण कराया है। निदेशक मंडल की राय में, स्वतंत्र निदेशकों के पास सत्यनिष्ठा और आवश्यक विशेषज्ञता और अनुभव है।

अनुपालन

कई अन्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के अतिरिक्त, कंपनी ने प्रणालियों और प्रक्रियाओं के अनुपालन की लगातार समीक्षा की है और उसे सुदृढ़ किया है।

- कंपनी ठोस कॉर्पोरेट अभिशासन को अपने मूल मूल्यों में से एक मानती है तथा प्रकटीकरण में उच्च स्तर की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।
- विभिन्न कानूनों में अनुपालन तंत्र को मजबूत करने के लिए, निदेशक मंडल द्वारा लागू कानूनों/अधिनियमों पर एक तिमाही कानूनी अनुपालन रिपोर्ट की समीक्षा की जाती है।
- एक सूचीबद्ध कंपनी होने के नाते, सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 का अनुपालन सुनिश्चित किया जाता है। वित्त वर्ष 2021–22 के लिए सेबी की ओर से किसी भी वित्तीय मामले पर कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की गई है।
- कंपनी ने लागू सचिवीय मानकों का अनुपालन किया है।
- वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए, कंपनी भारतीय लेखा मानकों (Ind AS), मार्गदर्शन नोट्स और आईसीएआई, कंपनी अधिनियम, 2013 और अन्य लागू विधियों द्वारा जारी अन्य आधिकारिक साहित्य का अनुपालन सुनिश्चित करती है।

  कंपनी वित्तीय विवरणों में अपने प्रकटन और पारदर्शिता मानकों में लगातार सुधार करने का प्रयास करती है।

राजकोष में योगदान

कंपनी वर्षों से राजकोष में लगातार महत्वपूर्ण योगदान देती रही है और कर अनुपालन के संबंध में सत्यनिष्ठा के उच्च मानकों को बनाए हुए है। चालू वर्ष के दौरान राजकोष में कंपनी का योगदान ₹3,831 करोड़ से अधिक था।

लेखापरीक्षा समिति

कंपनी के पास कंपनी अधिनियम, 2013 की अपेक्षाओं के साथ–साथ उसके तहत बनाए गए नियमों और सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम 2015 के विनियम 18 के अनुसार एक निदेशक मंडल लेखा परीक्षा समिति है, जिसके संबंध में विवरण कॉर्पोरेट अभिशासन रिपोर्ट में दिया गया है। नियमित अंतराल पर होने वाली बैठकों में सभी मुद्दों पर निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से विचार–विमर्श किया जाता है। निदेशक मंडल स्तर की लेखा परीक्षा समिति के सदस्यों के विचारों और सुझावों को ध्यान में रखा जाता है और कंपनी की प्रक्रियाओं में शामिल किया जाता है। इसके अतिरिक्त, ऐसा कोई दृष्टांत नहीं है जहां निदेशक मंडल ने निदेशक मंडल लेखा परीक्षा समिति की सिफारिशों को स्वीकार नहीं किया है।

निदेशकों में परिवर्तन और शीर्ष प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति का विवरण

सुश्री आरती भटनागर, अपर सचिव और वित्तीय सलाहकार, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय को 14 फ़रवरी 2023 से अंशकालिक सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

श्री रमेश पाटल्या मवास्कर को 8 जून 2023 से अंशकालिक गैर–सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

श्री जय प्रकाश श्रीवास्तव, निदेशक (ई, आर एंड डी) और निदेशक (वित्त) – अतिरिक्त प्रभार को 26 मई, 2023 से कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) के रूप में नामित किया गया है।

श्री कृष्ण कुमार ठाकुर को 4 जुलाई, 2023 से पूर्णकालिक (कार्यात्मक) निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है और उन्होंने निदेशक (मानव संसाधन) के रूप में कार्यभार संभाला है।

लागू वैधानिक प्रावधानों और कंपनी के आर्टिकल ऑफ असोशिएशन के अनुच्छेद 67(iv) के अनुसार, सुश्री आरती भटनागर, श्री रमेश पाटल्या मवास्कर और श्री कृष्ण कुमार ठाकुर को अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है, वे कंपनी की 59वीं वार्षिक आम बैठक तक निदेशक पद पर बने रहेंगे और बैठक में निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र हैं।

इसके अतिरिक्त, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 152 और कंपनी के आर्टिकल ऑफ असोशिएशन के अनुच्छेद 67 (i) के अनुसार, श्री उपिंद्र सिंह मठारू और श्री जय प्रकाश श्रीवास्तव वार्षिक आम बैठक में रोटेशन में सेवानिवृत्त होंगे और पात्र होने के नाते, स्वयं को पुनः नियुक्त करने का प्रस्ताव रखेंगे।

समापन

डॉ. राज के. अग्रवाल, जिन्हें 9 नवंबर, 2021 को अंशकालिक गैर–सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था, 12 सितंबर, 2022 को बीएचईएल के निदेशक मंडल से अपने त्यागपत्र के परिणामस्वरूप कंपनी के निदेशक नहीं रह गए हैं। डॉ. राज के. अग्रवाल ने व्यक्तिगत मामलों में व्यस्तता और कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए पर्याप्त समय देने में असमर्थता का हवाला देते हुए अपना त्यागपत्र दे दिया। इसके अलावा, उन्होंने यह भी पुष्टि की कि त्यागपत्र के लिए उनके द्वारा दिए गए कारणों के अलावा कोई अन्य कारण नहीं हैं।

श्री राज कमल बिंदल और श्री मनीष कपूर, जिन्हें 31 जनवरी, 2020 को अंशकालिक गैर–सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था, का कार्यकाल 27 जनवरी, 2023 को पूरा होने पर कंपनी का निदेशक पद समाप्त हो गया।

श्री शशांक प्रिया, तत्कालीन विशेष सचिव और वित्तीय सलाहकार, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, जिन्हें 4 अक्टूबर, 2019 को अंशकालिक आधिकारिक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था, का 14 फरवरी, 2023 को अंशकालिक सरकारी निदेशक पद समाप्त हो गया।

श्री सुबोध गुप्ता जिन्हे 18 अप्रैल, 2018 के प्रभाव से निदेशक (वित्त) के रूप में नियुक्त किया गया था, 17 मई, 2023 के भारी उद्योग मंत्रालय के पत्राचार के अनुसार 18 अप्रैल, 2023 से उनका कंपनी के निदेशक (वित्त) का पद समाप्त हो गया। इसके अलावा, वह 18 अप्रैल, 2023 से बीएचईएल के सीएफओ भी नहीं रहे।

निदेशक मंडल, बीएचईएल निदेशक मंडल पर अपने–अपने कार्यकाल के दौरान डॉ. राज के. अग्रवाल, श्री राज कमल बिंदल, श्री मनीष कपूर, श्री शशांक प्रिया और श्री सुबोध गुप्ता द्वारा प्रदान की गई बहुमूल्य सेवाओं, सलाह और मार्गदर्शन के लिए उनकी हृदय से सराहना करता है।

सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 36(3) के अनुपालन में, विशिष्ट कार्यात्मक क्षेत्रों में उनकी विशेषज्ञता की प्रकृति और कंपनियों के नाम के साथ नियुक्ति और पुनर्नियुक्ति के लिए प्रस्तावित निदेशकों का संक्षिप्त विवरण और जो व्यक्ति निदेशक मंडल की समितियों की सदस्यता के साथ–साथ निदेशक पद धारण करता है, सूचना के व्याख्यात्मक विवरण/अनुलग्नक में दिया गया है।

सीईओ/सीएफओ प्रमाणपत्र

सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 17(8) के अनुसार सीईओ/सीएफओ प्रमाणपत्र **निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक**–III में दिया गया है।

समेकित वित्तीय विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129 (3) और सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम 2015 के विनियम 34 के अनुसार तैयार समेकित वित्तीय विवरणों का संक्षिप्त विवरण प्रबंधन विचार–विमर्श और विश्लेषण के तहत खंड 1.8.3 में दिया गया है।

सतत विकास

हम, बीएचईएल में, अपनी विभिन्न व्यावसायिक प्रक्रियाओं और गतिविधियों में संधारणीय परिचालन के लिए अथक प्रयास करते हैं और हमारा मिशन कथन– ''ऊर्जा, उद्योग और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में सतत व्यावसायिक समाधान प्रदान करना'' इसका प्रमाण है और इस दिशा में औद्योगिक प्रयास को बढ़ाने की इच्छा रखता है।

बीएचईएल में सतत विकास संधारणीयता के तीन स्तंभों, अर्थात् पर्यावरण, आर्थिक और सामाजिक को संबोधित करता है। एक जिम्मेदार और संधारणीय संगठन होने के नाते, बीएचईएल संगठन के भीतर और उसके बाहर पर्यावरण, स्वास्थ्य, सामाजिक समानता और आर्थिक जीवन शक्ति के एकीकरण की दिशा में प्रयासरत है। इस दृष्टि की अभिव्यक्ति हरित उत्पादों के विकास, अक्षय ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि, कुशल जल प्रबंधन, उन्नत हरित आवरण, प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के अनुकूलन और बेहतर ऊर्जा दक्षता और संरक्षण के प्रति हमारे दृष्टिकोण में स्पष्ट है।

इनमें से कुछ गतिविधियाँ जो हमें संधारणीय भविष्य की ओर बढ़ने में मदद करती हैं, उनका संक्षिप्त विवरण निदेशक मंडल रिपोर्ट के संलग्नक – IV में दिया गया है।

हरित कंपनी

जलवायु परिवर्तन आज दुनिया भर में नीति निर्माण के केंद्र में आ गया है और व्यवसायों के काम करने के तरीके पर गंभीर प्रभाव डाल रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर, भारत सरकार ने इन चुनौतियों से निपटने के लिए 'पंचामृत' को अपनाया है और साथ ही 2070 तक नेट ज़ीरो लक्ष्य के लिए प्रतिबद्धता दिखलाई है। संधारणीय विकास के लिए हमारे लोकाचार के भाग के रूप में, कंपनी ने अब "बीएचईएल को एक हरित कंपनी बनाने" के लिए एक बड़ी पहल की है। यह पहल एक जिम्मेदार और सतत संगठन के रूप में बीएचईएल की स्थिति को और सुदृढ़ करेगी। कंपनी की साख बनाने के अलावा, इससे लागत कम होने और दीर्घावधि में उधार और बीमा की उपलब्धता में सुधार होने की उम्मीद है और पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों को डिजाइन, इंजीनियरिंग और निर्माण करने के लिए कंपनी के भीतर नवाचार की संस्कृति बनाने में भी मदद मिलेगी।

व्यवसाय उत्तरदायित्व और संधारणीयता रिपोर्ट

सूचीयन विनियमों की अपेक्षाओं के अनुरूप, पर्यावरण, सामाजिक और शासन के दृष्टिकोण से कंपनी द्वारा की गई पहलों का वर्णन करने वाली व्यवसाय उत्तरदायित्व और संधारणीयता रिपोर्ट **निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक**–V में संलग्न है।

अनुसंधान एवं विकास तथा प्रौद्योगिकीय विकास की उपलब्धियां

संधारणीय भविष्य के लिए 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में देश के दृष्टिकोण के अनुरूप, बीएचईएल ने स्वच्छ प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए अपने नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को फिर से तैयार किया है। कंपनी नए व्यावसायिक क्षेत्रों में उत्पादों और प्रणालियों के विकास की दिशा में काम कर रही है; जैसे कोयले से रसायन, उच्च दक्षता वाले थर्मल प्लांट, रेल परिवहन, रक्षा, एयरोस्पेस, हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला, डाउनस्ट्रीम तेल और गैस, आदि।

वित्त वर्ष 2022–23 में, बीएचईएल ने अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों पर 691 करोड़ रुपये का व्यय किया है, जो लगभग राजस्व का 3% है। इसमें नए उत्पादों, प्रक्रियाओं और प्रणालियों के विकास के लिए शुरू की गई अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं पर किया गया व्यय और साथ ही ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप उत्पादों और डिजाइनों में संशोधन/सुधार के लिए किए गए प्रयास शामिल हैं। वर्ष के दौरान, बीएचईएल ने 503 पेटेंट और कॉपीराइट आवेदन दायर किए हैं, जिससे कंपनी की बौद्धिक पूंजी लगभग 5400 से अधिक हो गई है। कंपनी के राजस्व का 19%, जिसकी राशि 4,212 करोड़ रुपये है, अपने इन–हाउस विकसित उत्पादों, प्रणालियों और सेवाओं से प्राप्त किया गया है। प्रमुख विकासों का अधिक विवरण निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक–VI में प्रदान किया गया है।

राजभाषा कार्यान्वयन

बीएचईएल की सभी इकाइयों/प्रभागों/कार्यालयों में राजभाषा प्रकोष्ठ और राजभाषा कार्यान्वयन समितियां स्थापित की गई हैं, इन सभी प्रकोष्ठों में राजभाषा अधिकारी कार्यरत हैं। साथ ही पिछले दो वर्षों में राजभाषा क्रियान्वयन पर भी काफी बल दिया गया है। कर्मचारियों को अपने दिन–प्रतिदिन के आधिकारिक कार्यों में हिंदी का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने और राजभाषा कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए कंपनी भर में 100 से अधिक राजभाषा चक्र बनाए गए हैं, जिससे कंपनी में हिंदी के उपयोग में वृद्धि हुई है। वर्ष के दौरान कॉर्पोरेट कार्यालय सहित सभी इकाइयों/प्रभागों में समितियों द्वारा त्रैमासिक बैठकें आयोजित की गईं। वर्ष के दौरान कार्यक्रमों, कार्यशालाओं, प्रतियोगिताओं के रूप में कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं। आपकी कंपनी राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्मृति आधारित अनुवाद सॉफ्टवेयर 'कंठस्थ 2.0' और इसके मोबाइल–ऐप संस्करण की परीक्षण समिति में भी सदस्य के रूप में योगदान दे रही है। अधिक विवरण के लिए निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक–VIII देखे।

सतर्कता तंत्र

बीएचईएल सुशासन, पारदर्शिता, ईमानदारी और नैतिकता के सिद्धांतों की वकालत करता है ताकि इसके कामकाज में उच्चतम स्तर की सत्यनिष्ठा सुनिश्चित हो सके। कंपनी के पास एक पूर्ण रूप से कार्यरत सतर्कता तंत्र है जिसमें सतर्कता विभाग, आंतरिक लेखा परीक्षा, व्हिसलब्लोअर नीति तंत्र, स्वतंत्र बाह्य मॉनिटर (रों) के साथ–साथ निदेशक मंडल स्तर की लेखा परीक्षा समिति शामिल है।

बीएचईएल के सतर्कता कार्य का नेतृत्व मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) द्वारा किया जाता है जो कंपनी में केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की विस्तारित शाखा के रूप में कार्य करते हैं। बीएचईएल की इकाइयों और प्रभागों में सीवीओ को रिपोर्ट करने वाले एक वरिष्ठ अधिकारी की अध्यक्षता

में एक सतर्कता व्यवस्था है।

इंटीग्रिटी पैक्ट के कार्यान्वयन की निगरानी करने और उससे संबंधित चिंताओं का समाधान करने के लिए स्वतंत्र बाहरी मॉनिटर्स (आईईएम) का एक पैनल मौजूद है। कंपनी अनुचित और अनैतिक पद्धतियों की रिपोर्टिंग को भी प्रोत्साहित करती है और इसकी एक व्हिसलब्लोअर नीति है जो शिकायतकर्ता को उत्पीड़न के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराती है।

"निदेशक मंडल लेखा समितिष (बीएलएसी) व्हिसल ब्लोअर/विजिलेंस तंत्र के कामकाज की समीक्षा करती है, और सतर्कता प्रकार्यों की वार्षिक समीक्षा भी सीएमडी / संरचित बैठक(कों) के माध्यम से निदेशक मंडल द्व ारा की जाती है। अधिक विवरण निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक–VIII में दिया गया है।

स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण (एचएसई)

बीएचईएल अपने कार्यबल की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के साथ–साथ इसके परिचालन के विभिन्न पर्यावरणीय प्रभावों से धरती की सुरक्षा हेतु स्थायी पद्धतियों को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करता है।

हमारा मानना है कि अच्छे स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरणीय अनुपालन से ग्राहकों की निष्ठा वृद्धि, मूल्यवान साझेदारी और सहयोग और सतत विकास के मामले में दीर्घकालिक लाभ होंगे।

बीएचईएल ने व्यावसायिक, स्वास्थ्य और सुरक्षा और पर्यावरण अनुपालन के उच्चतम स्तरों को प्राप्त करने की अपनी खोज में, अपनी विनिर्माण इकाइयों और पावर सेक्टर क्षेत्रों को व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रमाणन (आईएसओ 45001: 2018) और पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन (आईएसओ 14001: 2015)) के तहत प्रमाणित करवाया है। नियमित अनुपालन बढ़ाने के लिए, संगठन के भीतर एचएसई विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा विनिर्माण इकाइयों और परियोजना स्थलों का आंतरिक ऑडिट भी किया जाता है।

अधिक विवरण **निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक**–VIII में दिए गए हैं।

डेटा और साइबर सुरक्षा

आज की हाइपर कनेक्टेड दुनिया में, डेटा और साइबर सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है, खासकर भारी इंजीनियरिंग क्षेत्र में देश के अग्रणी इंजीनियरिंग संगठन के लिए। इस संबंध में, बीएचईएल ने अपनी आईटी संपत्तियों और डेटा को साइबर खतरों से बचाने के लिए उन्नत सुरक्षा उपाय लागू किए हैं। इन उपायों में एक बहुस्तरीय रक्षा प्रणाली शामिल है जिसमें डेटासेंटर, डेटा नेटवर्क, एप्लिकेशन और अंतिम उपयोगकर्ता उपकरणों के लिए परिधि सुरक्षा जैसी नवीनतम तकनीकें शामिल हैं। आगे का विवरण निदेशक मंडल रिपोर्ट की धारा 1.16 में शामिल किया गया है।

अन्य सूचनाएं

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3) (एम) के प्रावधानों के अनुसार कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के साथ पठित ऊर्जा के संरक्षण, प्रौद्योगिकी अवशोषण और विदेशी मुद्रा आय और व्यय के संबंध में जानकारी निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक–VII में दी गई है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 के प्रावधानों के साथ पठित कंपनी (प्रबंधकीय कर्मियों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 5 के अनुसार, प्रत्येक सूचीबद्ध कंपनी को निदेशक मंडल रिपोर्ट में निदेशकों



माननीय केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडे ने नई दिल्ली में कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय के दौरे के दौरान 'हरित बीएचईएलश पहल का शुभारंभ किया।

के पारिश्रमिक आदि के विवरण का खुलासा करना आवश्यक है। लेकिन, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी 5 जून 2015 की अधिसूचना संख्या जीएसआर 463 (ई) के अनुसार, सरकारी कंपनियों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 के प्रावधानों का पालन करने से छूट दी गई है। बीएचईएल एक सरकारी कंपनी है और इसलिए ये निदेशक मंडल की रिपोर्ट में शामिल नहीं हैं।

कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 8(2) के साथ पठित कंपनी सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यमों से संबंधित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129 (फॉर्म एओसी–1) के अनुसार विवरण और अधिनियम की धारा 134(3)(एच) के अनुसार फॉर्म एओसी–2 **निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक**–IX में दिया गया है।

लेखा परीक्षक

आपकी कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों की नियुक्ति भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा की जाती है। वैधानिक लेखा परीक्षकों की तीन फर्मों को संयुक्त वैधानिक लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था और चार फर्मों को शाखा लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए नियुक्त लेखा परीक्षक फर्मों के नाम वार्षिक रिपोर्ट में अलग से दिए गए हैं।

लेखाओं (खातों) पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

कंपनी के वित्त वर्ष 2022–23 के लिए एकल स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय विवरणों पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक–X में दी गई है। कंपनी के वित्तीय विवरणों पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में कोई अर्हता नहीं है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129(4) के साथ पठित धारा 143(6) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा जारी पूरक लेखापरीक्षा रिपोर्ट भी अनुलग्नक–X का हिस्सा है। .

सचिवीय लेखा परीक्षा

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204(1) के अनुसार, कंपनी ने वित्त वर्ष 2022–23 के लिए सचिवीय लेखा परीक्षा आयोजित करने और उनकी रिपोर्ट के लिए सचिवीय लेखा परीक्षकों के रूप में मैसर्स अग्रवाल एस एंड एसोसिएट्स, पूर्णकालिक व्यवसायी कंपनी सचिव को नियुक्त किया गया और उनकी रिपोर्ट कॉर्पोरेट अभिशासन अनुभाग का हिस्सा है।

सचिवीय लेखा परीक्षक ने अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि निदेशक मंडल की संरचना में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय (सूचीयन दायित्व और प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 17 (1) (ए) और (बी), कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 (4) और कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर डीपीई दिशानिर्देशों के पैरा 3.1.2 और 3.1.4 के अनुसार अनुपालन नहीं किया गया है। गैर – अनुपालन निम्नलिखित कारणों से है (i) 30.05.2022 को एक स्वतंत्र निदेशक के त्यागपत्र के परिणामस्वरूप कंपनी के निदेशक मंडल में अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशक नहीं थे और (ii) 27.01.2023 को दो गैर–कार्यकारी निदेशकों का कार्यकाल पूरा हो गया, जिसके परिण ामस्वरूप कंपनी के निदेशक मंडल में अपेक्षित संख्या में गैर–कार्यकारी निदेशक नहीं थे।

प्रबंधन ने टिप्पणी को नोट किया और बताया कि एक सरकारी कंपनी होने के नाते, बीएचईएल में स्वतंत्र निदेशकों सहित निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है। कंपनी अपने निदेशक मंडल में अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए सरकार के साथ लगातार संपर्क में रही है ताकि सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम, 2015, कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निर्धारित कॉर्पोरेट प्रशासन मानदंडों के साथ ही कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर डीपीई दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। इन रिक्तियों को भरने का मामला सरकार के स्तर पर प्रक्रियाधीन है।

लागत लेखापरीक्षक

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 के प्रावधानों और कंपनी (लागत रिकॉर्ड और लेखापरीक्षा) नियम, 2014 और उसके संशोधनों के अनुसार, निदेशक मंडल ने लेखापरीक्षा ऑडिट समिति की अनुशंसा पर वित्त वर्ष 2022–23 के लिए आपकी कंपनी के लागत खातों के लेखापरीक्षा के लिए लागत लेखापरीक्षकों के रूप में लागत लेखाकारों की सात फर्मों की नियुक्ति को मंजूरी दी। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 की उप–धारा (1) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट लागत खातों और अभिलेखों को उचित रूप से बनाए रखा गया है और उनका अनुपालन किया गया है।

वित्त वर्ष 2022–23 के लिए नियुक्त लागत लेखापरीक्षकों का विवरण वार्षिक रिपोर्ट में अलग से दिया गया है। वित्त वर्ष 2021–22 के लिए लागत लेखापरीक्षित रिपोर्ट 02 सितंबर, 2022 को एक्सबीआरएल मोड के तहत दायर की गई जो कि दाखिल करने की नियत तारीख के भीतर और लागत लेखापरीक्षा रिपोर्ट में कोई अर्हता नहीं थी।

प्रशंसा और आभार

आपके निदेशक कंपनी के परिचालन और रणनीतिक पहलों के विभिन्न क्षेत्रों में भारत सरकार, विशेष रूप से भारी उद्योग मंत्रालय से प्राप्त सहयोग और मार्गदर्शन के लिए मुक्त–कंठ से प्रशंसा करते हैं।

हम भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और वैधानिक प्राधिकरणों/विभागों की उनके बहुमूल्य समर्थन और निरंतर सहयोग के लिए सहृदयता से प्रशंसा करते हैं और कृतज्ञतापूर्वक अपना आभार व्यक्त करते हैं।

निदेशकगण भारत और विदेशों में कंपनी के मूल्यवान ग्राहकों के प्रति निष्ठापूर्वक आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने जटिल दीर्घकालिक अवधि के निर्माण अनुबंधों में आने वाले विभिन्न समस्याओं को हल करने में सहयोग किया है।

निदेशक भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, पेशेवर निकायों, वैधानिक लेखा परीक्षकों, शाखा लेखा परीक्षकों, सचिवीय लेखा परीक्षकों और लागत लेखा परीक्षकों के रचनात्मक सुझावों और निरंतर सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं।

निदेशकों ने कंपनी के सम्मानित शेयरधारकों द्वारा कंपनी के प्रबंधन में दिए गए समर्थन और विश्वास के लिए उनकी हार्दिक सराहना की है और भविष्य में भी इसे जारी रखने की आशा करते हैं।

निदेशकगण सभी प्रौद्योगिकी सहयोगियों, आपूर्तिकर्ताओं और ठेकेदारों से प्राप्त निरंतर सहयोग के लिए उन्हें भी धन्यवाद देते हैं। हम वित्तीय संस्थानों, बैंकरों और स्टॉक एक्सचेंजों द्वारा प्रदान किए गए सहयोग के लिए उनके प्रति भी आभार व्यक्त करते हैं।

अंत में, आपके निदेशकगण कंपनी की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए दिन–रात काम करने वाले बीएचईएल के सभी कर्मचारियों को उनकी लगन, कर्मठ प्रयासों, कड़ी परिश्रम और प्रतिबद्धता के लिए उनका सहृदय आभार व्यक्त करते हैं।

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
के निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

डॉ. नलिन सिंघल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 28 जुलाई, 2023

निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक–I

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

1.1 आर्थिक एवं व्यावसायिक अवलोकन

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, धीमी वैश्विक अर्थव्यवस्था के बीच भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक था। वैश्विक स्तर पर और भारत में, मुद्रास्फीति के रुझान के कारण केंद्रीय बैंकों को नीतिगत दरें बढ़ानी पड़ीं, जिसका इस अवधि के दौरान व्यवसायों पर कुछ प्रभाव पड़ा।

वित्त वर्ष 2022–23 में भारत की 7.2% की आर्थिक वृद्धि के अनुरूप, वर्ष के दौरान ऊर्जा की मांग में वृद्धि हुई और विद्युत उत्पादन में 8.9% की वृद्धि हुई। भारत के अद्यतन राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान के साथ–साथ बेस लोड जेनरेशन के माध्यम से ऊर्जा सुरक्षा और सामर्थ्य सुनिश्चित करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, सीईए की एनईपी 2032 तक लगभग 254 से 263 गीगावॉट कोयला आधारित स्थापित क्षमता की आवश्यकता का अनुमान लगा रही है। इसका मतलब है अगले 4–5 वर्षों में लगभग 15–20 गीगावॉट कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों के लिए संचयी नए ऑर्डर की आवश्यकता। इसके अतिरिक्त, प्रतिकूल भू–राजनीतिक परिदृश्य, बढ़ती विद्युत की मांग और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के माध्यम से लगातार विद्युत न मिलने से उत्पन्न ऊर्जा सुरक्षा चिंताओं के कारण थर्मल पावर में वृद्धि देश के लिए अनिवार्य हो गई है।

बीएचईएल ने वर्ष के दौरान ईपीसी आधार पर 2x660 मेगावाट एनटीपीसी तालचेर थर्मल पावर प्रोजेक्ट का ऑर्डर हासिल करके थर्मल पावर बाजार में अपनी अग्रणी स्थिति को फिर से स्थापित किया। उल्लेखनीय है कि यह लगभग तीन वर्षों के अंतराल के बाद देश में दिया गया पहला कोयला आधारित थर्मल ऑर्डर है। इसके अलावा, हाइड्रो, न्यूक्लियर, ट्रांसमिशन और स्पेयर्स एवं सेवाओं में कई अवसर हैं। यह आशा की जाती है कि कोयला ऊर्जा के एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में और रासायनिक उद्योग के फीडस्टॉक दोनों के लिए एक प्रमुख भूमिका निभाएगा। माननीय प्रधान मंत्री द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रीय कोयला गैसीकरण मिशन (एनसीजीएम) में 2030 तक 100 मिलियन टन कोयला गैसीकरण के चरण–वार कार्यान्वयन की परिकल्पना की गई है। कोयला गैसीकरण प्रक्रिया सिंथेटिक गैस (सिनगैस) का उत्पादन करती है जो उत्पादन के लिए फीडस्टॉक के रूप में अपना अनुप्रयोग पाती है। अमोनिया, मेथनॉल, अमोनियम नाइट्रेट, डाइ–मिथाइल–ईथर आदि जैसे रसायन, जो अन्यथा आयातित या आयातित प्राकृतिक गैस से उत्पादित होते हैं। इसके अलावा, आईजीसीसी तकनीक का उपयोग करके सिंथेटिक गैस का उपयोग विद्युत के उत्पादन में भी किया जा सकता है। उम्मीद है कि एनसीजीएम आत्मनिर्भर भारत पहल में बड़े पैमाने पर योगदान देगा। यह बीएचईएल के लिए उच्च राख वाले भारतीय कोयले से सिनगैस उत्पन्न करने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित प्रेशराइज्ड फ्लुइडाइज्ड बेड गैसीफिकेशन (पीएफबीजी) तकनीक के व्यावसायीकरण के लिए व्यापक अवसर पैदा करता है। इस्पात, रिफाइनरी, सीमेंट जैसे अर्थव्यवस्था के मुख्य क्षेत्र सुदृढ़ आर्थिक विकास और महामारी के घटते खतरे के कारण अपनी विस्तारवादी योजनाओं को लेकर उत्साहित हैं। यह पुनर्रुथान पूंजीगत वस्तुओं की मांग में तब्दील हो रहा है। बीएचईएल, एक बड़ी इंजीनियरिंग कंपनी के रूप में, विभिन्न आयातित उपकरणों के स्वदेशीकरण के माध्यम से इन क्षेत्रों में व्यवसाय की तलाश कर रहा है और इस्पात और तेल क्षेत्रों के लिए उपकरणों के स्वदेशी विकास में प्रारंभिक सफलताएं पहले ही हासिल कर चुका है।

भारतीय रेलवे परिचालन के उन्नयन, आधुनिकीकरण और डीकार्बोनाइजेशन के लिए कई पहल कर रहा है। माल ढुलाई और यात्री दोनों खंड बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित कर रहे हैं, जिसमें माल ढुलाई के लिए इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव, यात्रियों के लिए अलग–अलग कॉन्फ़िगरेशन के सेमी हाई–स्पीड ट्रेनसेट आदि शामिल हैं। यह भविष्य के लिए बीएचईएल के लिए एक प्रमुख लक्ष्य खंड है।

भारत ने ग्रीन हाइड्रोजन और उसके यौगिकों (डेरिवेटिवस) के उत्पादन, उपयोग और निर्यात के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाने के लिए ''राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन'' शुरू किया है। मिशन में ग्रीन हाइड्रोजन के लिए निर्यात के अवसर पैदा करने, उद्योग, गतिशीलता और ऊर्जा क्षेत्रों के डीकार्बोनाइजेशन, आयातित हाइड्रोकार्बन पर निर्भरता में कमी, स्वदेशी विनिर्माण क्षमताओं के विकास और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के विकास की परिकल्पना की गई है। मिशन के तहत, भारत की हरित हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता 2030 तक कम से कम 5 एमएमटी प्रति वर्ष तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इससे इलेक्ट्रोलाइज़र और अन्य उपकरण (जैसे भंडारण सिलेंडर, आदि) सहित हरित हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला में कई अवसर खुलते हैं। बीएचईएल ने इलेक्ट्रोलाइजर, टाइप–IV हाइड्रोजन भंडारण सिलेंडरों के लिए उत्कृष्टता केंद्र और टाइप–IV हाइड्रोजन भंडारण सिलेंडरों के लिए राष्ट्रीय परीक्षण सुविधा की स्थापना पर काम शुरू किया है, जिससे इस क्षेत्र में भविष्य के स्केलेबल व्यवसायों का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

1.2 अवसर एवं आशंकाएँ

कोविड के बाद निवेश में तेजी, थर्मल पावर क्षेत्र का कायाकल्प,अर्थव्यवस्था के मुख्य क्षेत्रों में क्षमता विस्तार योजनाएं और ''आत्मनिर्भर भारत अभियान'' के परिणामस्वरूप भारतीय बाजार नए अवसरों से भरे हुए हैं। थर्मल,हाइड्रो और परमाणु क्षेत्रों में आगामी महत्वपूर्ण अवसरों के अलावा,दूरदराज के क्षेत्रों से बढ़ती नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन को देखते हुए ट्रांसमिशन क्षेत्र में भी कई अवसर मिलने की उम्मीद है। स्पेयर और सेवा व्यवसाय भी स्थिर और बड़े अवसर प्रदान कर रहा है। रेल परिवहन में,व्यापक उन्नयन कार्यक्रम नए व्यावसायिक अवसर खोल रहा है। भारतीय सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और स्वदेशीकरण ने भू–राजनीतिक तनाव के आलोक में रणनीतिक महत्व ग्रहण कर लिया है,और यह न केवल महत्वपूर्ण व्यावसायिक अवसर प्रदान करता है बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और संरक्षा में सीधे योगदान करने का अवसर भी प्रदान करता है। कोयला से रसायन और हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था आगामी क्षेत्र हैं,जिनसे देश में पर्याप्त आत्मनिर्भरता आने और व्यापार के अवसरों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

विद्यमान भू–राजनीतिक तनाव के साथ–साथ मुद्रास्फीति के रुझानों के प्रभाव ने वैश्विक आर्थिक विकास की गति पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। नई वैश्विक क्षमताओं के जुड़ने का श्रृंखला व्यापार अवसरों पर भारी प्रभाव पड़ता है। वर्तमान भू–राजनीतिक तनाव के लंबे समय तक बने रहने और नए भौगोलिक क्षेत्रों और बाजारों पर इसके व्यापक प्रभाव का आपूर्ति श्रृंखलाओं पर भी गंभीर प्रभाव पड़ सकता है, जिससे इनपुट सामग्री लागत में वृद्धि और क्षमताओं के कम उपयोग के कारण लाभप्रदता को नुकसान पहुंच सकता है।

आपकी कंपनी अवसरों और आशंकाओं दोनों पर नजर रख रही है,और तदनुसार अवसरों का लाभ उठाने के लिए और सक्रिय उपाय करके आशंकाओं को विफल करने के लिए स्वयं को तैयार कर रही है।

आपकी कंपनी ने एक रणनीतिक योजना 2022–27 भी तैयार की है और बीएचईएल को 'भविष्य' में बदलाव की रणनीतियों के अलावा लाभप्रदता, तरलता, गुणवत्ता और विलंबित परियोजना निष्पादन आदि की तत्काल चुनौतियों का समाधान करने के लिए कई पहल की गई हैं। 'फ़्यूचर रेडी ग्लोबल इंजीनियरिंग ऑर्गनाइजेशन' नए उत्पादों और सेवाओं में विविधता लाकर, कुशल और प्रेरित कार्यबल द्वारा कंपनी को प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भर बना रहा है जिसके परिणाम पहले से ही प्राप्त हो रहे हैं।

1.3 व्यावसायिक पहलें

1.3.1 पारंपरिक व्यवसाय में नेतृत्व बनाए रखना

जबकि, ध्यान नवीकरणीय ऊर्जा पर केंद्रित रहेगा,तथापि निरंतर और चौबीसों घंटे परिचालन, प्रौद्योगिकी की उपलब्धता और बड़े पैमाने पर परिचालन के लिए उनकी उपयुक्तता को देखते हुए,आने वाले वर्षों में कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों के भारत की विद्युत उत्पादन क्षमता का मुख्य आधार बने रहने की उम्मीद है। भविष्य में विद्युत की मांग को पूरा करने के लिए,विशेष रूप से ग्रिड के बेसलोड को पूरा करने के लिए, कोयला आधारित उच्च दक्षता वाले सुपरक्रिटिकल विद्युत संयंत्रों द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। तथापि, हाल के वर्षों में थर्मल सेक्टर में ऑर्डर का स्तर कम रहा है (अगस्त 2019 से सितंबर 22 के बीच लगभग तीन वर्षों तक शून्य ऑर्डर के साथ), इस क्षेत्र में अब ऑर्डर में सुधार और कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों के लिए अच्छे ऑर्डर की संभावित शृंखला देखी जा रही है जिसके निकट भविष्य में फलीभूत होने की उम्मीद है। बीएचईएल ने इस मुख्य व्यवसाय क्षेत्र में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए रखा है और थर्मल सेगमेंट में उत्पन्न होने वाले अवसरों को भुनाने के लिए अच्छी स्थिति में है। लागत प्रतिस्पर्धी समाधानों के साथ–साथ बेहतर दक्षता मापदंडों की पेशकश के परिणामस्वरूप बीएचईएल को 2x660 मेगावाट एनटीपीसी तालचेर थर्मल पावर प्लांट का ऑर्डर मिला और आगामी थर्मल पावर प्लांट के लिए एक अन्य प्रमुख निविदा में भी ऑर्डर प्राप्त करने की स्थिति में है।

जल विद्युत क्षेत्र पर बीएचईएल के फोकस के परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में अच्छी ऑर्डर बुकिंग हुई है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2022–23 में ग्राहक आधार को बढ़ाकर और इलेक्ट्रो मैकेनिकल कार्यों,नवीनीकरण,आधुनिकीकरण और उन्नयन के लिए प्रमुख ऑर्डर जीतकर हाइड्रो सेगमेंट में अपना प्रभुत्व बनाए रखा है।

बीएचईएल थर्मल क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले अवसरों का लाभ उठाने के लिए अब सर्वोत्तम श्रेणी की दक्षता वाली उन्नत अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल (एयूएससी) तकनीक,कम रेटिंग वाले सुपरक्रिटिकल प्लांट और कोयला गैसीकरण जैसी स्वदेशी रूप से विकसित स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकियो की पेशकश कर रहा है।

बीएचईएल थर्मल, हाइड्रो, न्यूक्लियर और कैप्टिव सेटों के अपने विशाल मौजूदा बेड़े का लाभ उठाने के साथ–साथ गैर–बीएचईएल सेटों के लिए स्पेयर और सेवाएं प्रदान करके अपने स्पेयर्स और सर्विसेज व्यवसाय का और विस्तार कर रहा है। बीएचईएल के बेहतर उपकरण निष्पादन और वर्ष के दौरान किए गए ठोस प्रयासों को देखते हुए, कंपनी ने वित्त वर्ष 2022–23 में अब तक की सबसे अधिक ऑर्डर बुकिंग हासिल की। ग्राहकों को स्पेयर्स और सेवाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कई ग्राहकों के साथ दीर्घकालिक स्पेयर्स की आपूर्ति के साथ–साथ सेवा समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके अलावा, वितरण चक्र को बेहतर बनाने और ग्राहकों की संतुष्टि में वृद्धि के लिए, बीएचईएल ने तीव्रता से खपत होने वाले स्पेयर के कच्चे माल का स्टॉक करने की पहल की है। आपकी कंपनी इस सेगमेंट में आईटी सक्षम समाधानों की एक शृंखला भी प्रस्तुत कर रही है।

नवीकरणीय ऊर्जा के बड़े पैमाने पर एकीकरण की स्थिति में ग्रिड स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए थर्मल पावर प्लांटों का लचीला परिचालन एक प्रमुख आवश्यकता होने की उम्मीद है। इस आगामी अवसर का लाभ उठाने के लिए, बीएचईएल कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों के लचीले परिचालन के लिए अनुकूलित समाधान पेश कर रहा है। ठोस प्रयासों से, बीएचईएल ने इस क्षेत्र में अपना पहला ऑर्डर पूरा करके और प्रदर्शन मापदंडों का सफल प्रदर्शन करके लचीले परिचालन समाधान की पेशकश करने की अपनी क्षमता का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया है। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान चार और ऑर्डर प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा, सीईए ने मौजूदा थर्मल सेटों में लचीलेपन को लागू करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिससे इस क्षेत्र में और अधिक व्यवसाय उत्पन्न होने की संभावना है।

1.3.2 विविधीकरण पहल

लाभदायक विकास का निर्माण और रखरखाव कंपनी के लिए एक प्रमुख फोकस क्षेत्र है और इसके लिए, कंपनी मुख्य व्यवसाय में नेतृत्व बनाए रखने और बुनियादी ढांचे के विकास और स्वदेशीकरण पर सरकार के फोकस से उभरने वाले अवसरों का उपयोग करके विविधता लाने की दिशा में काम कर रही है। मौजूदा और नए क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी आधार को मजबूत करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, आपकी कंपनी स्वच्छ कोयला, परिवहन, रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्रों में अवसरों की खोज कर रही है।

पिछले वर्ष के ठोस प्रयासों के परिणामस्वरूप अप्रैल 2023 में बीएचईएल को विनिर्माण सह रखरखाव मोड में "वंदे भारत एक्सप्रेस" के 80 ट्रेनसेट की आपूर्ति के लिए प्रतिष्ठित ऑर्डर प्राप्त हुआ, जो रेलवे क्षेत्र में एक प्रमुख विविधीकरण पहल की सफलता का प्रतीक है। बीएचईएल रेल परिवहन में आगामी अवसरों, विशेष रूप से सेमी हाई स्पीड ट्रेनसेट के साथ–साथ उच्च रेटिंग वाले इलेक्ट्रिक इंजनों की आगामी आवश्यकताओं से उत्पन्न अवसरों को भुनाने के लिए कमर कस रहा है।

वर्तमान भू–राजनीतिक स्थिति और इसके परिणामस्वरूप रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण पर भारत सरकार के प्रोत्साहन को ध्यान में रखते हुए, बीएचईएल, डिजाइन, इंजीनियरिंग और विनिर्माण क्षमताओं की अपनी विस्तृत शृंखला के साथ, महत्वपूर्ण राष्ट्रीय रक्षा आवश्यकताओं के स्वदेशीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। हाल के वर्षों में रक्षा और एयरोस्पेस व्यवसाय पर मजबूत फोकस के परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2022–23 में इस खंड के लिए सबसे अधिक ऑर्डर बुकिंग हुई। इसमें उन्नत एसआरजीएम, लड़ाकू विमानों के लिए हीट एक्सचेंजर्स और एएमसीए (एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट) के लिए 30 एएच ली–आयन बैटरी का पहला ऑर्डर शामिल है, जिससे बीएचईएल अगली पीढ़ी के विमानों के लिए ली–आयन बैटरी का एकमात्र भारतीय आपूर्तिकर्ता बन गया है।

इसके अलावा, कोयला गैसीकरण और हरित हाइड्रोजन को उभरते विकास क्षेत्रों के रूप में देखा जाता है। बीएचईएल कोयला गैसीकरण में अग्रणी है और उच्च राख वाले भारतीय कोयले के गैसीकरण के लिए पहले से ही स्वदेशी रूप से दबावयुक्त द्रवीकृत बिस्तर गैसीकरण (पीएफबीजी) तकनीक विकसित कर चुका है। बीएचईएल ने अपनी पीएफबीजी तकनीक पर आधारित 168 टीपीडी कोयला गैसीकरण संयंत्र और हैदराबाद में 0.25 टीपीडी कोयला से मेथनॉल पायलट संयंत्र स्थापित किया है। इस तकनीक का व्यावसायीकरण करने के लिए बीएचईएल ने स्वदेशी रूप से 0.25 टीपीडी से 2000 टीपीडी गैसीफायर को बढ़ाने के लिए डिजाइन तैयार किया है, जो एक अनूठी उपलब्धि है। उच्च राख वाले कोयले के लिए उन्नयित पीएफबीजी गैसीफायर के डिजाइन को और ज्यादा अनुकूलित किया गया है एवं भारतीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा मान्य किया गया है जिससे इस तकनीक के व्यावसायीकरण के लिए बीएचईएल की प्रौद्योगिकी तैयारी सुनिश्चित होती है। बीएचईएल ने वाणिज्यिक आकार की कोयला गैसीकरण परियोजनाओं के लिए कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय कोयला गैसीकरण मिशन के अनुरूप विद्युत उत्पादन के लिए सीआईएल के साथ कोयला से अमोनियम नाइट्रेट परियोजना और एनएलसीआईएल के साथ लिग्नाइट–आधारित गैसीकरण पायलट संयंत्र स्थापित करना है।

इसके अलावा, ग्रीन हाइड्रोजन को आने वाले समय में एक शानदार क्षेत्र के रूप में देखा जा रहा है और यह बीएचईएल के लिए एक आशाजनक व्यावसायिक अवसर है। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अनुरूप, बीएचईएल हरित हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला में इलेक्ट्रोलाइज़र विनिर्माण, भंडारण और वितरण, ईंधन सेल इत्यादि जैसे क्षेत्रों की खोज कर रहा है। इस क्षेत्र में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के साथ–साथ इस क्षेत्र में आगामी अवसरों का लाभ उठाने के लिए वैश्विक ओईएम के साथ रणनीतिक साझेदारी करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

इन निकटवर्ती व्यावसायिक क्षेत्रों का दोहन करने के लिए क्रॉस कटिंग एनेबलर्स के कार्यान्वयन में संसाधन वृद्धि, सक्षम संगठन संरचना, साझेदारी बनाना और प्रौद्योगिकी विकास शामिल हैं।.

1.4 परिचालन उत्कृष्टता

1.4.1 परियोजना निष्पादन में सुधार

आपकी कंपनी की परिचालन विचारधारा में "राजस्व केंद्रित" से "परियोजना केंद्रित" होने के परिवर्तन से प्रदर्शन के मुद्दों का सफल समाधान हुआ है, परियोजना में देरी को काफी हद तक रोका गया है, नुकसान में कमी आई है और लंबे समय तक साइटों पर पड़ी सामग्री/उपकरण के लिए पुन% काम किया गया है और गुणवत्ता में सुधार हुआ है। ईरेक्शन एवं कमीशनिंग के लिए सामग्री/उपकरण उपलब्ध है। इसके परिणामस्वरूप, चालू वर्ष की बिलिंग की वसूली वित्त वर्ष 2021–22 के समान (चार साल पहले 59% से अधिक) 86% हुई है। साइट डेटा डिजिटाइजेशन (एसडीडी) पर चल रहे काम के साथ एकीकृत परियोजना प्रबंधन प्रणाली (आईपीएमएस) के सफल कार्यान्वयन ने परियोजना की प्रगति की वास्तविक समय की निगरानी के साथ–साथ मुद्दों के मामले में त्वरित हस्तक्षेप को सक्षम किया है। ये प्रयास पिछले तीन वर्षों में परियोजना स्थलों पर अपने निर्माण टन भार को दोगुना करने की कंपनी की उपलब्धियों को दर्शाते हैं, साथ ही उपयोगिताओं द्वारा थर्मल ऑर्डर में गिरावट के बावजूद उच्च परियोजना समापन और बकाया पंच पॉइंट की कम संख्या (बीएचईएल के कारोबार में थर्मल की हिस्सेदारी 75% से अधिक है)।

1.4.2 लागत अनुकूलन

बढ़ती सामग्री लागत को देखते हुए, लागत अनुकूलन सेल (सीओसी) को केंद्र बिंदु के रूप में रखते हुए कंपनी के परिचालन में लागत अनुकूलन एक महत्वपूर्ण क्षेत्र बना हुआ है। रणनीतिक योजना 2022–27 के हिस्से के रूप में, चयनित उत्पादों/प्रणालियों के लिए डिजाइन टू कॉस्ट (डीटीसी) अभ्यास शुरू किया गया है, जिससे आने वाले वर्षों में बीएचईएल की प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार होने की उम्मीद है।

उच्च मूल्य खरीद आदेशों का विश्लेषण, इस्पात खरीद लागत में कमी, उच्च मूल्य वाली वस्तुओं के विक्रेता आधार में वृद्धि, सामग्री विनिर्देश का युक्तिकरण और मानकीकरण, इकाइयों और परियोजना स्थलों पर अधिशेष सामग्री का प्रभावी उपयोग, घटकों के स्वदेशीकरण पर ध्यान केंद्रित करना प्रमुख गतिविधियां हैं जो स्टील, तांबा, सीमेंट आदि में प्रमुख मूल्य वृद्धि के बावजूद इनपुट मूल्य वृद्धि को नियंत्रित किया गया है। इनसे चल रही परियोजनाओं में प्रत्यक्ष सामग्री लागत में कमी आने की उम्मीद है।

1.4.3 प्राप्य प्रबंधन

तरलता बनाए रखना कंपनी के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। गुणवत्तापूर्ण बिलिंग और ग्राहकों के साथ लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों के समाधान पर ठोस प्रयासों के परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2022–23 में व्यापार प्राप्य 6,544 करोड़ रुपये पर रहीं। फिर भी, कंपनी द्वारा निष्पादित की जा रही कुछ प्रमुख परियोजनाओं में भुगतान की कड़ी शर्तों जैसे आपूर्ति आधारित भुगतान का चरणद्ध उपलब्धियों से जुड़े होने के कारण अनुबंध परिसंपत्तियों में वृद्धि हुई है।

इन बाधाओं के बावजूद, कंपनी पुराने और साथ ही वर्तमान वर्ष की बकाया प्राप्तियों को समय पर निपटाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप पिछले चार वर्षों में चालू वर्ष की बिलिंग परिसमापन का प्रतिशत 59% से बढ़कर 86% हो गया है।

पंच प्वाइंट को समापन करके, निष्पादन गारंटी परीक्षणों को पूरा करने और लंबे समय से लंबित समय विस्तार मामलों के निपटान के माध्यम से पुराने ऋणों की वसूली पर ध्यान केंद्रित करने से चालू परियोजनाओं से नकदी प्रवाह सक्षम हो रहा है।

1.4.4 गुणवत्ता फोकस

पूर्व में शुरू की गई **''गुणवत्ता प्रथम''** पहल पूरे संगठन में मिशन मोड में लागू की गई है, जिसके उल्लेखनीय परिणाम मिले हैं। हमारी गुणवत्ता प्रणालियों की परिपक्वता को बढ़ाने के लिए, इकाइयों की परिपक्वता मूल्यांकन के लिए एक व्यापक ''गुणवत्ता प्रबंधन प्रभावशीलता समीक्षा (क्यूएमईआर)'' मॉडल का उपयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त, यूरोपीय फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट (ईएफक्यूएम) 2020 ढांचे के अनुरूप व्यावसायिक उत्कृष्टता यात्रा को पुनर्जीवित किया गया है। गुणवत्ता प्रणालियों और पद्धतियों की प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए, एक व्यापक मॉडल "क्यूएचआई (गुणवत्ता स्वास्थ्य सूचकांक)" लागू किया जा रहा है। इसके अलावा, डिजिटल परिवर्तन को सक्षम करने के लिए गुणवत्ता प्रणालियों को डिजिटल किया गया है, और गुणवत्ता संवाद "कॉनवर्स" प्लेटफॉर्म के माध्यम से गुणवत्ता सर्वोत्तम पद्धतियों को साझा और अवशोषित किया जाता है।

इन ठोस प्रयासों के परिणामस्वरूप बीएचईएल को सीआईआई–एक्जिम बैंक के पहले 'बिजनेस एक्सीलेंस को अपनाने और पोषण के लिए विशेष जूरी प्रशस्ति' से सम्मानित किया गया, जो हमारे परिचालन के सभी पहलुओं में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और अपनाने के लिए हमारे समर्पण को रेखांकित करता है। इसके अतिरिक्त, बीएचईएल इकाइयों एचपीबीपी त्रिची, एचईईपी हरिद्वार, एचईपी भोपाल और एचपीईपी हैदराबाद को प्रतिष्ठित ''प्लेटिनम'' सम्मान मिला , जबकि पीईएम नोएडा, ईडीएन बेंगलुरु, बीएपी रानीपेट और पीएसएनआर नोएडा को बिजनेस एक्सीलेंस 2022".के लिए ''सीआईआई एक्जिम बैंक पुरस्कार'' में ''गोल्ड प्लस'' सम्मान मिला।

अधिक विवरण खंड 1.11 में दिया गया है।

1.4.5 डिजिटल परिवर्तन

उभरते व्यावसायिक परिदृश्य को पहचानते हुए, आपकी कंपनी ने एक प्रमुख फोकस क्षेत्र के रूप में डिजिटल परिवर्तन किया है और अपने परिचालन में डिजिटल प्रौद्योगिकियों को एकीकृत कर रही है। परिवर्तन से सुव्यवस्थित प्रक्रियाएं, बढ़ी हुई दक्षता और बेहतर ग्राहक अनुभव प्राप्त हो रहा है। डिजिटल समाधानों का लाभ उठाकर, बीएचईएल बाजार की बदलती गतिशीलता के लिए नवाचार और अनुकूलन जारी रखता है, और डिजिटल युग में सतत विकास को आगे बढ़ा रहा है।

आईटी सक्षम परियोजना प्रबंधन को लागू करने के उद्देश्य से, एकीकृत परियोजना प्रबंधन प्रणाली (आईपीएमएस) को शुरुआत में 7 थर्मल सेक्टर प्रोजेक्ट्स के लिए लागू किया गया था। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, सिस्टम स्थिरता और परिपक्वता प्राप्त करने वाली सभी नई और प्रमुख ग्राहक परियोजनाओं को कवर करने के लिए इसे बढ़ाया गया है। डेटा के एकल बिंदु कैप्चर के साथ साइट से संबंधित गतिविधियों की वास्तविक समय की निगरानी में सुधार करने की दृष्टि से, आपकी कंपनी ने साइट

डेटा डिजिटलीकरण पहल को लागू करना शुरू कर दिया है। यह डेटा त्रुटियों को कम करके उत्पादकता और दक्षता को बढ़ाएगा और बेहतर निर्णय लेने के लिए व्यापक अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा। साथ ही, आपकी कंपनी पारंपरिक एमआईआर आधारित एनालिटिक्स से सेल्फ सर्विस बिजनेस इंटेलिजेंस (बीआई) और डेटा वेयरहाउस और डेटा गवर्नेंस द्वारा समर्थित डेटा एनालिटिक्स की ओर स्थानांतरित हो रही है। समकालीन आईटी प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने के लिए कार्यबल के कौशल को त्वरित रुप से अपनाने और स्केलिंग के लिए लगातार उन्नत किया जाता है।

आपकी कंपनी ने विनिर्माण प्रभागों में मशीनों के लिए इन–हाउस विकसित उद्योग 4.0 समाधान के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण प्रगति की है। समाधान वास्तविक समय डेटा एकत्र करने और उसका विश्लेषण करने की अनुमति देता है, जिसके परिणामस्वरूप डाउनटाइम कम होता है और सीएनसी मशीनों की उत्पादकता में वृद्धि होती है। इस संपदा समाधान में बाजार में प्रतिस्पर्धी विशेषताएं हैं जिनका बड़े पैमाने पर परीक्षण किया गया है और पूरे संगठन में 70 मशीनों के लिए स्केल किया गया है। इस प्रमुख समाधान को जर्मनी में ''हनोवर मेस्से 2023'' सहित कई औद्योगिक मेलों में सराहा गया है।

1.5 कर्मचारी विकास एवं सहभागिता

बीएचईएल मानता है कि किसी भी संगठन की सफलता समर्पित और प्रेरित कार्यबल से ही संभव है। जैसे–जैसे बीएचईएल भविष्य के लिए तैयार वैश्विक इंजीनियरिंग संगठन बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, व्यवहार्य समाधान प्राप्त करने के लिए मानव संसाधनों को संरेखित करने और चिंताओं को दूर करने के लिए पर्याप्त प्रयास किए गए हैं। कर्मचारी जुड़ाव बढ़ाने की दिशा में एक और कदम वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान कॉर्पोरेट एचआर टीमों द्वारा यूनिट रीच–आउट कार्यक्रमों का कार्यान्वयन था। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य कर्मचारी–संबंधित मुद्दों और चिंताओं को व्यापक रूप से समझना, संगठनात्मक लक्ष्यों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, संगठनात्मक परिवर्तनों के पीछे के तर्क को स्पष्ट करना और व्यक्त चिंताओं को हल करने की दिशा में सक्रिय रूप से काम करना है।

बीएचईएल के लिए कर्मचारी विकास सर्वोपरि है। बीएचईएल ने अपने नेतृत्व क्षमता मॉडल की समीक्षा भी की है और बाद में संगठन के भीतर संभावित नेताओं को विकसित करने के लिए आईआईएम जैसे प्रसिद्ध संस्थानों में प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) जैसे विकास हस्तक्षेपों की पहचान की है।

बीएचईएल की निष्पादन प्रबंधन प्रणाली और परियोजना प्रबंधन पारिस्थितिकी तंत्र के चल रहे व्यापक ओवरहाल के अंग के रूप में, कर्मचारी निष्पादन को भूमिका अपेक्षाओं, व्यक्तिगत परिणामों और इकाई–स्तर और कंपनी–स्तर के परिणामों पर उनके प्रभाव के साथ संरेखित करने के लिए रणनीतिक उपाय लागू किए गए हैं।

गतिशील व्यावसायिक वातावरण की प्रतिक्रिया में, बीएचईएल ने निरंतर परिवर्तनों के बीच संपन्न होने के उद्देश्य से अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और श्रमिकों के लिए पुन% कौशल कार्यक्रम सहित विभिन्न पहल लागू की हैं। इसके अलावा, बीएचईएल ने आंतरिक संचार चैनलों को मजबूत किया है, बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए निरंतर ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए ई–मॉड्यूल विकसित किया है और ज्ञान–साझाकरण प्रक्रियाओं को बढ़ावा दिया है।

अंत में, बीएचईएल कर्मचारी विकास और जुड़ाव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है। इन सामंजस्यपूर्ण और औपचारिक पहलों को प्राथमिकता देकर, बीएचईएल का लक्ष्य एक मजबूत ढांचा स्थापित करना है जो संगठनात्मक



हाइड्रो विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने के लिए भोपाल संयंत्र में स्थापित नया सीएनसी हाइड्रो ब्लॉक

उद्देश्यों के साथ संरेखित हो, कौशल वृद्धि को बढ़ावा दे और कर्मचारियों को उभरते व्यावसायिक परिदृश्य में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाए।

1.6 प्रौद्योगिकी विकास

भारत सरकार के मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पर प्रोत्साहन से विभिन्न व्यवसायों में स्वदेशीकरण के लिए पर्याप्त अवसर मिलने की आशा है। पिछले कुछ वर्षों में, बीएचईएल अपने परिचालन क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी नेतृत्व और आत्मनिर्भरता हासिल करने के साथ–साथ अपने व्यवसाय के क्षेत्रों में नई प्रौद्योगिकियों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। कोयले के स्वच्छ उपयोग के लिए कंपनी के प्रयासों के परिणामस्वरूप देश में पहली बार स्वदेशी कोयला गैसीकरण तकनीक का विकास और स्थापना हुई और अब यह इसके व्यावसायीकरण की प्रक्रिया में है। यह देश के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और कदम है, ताकि वह अपने विशाल कोयला भंडार का उपयोग उन रसायनों के निर्माण के लिए कर सके जो वर्तमान में आयात किए जा रहे हैं। एनटीपीसी और आईजीसीएआर के सहयोग से विकसित उन्नत अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल (एयूएससी) तकनीक कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों से कार्बन उत्सर्जन को कम करने में और मदद करेगी। पुराने और पुराने विद्युत संयंत्रों को एयूएससी सेटों से बदलने से परियोजना के जीवनकाल के दौरान उत्सर्जन में काफी कमी आएगी।

बीएचईएल महत्वपूर्ण घटकों को स्वदेशी बनाने और संयुक्त विकास के लिए शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों के साथ सहयोग करने की पहल भी कर रहा है।

अपस्ट्रीम तेल और गैस कंपनियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले सकर रॉड पंपों का विकास, जो अब तक आयात किए जा रहे हैं, स्वदेशीकरण का एक और उदाहरण है। विभिन्न फ़्लू गैस डिसल्फराइजेशन घटकों का भी स्वदेशीकरण किया गया है जो देश के लिए बहुमूल्य विदेशी मुद्रा बचाने में मदद करेगा। आपकी कंपनी को 15000 पीएसआई वेल हेड और एक्स–एमएएस ट्री वाल्व आदि जैसे उत्पादों के लिए विकासात्मक ऑर्डर भी प्राप्त हुए हैं।

आपकी कंपनी अब मुख्य विकास क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है; जैसे कि रेल परिवहन, रक्षा, एयरोस्पेस, कार्बन कैप्चर और ग्रीन हाइड्रोजन जिनसे भविष्य में सकारात्मक परिणाम मिलने की उम्मीद है। कंपनी सक्रिय रूप से ट्रेनों के लिए अंडरस्लंग प्रोपल्शन, हाई–स्पीड लोकोमोटिव, शहरी परिवहन समाधान, रणनीतिक रक्षा उपकरण, हरित विद्युत उत्पादन के लिए ईंधन सेल प्रौद्योगिकी, पीईआरसी सौर सेल, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जर और हाइड्रोजन उत्पादन के लिए इलेक्ट्रोलाइज़र सहित महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के विकास पर काम कर रही है। अधिक विवरण अनुलग्नक – VI में दिया गया हैं।

1.7 व्यावसायिक खंडों की रूपरेखा और निष्पादन

कंपनी के दो व्यावसायिक खंड हैं पावर और उद्योग। ये खंड तीन व्यावसायिक क्षेत्रों अर्थात पावर क्षेत्र, उद्योग क्षेत्र और अंतरराष्ट्रीय परिचालन द्वारा संचालित होते हैं।

पावर खंड में थर्मल, गैस, हाइड्रो और परमाणु ऊर्जा संयंत्र व्यवसाय के अलावा कोयले से रसायन, उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण और गैस बीएचईएल सेटों के लिए स्पेयर्स के नये व्यवसायों के ऑर्डर शामिल हैं। 1969 में अपना पहला कोयला–आधारित सेट चालू करने के बाद , बीएचईएल पांच दशकों से अधिक समय से इस व्यवसाय में है।

उद्योग खंड परिवहन, पारेषण, रक्षा, एयरोस्पेस, कैप्टिव पावर प्लांट, प्रक्रिया उद्योग, नवीकरणीय ऊर्जा, डाउनस्ट्रीम तेल और गैस और ऊर्जा भंडारण सहित कई उद्योगों के लिए प्रमुख उपकरण आपूर्ति करता है और ईपीसी आधार पर काम पूरा करता है।

व्यावसायिक खंडों
की रूपरेखा एवं
निष्पादन


पावर सेक्टर



1.7.1 पावर सेक्टर

संक्षिप्त परिचय

भारत का लक्ष्य अपनी सुदृढ़ आर्थिक विकास यात्रा को जारी रखना है, और "आत्मनिर्भर भारत अभियान" के साथ–साथ बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का विकास इसके लिए आधार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। देश के ऊर्जा क्षेत्र की वृद्धि का देश की आर्थिक वृद्धि के साथ दृढ़ता से जुड़ी हुई है। तदनुसार, सभी के लिए किफ़ायती दरों पर विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण ऊर्जा की उपलब्धता सतत आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हो जाती है।



स्रोतः केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण सीईए ऊर्जा मंत्रालय

भारत में वर्तमान में 416 गीगावॉट का स्थापित क्षमता आधार है और इसकी वार्षिक विद्युत उत्पादन 1,624 बिलियन यूनिट (बीयू) (31 मार्च 2023 तक) है। विशेष रूप से, विद्युत उत्पादन में साल–दर–साल आधार पर 8.9% की वृद्धि दर देखी गई है, यह प्रवृत्ति निकट से मध्यम अवधि में भी जारी रहने की उम्मीद है।

नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों (हाइड्रो को छोड़कर) से क्षमता वृद्धि वर्ष में ~15 गीगावॉट थी, सौर ऊर्जा क्षमता वृद्धि ने इसमें ~13 गीगावॉट का योगदान दिया, जो देश के विद्युत विकास पैटर्न में उल्लेखनीय बदलाव को उजागर करता है।

वर्तमान व्यापार परिदृश्य

सतत विकास और जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए सतत विकास पर बढ़ते अंतरराष्ट्रीय फोकस के साथ, ऊर्जा क्षेत्र एक बड़े परिवर्तन की दिशा में है। भारत ने जलवायु परिवर्तन रोकने के लिए पांच तत्वों, "पंचामृत" के रूप में डीकार्बोनाइजेशन की दिशा में भी प्रमुख प्रतिबद्धताएं की हैं।

साथ ही, औद्योगिक विकास और बुनियादी ढांचे के निर्माण पर लगातार ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, जिससे भारत के दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बने रहने की उम्मीद है। राष्ट्र हमारे 1.4 अरब लोगों के आर्थिक विकास और आकांक्षाओं के साथ सतत विकास और जलवायु परिवर्तन रोकने की इन आवश्यकताओं को संतुलित करने का प्रयास कर रहा है।

हाल की सरकारी नीतियों ने अक्षय ऊर्जा स्रोतों (आरईएस) आधारित पावर की दिशा में एक उल्लेखनीय बदलाव प्रदर्शित किया है। जबकि अक्षय ऊर्जा में पर्याप्त अवसर उभरने की उम्मीद है, साथ ही, हाइड्रो और न्यूकिल्यर सेगमेंट और कोयला आधारित पावर संयंत्रों की निरंतरता और उपयुक्तता को देखते हुए आगामी वर्षों में भारत की पावर उत्पादन



2x660 मेगावाट मैत्री एसटीपीपी, बांग्लादेश की इकाई 1 – बांग्लादेश में सबसे बड़े कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों में से एक, जिसने वाणिज्यिक संचालन शुरू किया, का उद्घाटन भारत के माननीय प्रधान मंत्री द्वारा किया गया था

क्षमता कोयले के बड़े घरेलू भंडार की निरंतर एवं चौबीसों घंटे परिचालन के लिए और प्रौद्योगिकी की उपलब्धता का मुख्य आधार बने रहने की उम्मीद है। भविष्य में पावर की मांग को पूरा करने के लिए, विशेष रूप से ग्रिड के बेसलोड, कोयला आधारित उच्च दक्षता वाले सुपरक्रिटिकल और अल्ट्रा–सुपरक्रिटिकल पावर संयंत्रों से महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है, विशेषकर, जब तक बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के लिए ग्रिड क्षमता हासिल नहीं हो जाती (बीईएसएस)।

हाल के वर्षों में भारतीय थर्मल सेक्टर में ऑर्डरिंग कम रही है (अगस्त 2019 से सितंबर 22 के बीच लगभग तीन वर्षों तक शून्य ऑर्डर के साथ), और अब देश थर्मल सेगमेंट ऑर्डरिंग में पुनरुथान देख रहा है। बीएचईएल ने 2x660 मेगावाट एनटीपीसी तालचेर टीपीपी के लिए ईपीसी ऑर्डर प्राप्त किया, और आगामी थर्मल पावर प्लांट के लिए एक अन्य प्रमुख निविदा में भी अनुकूल स्थिति में है। इसके अलावा, कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों (15–20 गीगावॉट) की अच्छी ऑर्डर पाइपलाइन है, जिसके अगले 4–5 वर्षों में फलीभूत होने की उम्मीद है। इसके अलावा, देश में 50 गीगावॉट से अधिक थर्मल पावर प्लांट 2030 तक 30 साल से अधिक पुराने हो जाएंगे, जिनसे जीवन विस्तार और प्रदर्शन और दक्षता उन्नयन के साथ–साथ ब्राउनफील्ड विकास के लिए नवीनीकरण और आधुनिकीकरण (आरएंडएम) के बड़े अवसर प्रदान किए जाने की उम्मीद है।

ताप विद्युत संयंत्रों से कम उत्सर्जन पर सरकार के ध्यान के परिणामस्वरूप, उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण व्यवसाय और नवीकरण और आधुनिकीकरण (आरएंडएम) व्यवसाय से अवसर जारी रहने की उम्मीद है। देश में थर्मल उपयोगिताएँ आने वाले वर्षों में सस्पेंडेड पार्टिकुलेट मैटर (एसपीएम), एनओएक्स और एसओएक्स में कमी के लिए सरकारी मानदंडों के कार्यान्वयन की संभावना तलाश रही हैं। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान ओपीजीसीएल, जीएसईसीएल, टैंजेडको जैसी विभिन्न उपयोगिताओं से उत्सर्जन नियंत्रण उपकरणों के लिए ऑर्डर देने में तेजी देखी गई और मौजूदा विद्युत संयंत्रों में उत्सर्जन नियंत्रण उपकरणों की रेट्रोफिटिंग के लिए केंद्रीय और राज्य क्षेत्र दोनों उपयोगिताओं से कई निविदाएं पाइपलाइन में हैं।

आरईएस आधारित विद्युत उत्पादन प्रणालियों की क्षमता वृद्धि में पारंपरिक (बड़े और छोटे हाइड्रो संयंत्रों) के साथ–साथ पंप भंडारण उत्पादन स्टेशनों से आरईएस आधारित पावर सिस्टम की अंतर्निहित परिवर्तनशीलता के लिए आवश्यक ग्रिड संतुलन और स्थिरीकरण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जल–विद्युत क्षमता में वृद्धि की भी आवश्यकता होती है। भारत की 133 गीगावॉट (पुनर्मूल्यांकन अध्ययन (2017–23) के अनुसार सीईए की पहचान की गई क्षमता) की विशाल हाइड्रो क्षमता का लगभग 42 गीगावॉट (32%) का दोहन किया जा चुका है और अब तक 15 गीगावॉट (11%) निर्माण के लिए लिया गया है। भविष्य में संभावित लगभग 76 गीगावॉट (57%) का दोहन अभी बाकी है। मार्च, 19 में भारत सरकार द्वारा अनुमोदित जल विद्युत नीति और विद्युत तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा पंप भंडारण परियोजनाओं (पीएसपी) के विकास को बढ़ावा देने के लिए जारी दिशानिर्देशों से मध्यम अवधि में जल विद्युत विकास को गति मिलने की संभावना है। इसके अलावा, भारत के 30% से अधिक जलविद्युत संयंत्रों ने 30–35 वर्ष पूरे कर लिए हैं, जो जीवन विस्तार और प्रदर्शन और दक्षता उन्नयन के लिए नवीनीकरण और आधुनिकीकरण (आरएंडएम) के लिए पर्याप्त क्षमता प्रदान करते हैं। आपकी कंपनी इन आगामी अवसरों का दोहन करने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार है।

परमाणु ऊर्जा देश के समग्र ऊर्जा मिश्रण का एक अनिवार्य हिस्सा बनेगी क्योंकि इसे विश्व स्तर पर स्वच्छ ईंधन प्रौद्योगिकी के रूप में स्वीकार किया जाता है।

भारत में, वर्तमान में लगभग 7.4 गीगावॉट स्थापित क्षमता वाली परमाणु ऊर्जा, उत्पादन क्षमता का लगभग 1.6% और उत्पादन का 3% योगदान देता है, और कोयला आधारित विद्युत संयंत्र से समकक्ष उत्पादन द्वारा उत्पन्न उत्सर्जन की तुलना में सालाना 41 मिलियन टन से अधिक CO_2 उत्सर्जन बचाता है। भारत सरकार परमाणु उत्पादन क्षमता को तीन गुना करने की योजना बना रही है जो आपकी कंपनी के लिए कई अवसर प्रदान करेगी। बीएचईएल रणनीतिक रूप से इस बाजार का दोहन करने के लिए तैयार है और परमाणु टरबाइन और जनरेटर के लिए एकमात्र भारतीय आपूर्तिकर्ता होने का गौरव रखता है और देश के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के सभी तीन चरणों से जुड़ा है।

प्रस्ताव

थर्मल, गैस, हाइड्रो और परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के निष्पादन की सिद्ध क्षमता के साथ बीएचईएल विश्व की उन कुछ कंपनियों में से एक है जिसके पास पावर प्लांट उपकरणों की पूरी श्रृंखला के विनिर्माण और आपूर्ति की क्षमता है।

थर्मल पावर सेगमेंट में, बीएचईएल के पास 1,000 मेगावाट रेटिंग तक के स्टीम टर्बाइन, जनरेटर, बॉयलर और संबंधित सहायक सहित थर्मल विद्युत संयंत्रों को चालू करने की क्षमता है। कंपनी के पास ईपीसी आधार पर 660/700/800 मेगावाट रेटिंग के सुपरक्रिटिकल थर्मल सेट के साथ कई परियोजनाओं को निष्पादित करने का अनुभव है।

बीएचईएल ओपन और कम्बाइन्ड साइकिल दोनों की विशिष्ट आवश्यकता की पूर्ति के लिए 299 मेगावाट (आईएसओ) रेटिंग तक के गैस टर्बाइन और मैचिंग जेनरेटर ऑफर करता है। बीएचईएल थर्मल संयंत्रों के लिए सर्कुलेटिंग फ्लुइडाइज्ड बेड कम्बशन (सीएफबीसी) बॉयलरों जो पेट–कोक, लिग्नाइट इत्यादि जैसे कम कैलोरी वाले ईंधन की विस्तृत श्रृंखला के लिए उपयुक्त हैं, का भी निष्पादन और आपूर्ति करता है। हाल ही में, बीएचईएल ने सुमितोमो एसएचआई एफडब्ल्यू एनर्जिया ओवाई, फिनलैंड के साथ सुपरक्रिटिकल और सबक्रिटिकल सर्कुलेटिंग फ्लुइडाइज्ड बेड कम्बशन (सीएफबीसी) बॉयलर के लिए प्रौद्योगिकी समझौता किया है।

परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में, बीएचईएल उन कुछ संगठनों में से एक है जो देश के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के सभी तीन चरणों, प्राथमिक और गौण दोनों द्वितीयक स्तरों (220/235/500/540/700 मेगावाट) से जुड़ा हुआ है। बीएचईएल के स्टीम जेनरेटर, टर्बाइन और जेनरेटर सेट में अधिकांश पीएचडब्ल्यूआर (प्रेशराइज्ड हेवी वाटर रिएक्टर) शामिल हैं जो स्वदेशी भारतीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम का आधार हैं। बीएचईएल स्टीम जेनरेटर, रिएक्टर हेडर, टर्बाइन जेनरेटर सेट, एमएसआर, हीट एक्सचेंजर्स, कंडेनसर आदि सहित परमाणु ऊर्जा संयंत्र के प्राथमिक और द्वितीयक पक्षों के लिए उपस्कर और टीजी आइलैंड के 'ईपीसी' के लिए सेवाएं उपलब्ध कराता हैं।

हाइड्रो पावर खंड में, बीएचईएल के पास 100 मेगावाट तक के कपलान प्रकार के कस्टम–निर्मित पारंपरिक हाइड्रो टर्बाइनों, 400 मेगावाट तक के फ्रांसिस और पेल्टन प्रकार,, 400 मेगावाट तक कस्टम–निर्मित सैलिएंट पोल वर्टिकल सिंक्रोनस हाइड्रो जेनरेटर, 10 मेगावाट तक बल्ब जनरेटर और 20 मेगावाट तक क्षैतिज जनरेटर के साथ–साथ मैचिंग स्थिर उद्दीपन प्रणाली / ब्रशलेस उद्दीपन प्रणाली, 250 मेगावाट तक पंप भंडारण संयंत्रों के लिए रिज़र्व पंप–टर्बाइन, लिफ्ट सिंचाई योजनाओं के लिए उच्च क्षमता वाले पंप और मोटर्स (एलआईएस) 200 मेगावाट तक, 300 मेगावाट तक के पंप स्टोरेज प्लांट के लिए फिक्स्ड स्पीड जेनरेटर मोटर्स, 25 मेगावाट रेटिंग तक के मिनी/माइक्रो और छोटे हाइड्रो पावर प्लांट, हाइड्रो स्टेशनों के लिए बटरफ्लाई, वृत्ताकार वाल्व और सहायक, माइक्रोप्रोसेसर–आधारित डिजिटल गवर्निंग सभी प्रकार के हाइड्रो विद्युत संयंत्रों, प्लांट लेआउट और मैकेनिकल बीओपी, हाइड्रो विद्युत संयंत्रों के नवीनीकरण, आधुनिकीकरण

और उन्नयन और संयंत्र और सिस्टम एकीकरण के संतुलन के लिए प्रणाली उपलब्ध है।

उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण व्यवसाय में, बीएचईएल थर्मल पावर प्लांटों से उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए अनुकूलित उपकरण प्रदान करता है, और इलेक्ट्रो स्टैटिक प्रीसिपिटेटर (ईएसपी), फ़्लू गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी), और एनओएक्स नियंत्रण उपकरण और फर्नेस संशोधन समाधान के रेट्रोफिट समाधान प्रदान करने की क्षमता रखता है।

कंपनी ने नवीकरण, आधुनिकीकरण और विभिन्न प्रकार के विद्युत संयंत्र उपकरणों के उन्नयन के माध्यम से संयंत्र के निष्पादन सुधार में सिद्ध विशेषज्ञता प्राप्त की है, इसके अलावा, शेष जीवन मूल्यांकन, स्वास्थ्य निदान और संयत्रों के जीवन विस्तार के बारे में विशेष ज्ञान प्राप्त है। बीएचईएल द्वारा अत्याधुनिक तकनीकों के साथ ईएसपी और सीएंडआई के लिए रेट्रोफिट पैकेज भी प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

ग्रिड में नवीकरणीय ऊर्जा के बड़े पैमाने पर एकीकरण के साथ, ग्रिड स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए थर्मल पावर प्लांटों का लचीला परिचालन एक प्रमुख आवश्यकता होने की उम्मीद है। हाल ही में, बीएचईएल ने कोयला आधारित थर्मल पावर परियोजनाओं के लिए अपनी लचीली परिचालन क्षमता को स्वदेशी रूप से विकसित और सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया है, और अब वह इस क्षेत्र में अवसरों का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है।

वर्ष के दौरान उपलब्धियाँ

ऑर्डर बुकिंग

वित्त वर्ष 2022–23 में, बीएचईएल ने तीव्र प्रतिस्पर्धा और सीमित अवसरों के बीच, विद्युत क्षेत्र में 2,400 मेगावाट का ऑर्डर हासिल किया है, जो कुल मिलाकर 13,353 करोड़ (करों को छोड़कर) है। इसमें स्पेयर्स और सर्विसेज बिजनेस में 3,800 करोड़ (करों को छोड़कर) की अब तक की सबसे अधिक ऑर्डर बुकिंग शामिल है।

वित्त वर्ष 2022–23 में बुक किए गए कुछ महत्वपूर्ण ऑर्डरों में एनटीपीसी तालचेर थर्मल पावर प्लांट का 2x660 मेगावाट ईपीसी ऑर्डर, 850 मेगावाट एमईआईएल रेटले जलविद्युत परियोजना और टर्बाइन, जनरेटर और अन्य सहायक उपकरणों की आपूर्ति के लिए 230 मेगावाट लोअर सिलेरू जलविद्युत परियोजना, इसके अलावा, जीएसईसीएल उकाई टीपीएस यूनिट # 3 (200 मेगावाट) और यूनिट # 5 (210 मेगावाट), आरएंडएम परियोजना और एनटीपीसी परियोजनाओं में एचएमआई उन्नयन दर–संविदा के एलएमजेड स्टीमटर्बाइन के ताप दर (दक्षता) सुधार और जीवन विस्तार के लिए मुख्य ऑर्डर शामिल हैं।

बीएचईएल ने 2x660 मेगावाट एनटीपीसी तालचर थर्मल पावर प्लांट (तीन साल की अवधि के बाद देश में पहला ईपीसी ऑर्डर) के लिए ईपीसी ऑर्डर हासिल करके भारतीय थर्मल पावर उद्योग में अपना बाजार नेतृत्व बनाए रखा है। डीवीसी रघुनाथपुर टीजी ऑर्डर के उन्नयन के साथ धीमी गति से आगे बढ़ने वाले ऑर्डरों/होल्ड किए गए ऑर्डरों को पुनर्जीवित करने की दिशा में कंपनी के प्रयासों का भी फल मिला है।

पनविद्युत व्यवसाय में, बीएचईएल ने ग्राहक पोर्टफोलियो का विस्तार करने के अलावा, लगभग 1,000 मेगावाट के ऑर्डर प्राप्त किए हैं।

बीएचईएल ने स्पेयर्स और सेवाओं तथा आरएंडएम व्यवसाय क्षेत्र में अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं, और इस व्यवसाय क्षेत्र में 3,800 करोड़ रुपये से अधिक के अपने अब तक के उच्चतम ऑर्डर को सुरक्षित करने में सक्षम रहा है। ये शॉर्ट–साइकिल ऑर्डर आगामी कुछ वर्षों में कंपनी के नकदी प्रवाह के साथ–साथ मुनाफे को भी बढ़ावा देंगे। बीएचईएल को जीईएम में विक्रेता के रूप में पंजीकृत किया गया है, जिसने वर्ष के दौरान पोर्टल से 419 करोड़ रुपये के ऑर्डर हासिल करने में मदद की है (वित्त वर्ष 2021–22 में 104 करोड़ और वित्त 2020–21 में 12 करोड़ के मुकाबले)।

स्पेयर्स और सर्विसेज बिजनेस में, बीएचईएल ने कई घटकों/उपप्रणालियों को इन–हाउस विकसित किया है और इसके लिए पहला ऑर्डर प्राप्त किया है:

- गैर–बीएचईएल सेटों के एचपी रोटर और आईपी रोटर की मरम्मत
- कोयले के साथ बायोमास पेलेट्स की सह–फायरिंग की व्यवहार्यता की जॉच के लिए विशेषज्ञ सेवाएँ
- बायोमास स्ट्रॉ आधारित टॉरिफाइड पेलेट्स के परीक्षण सह–फायरिंग के दौरान बॉयलर के प्रदर्शन की निगरानी



बीएचईएल ने 2x660 मेगावाट तालचेर थर्मल पावर प्रोजेक्ट चरण–II की स्थापना के लिए एनटीपीसी से ईपीसी ऑर्डर प्राप्त किया

- गैस रिसाव का पता लगाने, फायर हाइड्रेंट सिस्टम और अन्य पुर्जों के साथ–साथ कोयला और प्राकृतिक गैस सह–फायरिंग की आपूर्ति और ईएंडसी
- सिरेमिक लाइन्ड कोल नोजल टिप्स
- स्प्लिट शाफ्ट डिज़ाइन जेनरेटर रोटर का कार्यान्वयन
- ई211 ट्रिम हीटर की आपूर्ति

ऐसे ऑर्डर बीएचईएल की इंजीनियरिंग क्षमताओं को प्रदर्शित करते हैं, और भविष्य में इंजीनियरिंग सेवाओं के लिए नए मार्ग खोलने में सहायक होंगे।

बीएचईएल ने लॉन्ग टर्म स्पेयर्स सप्लाई एग्रीमेंट (एलटीएसएसए) और लॉन्ग टर्म सर्विस एग्रीमेंट (एलटीएसए) के माध्यम से व्यावसायिक अवसरों को सुरक्षित करने के लिए विभिन्न पहल की हैं और विभिन्न ग्राहकों के साथ इसके 25 ऐसे समझौते हैं। उन्नत विनिर्माण कार्यों के माध्यम से तेजी से चलने वाले स्पेयर्स को स्टॉक करने की बीएचईएल की पहल के साथ इन समझौतों ने कंपनी को ग्राहकों को कम डिलीवरी समय प्रदान करने के साथ–साथ पेशकश की समग्र श्रृंखला को बढ़ाने में सक्षम बनाया है, जिससे स्पेयर्स और सेवाओं के ऑर्डर बुक पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

परियोजना निष्पादन

1964 में अपनी स्थापना के बाद से, बीएचईएल ने वित्त वर्ष 2022–23 तक भारत में 463 कोयला आधारित यूटीलिटी सेट, 424 हाइड्रो यूटीलिटी सेट, 103 गैस आधारित यूटीलिटी सेट और 12 परमाणु आधारित यूटीलिटी सेट की आपूर्ति की है। अपने ठोस प्रयासों के माध्यम से, बीएचईएल ने यूटीलिटी विद्युत परियोजनाओं में वित्त वर्ष 2022–23 में 1,580 मेगावाट की क्षमता वृद्धि हासिल की, जो कि थर्मल, हाइड्रो और न्यूक्लियर सेट के लिए वर्ष के दौरान भारत की कुल कमीशनिंग का 100% है। क्षमता वृद्धि के अलावा, सीमित बीएचईएल स्कोप (जैसे एसजी/ईएसपी/पीसीपी) वाली परियोजनाओं के लिए सिंक्रनाइज़ेशन हासिल किया गया है, जो कुल मिलाकर 1,460 मेगावाट है। इसके अलावा, बांग्लादेश के प्रतिष्ठित 2x660 मेगावाट मैत्री सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट की यूनिट #1 के लिए व्यावसायिक परिचालन दिसंबर 2022 में घोषित किया गया है – जो बांग्लादेश में सबसे बड़े कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों में से एक है। बीएचईएल ने जनवरी, 2023 में एनटीपीसी उत्तरी करणपुरा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट यूनिट #1 में एयर कूल्ड कंडेनसर (एसीसी) से सुसज्जित देश का पहला थर्मल पावर प्लांट स्थापित किया है, जो एक बार फिर कंपनी की इंजीनियरिंग क्षमता को साबित करता है। एसीसी वाली इस इकाई में वाटर कूल्ड कंडेनसर (डब्ल्यूसीसी) वाली सामान्य इकाई की तुलना में एक तिहाई जल खपत है। इसके अतिरिक्त, बीएचईएल ने 1x600 मेगावाट अडानी रायगढ़ थर्मल पावर प्लांट में लचीले परिचालन का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया और वित्त वर्ष 2022–23 में डब्ल्यूबीपीडीसीएल और अन्य उपयोगिताओं से लचीले परिचालन के लिए ऑर्डर प्राप्त किए।

सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर सेगमेंट में, बीएचईएल ने 31 मार्च, 2023 तक सुपरक्रिटिकल स्टीम जेनरेटर (एसजी) के 30 सेट और सुपरक्रिटिकल टर्बाइन जेनरेटर (टीजी) के 23 सेट चालू किए हैं। एक मुख्य परियोजना निष्पादन माइलस्टोन हासिल करते हुए, बीएचईएल ने गोरखपुर परमाणु ऊर्जा के लिए अपना 44वां न्यूक्लियर स्टीम जेनरेटर भेजा है। जिससे परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में इसकी स्थिति और सुदृढ़ हो गई है।

ग्राहकों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को हल करने पर हालिया फोकस का असर दिखने लगा है और कई मामले समाप्त हो रहे हैं, जिससे बैंक गारंटी जारी करने के साथ–साथ ऐसे माइलस्टोन से जुड़े भुगतान में भी मदद मिलेगी।

बीएचईएल ने वित्त वर्ष 2022–23 के अंत तक देश की यूटीलिटी पैमाने की विद्युत परियोजनाओं की कुल स्थापित थर्मल क्षमता में 55% की अपनी बड़ी हिस्सेदारी बनाए रखी, साथ ही देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन



केपीसीएल के लिए बेल्लारी, कर्नाटक में बीएचईएल द्वारा निष्पादित किया जा रहा 700 मेगावाट एसटीपीपी

क्षमता (द्वितीयक पक्ष) में 48% और जल विद्युत उत्पादन क्षमता में 44% हिस्सेदारी बरकरार रखी। थर्मल, न्यूक्लियर और हाइड्रो सेगमेंट सहित यूटीलिटी पैमाने पर कुल मिलाकर, बीएचईएल को देश की कुल स्थापित क्षमता में 53% हिस्सेदारी प्राप्त है।

उपस्करों का निष्पादन

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, कोयला और लिग्नाइट आधारित यूटीलिटी सेटों से देश की कुल 1,182.05 बीयू उत्पादन का 60.6% (716.54 बीयू) बीएचईएल द्वारा आपूरित सेटों द्वारा किया गया है (पिछले वर्ष में 59.4% के मुकाबले)।

यह अत्यंत गौरव की बात है और बीएचईएल के उत्पाद की गुणवत्ता का प्रमाण है कि बीएचईएल द्वारा कमीशन किए गए डब्ल्यूबीपीडीसीएल के तीन सबक्रिटिकल संयंत्रों को सीईए द्वारा पीएलएफ आधारित उत्पादकता रैंकिंग के मामले में भारत के 200 थर्मल पावर प्लांटों में से शीर्ष 5 में स्थान दिया गया है। इन तीन सबक्रिटिकल संयंत्रों में से, बकरेश्वर–2 (210 मेगावाट) ने 99.7% की परिचालन उपलब्धता (ओए) के साथ सभी क्षेत्रों में 92.38% का उच्चतम प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) हासिल किया।

बीएचईएल ने 14 फरवरी 1982 को सिंक्रोनाइज़ की गई सिंगरौली–1 (200 मेगावाट) की आपूर्ति की, स्थापना के बाद से 87% से अधिक के औसत पीएलएफ के साथ परिचालन के 41 वर्ष सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। बीएचईएल ने तीन सबक्रिटिकल इकाइयों (200 मेगावाट) की आपूर्ति की, जो 39 वर्ष से अधिक पुरानी हैं, उन्होंने 95% से अधिक का पीएलएफ हासिल किया है, जिसमें कोरबा–3 एसटीपीएस (200 मेगावाट) ने पीएलएफ 97.7% और ओए 98.2% हासिल किया है। बीएचईएल द्वारा आपूर्ति किए गए तीन थर्मल सेटों ने 365 दिनों से अधिक समय तक निर्बाध परिचालन किया, अर्थात्, तालचेर –4 टीपीपी (466 दिन), कोडरमा –1 टीपीपी (394 दिन) और ट्रॉम्बे –8 टीपीपी (385 दिन), जो बीएचईएल द्वारा आपूर्ति किए गए सेटों के उल्लेखनीय प्रदर्शन को दर्शाता है।

परमाणु खंड में, बीएचईएल ने कैगा–1 (503 दिन) और आरएपीएस–3 (407 दिन) में 365 दिनों से अधिक समय तक निर्बाध परिचालन करने वाले दो परमाणु सेटों की आपूर्ति की और छह बीएचईएल आपूरित परमाणु सेटों ने 90% से अधिक का पीएलएफ हासिल किया (नरोरा यूनिट #1–2, कैगा यूनिट #2 और काकरापारा यूनिट #1–2)।

बीएचईएल द्वारा आपूर्ति किए गए उपकरणों के साथ विद्युत संयंत्र उच्च ओए और पीएलएफ और कम आउटेज के संबंध में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, और हमारे मजबूत डिजाइन और उच्च गुणवत्ता मानकों के प्रमाणक हैं।


निष्पादन गारंटी परीक्षण:

वर्ष के दौरान, परियोजना समापन की दिशा में केंद्रित प्रयासों ने प्रदर्शन गारंटी (पीजी) परीक्षणों को पूरा करने और लंबे समय से लंबित मुद्दों के समाधान में बीएचईएल को समृद्ध लाभांश का भुगतान किया है:

- कुल 69 पैकेजों के पीजी परीक्षण (पावर सेक्टरः 52 सेट (आर एंड एम सहित) सेट, उद्योग क्षेत्रः 17)
- 13 इकाइयों (आर एंड एम सहित) के लिए संपूर्ण मुख्य संयंत्र पैकेज (टर्बाइन, बॉयलर, ईएसपी और मिल्स, जैसा लागू हो) के लिए पीजी टेस्ट पूरे किए गए।
- बॉयलर में संसोधन के उपरांत, एनटीपीसी बाढ़ यूनिट 5 का बॉयलर एवं टरबाइन पीजी टेस्ट और एनपीजीसीएल नबीनगर 1 का बॉयलर पीजी टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा किया गया और अनुमोदित किया गया।
- न्यू नेवेली यूनिट #1 और यूनिट #2 के सभी मुख्य संयंत्र पैकेज के पीजी टेस्ट पूरे हो गए। विशेष रूप से, ये वन्स–थ्रू टावर प्रकार बॉयलर के साथ देश की उच्चतम रेटिंग वाली लिग्नाइट से चलने वाली इकाइयाँ हैं।

स्थापित क्षमता – यूटीलिटी*

3,13,567 मे.वा. (मार्च 31, 2023)




थर्मल, न्यूक्लियर और हाइड्रो सम्मिलित हैं; सौर, पवन और जैव–ऊर्जा सम्मिलित नहीं है; स्थापना के समय क्षमता के आधार पर

नवीकरण और आधुनिकीकरण (आरएंडएम)

वर्ष के दौरान, बीएचईएल ने ईएसपी, डी–एनओएक्स सिस्टम (दहन संशोधन), सीएंडआई पैकेज, बीटीजी आरएंडएम, बॉयलर डक्ट रिप्लेसमेंट और फ्लेक्सिबिलाइजेशन समाधान के कार्यान्वयन के लिए विभिन्न परियोजनाओं का नवीकरण और आधुनिकीकरण पूरा किया।

उत्पादन – यूटीलिटी (कोयला एवं लिग्नाइट)

1,182.05 बीयू (FY 2022–23)





बीएचईएल द्वारा आपूर्ति किए गए सेटों से सुसज्जित कोरबा–3 एसटीपीएस (200 मेगावाट) ने 97.7% का पीएलएफ और 98.2% का ओए हासिल किया

उत्कृष्टता का सम्मान एवं पुरस्कार

समय पर प्रोजेक्ट पूरा करने, उपकरण प्रदर्शन में सुधार और बिक्री के बाद सेवा (एसएएस) समर्थन के माध्यम से ग्राहकों को उच्च मूल्य प्रदान करने के बीएचईएल के प्रयासों की विभिन्न ग्राहकों और अन्य एजेंसियों द्वारा सराहना की गई है:

ग्राहक	बीएचईएल के लिए सराहना
एनटीपीसी और उसके संयुक्त उद्यम / सहायक कंपनियां	• टीम के प्रत्येक सदस्य को निर्धारित समय के भीतर एनएसटीपीएस की यूनिट–1 के बॉयलर संशोधन कार्यों के लिए सराहना मिली। • एनपीजीसी (मेगावाट) के यूनिट–3 बॉयलर और ईएसपी का सफल परीक्षण संचालन और सीओडी • बोंगाईगांव की यूनिट–2 की ओवरहालिंग। • दर्लिपल्ली 2X800 मेगावाट के रखरखाव कार्यों को शीघ्र पूरा करना • कहलगांव एफजीडी और ईएसपी आरएंडएम की यूनिट–2 के शट डाउन कार्य (सर्विस ट्रांसफार्मर और संबंधित बस डक्ट को हटाना और खड़ा करना) का समापन
टेंजेडको	• उडानगुड़ी साइट 2X660 मेगावाट पर शून्य रिसाव के साथ बॉयलर हाइड्रोटेस्ट का सफल समापन • उत्तरी चेन्नई चरण–III 1X800 मेगावाट में बिना किसी रिसाव के पाइप लाइनों के साथ नॉन ड्रेनेबल हाइड्रो परीक्षण और आरएच हाइड्रो परीक्षण का सफलतापूर्वक समापन • उत्तरी चेन्नई चरण–II 2x600 मेगावाट की यूनिट–2 के नियंत्रण वाल्व सर्वो मोटर (आरएचएस) में दोषों का सुधार
महाजेनको	एचपीटी मॉड्यूल की पूर्ण ओवरहालिंग और चंद्रपुर की यूनिट–7 का वार्षिक ओवरहाल कार्य

ग्राहक	बीएचईएल के लिए सराहना
सीएसपीजीसीएल	यू#1 डीएसपीएम कोरबा साइट में सीओएच कार्य किया गया
डब्ल्यूबीपीडीसीएल	बक्रेश्वर, संतालडीह और सागरदिघी की सबक्रिटिकल इकाइयों में रिकॉर्ड प्लांट लोड फैक्टर।
एनपीसीआईएल	• 52वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस–2023 के अवसर पर प्रतिष्ठित ग्राहक द्वारा प्रोजेक्ट सेफ्टी रनर–अप शील्ड जीतना • काकरापारा साइट के टीजी पाइपिंग के खड़े पाइपों के पुनर्निर्माण के लिए प्रयास और समय की बचत के साथ सफल यांत्रिक परीक्षण
यूपीआरवीयूएनएल	• ओबरा साइट की यूनिट–11 के जेनरेटर की पूर्ण ओवरहालिंग • पारीछा टीपीएस की यूनिट–6 के साथ–साथ अनपरा टीपीएस की यूनिट–3 में भी सर्विसेज वर्क
डीवीसी	डीवीसी एमटीपीएस के यूनिट–6 का कंबशन संशोधन (डी–नॉक्स)।
एनएलसीआईएल	यूनिट–1 नेवेली साइट का सफल पुनःस्थापन
अडानी पावर	आरईजीएल, रायगढ़ (1x600 मेगावाट) में लचीले परिचालन का कार्यान्वयन।

भविष्य का दृष्टिकोण

आने वाले वर्षों में अपेक्षित आर्थिक विकास, घरेलू खपत को बढ़ाने वाले 1.4 बिलियन लोगों की आकांक्षाओं के साथ–साथ विनिर्माण विकास के लिए सरकार के दबाव से निकट भविष्य में ऊर्जा की मांग बढ़ने की उम्मीद है। यह ऊर्जा सुरक्षा और सामर्थ्य की आवश्यकता के साथ मिलकर निकट भविष्य में थर्मल आधारित विद्युत को बढ़ावा देगा । आपकी कंपनी ईपीसी क्षमताओं को बढ़ाने, उत्सर्जन कटौती समाधान (एफजीडी, एससीआर सिस्टम के साथ–साथ एयूएससी प्रौद्योगिकी आधारित विद्युत संयंत्र) की पेशकश जैसे क्षेत्रों में प्रयासों के माध्यम से इसे भुनाने के लिए काम कर रही है। बीएचईएल और गैर–बीएचईएल सेटों के आरएंडएम के लिए अनुकूलित समाधान सहित स्पेयर और सेवा व्यवसाय को बढ़ाना, और कोयले से लेकर रसायनों और कार्बन कैप्चर और इसके उपयोग और पृथक्करण प्रौद्योगिकियों जैसे आगामी क्षेत्रों के लिए योग्यता निर्माण भी कंपनी के लिए फोकस क्षेत्र हैं।

बीएचईएल ने ग्राहकों के साथ दीर्घकालिक स्पेयर्स आपूर्ति और सेवा समझौतों के माध्यम से स्पेयर्स और सेवा व्यवसाय में वृद्धि के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं, साथ ही स्पेयर्स की तीव्र आपूर्ति के लिए अग्रिम खरीद और विनिर्माण कार्रवाई, नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में उतार–चढ़ाव और डी–एनओएक्स (एससीआर) प्रणालियों के घरेलू निर्माण के कारण स्थिरता के मामलों सहित ग्रिड से निपटने के लिए बीएचईएल और गैर–बीएचईएल सेटों के लिए लचीलेपन समाधान की पेशकश की है। बीएचईएल ने लचीले परिचालन के कार्यान्वयन के लिए अपना पहला वाणिज्यिक ऑर्डर पहले ही सफलतापूर्वक निष्पादित कर लिया है और उसे इसके लिए और भी ऑर्डर प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा, बीएचईएल अपने मौजूदा सेटों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए डेवलपर्स को विद्युत संयंत्रों के नवीकरण और आधुनिकीकरण और जीवन विस्तार में अपना अनुभव प्रदान कर रहा है।

बीएचईएल, एनटीपीसी और इंदिरा गांधी सेंटर फॉर एटॉमिक रिसर्च (आईजीसीएआर) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित एडवांस्ड अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल (एयूएससी) तकनीक में पुराने और उच्च प्रदूषण उत्सर्जित करने वाले सेटों को उच्चतम दक्षता और सबसे कम उत्सर्जन वाले थर्मल पावर प्लांटों से बदलने की क्षमता है। इससे माननीय प्रधान मंत्री के पंचामृत लक्ष्यों को प्राप्त करने के देश के प्रयासों में और मदद मिलेगी।

चूंकि, बड़े रेटिंग सेट आंशिक/कम/लचीले भार पर अपेक्षाकृत अक्षम हो जाते हैं, इसलिए 50 गीगावॉट से अधिक के पुराने थर्मल पावर प्लांट (थर्मल पावर प्लांट जो 2030 तक 30 साल से अधिक पुराने हो जाएंगे) को बंद कर दिया जाएगा और उनके स्थान पर कम रेटिंग वाले सुपरक्रिटिकल सेट लगाए जाएंगे। विशेष रूप से 110/120/200 मेगावाट/210 मेगावाट/250 मेगावाट सेट की रेंज के लिए अनिवार्य है जो 30 वर्षों का अपना आर्थिक जीवन पूरा कर रहे हैं। भूमि की सीमित उपलब्धता को देखते हुए, भविष्य में इन कम रेटिंग वाले सुपरक्रिटिकल सेटों की मांग बढ़ने की उम्मीद है।

उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण स्थापित करने के लिए उपयोगिताओं की अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए, इस सेगमेंट में विभिन्न घटकों को स्वदेशी बनाने के आपकी कंपनी के प्रयासों से इस क्षेत्र में आगामी अवसरों में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलने की उम्मीद है। आपकी कंपनी का लक्ष्य संयंत्र दक्षता में सुधार के लिए अपनी इंजीनियरिंग सेवाओं की पेशकश के साथ–साथ बायोमास सह–फायरिंग के समाधान सहित अन्य उपायों के माध्यम से ग्रीन–हाउस उत्सर्जन को कम करने में देश को और अधिक समर्थन देना है।

भारत में लगभग 300 बिलियन टन कोयले का भंडार है और इस तथ्य को देखते हुए कि उच्च राख वाले कोयले के लिए शृंखला प्रौद्योगिकियां उपलब्ध नहीं हैं, भारतीय उच्च राख वाले कोयले के गैसीकरण के लिए बीएचईएल द्वारा स्वदेशी तकनीक का विकास एक बड़ा कदम है, और उम्मीद है कि इससे उत्पन्न होंगी कोयले को रसायन में बदलने की प्रमुख व्यावसायिक संभावनाएँ। इस तकनीक का उपयोग "एकीकृत कोयला गैसीकरण कंबाइंड साइकिल" तकनीक के माध्यम से हरित विद्युत उत्पादन के लिए भी किया जा सकता है। आपकी कंपनी इन क्षेत्रों में अवसरों को समयबद्ध और केंद्रित तरीके से भुनाने के लिए काम कर रही है।

आगामी दशकों में बेस लोड़ को पूरा करने में परमाणु ऊर्जा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। आपकी कंपनी परमाणु स्टीम टरबाइन और जनरेटर के

लिए एकमात्र भारतीय आपूर्तिकर्ता बनी हुई है और साथ ही देश के तीन चरण के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी हुई है। वित्त वर्ष 2021–22 में प्राप्त कुल 12,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर से टर्बाइन आइलैंड ईपीसी पैकेजों के फ्लीट मोड ऑर्डरिंग के लिए अगले दौर की बोली के दौरान बीएचईएल को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलने की आशा है। आपकी कंपनी कुडनकुलम 2x1000 मेगावाट यूनिट 3 और 4 में भी काम निष्पादित कर रही है, जिसे रूसी सहयोग से स्थापित किया जा रहा है और इस क्षेत्र में अपनी प्रस्तावों को स्वदेशी बनाने और बढ़ाने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ काम कर रही है। छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों को मध्यम–दीर्घकालिक क्षितिज में लागू किए जाने की उम्मीद है और आपकी कंपनी इस दिशा में काम कर रही है।

नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन की परिवर्तनशीलता के कारण अधिकतम ऊर्जा आवश्यकताओं के प्रबंधन में जल विद्युत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस क्षेत्र में पांच दशकों से अधिक के अनुभव के साथ बीएचईएल, 400 मेगावाट तक के हाइड्रो टर्बाइन और जनरेटर के विभिन्न प्रकार और आकार के अनुकूलित समाधान प्रदान करता है। कंपनी ने कुशल रनर प्रोफ़ाइल विकसित की है और हाइड्रो टर्बाइनों का वजन कम किया है, जो इस क्षेत्र में हाल की सफलताओं में परिलक्षित होता है। इन–हाउस हाइड्रो प्रोफाइल विकसित करने के लिए अपनी स्वयं की एनएबीएल मान्यता प्राप्त हाइड्रो लैब के साथ, बीएचईएल ग्रीन फील्ड हाइड्रो परियोजनाओं के लिए ई एंड एम पैकेज में निर्विवाद बाजार नेता है और पुराने हाइड्रो सेट के आर एंड एम के लिए अग्रणी संगठन है। आपकी कंपनी टरबाइन प्रोफाइल (बीएचईएल के साथ–साथ गैर–बीएचईएल निर्माताओं के लिए) के कुशल उन्नयन, उनके जीवनकाल और विश्वसनीयता को बढ़ाने के लिए जलविद्युत उत्पादकों की आदर्श भागीदार है। बीएचईएल लिफ्ट सिंचाई योजना (एलआईएस) परियोजनाओं में आवश्यक बड़े आकार के पंप–मोटर्स में अग्रणी प्लेयर है।



बीएचईएल द्वारा डिजाइन और विनिर्मित दुनिया के सबसे बड़े सिंगल–स्टेज सेंट्रीफ्यूगल पंप–मोटर सेटों में से एक – कालेश्वरम एलआईएस, तेलंगाना

बीएचईएल
द्वारा इलेक्ट्रिक यूटिलिटी संस्थापना

31.03.2023 तक चालू



बीएचईएल इलेक्ट्रिक यूटिलिटी संस्थापित आधार
(कोयला, गैस, परमाणु, डीजल और हाइड्रो परियोजनाएं)

प्रकार	सेट	मेगावाट
कोयला	463	133590
गैस और सीसीपी	103	7659
डीजल	23	199
परमाणु	12	3340
हाइड्रो	424	21417
कुल	**1025**	**166205**


भारत में मेगावाट पैमाना सौर संस्थापना

परियोजनाएं	मेगावाट
60	1085

एयर कूल्ड कंडेनसर के साथ संधारणीयता प्राप्त करते हुए

बीएचईएल ने वाटर कूल्ड कंडेनसर (डब्ल्यूसीसी) के बजाय एयर कूल्ड कंडेनसर (एसीसी) से सुसज्जित देश के पहले यूटिलिटी–स्केल थर्मल पावर प्लांट को कमीशन करके संधारणीयता में एक और माइलस्टोन हासिल किया है। डब्ल्यूसीसी की तुलना में एसीसी पानी की खपत को लगभग 63% तक कम कर देगा। उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण के साथ–साथ, यह थर्मल पावर प्लांटों के सतत परिचालन की दिशा में एक बड़ा कदम है।

बीएचईएल ने झारखंड में 3x660 मेगावाट उत्तरी करणपुरा सुपर थर्मल पावर प्लांट में एसीसी से सुसज्जित 660 मेगावाट की पहली इकाई चालू की है। एसीसी वाले इस संयंत्र के तीनों इकाइयों के काम करने पर सालाना 30,500 मिलियन लीटर पानी की बचत होगी। यह बचत लगभग 15 लाख लोगों की वार्षिक आवश्यकता के बराबर है।



उद्योग क्षेत्र

व्यावसायिक खंडों की रूपरेखा एवं निष्पादन



1.7.2 उद्योग क्षेत्र

उद्योग क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों के लिए औद्योगिक प्रणालियों और उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराता है। उद्योग क्षेत्र, जिसमें बाजार–केंद्रित समूह शामिल हैं, परिवहन, रक्षा और एयरोस्पेस, ट्रांसमिशन, नवीकरणीय ऊर्जा, तेल एवं गैस, कैप्टिव पावर प्लांट, औद्योगिक उत्पाद, बैटरी ऊर्जा भंडारण और ई–मोबिलिटी के लिए व्यापक समाधान प्रदान करता है।

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान उद्योग क्षेत्र को चुनौतीपूर्ण कारोबारी माहौल में 9,537 करोड़ (करों को छोड़कर) मूल्य के ऑर्डर मिले। यह पिछले 13 वर्षों में उद्योग क्षेत्र द्वारा की गई सबसे अधिक ऑर्डर बुकिंग है और वर्ष के दौरान वार्षिक ऑर्डर बुकिंग का यह 40% है। इसके अलावा, अप्रैल 2023 में बीएचईएल के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम द्वारा ''वंदे भारत'' ट्रेनसेट के 80 सेटों के निर्माण और रखरखाव का ऑर्डर सुरक्षित कर लिया गया है, जिसका मूल्य करों को छोड़कर 23,000 करोड़ रुपये से अधिक है (इसमें बीएचईएल का हिस्सा लगभग 13,500 करोड़ रुपये है)।



माननीय केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडे बीएचईएल निर्मित एसआरजीएम से सुसज्जित भारतीय नौसैनिक पोत, आईएनएस चेन्नई का निरीक्षण करते हुए

1.7.2.1 परिवहन

रेल परिवहन क्षेत्र में अग्रणी होने के नाते, बीएचईएल ने पिछले छः दशकों से भारत के रेल परिवहन क्षेत्र की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और नवीन समाधान और "मेड इन इंडिया" सिस्टम एवं उपकरण की पेशकश करके भारतीय रेलवे की रोलिंग स्टॉक आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है।

भारत सरकार ने देश की विकास आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बेहतर सुरक्षा, बेहतर उत्पादकता और दक्षता सुनिश्चित करने और इस तरह उद्योग के लिए महत्वपूर्ण अवसर पैदा करने के लिए भारत के रेल परिवहन में आधुनिकीकरण और पीढ़ीगत बदलाव की तत्काल आवश्यकता पर विचार किया है। इस प्रयास के एक अंग के रूप में, भारतीय रेलवे अगले 10 वर्षों में एमईएमयू, ईएमयू और हाई स्पीड/सेमी–हाई स्पीड ट्रेनसेट, पारंपरिक और हाई पावर लोको और सिग्नलिंग सिस्टम के क्षेत्र में प्रमुख आवश्यकताओं को पेश कर रहा है। शहरी गतिशीलता क्षेत्र में, राज्य दो मिलियन से अधिक आबादी वाले शहरों में बड़े पैमाने पर तीव्र पारगमन परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं और छोटे शहरों के लिए हल्की रेल/मोनोरेल समाधान तलाशे जा रहे हैं। लगभग 50 शहरों में मेट्रो/मेट्रोलाइट घोषणाओं के साथ, इन सभी से आने वाले वर्षों में रेल परिवहन क्षेत्र में कई अवसर मिलने की आशा है।

बीएचईएल इसे भविष्य के प्रमुख व्यवसाय खंड के रूप में देखता है और आधुनिक रेल परिवहन प्रणाली की भावी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकियों, विनिर्माण के साथ–साथ सेवा नेटवर्क और प्रक्रियाओं को उन्नत करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

प्रस्तावों की वर्तमान सूची

- **रोलिंग स्टॉक**
  - 9000 एचपी तक के इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव
  - 3000 एचपी तक के डीजल–इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव
  - सेमी हाई स्पीड (''वंदे भारत'') ट्रेनसेट
  - ट्रैक मशीनें
- **ट्रैक्शन मशीनें**
  - ट्रैक्शन मोटर्स
  - ट्रैक्शन अल्टरनेटर
- **ट्रैक्शन ड्राइव प्रणाली और नियंत्रण**
  - इंसुलेटेड–गेट बाइपोलर ट्रांजिस्टर (आईजीबीटी) आधारित ट्रैक्शन और सहायक कनवर्टर
  - ट्रेन नियंत्रण प्रबंधन प्रणाली और वाहन नियंत्रण इकाई
  - होटल लोड कनवर्टर और कम्पोजिट कनवर्टर
  - पारंपरिक रोलिंग स्टॉक के लिए नियंत्रण गियर उपकरण
  - पारंपरिक रोलिंग स्टॉक के लिए पुनर्योजी ब्रेकिंग प्रणाली
- **ट्रैक्शन ट्रांसफार्मर**
  - इलेक्ट्रिक लोको ट्रांसफार्मर
  - ईएमयू/ट्रेनसेट ट्रांसफार्मर

वर्ष के दौरान उपलब्धियाँ:

- विविधीकरण प्रयासों को एक व्यापक बढ़ावा देते हुए, बीएचईएल के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने भारतीय रेलवे की ओर से 80 ''वंदे भारत'' ट्रेनसेटों की आपूर्ति और रखरखाव के लिए ऑर्डर प्राप्त किया। इन ट्रेनों का निर्माण कंसोर्टियम द्वारा आईसीएफ, चेन्नई में किया जाना है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिद्वंदियों के संघ से कड़ी वैश्विक प्रतिस्पर्धा का सामना करते हुए बीएचईएल ने यह सफलता हासिल की है। नतीजतन, अप्रैल 2023 में, बीएचईएल के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने 23,000 करोड़ (करों को छोड़कर) का यह ऑर्डर हासिल किया।
- कोलकाता मेट्रो (15 वर्षों के बाद मेट्रो खंड में पुनः प्रवेश) के लिए आईसीएफ, चेन्नई से 3–चरण मेट्रो प्रणोदन के लिए पहला ऑर्डर प्राप्त हुआ।
- जेएसडब्ल्यू विजयनगर मेटालिक्स वर्क्स से ड्यूल ड्राइवर केबिन के साथ 700 एचपी के 6 डीजल इलेक्ट्रिक शंटिंग लोकोमोटिव के लिए पहला ऑर्डर प्राप्त हुआ। ड्यूल कैब लोको तीव्रता से परिचालन और बेहतर दृश्यता जैसे लाभों के साथ संयंत्र परिचालन को आसान बनाता है जिससे समग्र प्रक्रिया चक्र का समय कम हो जाता है और



बीएचईएल द्वारा भारतीय रेलवे को आपूर्ति किया गया WAG-9H इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव

इस प्रकार दक्षता और उपलब्धता में सुधार होता है।

- भारतीय रेलवे से 6000 एचपी के 22 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के लिए ऑर्डर प्राप्त हुआ।
- भारतीय रेलवे के 6000 एचपी WAG-9H इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव ऑर्डर में से 75 की आपूर्ति डिलीवरी शेड्यूल से पहले पूरी हो गई।
- बीएचईएल के 3–फेज प्रोपल्शन इलेक्ट्रिक्स से सुसज्जित 15 एमईएमयू/ईएमयू आरसीएफ कपूरथला/आईसीएफ चेन्नई से शुरू किए गए।
- एनटीपीसी लारा साइट पर सामग्री प्रबंधन परिचालन के लिए एनटीपीसी से प्राप्त ऑर्डर के तहत 6 डब्ल्यूएजी–9 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की आपूर्ति पूरी हो गई।
- इलेक्ट्रिक लोको शेड, झाँसी को पहली बार WAG–7 रीजेनरेटिव लोकोमोटिव की आपूर्ति की गई।

भविष्य का दृष्टिकोण

भारतीय रेलवे ने क्षमता निर्माण और माल ढुलाई में रेलवे की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय रेल योजना (एनआरपी) शुरू की है। माल ढुलाई के लिए हाई हॉर्स पावर इलेक्ट्रिक इंजन और यात्री यातायात के लिए सेमी हाई स्पीड "वंदे भारत" ट्रेनसेट के रूप में नए युग के रोलिंग स्टॉक को भारतीय रेल द्वारा पेश किया जा रहा है। भारतीय रेलवे ने "वंदे भारत" ट्रेनसेट मॉडल को शहरी गतिशीलता खंड में "वंदे मेट्रो" के रूप में विस्तारित करने की भी योजना बनाई है।

अपने डिजाइन, इंजीनियरिंग और विनिर्माण अनुभव, प्रौद्योगिकी क्षमता और अखिल भारतीय उपस्थिति का लाभ उठाते हुए, बीएचईएल सभी प्रकार के रोलिंग स्टॉक के लिए उन्नत मैकेनिकल और इलेक्ट्रिक प्रणाली के डिजाइन और निर्माण के लिए प्रौद्योगिकी आत्मनिर्भरता विकसित करने और इन–हाउस क्षमता को मजबूत करने के लिए काम कर रहा है। आपकी कंपनी आगामी व्यवसायों, विशेष रूप से उच्च एचपी लोकोमोटिव, बैटरी/हाइड्रोजन ईंधन चालित लोकोमोटिव, हाई स्पीड रेल और सिग्नलिंग (टीसीएएस), मेट्रो/मेट्रोलाइट, और पुश–पुल लोकोमोटिव के लिए ओईएम/सहयोगियों के साथ भी काम कर रही है।

कंपनी का लक्ष्य "वंदे भारत" परियोजना के प्रभावी कार्यान्वयन पर अपनी ऊर्जा केंद्रित करना है जो देश में प्रमुख रोलिंग स्टॉक प्लेयर्स में से एक के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि करेगा। बीएचईएल, अपनी नवीनतम प्रौद्योगिकी प्रगति और अनुसंधान एवं विकास प्रयासों के साथ, भारतीय रेल परिवहन क्षेत्र की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए पूर्णतया तत्पर है।

1.7.2.2 पारेषण

चूंकि भारत का पावर ग्रिड हरित ऊर्जा की ओर बढ़ रहा है, जिसकी 2030 तक विद्युत मिश्रण में 50% हिस्सेदारी होने की उम्मीद है, देश में पारेषण प्रणाली में पर्याप्त निवेश होने की संभावना है। जब ग्रिड सौर और पवन ऊर्जा द्वारा परिवर्तनीय उत्पादन को संभालता है तो एक विश्वसनीय पारेषण नेटवर्क के निर्माण से जुड़ी जटिलता कई गुना बढ़ जाती है। "2030 तक 500 गीगावॉट से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के एकीकरण के लिए 'पारेषण प्रणाली'" की विस्तृत योजना का हालिया अनावरण दूर–दराज के

नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से लोड केंद्रों तक विद्युत की निकासी के लिए आवश्यक पारेषण बुनियादी ढांचे को बनाने के भारत सरकार के इरादे की स्पष्ट रूप से पुष्टि करता है।

वर्तमान पारेषण नेटवर्क के उन्नयन और नए एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज (ईएचवी) प्रणाली और संबंधित लाइनों को जोड़ने की तत्काल आवश्यकता है। गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन (जीआईएस) परियोजनाओं में अनुकूलित भू–आवश्यकताओं और न्यूनीकृत ओएंडएम व्यय के कारण मजबूत मांग जारी रहेगी। इसके अलावा, कई एचवीडीसी परियोजनाएं दूर–दराज के उत्पादन केंद्रों से विद्युत निकासी की योजना के विभिन्न चरणों में हैं।

तीव्रता से बदलते व्यापार परिदृश्य और बढ़ती मांग के दृष्टिकोण सहित, बीएचईएल की सभी क्षेत्रो से उपस्थिति है और यह पावर यूटिलिटीज की विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्पादों और प्रणालियों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। बीएचईएल ईएचवी जीआईएस सबस्टेशन, डिजिटल सबस्टेशन, एचवीडीसी परियोजनाओं आदि जैसे उभरते क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को और बढ़ाने के लिए तत्पर है।

हमारी सेवाओं की वर्तमान श्रृंखला

- ईपीसी आधार पर 765 केवी तक अतिरिक्त हाई वोल्टेज सबस्टेशन (एयर इंसुलेटेड सबस्टेशन (एआईएस) और गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन (जीआईएस) दोनों) और +/– 800 केवी तक हाई वोल्टेज डायरेक्ट करंट (एचवीडीसी) कनवर्टर स्टेशन सहित **टर्नकी पारेषण समाधान**।
- **1200 केवी तक पावर ट्रांसफार्मर और 765 केवी तक शंट रिएक्टर,** 1200 केवी तक कैपेसिटिव वोल्टेज ट्रांसफार्मर (सीवीटी), 400 केवी तक इंस्ट्रूमेंट ट्रांसफार्मर (सीटी, पीटी), ट्रैक्शन पावर ट्रांसफार्मर, ड्राई टाइप ट्रांसफार्मर, वैक्यूम स्विचगियर, कैपेसिटर बैंक, नियंत्रण और सुरक्षा उपकरण, 800 केवी तक एचवीडीसी कनवर्टर ट्रांसफार्मर, थाइरिस्टर वाल्व, आदि।
- **420 केवी तक गैस इंसुलेटेड स्विचगियर (जीआईएस)।**
- **765 केवी तक के अनुप्रयोग के लिए कम्पोजिट इंसुलेटर।**
- **लचीली एसी पारेषण प्रणाली (FACTS) समाधान**: 400 केवी लाइनों के लिए तय श्रेणी क्षतिपूर्ति, 400 केवी अनुप्रयोगों तक विद्युत प्रवाह को नियंत्रित और संतुलित करने के लिए नियंत्रित शंट रिएक्टर (सीएसआर) और फेज शिफ्टिंग ट्रांसफार्मर (पीएसटी)।



बीएचईएल द्वारा पश्चिमी क्षेत्र ग्रिड (रायगढ़, छत्तीसगढ़) और दक्षिणी क्षेत्र ग्रिड (पुगलूर, तमिलनाडु के बीच सफलतापूर्वक क्रियान्वित 800 kV, 6,000 डॅ अल्ट्रा हाई वोल्टेज डायरेक्ट करंट (यूएचवीडीसी) लिंक का डीसी हॉल

वर्ष के दौरान उपलब्धियाँ

- सबस्टेशन पैकेज के लिए ऑर्डर – मंदसौर और चितौड़गढ़ में 400/220 केवी सबस्टेशन।
- 400 केवी जीआईएस सबस्टेशन, 400/220 केवी जीआईएस सबस्टेशन और 400 केवी एआईएस बे एक्सटेंशन के लिए ऑर्डर
- 500 एमवीए, 765/400 केवी ट्रांसफार्मर के लिए 55 ऑर्डर
- इसके अतिरिक्त, केंद्रीय/राज्य ट्रांसमिशन यूटिलिटीज से 400 केवी और 220 केवी ट्रांसफार्मर के लिए, 7706 एमवीए के कुल 51 विभिन्न अन्य ऑर्डर प्राप्त हुए।



बीएचईएल द्वारा रायचूर, कर्नाटक में कमीशन किया गया 765/400 केवी सबस्टेशन

- बीएचईएल उपकरण ने पश्चिमी क्षेत्र ग्रिड (रायगढ़, छत्तीसगढ़) और दक्षिणी क्षेत्र ग्रिड (पुगलुर, तमिलनाडु) के बीच ±800 केवी, 6,000 मेगावाट अल्ट्रा हाई वोल्टेज डायरेक्ट करंट (यूएचवीडीसी) लिंक पर 6,000 मेगावाट का रिकॉर्ड पावर पारेषण सक्षम किया।

भविष्य का दृष्टिकोण

सरकार के विद्युत उत्पादन लक्ष्यों के कारण विद्युत पारेषण खंड में उल्लेखनीय वृद्धि देखने की उम्मीद है। भारत वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा से प्राप्त विद्युत जोड़ेगा। विद्युत उत्पादन की वृद्धि के साथ विद्युत निकासी और पारेषण नेटवर्क (एचवीएसी और एचवीडीसी) की आवश्यकता पर अधिक ध्यान देने के साथ, कुल 2.17 लाख एमवीए सबस्टेशन क्षमता होने की उम्मीद है। अतिरिक्त पवन और सौर क्षमता के एकीकरण के लिए वित्त वर्ष 2026–27 तक और 2030 तक कुल 4.33 लाख एमवीए जोड़ा जाएगा। बीएचईएल के पास भारत के पारेषण परिदृश्य में एक सुदृढ़ फुटप्रिंट है, जिसमें परियोजनाओं के साथ–साथ उत्पादों, दोनों में क्षमताएं हैं, और उभरते अवसरों को भुनाने के लिए अच्छी स्थिति में है।

1.7.2.3 रक्षा और एयरोस्पेस

रक्षा मंत्रालय (एमओडी) रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए ''आत्मनिर्भर भारत अभियान'' के तहत "मेक इन इंडिया" पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। रक्षा व्यय और निवेश बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि भारत अपने सैन्य आधुनिकीकरण और उन्नयन में तेजी ला रहा है, खासकर वर्तमान भू–राजनीतिक विकास को देखते हुए। रक्षा मंत्रालय ने समयबद्ध तरीके से घरेलू उद्योग द्वारा आयातित रक्षा उपकरणों के स्वदेशीकरण के लिए सकारात्मक सूची जारी की है। यह घरेलू उद्योग की क्षमताओं पर सरकार के बढ़ते भरोसे को दर्शाता है।

विगत कुछ वर्षों में, बीएचईएल ने डिजाइन, इंजीनियरिंग, सटीक विनिर्माण, भारी फोर्जिंग, विशेष प्रयोजन वेल्डिंग और उन्नत सीएनसी मशीनिंग गतिविधियों के व्यापक स्पेक्ट्रम को कवर करने के लिए अपनी सुविधाओं को उन्नत और संवर्धित किया है, जिनका उपयोग रक्षा उपकरणों और प्रणालियों के निर्माण के लिए किया जा रहा है। इनमें से अधिकांश जटिल, विशेष प्रयोजन मशीनें और उपकरण देश में अपनी तरह के अद्वितीय हैं और दुनिया में उपलब्ध सर्वोत्तम मशीनों के बराबर हैं। बीएचईएल ने फर्मों और उसके गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (एएफक्यूएमएस), एएस9100डी और सीईएमआईएलएसी, डीजीक्यूए योजना के तहत पुर्जों का स्व–प्रमाणन आदि जैसे प्रमाणपत्र भी हासिल किए हैं, जो प्रस्तावित वस्तुओं और सेवाओं के उच्चतम गुणवत्ता मानकों को प्रदर्शित करते हैं।

बीएचईएल रणनीतिक उपकरणों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए अत्याधुनिक सिस्टम डिजाइन और एकीकरण, संरचनात्मक डिजाइन, परिमित तत्व जैसे इंजीनियरिंग विश्लेषण, कम्प्यूटेशनल फ्लूइड डायनेमिक्स, 3 डी मॉडलिंग, शॉक और कंपन अध्ययन क्षमताओं की पेशकश भी करता है।

कंपनी रक्षा क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इन क्षमताओं का लाभ उठा रही है और इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए अच्छी स्थिति में है।

प्रस्तावों और क्षमताओं की वर्तमान सूची

- सुपर रैपिड गन माउंट (एसआरजीएम) / अपग्रेडेड एसआरजीएम, जिसमें लाइफ टाइम उत्पाद समर्थन भी शामिल है
- आईपीएमएस (एकीकृत प्लेटफार्म प्रबंधन प्रणाली)
- एयरोस्पेस अनुप्रयोगों के लिए कॉम्पैक्ट हीट एक्सचेंजर्स और पंप मॉड्यूल
- एयरोस्पेस अनुप्रयोगों के लिए एयर साइकिल आधारित लिक्विड कूलिंग सिस्टम (एलसीएस)।
- उपग्रहों के लिए टाइटेनियम आधारित प्रणोदक टैंक पुर्जों की परिशुद्धता मशीनिंग
- अंतरिक्ष अनुप्रयोगों के लिए टाइटेनियम शेल/डोम की हॉट फॉर्मिंग उपग्रहों के लिए स्पेस ग्रेड सौर पैनल और बैटरियाँ
- स्थायी चुंबक आधारित मोटर, जेनरेटर और फ्रीक्वेंसी कनवर्टर
- स्थैतिक द्वि–दिशात्मक कन्वर्टर्स



बीएचईएल के हरिद्वार संयंत्र में विनिर्मित किया जा रहा सुपर रैपिड गन माउंट (एसआरजीएम)

- रोटरी फ्रीक्वेंसी कन्वर्टर्स
- रोटरी मुख्य मोटर जेनरेटर
- टर्बो अल्टरनेटर और टर्बो अल्टरनेटर टर्बाइन
- रक्षा अनुप्रयोगों के लिए टर्बाइन, कंडेनसर, हीट एक्सचेंजर्स और वाल्व
- हीट एक्सचेंजर्स, नियंत्रण प्रणाली, टर्बाइन, स्थायी चुंबक मोटर, फ्रीक्वेंसी कन्वर्टर्स, टर्बो अल्टरनेटर, डीजल अल्टरनेटर, कंडेनसर, ड्राइव टर्बाइन के साथ पंप आदि रणनीतिक आवश्यकताओं के लिए उपकरणों की विस्तृत श्रृंखला के लिए डिजाइन क्षमताएं।

वर्ष के दौरान उपलब्धियाँ

- रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में अब तक की सबसे अधिक ऑर्डर बुकिंग हासिल की गई। प्रमुख ऑर्डरों में भारतीय नौसेना के लिए उन्नत एसआरजीएम और एसआरजीएम के लिए स्पेयर, वाटर फ्रंट सपोर्ट, आईपीएमएस और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के लिए स्वदेशी विमान वाहक (आईएसी) के लिए स्पेयर शामिल हैं।
- युद्धक विमानों के लिए ली–आयन बैटरी के डिजाइन और विकास के लिए पहला ऑर्डर प्राप्त हुआ। इस ऑर्डर के साथ, बीएचईएल अगली पीढ़ी के विमानों के लिए ली–आयन बैटरी का एकमात्र भारतीय आपूर्तिकर्ता होगा।
- बीएचईएल ने एयरोस्प अनुप्रयोगों के लिए एयर साइकिल आधारित लिक्विड कूलिंग सिस्टम (एलसीएस) को सफलतापूर्वक डिजाइन, विकसित और आपूर्ति किया है।
- पहले स्वदेशी रोटरी मेन मोटर जेनरेटर (आरएमएमजी) को सफलतापूर्वक डिजाइन, निर्मित और वितरित किया गया।
- बीएचईएल ने एयरोस्पेस अनुप्रयोगों के लिए एयर साइकिल आधारित लिक्विड कूलिंग सिस्टम (एलसीएस) को सफलतापूर्वक डिजाइन, विकसित और आपूर्ति किया है।

भविष्य का परिप्रेक्ष्य

बीएचईएल के पास देश की रक्षा बलों का समर्थन करने का पांच दशक का ट्रैक रिकॉर्ड है जो 1970 के दशक में लिएंडर श्रेणी फ्रिगेट्स के लिए मुख्य टर्बाइनों के स्वदेशीकरण के साथ शुरू हुआ था। तब से, बीएचईएल द्वारा रक्षा अनुप्रयोगों के लिए विशेष उपकरणों और हथियार प्रणालियों की एक विस्तृत श्रृंखला के डिजाइन और विकास में महत्वपूर्ण प्रगति और योगदान दिया गया है, जिसमें युद्धपोतों के लिए एसआरजीएम, रणनीतिक कार्यक्रम के लिए विभिन्न प्रकार के उपकरण, लड़ाकू विमानों के लिए हीट एक्सचेंजर्स शामिल हैं। आईएनएस विक्रांत सहित नौसेना के युद्धपोतों के लिए एकीकृत प्लेटफ़ॉर्म प्रबंधन प्रणाली – स्वदेशी विमान वाहक, मिसाइल लॉन्चर, एयरोस्पेस एप्लिकेशन के लिए पंप मॉड्यूल, गन कंट्रोल सिस्टम, एंटीना कंट्रोल सिस्टम, आदि।

कंपनी अब उन्नत अत्याधुनिक एसआरजीएम की पेशकश कर रही है और भारतीय नौसेना की आवश्यकता के अनुरूप अपनी क्षमताओं में भी वृद्धि कर रही है। बीएचईएल के पास स्थायी चुंबक मोटर प्रौद्योगिकी में सिद्ध विशेषज्ञता है और यह जहाज और युद्धपोतों के लिए प्रणोदन प्रणाली के स्वदेशी डिजाइन और विकास के लिए पूरी तरह से तैयार है। बीएचईएल भारतीय नौसेना को विभिन्न उपकरणों के लिए नवीकरण और आधुनिकीकरण और जीवन विस्तार सेवाओं में समाधान भी प्रदान कर रहा है। बीएचईएल दुनिया की कुछ चुनिंदा कंपनियों में से एक है, जिसके पास सैन्य विमानों/हेलीकॉप्टरों के लिए कॉम्पैक्ट हीट एक्सचेंजर्स और पंप मॉड्यूल डिजाइन और निर्माण करने की क्षमता है और वर्तमान में यह विभिन्न प्रकार के कॉम्पैक्ट हीट एक्सचेंजर्स और पंप मॉड्यूल विकसित कर रहा है। कंपनी सीएएसडीआईसी, एचएएल, इसरो, एडीए, आदि जैसे ग्राहकों के साथ विभिन्न प्रकार के उपकरणों और सेवाओं के लिए घनिष्ठ समन्वय में भी काम कर रही है। बीएचईएल एयरोस्पेस क्षेत्र में व्यवसाय बढ़ाने के लिए इसरो और उसके केंद्रों के साथ मिलकर काम कर रही है और प्रक्षेपण यानों, उपग्रहों/पेलोड आदि में उत्पाद पोर्टफोलियो को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में, बीएचईएल अपनी डिजाइन, इंजीनियरिंग और विनिर्माण क्षमताओं की विस्तृत श्रृंखला के साथ महत्वपूर्ण राष्ट्रीय रक्षा आवश्यकताओं के स्वदेशीकरण में व्यापक भूमिका निभाने के लिए अच्छी तरह से तैयार है।

1.7.2.4 कैप्टिव पावर एवं प्रोसेस प्लांट

बीएचईएल चार दशकों से अधिक समय से इस व्यवसाय को सेवा दे रहा है, और भारत में अधिकांश धातु और खनन उद्योग, प्रक्रिया उद्योग और पेट्रो–रसायन उद्योग कैप्टिव विद्युत उत्पादन और अन्य प्रक्रियाओं के लिए बीएचईएल द्वारा आपूर्ति किए गए उपकरणों का उपयोग करते हैं। ऐतिहासिक रूप से, भारत में, ये ऊर्जा गहन उद्योग विश्वसनीय विद्युत के लिए कैप्टिव पावर प्लांट और विद्युत उत्पादन और प्रक्रिया भाप आवश्यकताओं के लिए निकास गैसों के उपयोग पर निर्भर रहे हैं। वर्तमान भू–राजनीतिक परिदृश्य के कारण यूरोपीय देशों के लिए ऊर्जा लागत में भारी वृद्धि हुई है, जिससे विनिर्माण महंगा हो गया है। इस परिदृश्य से स्टील और एल्युमीनियम जैसी अत्यधिक ऊर्जा गहन वस्तुओं का उत्पादन करने वाले भारतीय उद्योग के विकास में तेजी आने की उम्मीद है। इसे देखते हुए, बीएचईएल के इन–हाउस निर्मित कैप्टिव पावर जेनरेटिंग उपकरण का विस्तृत पोर्टफोलियो है। बॉयलर, स्टीम टर्बाइन और गैस टर्बाइन की मांग जारी रहने की उम्मीद है।

तेल और गैस खंड के संबंध में, बीएचईएल एकमात्र भारतीय ओईएम है जिसके देश में 230 गैस टर्बाइन सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। भारतीय रिफाइनरियों की योजनाबद्ध क्षमता विस्तार से गैस टर्बाइनों की और मांग बढ़ेगी। पारादीप, ओडिशा में चल रहे सल्फर रिकवरी यूनिट पैकेज के निष्पादन के साथ, बीएचईएल डाउनस्ट्रीम तेल और गैस क्षेत्र के लिए प्रक्रिया पैकेज और समाधान पेश करने के लिए अच्छी स्थिति में है।

प्रस्तावों की वर्तमान सूची

- स्टैंडअलोन स्टीम टर्बाइन जेनरेटर (एसटीजी) सेट
- बॉयलर टर्बाइन जेनरेटर (बीटीजी) पैकेज, पल्वराईज्ड फ़्यूल (पीएफ), सर्कुलेटिंग फ्लूइडाइज्ड बेड कम्बशन (सीएफबीसी), वायुमंडलीय फ्लूइडाइज्ड बेड कम्बशन (एएफबीसी), यूटिलिटी बॉयलर (यूबी) / गैस फायर्ड बॉयलर
- गैस टरबाइन आधारित ओपन, सह–उत्पादन और संयुक्त चक्र कैप्टिव पावर प्लांट
- डाउनस्ट्रीम ऑयल एंड गैस सेक्टर (डीएसओजी) के प्रोसेस पैकेज और उपकरण

वर्ष के दौरान उपलब्धियाँ

- विद्यमान और नए ग्राहकों से सात (07) एसटीजी (40 मेगावाट से ऊपर) के ऑर्डर प्राप्त हुए
- सीएफबीसी बॉयलर के लिए सुमितोमो एसएचआई एफडब्ल्यू, फिनलैंड के साथ प्रौद्योगिकी लाइसेंस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए

भविष्य का दृष्टिकोण

भारत में बुनियादी ढांचा क्षेत्र में पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। इसके अलावा, चीन से स्टील की आपूर्ति बाधित होने और रूस–यूक्रेन युद्ध के कारण घरेलू स्टील उत्पादकों की ओर से मांग में अचानक वृद्धि हुई है। वर्तमान में, स्टील की घरेलू स्थापित क्षमता लगभग 154 मीट्रिक टन है और 2030 तक 300 मीट्रिक टन की स्थापित क्षमता के दृष्टिकोण के अनुरूप, अनुषंगी इस्पात उद्योगों के साथ–साथ एकीकृत इस्पात संयंत्रों



बीएचईएल ने सीएफबीसी बॉयलर के लिए सुमितोमो एसएचआई एफडब्ल्यू, फिनलैंड के साथ प्रौद्योगिकी लाइसेंस समझौता किया

के विस्तार योजनाओं के साथ आने की संभावना है, जिसके कैप्टिव पावर की मांग में तब्दील होने की संभावना है।

2030 तक भारत की कुल तेल शोधन क्षमता को 450 एमएमटीपीए तक बढ़ाने की भारत सरकार की योजना के अनुरूप, अगले 5–6 वर्षों में पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स, ब्राउनफील्ड और ग्रीनफील्ड रिफाइनरी परियोजनाएं आने की उम्मीद है।

बीएचईएल अपने दशकों के अनुभव के साथ–साथ गैर–कोयला क्षेत्रों से विविधीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए, इन आगामी अवसरों को भुनाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

1.7.2.5 औद्योगिक उत्पाद (तेल एवं गैस और विद्युत मशीनों सहित)

बीएचईएल पांच दशकों से अधिक समय से इस क्षेत्र में सेवा दे रहा है और भारत में अधिकांश रिफाइनरियां और पेट्रो–रसायन उद्योग बीएचईएल द्व ारा आपूर्ति किए गए स्थिर और घूमने वाले उपकरणों से सुसज्जित हैं।

भारत में डाउनस्ट्रीम तेल और गैस 2030 तक 249 एमएमटीपीए से 450 एमएमटीपीए तक बड़े पैमाने पर विस्तार के लिए तैयार है। अगले 4–5 वर्षों में कार्यान्वयन के लिए डाउनस्ट्रीम तेल और गैस खंड में 2 लाख करोड़ से अधिक के निवेश की घोषणा की गई है।

कई रिफाइनर्स और पेट्रोकेम ग्राहकों की विस्तार परियोजनाएं भी पाइपलाइन में हैं।

इन आगामी परियोजनाओं में सेंट्रीफ्यूगल कम्प्रेसर, फायर्ड हीटर, हीट एक्सचेंजर्स, वाल्व, उच्च टन भार वाले कॉलम और वेसल्स आदि जैसे औद्योगिक उत्पादों के लिए व्यावसायिक अवसर संभावित हैं।

प्रस्ताव

- ऑयल रिग्स – 9,000 मीटर (3000 एचपी) की गहराई तक ड्रिलिंग के लिए एसी–वीएफडी (वेरिएबल फ्रीक्वेंसी ड्राइव) और एसी–एससीआर (सिलिकॉन–कंट्रोल्ड रेक्टिफायर) तकनीक के साथ विभिन्न प्रकार के ऑन–शोर ड्रिलिंग रिग्स, वर्क–ओवर रिग्स 6,100 मीटर (650 एचपी) की गहराई तक सर्विसिंग।
- वाल्व – 15,000 पीएसआई तक वेल हेड्स और क्रिसमस ट्री, मड लाइन सस्पेंशन सिस्टम, चोक एंड किल मैनिफोल्ड, कोलबेड मीथेन (सीबीएम) वेलहेड्स, डीएसपीएम एच– मैनिफोल्ड असेंबली, मड वाल्व, गेट वाल्व, ग्लोब वाल्व आदि।
- सेंट्रीफ्यूगल कंप्रेसर – एपीआई 617 अध्याय– 1 और 2 के अनुसार उर्वरक, रिफाइनरियों, पेट्रो–रसायन, पाइपलाइन, गैस प्रसंस्करण, इस्पात उद्योग आदि में उपयोग के लिए 3,00,000 m^3/घंटा तक मल्टी–स्टेज सेंट्रीफ्यूगल कंप्रेसर।
- मैकेनिकल पैकेज – फायर्ड हीटर, कॉलम, रिएक्टर, प्रेशर वेसल्स, हीट एक्सचेंजर्स और पर्ज गैस रिकवरी यूनिट।
- विद्युत मशीनें– एसी स्क्विरेल केज, स्लिप रिंग, सुरक्षित और खतरनाक क्षेत्र अनुप्रयोगों के लिए सिंक्रोनस मोटर्स, वैरिएबल स्पीड मोटर्स, औद्योगिक अल्टरनेटर, विशेष प्रयोजन मशीनें और एलटी वीएफडी।



बीएचईएल द्वारा विनिर्मित पारंपरिक एक्स–मास ट्री वाल्व

वर्ष के दौरान उपलब्धियाँ

- 9 सेंट्रीफ्यूगल कंप्रेसर के ऑर्डर प्राप्त हुए, जिसमें आईओसीएल पानीपत से सबसे बड़ा हीट पंप कंप्रेसर ऑर्डर और गेल से सबसे बड़ा वीएफडी फेड मोटर चालित कंप्रेसर शामिल है
- गेल से अधिकतम ताप ड्यूटी (26.88 MMKCal-Hr) फायर्ड हीटर का ऑर्डर
- 2013 में बीएचईएल द्वारा संयंत्र का अधिग्रहण करने के बाद से एचपीवीपी वाइजेग के पुराने उत्पादों के लिए अब तक की सबसे अधिक ऑर्डर बुकिंग हासिल की गई।
- भारत के ''आत्मनिर्भर भारत मिशन'' के अनुरूप, बीएचईएल ने सकर रॉड पंप के तीन मॉडल विकसित करने का दायित्व लिया – एक कृत्रिम तेल इकट्ठा करने वाली लिफ्ट प्रणाली जिसका उपयोग अपस्ट्रीम तेल और गैस कंपनियों द्वारा पुराने कुओं के लिए किया जाता है – जो अब तक आयातित थे। कंपनी ने फील्ड परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है और अब स्वदेशी रूप से विकसित सकर रॉड पंपों की आपूर्ति करने में पूरी तरह सक्षम है।

भविष्य का दृष्टिकोण

तेल और गैस (डाउनस्ट्रीम और अपस्ट्रीम), स्टील, उर्वरक और पेट्रोकेमिकल्स जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपने उत्पाद और सिस्टम की पेशकश के साथ बीएचईएल के लिए इस व्यवसाय क्षेत्र में भविष्य आशाजनक दिखता है।

बीएचईएल ने भारत सरकार के ''आत्मनिर्भर भारत मिशन'' के तहत वस्तुओं के स्वदेशीकरण के लिए भी कई उपाय किए हैं, जिससे इसकी पेशकश बढ़ाने में मदद मिलेगी। बीएचईएल द्वारा विकसित उत्पादों जैसे सकर रॉड पंप (एसआरपी), 15000 पीएसआई वेलहेड्स, एक्स–मास ट्री वाल्व, 5000 पीएसआई मड पंप और ऑयल रिग अनुप्रयोगों के लिए 1150 एचपी एसी मोटर का बाजार अपस्ट्रीम तेल एवं गैस क्षेत्र में किए गए पूंजीगत व्यय के अनुरूप बढ़ने की संभावना है।

स्टील सेक्टर में, बीएचईएल ने स्टील बनाने के लिए बीओएफ कन्वर्टर्स का निर्माण शुरू कर दिया है और एक्सियल ब्लोअर और टॉप रिकवरी टर्बाइन पेश करने के लिए तैयार है।

1.7.2.6 नए व्यापार क्षेत्र और ऊर्जा भंडारण समाधान मोबिलिटी

नेशनल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन प्लान (एनईएमएमपी) के तहत, भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) ने भारत में फास्टर अडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक एंड हाइब्रिड व्हीकल्स (एफएएमई) योजना शुरू की। एफएएमई –I योजना की सफलता के बाद, एमएचआई ने एफएएमई–II योजना अधिसूचित की, जिसे अब 31 मार्च, 2024 तक बढ़ा दिया गया है।

4W-EV की पैठ बढ़ने की उम्मीद है और इसके लिए आवश्यक रूप से EV चार्जर्स के लिए एक अखिल भारतीय नेटवर्क की आवश्यकता होगी जिसे आपकी कंपनी अपने स्वयं के डिजाइन, इंजीनियरिंग और विनिर्माण क्षमताओं के साथ भुनाने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। FAME-II योजना के तहत MHI राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और एक्सप्रेसवे/राजमार्गों के किनारे के शहरों के लिए ईवी चार्जिंग स्टेशन स्वीकृत कर रहा है। इसके अलावा बीपीसीएल/एचपीसीएल/आईओसीएल जैसे तेल सार्वजनिक उपक्रमों की अपने बिक्री केंन्द्रों पर 22,000 ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की योजना है। एमएचआई ने FAME-II योजना के तहत 800 करोड़ के कुल अनुदान के साथ तेल पीएसयू (आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल) को 7,432 सार्वजनिक फास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन आवंटित किए हैं।

प्रस्ताव

- ईवी चार्जर्स (सौर चार्जिंग सुविधा के साथ/बिना) और संबंधित विद्युत प्रणाली की आपूर्ति
- अपस्ट्रीम विद्युत प्रणाली के साथ ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए ईपीसी समाधान

वर्ष के दौरान उपलब्धियाँ

- बीपीसीएल से 70 नग 50 किलोवाट ईवी चार्जर की आपूर्ति, आई एंड सी के लिए ऑर्डर। यह पहली बार है जब BHEL निर्मित EV चार्जर की आपूर्ति की जाएगी।
- इन–हाउस विकसित 50 किलोवाट डीसी फास्ट ईवी चार्जर के प्रोटोटाइप को बीपीसीएल द्वारा स्वीकार कर लिया गया है।

भविष्य का दृष्टिकोण

देश के ई–मोबिलिटी मिशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ, बीएचईएल ने कई घरेलू विकास पहल शुरू की हैं। 122 किलोवाट चार्जर के सफल विकास और प्रमाणन और 50 किलोवाट चार्जर के प्रमाणीकरण के साथ, बीएचईएल सेगमेंट में ईपीसी समाधान पेश करके ईवी चार्जिंग स्टेशनों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार है। साथ ही, ईवी चार्जर की अन्य रेटिंग के विकास और निर्माण की पहल भी की जा रही है।

बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस)

फरवरी 2023 में केंद्रीय बजट में, भारत सरकार ने 4000 मेगावाट बीईएसएस क्षमता की परियोजनाओं के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण की घोषणा की है। इसके अलावा, ग्रिड अनुप्रयोग के लिए स्टेशनरी स्टोरेज बैटरी सेल (एसएसबीसी) पर उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना भी उचित समय पर आने की उम्मीद है।

प्रस्ताव

- बीईएसएस के लिए संपूर्ण ईपीसी समाधान

भविष्य का परिप्रेक्ष्य

बीएचईएल ईपीसी मोड में बैटरी एनर्जी स्टोरेज व्यवसाय के अवसरों को सक्रिय रूप से तलाश रहा है।

चिकित्सा ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र

बीएचईएल ने सीएसआईआर प्रौद्योगिकी पर आधारित 16 प्रेशर वैक्यूम स्विंग अब्जॉर्प्शन (पीवीएसए) आधारित ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र (500 एलपीएम और 1000 एलपीएम) का निर्माण और आपूर्ति की है। अधिकांश ग्राहक स्वास्थ्य सेवा उद्योग से हैं।

1.7.2.7 नवीकरणीय ऊर्जा

भारत का हाल ही में अद्यतन एनडीसी (राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान) 2030 तक गैर–जीवाश्म ईंधन–आधारित ऊर्जा संसाधनों से लगभग 50% संचयी विद्युत स्थापित क्षमता का सुझाव देता है। इसमें से अधिकांश सौर क्षमता होने की उम्मीद है।

प्रस्तावों की वर्तमान सूची

- बीईएसएस (बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली) के साथ या उसके बिना, सौर पीवी पावर संयंत्रों की अवधारणा से लेकर कमीशनिंग तक ईपीसी समाधान

- ग्राउंड माउंटेड, रूफ़ टॉप, कैनाल टॉप और फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र
- यूटीलिटी के साथ–साथ रेलवे ट्रैक्शन अनुप्रयोगों के लिए सौर इनवर्टर
- घरेलू सामग्री आवश्यकता (डीसीआर) को पूरा करने वाले लूज मल्टी क्रिस्टलीय सौर पीवी सेल
- मोनो–पीईआरसी सोलर पीवी मॉड्यूल (400 डब्लूपी तक)

वर्ष के दौरान उपलब्धियाँ

- कुल 152 मेगावाट के फ्लोटिंग सोलर संयंत्रों की सफल कमीशनिंग के साथ, बीएचईएल भारत में फ्लोटिंग सोलर सेगमेंट में अग्रणी संगठन के रूप में उभरा है।
- भारत के माननीय प्रधान मंत्री ने जुलाई 2022 में देश के सबसे बड़े फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र एनटीपीसी रामागुंडम, तेलंगाना (100 मेगावाट) और एनटीपीसी कायमकुलम (22 मेगावाट) को राष्ट्र को समर्पित किया।
- बीएचईएल ने वित्त वर्ष 2022–23 में 95 मेगावाट की सौर क्षमता को चालू और सिंक्रोनाइज़ किया।
- बीएचईएल को रामागुंडम, तेलंगाना में अपने 100 मेगावाट के फ्लोटिंग सोलर पीवी प्लांट के लिए रिन्यूएबल एनर्जी इंडिया अवार्ड्स के छठे संस्करण में 'लीडिंग ईपीसी – सोलर' श्रेणी में प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला।
- बीएचईएल ने बीना, मध्य प्रदेश में 1.7 मेगावाट की सौर परियोजना डिजाइन और विकसित की। भारतीय रेलवे को 'जीरो कार्बन टेक्नोलॉजी का सर्वोत्तम उपयोग' श्रेणी के तहत यूआईसी इंटरनेशनल सस्टेनेबल रेलवे अवार्ड 2022 प्राप्त हुआ है। यह संयंत्र दुनिया में अपनी तरह का पहला संयंत्र है क्योंकि यह सीधे रेलवे ट्रैक्शन सिस्टम को सौर ऊर्जा प्रदान करता है।

भविष्य का दृष्टिकोण

भारत के हाल ही में अद्यतन एनडीसी से सौर क्षमताओं के विस्तार को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। लक्ष्य हासिल करने के लिए, एमएनआरई (नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय) ने एक रोडमैप जारी किया है जिसमें सरकार ने वित्त वर्ष 2023–24 से वित्त वर्ष 2027–28 तक 5 वर्षों के लिए सालाना 50 गीगावॉट आरई (नवीकरणीय ऊर्जा) क्षमता के लिए बोलियां आमंत्रित करने का निर्णय लिया है। 1.2 गीगावॉट के पोर्टफोलियो के साथ घरेलू सौर ऊर्जा बाजार में, सौर पीवी सेल्स (105 मेगावाट/वर्ष) और पीवी मॉड्यूल (226 मेगावाट/वर्ष) की स्वदेशी विनिर्माण सुविधाओं और आयातित सौर पीवी सेल्स पर लगने वाले आधारभूत सीमा शुल्क के चलते बीएचईएल आगामी चुनिंदा अवसरों का लाभ ले रहा है।

इसके अलावा, बीएचईएल फ्लोटिंग सोलर के क्षेत्र में विभिन्न अवसरों को लक्षित करने के लिए फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट में अपने अनुभव और इंजीनियरिंग और निष्पादन शक्ति का उपयोग करने के लिए काम कर रहा है।



बीएचईएल द्वारा एनटीपीसी, रामागुंडम, तेलंगाना में कमीशन किया गया देश का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र –100 मेगावाट का सौर पीवी संयंत्र

कोयला गैसीकरण की स्वदेशी प्रौद्योगिकी के माध्यम से **'आत्मनिर्भरता'**

कोयला गैसीकरण

कोयला गैसीकरण की प्रक्रिया ऊर्जा उत्पादन के साथ–साथ उच्च स्तरीय रासायनिक उत्पादन के लिए भी विविध अवसर उपलब्ध कराती है। बीएचईएल 1985 से उच्च–राख वाले भारतीय कोयले का गैसीकरण करने में अग्रणी रहा है। बीएचईएल ने उच्च राख वाले भारतीय कोयले के गैसीकरण के लिए दुनिया की पहली प्रेशराइज्ड फ्लूडाइज्ड बेड गैसीफिकेशन (पीएफबीजी) तकनीक विकसित की है। इसके अतिरिक्त बीएचईएल ने अमोनियम नाइट्रेट वाणिज्यिक पैमाने के संयंत्र के लिए 2,000 टीपीडी कोयले के लिए गैसीफायर की डिजाइन और इंजीनियरिंग का कार्य पूरा किया है।

यह स्वदेशी प्रौद्योगिकी कोयला गैसीकरण के लिए माननीय प्रधान मंत्री के विजन के साथ पूरी तरह से फिट बैठती है, जिसे राष्ट्रीय कोयला गैसीकरण मिशन के माध्यम से लागू किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य 2030 तक 100 मिलियन मीट्रिक टन कोयले के गैसीकरण को प्राप्त करना है।


पीएफबीजी प्रौद्योगिकी की दिशा में, बीएचईएल ने भारत के स्वदेशी रूप से विकसित प्रथम 0.25 टीपीडी मेथनॉल उत्पादन प्रदर्शन संयंत्र का सफलतापूर्वक विकास किया है।

गैसीकरण के माध्यम से उच्च राख भारतीय कोयले को मेथनॉल में बदलना और अमाइन आधारित प्रक्रिया का उपयोग करना भारत में अपनी तरह का पहला प्रौद्योगिकी प्रदर्शन है। इस परियोजना को नीती आयोग के सहयोग से विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग से वित्त पोषण प्राप्त हुआ।



व्यावसायिक खंडों
की रूपरेखा एवं
कार्यनिष्पादन

अंतरराष्ट्रीय परिचालन



1.7.3 अंतरराष्ट्रीय प्रचालन

संक्षिप्त परिचय?

बीएचईएल दुनिया भर में विश्व स्तरीय विद्युत उत्पादन, पारेषण और औद्योगिक उपकरणों का एक विश्वसनीय डिजाइनर, निर्माता और आपूर्तिकर्ता रहा है। बीएचईएल ईपीसी कॉंट्रेक्टर के रूप में काम करने के लिए लचीलापन प्रदान करता है और विभिन्न अन्य व्यावसायिक साझेदारी मॉडल जैसे आपूर्ति और पर्यवेक्षण, केवल आपूर्ति, सब–कॉन्ट्रेक्टर, कंसोर्टियम पार्टनर, संविदा विनिर्माता आदि पर भी काम करता है। हमारा अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय सभी छह बसे महाद्वीपों के 88 देशें में फैला हुआ है। बीएचईएल की इन–हाउस डिजाइन टीम अंतरराष्ट्रीय डिजाइन मानकों से अच्छी तरह वाकिफ है और हमारे समाधान ग्राहक आवश्यकताओं के अनुकूल हैं। हमने अब तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 12 GW विद्युत–संयंत्र उपकरणों की आपूर्ति और स्थापना की है और अन्य 5 GW की स्थापना प्रगति पर है।

वर्तमान में, विदेशी बाजार में निष्पादित की जा रही प्रमुख परियोजनाओं में बांग्लादेश में (2x660 MW) मैत्री थर्मल पावर प्रोजेक्ट, और भूटान में (6x200 MW) Punatsangchhu-I तथा (6x170 MW) Punatsangchhu-II हाइड्रो प्रोजेक्ट, मॉरीशस में; 8 MW सोलर पीवी प्रोजेक्ट, नेपाल में; (4x225 MW) अरुण–3 हाइड्रो प्रोजेक्ट और (2x20) MW राहुघाट हाइड्रो प्रोजेक्ट, नाइजीरिया में 26 MW कैलाबर गैस आधारित पावर प्रोजेक्ट और 1.3 MW Kaduna सोलर मिनी ग्रिड प्रोजेक्ट, (2x200 MW) सीरिया में Tishreen थर्मल प्रोजेक्ट और स्पेयर और सर्विसेज के लिए कई ऑर्डर शामिल हैं। इसमें 125 MW Sendou थर्मल पावर प्रोजेक्ट, सेनेगल के लिए पुर्जों और सेवाओं के लिए अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर शामिल है।

दुनिया महामारी के बाद रिकवरी की ओर है, यूक्रेन–रूस संघर्ष आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करके विश्व स्तर पर वांछित रिकवरी स्तर को बाधित कर रहा है। बीएचईएल इस परिदृश्य में उत्पन्न होने वाले अवसरों के संदर्भ में अपने डिजाइन, इंजीनियरिंग और विनिर्माण क्षमताओं का लाभ उठाने के लिए काम कर रहा है। कंपनी ने सात साल के अंतराल के बाद हनोवर, जर्मनी में दुनिया के सबसे बड़े औद्योगिक मेले में भी भाग लिया है और अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों में रुचि पैदा करने के लिए अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित किया है।

विदेशी ऑर्डर बुकिंग और परियोजना निष्पादन में मुख्य उपलब्धियां–

- विदेश में शुरू की गई सबसे बड़ी एकल इकाई – बीएचईएल ने प्रतिष्ठित 2x660 MW मैत्री एसटीपीपी, बांग्लादेश के लिए यूनिट–1 के सिंक्रनाइज़ेशन द्वारा अपनी इंजीनियरिंग और विनिर्माण क्षमता साबित की है।

  इस परियोजना का शुभारंभ भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की माननीय प्रधानमंत्री सुश्री शेख हसीना ने संयुक्त रूप से किया था।

- बीएचईएल द्वारा आपूर्ति किए गए COGEN पावर प्लांट के लिए 5 साल

  की अवधि के लिए गैस टर्बाइन कैपिटल पुर्जों की आपूर्ति के लिए OQ Oman के साथ दर संविदा।

- 336 MW Chhukha जलविद्युत संयंत्र, भूटान के 84 MW जनरेटर यूनिट–4 के प्रतिस्थापन और बहाली का ऑर्डर।

- मोटर, ट्रांसफार्मर, आदि के ऑर्डर के साथ–साथ पड़ोसी देशों, अफ्रीकी, दक्षिण पूर्व एशिया, लैटिन अमेरिकी देशों से बिक्री समर्थन के बाद 16 देशों से 58 ऑर्डर प्राप्त।

- सेनेगल से आफ्टर सेल सेगमेंट के रूप में विदेशों में अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर प्राप्त किया।

सम्मान

एक निर्यातक के रूप में बीएचईएल के प्रयासों की सराहना की गई है और इसे ''भू–रणनीतिक पहुंच में वृद्धि'' के क्षेत्र में 9वें गवर्नेंस नाउ पीएसयू पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

भविष्य के लिए दृष्टिकोण

वैश्विक स्तर पर, पारंपरिक ऊर्जा क्षेत्र ऊर्जा संक्रमण और वित्त पोषण के मुद्दों का सामना करता रहा है। विकासशील/अफ्रीकी देशों का बढ़ता ऋण स्तर, राजकोषीय नीति निर्माताओं की नई चुनौतियों से निपटने की क्षमता को सीमित करता है। यूक्रेन–रूस युद्ध के कारण चल रहे भू–राजनीतिक तनाव, प्रमुख यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं पर प्रभाव, आपूर्ति श्रृंखलाओं में निरंतर व्यवधान पिछले दो वर्षों में महामारी के प्रभाव के बाद, विश्व अर्थव्यवस्था की सुचारू रिकवरी में बाधक है।

बीएचईएल विशेष रूप से ऊर्जा, तेल और गैस क्षेत्रों में अनुकूलित उत्पादों और टर्नकी समाधानों की विस्तृत श्रृंखला की आपूर्ति के लिए अपनी विश्व स्तरीय डिजाइन, इंजीनियरिंग और विनिर्माण क्षमताओं का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और साथ ही खुद को पारंपरिक विनिर्माण स्थलों के लिए एक व्यावहारिक विकल्प के रूप में स्थापित कर रहा है। पड़ोसी, मध्य पूर्व और अफ्रीकी देशों पर हमारे फोकस ने बीएचईएल को कुछ आगामी परियोजनाओं में अनुकूल स्थिति में लाने में सक्षम बनाया है। वैश्विक पूंजीगत व्यय में मंदी के बीच, हमारी कंपनी मौजूदा क्षमताओं के जीवन विस्तार से उत्पन्न होने वाले स्पेयर के अवसरों पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। भूराजनीतिक स्थिति ने यूरोपीय और रूसी देशों से आपूर्ति के लिए कई अवसर पैदा किए हैं। ऐसी भौगोलिक विशिष्ट रणनीतियों ने बीएचईएल को अपना अंतरराष्ट्रीय कारोबार बढ़ाने में सक्षम बनाया है जिसके आने वाले वर्षों में कई गुना बढ़ने की संभावना है। बीएचईएल ने अपने निर्यात कारोबार को बढ़ावा देने के लिए तीन–आयामी दृष्टिकोण अपनाया है;

1. मोटर, जनरेटर, ट्रांसफार्मर जैसे उत्पादों का निर्यात
2. पड़ोसी देशों, अफ्रीका, मध्य पूर्व जैसे मौजूदा क्षेत्रों में अपना कार्य बढ़ाना
3. यूरोप और लैटिन अमेरिका जैसे बाजारों में भौगोलिक पहुंच बढ़ाना



बीएचईएल द्वारा भूटान में कमीशन की गई 336 मेगावाट (मेगावाट) छुखा हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजना (एचईपी)

बीएचईएल की वैश्विक पहचान



सभी छह बसे हुए महाद्वीपों के

88 देशों से व्यावसायिक संबंधों

से वैश्विक पहचान

यह ग्राफिकल प्रतिरूप है दुनिया के भौतिक मानचित्र का प्रतिरूप नहीं है

1.8 वित्तीय निष्पादन का व्यापक विश्लेषण

1.8.1 बीएचईएल एकल (स्टैंडअलोन)

क. वित्तीय परिणाम

1. कुल आय

(करोड़ ₹ में)


विवरण	2022-23	2021-22
ग्राहकों के साथ संविदा से राजस्व	**22136**	20153
अन्य परिचालन आय	**1229**	1058
अन्य आय	**515**	368
कुल आय	**23880**	21579

वित्त वर्ष 2022–23 में कुल आय में पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में लगभग 11% की वृद्धि हुई है। कुल आय के प्रत्येक तत्व के लिए मदवार स्पष्टीकरण नीचे दिया गया है:

1.1. ग्राहकों के साथ संविदा से राजस्व

(करोड़ ₹ में)

विवरण	2022-23	2021-22
निर्माण और परियोजना से संबंधित गतिविधि से राजस्व	**16083**	14107
उत्पाद और अन्य सेवाओं की बिक्री	**6053**	6046
ग्राहकों के साथ अनुबंध से कुल राजस्व (Ind AS 115 के अनुसार)	**22136**	20153



कंपनी ने पिछले वर्ष की तुलना में 14% राजस्व के साथ, वित्त वर्ष 2022–23 में राजस्व में लगभग 10% की कुल वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने परियोजना निष्पादन पर अपना ध्यान केंद्रित करना जारी रखा है और निर्माण एवं प्रोजेक्ट संबंधी गतिविधियों के राजस्व में पिछले वर्ष की तुलना में 14% वृद्धि की है। ये उपलब्धियां 'प्रोजेक्ट केंद्रित' परिचालन की दिशा में अपनी विचारधारा को बदलने के कंपनी के प्रयासों से हैं।

इसके अलावा, टॉपलाइन में वृद्धि इनपुट सामग्री की समय पर उपलब्धता और खरीद की लागत को प्रभावित करने वाली कंपनियों की कीमत में असामान्य अस्थिरता जैसे कई बाधाओं के बावजूद हासिल की गई है।

वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं (जैसे स्थानीय लॉकडाउन और शंघाई बंदरगाह– चीन में स्थान की कमी) ने शॉप उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण कच्चे माल की समय पर उपलब्धता को प्रभावित किया है। इसके अलावा, सेमीकंडक्टर की कमी ने वर्ष के दौरान भारतीय रेलवे के लिए प्रोपल्शन प्रणालियों के निर्माण में बाधा डाली।

हालांकि वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी और भू–राजनीतिक गड़बड़ी का हाल के दिनों में व्यवसाय पर कुछ प्रभाव पड़ा है, लेकिन बुनियादी सुविधा क्षेत्र में अपेक्षित बड़े निवेश कंपनी के लिए बड़े विकास के अवसर प्रदान करेंगे। नई निविदाओं के आने से नए ताप विद्युत संयंत्रों की मांग बढ़ गई है। इसी तरह, कंपनी स्पेयर और सेवा व्यवसाय में ऑर्डर बुकिंग में सुधार पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप बीएचईएल ने इस क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा 3,800 करोड़ से अधिक का ऑर्डर बुक किया है। इस तरह के छोटी अवधि के ऑर्डर से छोटी से मध्यम अवधि में कंपनी के मुनाफे में सुधार लाने में भी मदद मिलने की संभावना है।

1.2. अन्य परिचालन आय

(करोड़ ₹ में)

विवरण	2022-23	2021-22
अन्य परिचालन आय	**1229**	1058

कंपनी ने वर्ष के दौरान ₹ 1,229 करोड़ रुपये की अन्य परिचालन आय का उच्चतम स्तर हासिल किया है।

1.3. अन्य आय

(करोड़ ₹ में)

विवरण	2022-23	2021-22
ब्याज आय	**421**	303
संयुक्त उद्यम में निवेश पर लाभांश – बीजीटीएस	**26**	30
म्यूचुअल फंड / पीपीई की मदों, सरकार की इकाइयों की बिक्री पर लाभ अनुदान और अन्य	**68**	35
कुल	**515**	368

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान अन्य आय का प्रमुख घटक ब्याज से प्राप्त आय रहा है, जिसे पिछले वर्षों के आयकर रिफंड से बढ़ावा मिला है, जो कि ₹ 106 करोड़ है। पिछले वर्ष की तुलना में सावधि जमा और अन्य निवेशों पर ब्याज दर अधिक होने के कारण वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान राजकोषीय आय भी वित्त वर्ष 2021–22 की तुलना में अधिक रही है।

इसके अलावा, एनआईएनएल का टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट्स लिमिटेड में विनिवेश पूरा होने के साथ, बीएचईएल को ₹ 25 करोड़ से अधिक का लाभ हुआ है (1998 में किए गए ₹ 5 करोड़ के मूल निवेश का मूल्य शून्य था)

2. व्यय

2.1. सामग्री की खपत, निर्माण और इंजीनियरिंग व्यय

(करोड़ ₹ में)

विवरण	2022-23	2021-22
लगाए गए कच्चे माल की लागत	**5875**	5062
क्रय	**4658**	4142
सिविल, इरेक्शन एवं इंजीनियरिंग व्यय	**5421**	4793
कुल	**15954**	13997
(अभिवृद्धि)/तैयार माल की सूची में कमी, चालू कार्य और स्क्रैप	**(57)**	525
कुल	**15897**	14522
सामग्री लागत राजस्व का :	**72%**	72%

पिछले साल धातु की कीमतों में कुछ कमी आई है, लेकिन अभी भी अधिक हैं। वैश्विक स्तर पर निरंतर अनियमितता विभिन्न वस्तुओं की कीमतों को और प्रभावित कर रही है। कोविड से संबंधित लॉकडाउन से उत्पन्न होने वाले ब्रेक / डेडलॉक के कारण अतिरिक्त लागत आई जिसने कंपनी के शुद्ध लाभ को भी प्रभावित किया है।

पिछले कुछ वर्षों से, कंपनी कई प्रयासों पर ध्यान केंद्रित कर रही है जैसे डिजाइन, स्वदेशीकरण आदि में लागत अनुकूलन, और उच्च सकल मार्जिन वाले क्षेत्रों में आदेशों पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। इसने कंपनी को सामग्री लागत को 72% तक नियंत्रित करने में सहायता मिली है, जो पिछले वर्ष के बराबर है।

2.2. कर्मचारी हितलाभ व्यय

(करोड़ ₹ में)

विवरण	2022-23	2021-22
कर्मचारी हितलाभ व्यय	**5701**	5517
कर्मचारियों की सं.	**29536**	30758


उच्च डीए दर/एचआरए आदि के कारण समग्र कर्मचारी हितलाभ व्यय पिछले वर्ष से केवल मामूली रूप से अधिक (3%) है। हालांकि, परिवर्तनीय खर्चों पर सख्त नियंत्रण है। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2021–22 की तुलना में वित्त वर्ष 2022–23 के अंत में जनशक्ति में ~ 4% की कमी आई है।

2.3. अन्य व्यय

(करोड़ ₹ में)

विवरण	2022-23	2021-22
क) निर्माण, प्रशासन, बिक्री और वितरण के अन्य खर्च	**1466**	1355
ख) विद्युत और ईंधन	**488**	415
ग) प्रावधान (शुद्ध)	**(847)**	(1526)
घ) विनिमय दर भिन्नता	**(460)**	(82)
कुल	**647**	162

विनिर्माण, प्रशासनिक और बिक्री एवं वितरण (एस एंड डी) खर्चों जैसे अन्य खर्चों के संबंध में सख्त नियंत्रण तंत्र के परिणामस्वरूप ऐसे व्यय (राजस्व के % के रूप में) वित्त वर्ष 2021–22 की तुलना में भी निचले स्तर पर सीमित हो गए हैं, जिससे शुद्ध लाभ में वृद्धि हुई है। वर्ष के दौरान ईंधन की ऊंची कीमतें चिंता का विषय रही हैं, जिसने परिचालन मार्जिन पर नकारात्मक प्रभाव डाला है।



प्रावधानों का विवरण (शुद्ध) निम्नानुसार है:

(करोड़ ₹ में)

विवरण	2022-23	2021-22
संदिग्ध ऋण (ECL सहित), निर्णीत हर्जाना, ऋण, अग्रिम, जमा एवं अन्य	**(427)**	(1502)
बट्टे खाते में डाले गए अशोध्य ऋण, एलडी, निवेश और हानियाँ	**148**	350
संविदात्मक दायित्व	**(568)**	(374)
कुल	**(847)**	(1526)

कंपनी बैलेंस शीट में अपनी परिसंपत्तियों की गुणवत्ता में सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता देती रहती है। केंद्रित दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप कई मुद्दों का समाधान हुआ है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि प्रावधानों की शुद्ध वापसी हुई है, जिससे कंपनी की निचली रेखा में सकारात्मक योगदान हुआ है।

3. वित्तीय लागत

(करोड़ ₹ में)

विवरण	2022-23	2021-22
वाणिज्यिक पत्रों पर छूट एवं अन्य व्यय	51	139
ब्याज व्यय	309	60
प्रावधानों की समाप्ति	161	156
कुल	521	355

वित्तीय वर्ष 2021–22 की तुलना में 2022–23 में वित्तीय लागत में वृद्धि हुई है जिसका कारण वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति में वृद्धि के कारण केंद्रीय बैंक सभी स्तरों पर ब्याज दर में वृद्धि कर रहे हैं। उधार पर उच्च ब्याज दरों और उधार के तुलनात्मक रूप से उच्च स्तर के कारण समग्र वित्त लागत में वृद्धि हुई है। उधारी में भी वृद्धि हुई है, जो चालू वर्ष के अंत में 5,385 करोड़ हो गई है, जबकि 31 मार्च 2022 को यह 4,745 करोड़ थी।

4. मूल्यह्रास एवं परिशोधन व्यय

(करोड़ ₹ में)

विवरण	2022-23	2021-22
मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय	**260**	314

मूल्यह्रास लागत पूंजीकरण समय अवधि और संपत्ति वर्ग के मिश्रण के आधार पर भिन्न होती है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में मूल्यह्रास लागत में लगभग 17% की कमी आई है।

5. टैक्स व्यय

(करोड़ ₹ में)


विवरण	2022-23	2021-22
वर्तमान कर– चालू वर्ष	**48**	49
–पिछले वर्ष	**(159)**	(126)
आस्थगित कर– चालू वर्ष	**114**	109
– पिछले वर्ष	**(1)**	(5)
कुल	**2**	27

वर्ष के लिए वर्तमान कर व्यय मुख्य रूप से पिछले मूल्यांकन वर्षों से संबंधित आयकर रिफंड के समायोजन के कारण कर व्यय के उलट होने के कारण कम है। वर्ष के दौरान आस्थगित कर देनदारियां (शुद्ध) मुख्य रूप से अग्रणीत नुकसान की भरपाई के कारण हैं।

कंपनी को वित्त वर्ष 2022–23 में ₹ 266 करोड़ (₹ 106 करोड़ की ब्याज आय सहित) का आयकर रिफंड प्राप्त हुआ, जिसने न केवल नकदी प्रवाह बल्कि लाभप्रदता में भी सकारात्मक योगदान दिया।

6. लाभप्रदता

वर्ष 2022–23 में कंपनी की टॉप लाइन में 10% की वृद्धि हुई है। हालांकि सामग्री लागत वर्ष 2021–22 के बराबर यानी 72% के स्तर पर रही। यद्यपि, कड़े बजटीय नियंत्रण अपनाए जाने के बावजूद मुद्रास्फीति परिचालन बजट बनाए रखने पर दबाव डाल रही है। वर्ष के दौरान स्क्रैप की बिक्री, अचल इन्वेंट्री के निपटान आदि के माध्यम से कड़े प्रयास किए जाने से अन्य परिचालन आय अपने शीर्ष स्तर पर पहुंच गई है।



कर पश्चात लाभ ₹ 448 करोड़ (वित्त वर्ष 2021–22 ₹ 410 करोड़) है, जो कराधान क्षेत्र में किए गए प्रयासों और प्रावधानों को वापस लिए जाने के कारण भी हुआ है।

कुल मिलाकर, कंपनी ने वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान ₹ 1,231 करोड़ (वित्त वर्ष 2021–22 ₹ 1,106 करोड़) का EBITD हासिल किया, जो 11% से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है।

7. अन्य व्यापक आय

(करोड़ ₹ में)

विवरण	2022-23	2021-22
परिभाषित कर्मचारी का पुनः माप लाभ / (हानि)	**(23)**	103
घटाएं: उपर्युक्त मद से संबंधित आयकर	**(6)**	26
कुल	**(17)**	77

अन्य व्यापक आय परिभाषित लाभ योजनाओं जैसे–ग्रेच्युटी, पीएफ, पोस्ट रिटायरमेंट मेडिकल बेनिफिट (पीआरएमबी), आदि पुनः माप लाभ / (हानि) का प्रतिनिधित्व करती है।

ख. वित्तीय स्थिति

8. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (पीपीई), अमूर्त परिसंपत्ति और चालू कार्य पूँजी

(करोड़ ₹ में)

विवरण	31 मार्च, 2023			31 मार्च, 2022		
	पीपीई	अमूर्त	कुल	पीपीई	अमूर्त	कुल
सकल वहन मूल्य	6621	328	**6949**	6331	309	6640
घटाएं: संचित मूल्यह्रास / परिशोधन	4212	261	**4473**	3995	247	4242
शुद्ध वहन मूल्य (शुद्ध ब्लॉक)	**2409**	**67**	**2476**	2336	62	2398
CWIP और विकासशील अमूर्त संपत्तियाँ	345	9	**354**	422	9	431
कुल			**2830**			2829

लागू Ind AS के अनुरूप, कंपनी सालाना पीपीई के उपयोगी जीवन का आकलन और संशोधन करती है, और मूल्यह्रास की गणना तदनुसार की जाती है। उपयोगी जीवन में किसी भी परिवर्तन के मामले में, उपयोगी जीवन में परिवर्तन के वित्तीय प्रभाव को खातों के नोट्स के हिस्से के रूप में प्रकट किया जाता है। वित्त वर्ष 2022–23 में 262 करोड़ का पूंजीगत व्यय हुआ है। कंपनी नए व्यावसायिक क्षेत्रों में विविधता ला रही है, जिसके लिए भविष्य में महत्वपूर्ण पूंजी निवेश की आवश्यकता होने की संभावना है।

संपत्तियां (i) चटर्जी इंटरनेशनल सेंटर, कोलकाता में दूसरी मंजिल का कार्यालय (ii) इंदौरा आवासीय फ्लैट, नागपुर – भूमि और भवन और (iii) वडोदरा टाउनशिप – भूमि और भवन, जिनकी कुल ब्लॉक कीमत 1.42 करोड़ है, बिक्री के लिए चिह्नित की गई है परिसंपत्ति मुद्रीकरण अभियान के तहत अनुमोदनाधीन है।

9. इक्विटी निवेश

(करोड़ ₹ में)

विवरण	31 मार्च, 2023			31 मार्च, 2022		
	निवेश	हानि	शुद्ध	निवेश	हानि	शुद्ध
संयुक्त उद्यमों में निवेश	718	(52)	**666**	718	(52)	666
अन्य इक्विटी लिखित में निवेश	1	3	**4**	6	(2)	4
कुल	**719**	**(49)**	**670**	724	(54)	670

Ind AS के अनुरूप, संयुक्त उद्यमों (जेवी) और सहायक कंपनियों में निवेश को यदि कोई हानि हुई है तो उसे हिसाब में लेने के बाद अंकित किया गया था। अन्य इक्विटी में निवेश का लेखा लाभ और हानि खाते के माध्यम से उचित मूल्य पर किया जाता है और रिपोर्टिंग तिथि पर उचित मूल्य के आधार पर वहन मूल्य में परिवर्तित किया गया है।

नीलांचल इस्पात निगम लिमिटेड (NINL) में निवेश के संबंध में कंपनी द्वारा मूल निवेश 5 करोड़ की तुलना में 25 करोड़ से अधिक मूल्य प्राप्त किया है (तुलन पत्र में मूल्य शून्य दर्शाया गया है), परिणामी लाभ को अन्य आय में दर्ज किया गया है।


10. व्यापार प्राप्य (शुद्ध)

(करोड़ ₹ में)

विवरण	31 मार्च, 2023			31 मार्च, 2022		
	गैर–वर्तमान	वर्तमान	कुल	गैर–वर्तमान	वर्तमान	कुल
सकल प्राप्तियाँ	14920	3801	**18721**	15137	3618	18755
घटाएं: संदिग्ध कर्ज के लिए भत्ते	11504	673	**12177**	11933	593	12526
व्यापार प्राप्यँ (शुद्ध)	3416	3128	**6544**	3204	3025	6229

वित्त वर्ष 2021–22 में 107 दिनों से लेकर वित्त वर्ष 2022–23 में 102 दिनों तक परिचालन से राजस्व के दिनों की संख्या के संदर्भ में व्यापार प्राप्य (नेट) में कमी आई है।

व्यापार प्राप्य



इसे बिलिंग की गुणवत्ता में सुधार, समय पर बकाया एकत्र करने, अनुबंध की आवश्यकताओं के अनुसार अनुक्रमिक प्रेषण, ग्राहकों के साथ लंबित मुद्दों को समय पर बंद करने, धीमी गति से भुगतान/भुगतान न करने के मामले में अपेक्षित कार्रवाई करके बकाया के परिसमापन पर निरंतर ध्यान केंद्रित करके प्राप्त किया जा सकता है।

11. नगदी एवं नगदी समतुल्य एवं बैंक बेलेंस

(करोड़ ₹ में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
नगदी एवं नगदी समतुल्य	**1561**	733
जमा जिनकी परिपक्वता 03 महीने से ऊपर तथा 12 महीनों से कम	**4852**	6211
मार्जिन मनी के के रूप में निर्धारित बैंक शेष और एफडी	**230**	210
कुल	**6643**	7154

कंपनी ने नकदी सृजन और संरक्षण पर अपना ध्यान जारी रखा है। अनुबंध परिसंपत्तियों में उच्च निवेश के कारण, कंपनी की नकदी स्थिति पर कुछ दबाव था, हालांकि, कंपनी ने सकारात्मक नकदी और बैंक शेष के साथ अपनी ऋण मुक्त स्थिति बरकरार रखी और पूंजीगत व्यय और विविधीकरण पहल में निवेश करने के लिए पर्याप्त लाभ उठाया।

यहां यह उल्लेख करना भी उचित है कि बिलिंग की गुणवत्ता में सुधार, परियोजना–केंद्रित दृष्टिकोण जैसे अनुक्रमिक प्रेषण, बकाया राशि का समय पर संग्रह आदि द्वारा बकाया के परिसमापन पर निरंतर ध्यान देने से CY बिलिंग परिसमापन में 86% (वित्तीय वर्ष 2021–22 के समान) में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है।

12. आस्थगित कर परिसंपत्ति (शुद्ध)

(करोड़ ₹ में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
आस्थगित कर परिसंपत्ति (शुद्ध)	**3423**	3530

आस्थगित कर परिसंपत्ति मुख्य रूप से उन मदों के कारण सृजित की जाती है जिनके लिए वर्तमान वर्ष की कर योग्य आय में लाभ उपलब्ध नहीं है लेकिन इन्हें आयकर अधिनियम के उपबंधों के अनुरूप कतिपय शर्तों को पूरा करने पर भावी कर योग्य आय के साथ समायोजित किया जा सकेगा। वर्ष के दौरान आस्थगित कर परिसंपत्तियों में कमी मुख्यत: अग्रणीत हानि को सेट ऑफ किए जाने के कारण हुई है।

13. अन्य परिसंपत्तियाँ

(करोड़ ₹ में)

विवरण	31 मार्च, 2023			31 मार्च, 2022		
	गैर–वर्तमान	वर्तमान	कुल	गैर–वर्तमान	वर्तमान	कुल
संविदागत परिसंपत्तियां (शुद्ध)	18929	10811	**29740**	18248	8692	26940
इनपुट टैक्स प्राप्य	-	1086	**1086**	-	964	964
दावा वसूली योग्य	300	801	**1101**	189	755	944
कर प्राधिकारियों एवं अन्य व्यक्तियों के पास जमा राशि	134	450	**584**	110	533	643
अग्रिम एवं अन्य	70	139	**209**	76	92	168
घटाएं: प्रावधान	133	236	**369**	96	243	339
कुल	19300	13051	**32351**	18527	10793	29320


संविदा परिसंपतियां संविदा की शर्तों के अनुसार भुगतान के लिए देय न होने वाले राजस्व को दर्शाती हैं। इस प्रकार अनुबंध संपत्तियों में मुख्य रूप से गतिविधि आधारित माइलस्टोन संबंधी भुगतान, सामग्री प्राप्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने पर देय भुगतान, प्रेषण के लिए तैयार परियोजना से संबंधित तैयार माल आदि शामिल हैं। संविदा परिसंपत्तियों में ₹ 2,800 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण निष्पादन के तहत कुछ परियोजनाओं की विषम भुगतान शर्तें हैं।

14. माल सूचियाँ

(करोड़ ₹ में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
कच्चा माल एवं घटक	**3029**	2914
डब्ल्यु आई पी	**3483**	3349
एफ जी	**512**	608
स्टोर्स एवं कल–पुर्जे	**203**	208
अन्य मालसूची	**273**	228
उप कुल	**7500**	7307
घटाएं: नॉन मूविंग इनवेंट्री के लिए प्रावधान	**744**	747
कुल	**6756**	6560

अनुकूलित कार्यशील पूंजी प्रबंधन की दिशा में एक उपाय के रूप में, हाल के वर्षों में विवेकपूर्ण इन्वेंट्री प्रबंधन पद्धतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिससे इन्वेंट्री स्तर (राजस्व के दिनों की संख्या में) में सुधार हुआ है। कच्चे माल की खरीद की जा रही है, उत्पादन आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जा रही है और इन्वेंट्री को इष्टतम स्तर पर रखा जा रहा है।



15. वर्तमान कर परिसंपत्तियाँ / (देय) कुल

(करोड़ ₹ में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
वर्तमान कर परिसंपत्तियाँ / (देय) – कुल प्रावधान का	**226**	119

यह राशि मुख्य रूप से टीडीएस (निवल कर प्रावधान का प्रतिनिधित्व करती है, जो निकट भविष्य में रिफंड होने वाली है।

16. शेयर पूंजी

(करोड़ ₹ में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
प्राधिकृत शेयर पूँजी	**2000**	2000
निगत, अभिदत्त और शेयर पूँजी भुगतान	**696**	696

चालू वित्त वर्ष के दौरान शेयर पूंजी में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। प्रमोटर (भारत सरकार) की शेयरधारिता 63.17 % पर बनी हुई है।

17. अन्य इक्विटी

(करोड़ ₹ में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
प्रारंभिक शेष	**26275**	25788
नीतियों में बदलाव या पूर्व अवधि की त्रुटियों के कारण बहाली	**-**	-
जोड़े: वर्ष के दौरान कुल व्यापक आय / (हानि)		487
घटाएं: वर्ष के दौरान लाभांश (अंतरिम लाभांश सहित) का भुगतान	**(139)**	-
अंतिम शेष	**26566**	26275

अन्य इक्विटी क्षेत्र में ₹ 35 करोड़ (गत वर्ष ₹ 35 करोड़ रुपये) का पूंजी भंडार और ₹ 38 करोड़ (गत वर्ष 38 करोड़ रुपये) का पूंजीगत ऋणमुक्ति रिजर्व शामिल है।

निवल मूल्य में वृद्धि वर्ष 2021–22 के दौरान कर पश्चात लाभ और वर्ष के दौरान वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए प्रदत्त लाभांश के कारण हुई है। 29 सितंबर 2022 को आयोजित वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों द्वारा वित्त वर्ष 2021–22 के लिए 20 प्रतिशत की दर से लाभांश अनुमोदित किया गया था और बाद में वर्ष के दौरान इसका भुगतान किया गया।

कंपनी की लाभांश वितरण नीति के अनुरूप निदेशक मंडल द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए 20% लाभांश की संस्तुति की गई है जो कि वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदनाधीन है।

18. उधार एवं पट्टा देय देयताएं

(करोड़ ₹ में)

विवरण	31 मार्च, 2023			31 मार्च, 2022		
	गैर–वर्तमान	वर्तमान	कुल	गैर–वर्तमान	वर्तमान	कुल
उधार	-	5385	**5385**	-	4745	4745
पट्टा देयताएं	34	35	**69**	35	50	85
कुल	34	5420	**5454**	35	4795	4830

कंपनी ने नकदी प्राप्ति/ व्यय के अस्थायी अंतराल को पाटने के लिए अल्पकालिक उधार लिया है। डब्ल्यूसीडीएल, पीसीएफसी ऋण और वाणिज्यिक दस्तावेज के रूप में अल्पावधि उधारियां इष्टतम ब्याज दरों पर प्राप्त की गई। लिक्विडिटी की चुनौतियों के बावजूद, कंपनी ने नकदी और बैंक शेष को सकारात्मक बनाए रखते हुए अपनी ऋण मुक्त स्थिति बरकरार रखी और पूंजीगत व्यय एवं विविधीकरण पहल में पर्याप्त निवेश किया है।

कंपनी का 31 मार्च 2023 को शुद्ध नकदी और बैंक शेष (अल्पकालिक उधार) ₹ 1258 करोड़ रुपये था जबकि 31 मार्च 2022 की अवधि के लिए यह ₹ 2409 करोड़ था।

कंपनी ने देय तिथि पर या उससे पहले अपने उधारों चुकौती सुनिश्चित करना जारी रखा है।

19. वित्तीय देय

(करोड़ ₹ में)

विवरण	31 मार्च, 2023			31 मार्च, 2022		
	गैर–वर्तमान	वर्तमान	कुल	गैर–वर्तमान	वर्तमान	कुल
व्यापारिक देयताएं	2194	9896	**12090**	2132	7750	9882
अन्य वित्तीय देयताएं	256	1277	**1533**	215	1124	1339
कुल	2450	11173	**13623**	2347	8874	11221

व्यापार देय में वृद्धि परिचालन के उच्च स्तर के अनुरूप है। व्यापार देयताओं का एक बड़ा हिस्सा प्रतिधारित धनराशि के कारण है एवं कुछ मामले मुकदमेबाजी/मध्यस्थ निपटान के अधीन हैं। कंपनी ने विक्रेताओं/ उप–ठेकेदारों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ना जारी रखा है और समय पर भुगतान जारी करने के लिए सभी प्रयास किए हैं।

20. प्रावधान

(करोड़ ₹ में)

विवरण	31 मार्च, 2023			31 मार्च, 2022		
	गैर–वर्तमान	वर्तमान	कुल	गैर–वर्तमान	वर्तमान	कुल
संविदात्मक दायित्वों के लिए प्रावधान	2990	784	**3774**	2620	1235	3855
कर्मचारी हितलाभ हेतु प्रावधान	878	1384	**2262**	857	1061	1918
अन्य प्रावधान	233	623	**856**	293	760	1053
सीएसआर के लिए प्रावधान	-	6	**6**	2	10	12
कुल	4101	2797	**6898**	3771	3067	6838

कर्मचारी लाभ हेतु प्रावधान छुट्टी, चिकित्सा और ग्रेच्युटी लाभों के वास्तविक मूल्यांकन पर आधारित है। अन्य प्रावधानों में मुख्य रूप से घाटे में चल रही संविदाओं के लिए प्रावधान शामिल हैं। ₹ 06 करोड़ का सीएसआर प्रावधान चल रही परियोजनाओं पर अव्ययित राशि का प्रतिनिधित्व करता है जिसे कंपनी संशोधन नियम 2021 के अनुसार पिछले साल एक अलग बैंक खाते में स्थानांतरित किया गया।

21. अन्य देय

(करोड़ ₹ में)

विवरण	31 मार्च, 2023			31 मार्च, 2022		
	गैर–वर्तमान	वर्तमान	कुल	गैर–वर्तमान	वर्तमान	कुल
ग्राहकों से अग्रिम (मूल्य निर्धारण समायोजन सहित)	2586	3049	**5635**	2194	3854	6048
वैधानिक देय	-	908	**908**	-	776	776
सरकारी अनुदान	20	5	**25**	19	6	25
कुल	2606	3962	**6568**	2213	4636	6849

परियोजनाओं के निष्पादन के दौरान उपभोक्ताओं से प्राप्त अग्रिम को उत्तरोत्तर समायोजित किया जाता है। सांविधिक बकाये मुख्य रूप से जीएसटी देयता हैं जिसे "अन्य परिसंपतियों" (उपर्युक्त क्रमांक 13 देखें) के तहत दर्शाए गए इनपुट टैक्स क्रेडिट के समायोजन के बाद नियत तिथियों को निपटाया जाएगा। कंपनी अपने सभी जीएसटी और अन्य बकाया का समय पर निर्वहन करती रही है।

ग. निधि की स्थिति

22. निधि प्रवाह की स्थिति और चलनिधि

(करोड़ ₹ में)

विवरण	2022-23	2021-22
कार्यशील पूंजी परिवर्तन से पहले परिचालन से उत्पन्न नकदी	**254**	(341)
कार्यशील पूंजी परिवर्तन से शुद्ध नकदी प्रवाह/(बहिर्वाह)	**(1106)**	592
परिचालन गतिविधियों से शुद्ध नकदी प्रवाह/(बहिर्वाह)	**(742)**	660
निवेश गतिविधियों से शुद्ध नकदी प्रवाह/(बहिर्वाह)	**1480**	(1125)
वित्तीय गतिविधियों से शुद्ध नकदी अंतर्वाह/(बहिर्वाह)	**89**	(330)

कंपनी परिचालन से (कार्यशील पूंजी परिवर्तन से पहले) 254 करोड़ रु. की सकारात्मक नकदी उत्पन्न कर पाई है, जबकि पिछले वर्ष यह नकारात्मक ₹ 341 करोड़ रु. थी। विषम भुगतान शर्तों के कारण, अनुबंध परिसंपत्तियों और परिणामस्वरूप कार्यशील पूंजी में अधिक निवेश हुआ, जिसके अगले 2–3 वर्षों में उत्तरोत्तर समाप्त होने की उम्मीद है।

घ. प्रमुख वित्तीय अनुपात


सूचीबद्ध विनियमों की अपेक्षाओं के अनुपालन में, जहां कहीं आवश्यक हो प्रमुख वित्तीय अनुपात, व्याख्या एवं उनके, वित्तीय विवरणों के नोट (43) में प्रदर्शित किए गए हैं।

ड. क्षेत्रवार निष्पादन:

कंपनी के दो परिचालन क्षेत्र हैं–पावर और उद्योग खंड। दोनों व्यवसाय क्षेत्रों का सकारात्मक शुद्ध लाभ दर्शाया गया है। इन क्षेत्रों का निष्पादन निम्नलिखित है:

(करोड़ ₹ में)

विवरण	2022-23		2021-22	
	पावर	उद्योग	पावर	उद्योग
खंड राजस्व	**17499**	**4637**	15361	4792
खंड परिणाम	**1400**	**433**	1949	(39)
खंड नियोजित पूँजी	**18300**	**3094**	17100	3440



1.8.2 सहायक कंपनियों की वित्तीय समीक्षा

क. BHEL-GE गैस टरबाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (BGGTS):

BHEL-GE गैस टरबाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (BGGTS) बीएचईएल और जीई (अमेरिका) के एक संयुक्त उद्यम कंपनी है। इसका निर्माण जीई द्वारा निर्मित गैस टरबाइन की मरम्मत एवं सर्विसिंग के लिए किया गया है। इसका वित्तीय विवरण निम्नलिखित है:

(करोड़ ₹ में)

विवरण	2022-23	2021-22
बीएचईएल की हिस्सेदारी (%)	**50% से एक शेयर कम**	50: से एक शेयर कम
बीएचईएल का इक्विटी में निवेश	**2.38**	2.38
परिचालन से आय	**967.13**	801.18
टैक्स के बाद लाभ/ (हानि)	**112.56**	100.84
कुल मूल्य	**464.59**	403.21

वित्तीय वर्ष 2022–23 में BGGTS द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए 400% का अंतिम लाभांश और वर्ष 2022–23 के लिए ₹ 4.67 करोड़ इक्विटी शेयर के रूप में 700% अंतरिम लाभांश का भुगतान किया गया।

ख. NTPC BHEL पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (NBPPL):

NTPC BHEL पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (NBPPL) बीएचईएल और एनटीपीसी लिमिटेड की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है जिसका उद्देश्य पॉवर संयंत्रों के ईपीसी संविदाओं का निष्पादन करना तथा पॉवर संयंत्रों के ईपीसी संविदाओं का निष्पादन करना तथा पॉवर संयंत्र उपकरणों का विनिर्माण को प्रोत्साहन देना है। संयुक्त उद्यम की आंध्र प्रदेश के मन्नावरम में बेलेंस ऑफ प्लांट (बीओपी) उपकरणों की विनिर्माण इकाई है। संक्षिप्त वित्तीय विवरण नीचे सारणीबद्ध किया गया है:

(करोड़ ₹ में)

विवरण	2022-23*	2021-22
बीएचईएल की हिस्सेदारी (%)	**50%**	50%
बीएचईएल का इक्विटी में निवेश	**50.00**	50.00
परिचालन से आय	**44.45**	54.74
वर्ष के दौरान लाभ /(हानि)	**(5.49)**	(19.87)

* लेखापरीक्षा से पूर्व अनंतिम आँकड़ों पर आधारित

निदेशक मंडल द्वारा 8 फरवरी, 2018 को हुई बैठक में एनबीपीपीएल को बंद करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार ने पत्र दिनांक 23.08.2019 के माध्यम से एनटीपीसी लिमिटेड को इस कंपनी की बीएचईएल की हिस्सेदारी को खरीदने पर विचार करने की सलाह दी है। उसके बाद या तो इसे इन–हाउस ईपीसी शाखा के रूप में जारी रखने का निर्णय लें या वर्तमान कार्य पूरा होने के बाद इसे बंद कर दें। इसके अलावा, दिनांक 28.10.2022 के पत्र के माध्यम से ऊर्जा मंत्रालय ने सलाह दी है कि 1x500 MW फिरोज गांधी ऊंचाहार थर्मल पावर प्लांट में चल रहे शेष कार्यों के पूरा होने के बाद एनटीपीसी और बीएचईएल द्वारा एनबीपीपीएल को बंद करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

ग. रायचूर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RPCL):

रायचूर पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RPCL) बीएचईएल, कर्नाटक पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड (KPCL) और आईएफसीआई लिमिटेड की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है, जिसका उद्देश्य कर्नाटक के येरामरस, रायचूर में 2x800 मेगावाट सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर संयंत्र एवं एडलापुर, रायचूर में 1x800 मेगावाट सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर संयंत्र के निर्माण, स्वामित्व एवं परिचालन के आधार पर स्थापित की गई है। 31 मार्च 2023 तक प्रदत्त इक्विटी पूँजी 2999.76 करोड़ रूपये थी, जिसमें केपीसीएल का 2335.72 करोड़ रूपये और बीएचईएल का 664.04 करोड़ रूपये का योगदान था। कंपनी की वित्तीय स्थिति विवरण नीचे दिया गया है:

(करोड़ ₹ में)

विवरण	2022-23*	2021-22
बीएचईएल की हिस्सेदारी (%)	**22.14%**	22.14%
बीएचईएल का इक्विटी में निवेश	**664.04**	664.04
परिचालन से आय	**3035.43**	3198.68
वर्ष के दौरान लाभ /(हानि)	**(1114.58)**	(678.22)

* लेखापरीक्षा से पूर्व अनंतिम आँकड़ो पर आधारित

यद्यपि कंपनी को वित्तीय वर्ष 2022–23 में घाटा हुआ है, बढ़ती हुई ऊर्जा आवश्यकताओं के कारण प्लांट के परिचालन में सुधार होने की संभावना है जो कि कंपनी की बॉटम लाइन की बढ़ोत्तरी में सहायक है।

घ. पावर प्लांट पर्फोर्मेंस प्राइवेट इम्प्रूवमेंट लिमिटेड (PPPIL)

पॉवर प्लांट पर्फोर्मेंस इम्प्रूवमेंट प्राइवेट लिमिटेड (पीपीआईएल) बीएचईएल और सीमेंस एजी, जर्मनी की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है जिसे पुराने जीवाश्म ईंधन विद्युत संयंत्रों के प्रदर्शन में सुधार के लिए बढावा दिया गया है। चूंकि कंपनी की व्यवहार्यता सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त व्यवसाय नहीं हो रहा था, इसलिए प्रोमोटर पार्टनर्स कंपनी को धीरे–धीरे बंद करने के लिए परस्पर सहमत हुए। जेवीसी के सभी लंबित अनुबंधों को बंद कर दिया गया और वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान समापन की प्रक्रिया शुरू की गई। जेवीसी का परिसमापन चल रहा है।

पीपीआईएल में 2 करोड़ रूपये का निवेश है जिसके लिए पूरी तरह से प्रावधान किया गया है।

1.8.3 समेकित वित्तीय विवरण (CFS)

समेकित वित्तीय विवरण, Ind AS–110 "समेकित वित्तीय विवरण" एवं इंड AS–28 "सहयोगी और संयुक्त उद्यमों में निवेश" के अनुसार तैयार किया गया है। संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरण में Ind AS के अनुसार इक्वीटी विधि अपनाई गई है। सीएफएस के लिए मैसर्स पीपीआईएल पर विचार नहीं किया गया है क्योंकि यह परिसमापन के अधीन है।

वित्तीय निष्पादन के परिणाम का संक्षिप्त विवरण उक्त Ind AS के अनुसार निम्नलिखित है:

वित्तीय निष्पादन:

(करोड़ ₹ में)

विवरण	समाप्ति वर्ष	
	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
परिचालन से आय	**23365**	21211
कर पूर्व लाभ / (हानि)	**479**	470
कर पश्चात लाभ / (हानि)	**477**	445
अन्य व्यापक आय / (हानि)	**(17)**	77
कुल व्यापक आय / (हानि)	**461**	522

संयुक्त उद्यम के संबंध में लाभ की हिस्सेदारी – बीजीजीटीएस वित्त वर्ष 2022–23 में ₹ 56.02 करोड़ रुपये था जबकि वित्त वर्ष 2020–21 में लाभ ₹ 50.42 करोड़ रुपये था। संयुक्त उद्यम कंपनियों (एनबीपीपीएल और आरपीसीएल) को वित्त वर्ष 2021–22 में घाटा हुआ है। इन दोनों संयुक्त उद्यमों में निवेश की लागत के बराबर संचित हानियां पहले ही वित्त वर्ष 2018–19 में समेकित वित्तीय परिणामों में लिखी जा चुकी हैं।

वित्तीय स्थिति

(करोड़ ₹ में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
परिसंपत्तियाँ		
संपत्ति, संयंत्र और उपकरण, अमूर्त परिसंपत्तियां और सीडब्ल्यूआईपी (शुद्ध धारित मूल्य)	**2830**	2829
इक्विटी विधि से गणना किया गया निवेश	**232**	202
गैर–वर्तमान वित्तीय परिसंपत्तियाँ	**3503**	3294
आस्थगित कर संपत्ति (शुद्ध)	**3423**	3530
गैर–वर्तमान अन्य परिसंपत्ति	**19300**	18527
वर्तमान परिसंपत्ति	**30082**	27862
कुल	**59370**	56244
इक्विटी एवं देयता		
इक्विटी शेयर पूँजी	**696**	696
अन्य इक्विटी	**26132**	25810
गैर–वर्तमान देयताएं	**9190**	8366
वर्तमान देयताएं	**23352**	21372
कुल	**59370**	56244

1.9 पूँजी निवेश

उत्पादकता बढ़ाने और सतत विकास हासिल करने पर ध्यान जारी रखते हुए, कंपनी ने अपनी मौजूदा सुविधाओं के आधुनिकीकरण और उन्नयन में निवेश किया है, जिससे वर्ष 2022–23 के दौरान रक्षा, ट्रांसमिशन, न्यूक्लियर जैसे व्यावसायिक क्षेत्रों में क्षमता को मजबूत किया गया है और ₹ 262 करोड़ का पूंजीगत व्यय किया गया है।

इसके अलावा, कंपनी की हैदराबाद इकाई, भोपाल इकाई और कॉर्पोरेट आरएंडडी में भारी उद्योग मंत्रालय की कैपिटल गुड्स–II योजना के तहत विभिन्न परीक्षण सुविधाओं का विस्तार भी किया जा रहा है।

1.10 आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली

बीएचईएल का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण (आईएफसी) प्रणाली सम्यक रूप से प्रलेखित नीतियों और प्रक्रियाओं के रूप में तैयार की गई है ताकि कम्पनी के व्यवसाय का व्यवस्थित और दक्षतापूर्ण संचालन सुनिश्चित हो सके, जिसमें कंपनी की नीतियों का अनुपालन, परिसम्पत्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी और

त्रुटियों की रोकथाम और पहचान, लेखांकन के रिकॉर्ड की सत्यता और पूर्णता का पता लगाना और विश्वसनीय वित्तीय जानकारी को समय पर तैयार करना शामिल है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के कार्यान्वयन और रखरखाव के स्त्रोत नियम पुस्तकें, दिशा निदेश, शक्तियों का प्रत्यायोजन, आईटी प्रणाली और नियंत्रण है और ये अच्छी तरह से परिभाषित संगठनात्मक संरचना अर्थात प्रक्रियाओं के प्रत्येक चरण में विभिन्न स्तरों पर कंपनी के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों के माध्यम से प्रभावित होते हैं।

बीएचईएल के पास इन–हाउस आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग है जो अपने प्रकार के व्यवसाय के परिचालन के अनुरूप है। कॉर्पोरेट आंतरिक लेखा परीक्षा के अलावा, बीएचईएल के सभी स्थानों पर आंतरिक लेखा परीक्षा गतिविधियों को पूरा करने के लिए कंपनी में 12 आंतरिक लेखा परीक्षा कक्ष स्थापित किए गए हैं। आईएफसी की पर्याप्तता और प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए, आंतरिक ऑडिट जोखिम वाले क्षेत्रों में सुधारात्मक कार्रवाई करते हैं और ऐसा कर वे नियंत्रण प्रदान करते हैं।

लेखा परीक्षा के कार्य निदेशक मंडल स्तर की ऑडिट कमेटी (बीएलएसी) द्वारा अनुमोदित वार्षिक ऑडिट कार्यक्रम के अनुसार किए जाते हैं। आंतरिक लेखापरीक्षा गतिविधियों के परिणाम सभी इकाइयों और क्षेत्रों के साथ साझा किए जाते हैं। बीएलएएसी प्रमुख आंतरिक ऑडिट टिप्पणियों और सीएजी ऑडिट निष्कर्षों की भी समीक्षा करता है और कंपनी के बदलते वातावरण को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रहा है। बीएचईएल में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का मूल्यांकन आंतरिक परीक्षण द्वारा सभी स्थानों पर वर्ष के दौरान नियंत्रण के परीक्षण द्वारा किया गया है और परीक्षण किए गए नियंत्रण को कंपनी के भीतर प्रभावी ढंग से संचालित किया गया है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 की उपधारा 3 के खंड (i) के संदर्भ में वित्तीय नियंत्रणों पर सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा स्वतंत्र लेखा परीक्षक रिपोर्ट तथा वित्तीय विवरणों को रखा जाता है। सांविधिक लेखा परीक्षकों ने अपनी रिपोर्ट में वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और परिचालनात्मक प्रभाविता पर असंशोधित राय व्यक्त की।

1.11 गुणता निष्पादन

बीएचईएल को देश में गुणवत्ता आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए जाना जाता है। कंपनी 1981 में भारत में क्वालिटी सर्कल अवधारणा पेश करने वाली पहली कंपनी थी। पिछले चार वर्षों में, गुणवत्ता को एक बार फिर से कंपनी के उत्पादों और सेवाओं की पहचान बनाने के उद्देश्य से, कंपनी–व्यापी ''क्वालिटी फर्स्ट'' की मिशन मोड में पहल की गई है। इस पहल के तहत, कंपनी विभिन्न गुणवत्ता पहलों के कार्यान्वयन के माध्यम से अपने उत्पादों, सेवाओं और आंतरिक प्रणालियों की गुणवत्ता को मजबूत कर रही है।

बीएचईएल ने ''क्वालिटी 360'' मॉडल का अनुसरण करते हुए अपनी गुणवत्ता प्रणालियों की परिपक्वता बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने EFQM–2020 ढांचे के साथ तालमेल बिठाते हुए अपनी व्यावसायिक उत्कृष्टता यात्रा को मजबूत किया है, और संस्कृति को बढ़ाया है और साथ ही ''गुणवत्ता स्वास्थ्य सूचकांक (QHI)'' के कार्यान्वयन के माध्यम से गुणवत्ता स्वास्थ्य को पुनर्जीवित किया है।

उत्कृष्टता के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को मान्यता प्रदान करते हुए, CII-EXIM बैंक ने BHEL को पहली बार ''व्यावसायिक उत्कृष्टता को अपनाने और पोषण के लिए विशेष जूरी प्रशस्ति'' से सम्मानित किया। बीएचईएल की एचपीबीपी त्रिची, एचईईपी हरिद्वार, एचईपी भोपाल और एचपीईपी हैदराबाद इकाइयों को प्लेटिनम मान्यता से सम्मानित किया गया, जबकि पीईएम नोएडा, ईडीएन बेंगलुरु, बीएपी रानीपेट और पीएसएनआर नोएडा को ''बिजनेस एक्सीलेंस 2022 के लिए सीआईआई एक्जिम बैंक पुरस्कार'' के तहत गोल्ड प्लस से सम्मानित किया गया। कंपनी ने 14 साल के अंतराल के बाद 2020 में पहली सीआईआई एक्ज़िम बैंक मान्यता जीतने और 2021 में 4 पुरस्कार जीतने से एक लंबा सफर तय किया है, जो 'गुणवत्ता सर्वप्रथम' अभियान की सफलता को दर्शाता है।

बीएचईएल ने कर्मचारी, प्रक्रिया और प्रक्रिया गुणवत्ता में सुधार पर ध्यान केंद्रित करते हुए पूरे संगठन में एक व्यापक गुणवत्ता रोडमैप विकसित और कार्यान्वित किया है। हमारे कार्यस्थल में दक्षता को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता में, बीएचईएल ने वित्त वर्ष 2022–23 में सभी बीएचईएल डिवीजनों और इकाइयों में 5एस अभियान शुरू किया। 5एस पद्धति, सरल विनिर्माण उपकरण, उत्पादकता, गुणवत्ता, सुरक्षा आदि में सुधार के साथ कार्यस्थल उत्कृष्टता को बढ़ाने के लिए कार्यान्वित की जा रही है। इस पहल के हिस्से के रूप में, नौ बीएचईएल इकाइयां/डिवीजन, अर्थात् एचईईपी हरिद्वार, एचपीबीपी त्रिची, एचपीईपी हैदराबाद, ईडीएन बेंगलुरु, एचईपी भोपाल, टीपी झाँसी, बीएपी रानीपेट, पीईएम नोएडा और पीएसएनआर खुर्जा साइट को पहली बार मेसर्स मार्गदर्शन से 5एस प्रमाणन प्राप्त हुआ, जो एक सुव्यवस्थित और कुशल कार्यस्थल वातावरण बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

गुणवत्ता प्रदर्शन संकेतक, गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली की परिपक्वता और समग्र व्यावसायिक उत्कृष्टता को ध्यान में रखते हुए, एकीकृत गुणवत्ता स्वास्थ्य सूचकांक (क्यूएचआई) को पूरे संगठन में लागू किया जा रहा है। वित्त वर्ष 2022–23 के लिए QHI स्कोर के आधार पर, एचईईपी हरिद्वार, एचपीईपी हैदराबाद और एचपीबीपी त्रिची पूरे संगठन में QHI में 4.5% (वर्ष–दर–वर्ष) से अधिक की समग्र वृद्धि के साथ शीर्ष तीन इकाइयों के रूप में उभरी हैं।

विनिर्माण इकाइयों, इंजीनियरिंग केंद्रों और पावर सेक्टर के परियोजना स्थलों पर मौजूदा गुणवत्ता प्रणालियों को मजबूत करने के लिए सीआईआई/सीक्यू और बीई द्वारा आवधिक गुणवत्ता ऑडिट, गुणवत्ता प्रबंधन प्रभावशीलता समीक्षा और कुल गुणवत्ता प्रबंधन (टीक्यूएम) मूल्यांकन आयोजित किए जा रहे हैं। ईएफक्यूएम 2020 मॉडल के अनुसार सभी बीएचईएल डिवीजनों ने क्यूएमईआर समीक्षा और टीक्यूएम मूल्यांकन किया है।

बीएचईएल 1981 में गुणता चक्र (क्यूसी) आंदोलन की अवधारणा पेश करने वाला भारत का पहला संगठन था। इसमें 993 क्वालिटी सर्कल हैं, जिनमें से प्रत्येक बीएचईएल में निरंतर सुधार की संस्कृति में योगदान दे रहा है। एक उल्लेखनीय उपलब्धि में, कुल आठ बीएचईएल गुणता चक्र टीमों ने जकार्ता, इंडोनेशिया में आयोजित गुणवत्ता नियंत्रण चक्रों के 47वें शृंखला सम्मेलन – 2022 (ICQCC) में भाग लिया और गोल्ड अवार्ड (सर्वोच्च पुरस्कार श्रेणी) प्राप्त किया।

गुणवत्ता पर संवाद यानी "Qonverse" वित्त वर्ष 2020–21 से प्रचलन में है जो इकाइयों को अन्य बीएचईएल इकाइयों में अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम और अनूठी पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। मुख्य ध्यान प्रशिक्षण पर दिया जाता है, जिसमें गुणवत्ता के क्षेत्र में कर्मचारियों की क्षमता निर्माण के लिए इकाइयों के मानव संसाधन विकास (एचआरडी) केंद्रों द्वारा आयोजित प्रशिक्षणों के अलावा बीएचईएल के विभिन्न केंद्रों पर गुणवत्ता प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

नए क्षेत्रों में बीएचईएल के विविधीकरण के साथ, नए उत्पादों के लिए मजबूत गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली स्थापित करने पर प्रमुख जोर दिया जा रहा है। वित्त वर्ष 2022–23 में, वैमानिकी गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय (डीजीएक्यूए) ने पहली बार एएफक्यूएमएस (फर्मों और इसकी गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली की स्वीकृति) के साथ एचपीवीपी विजाग इकाई और इसकी गुणवत्ता प्रबंधन प्रणालियों को मंजूरी दी। इसके अतिरिक्त, बीएचईएल की एचपीवीपी विजाग और बीएपी रानीपेट इकाइयां एयरोस्पेस मानक (एएस 9100) के अनुसार विमानन, अंतरिक्ष और रक्षा संगठन की आवश्यकताओं का पालन करती हैं। बीएचईएल के विभिन्न उत्पाद भारतीय सेंट्रल बॉयलर्स बोर्ड, अमेरिकन सोसाइटी ऑफ मैकेनिकल इंजीनियर्स (एएसएमई), यूएसए; भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस); अमेरिकन पेट्रोलियम इंस्टीट्यूट (एपीआई), यूएसए; और लॉयड्स रजिस्टर, आदि एजेंसियों द्वारा भी प्रमाणित हैं।

1.12 मानव संसाधन

किसी इंजीनियरिंग संगठन के लिए उसके कर्मचारी सबसे बड़ी संपत्ति होते हैं और बीएचईएल को अपने प्रेरित और सक्षम कार्यबल पर गर्व है। बीएचईएल को 'प्रोजेक्ट सेंट्रिक' संगठन में बदलने के लिए पर्याप्त प्रयास किए गए हैं। कर्मचारी–संबंधित मुद्दों और चिंताओं को व्यापक रूप से समझने, संगठनात्मक लक्ष्यों के बारे में जागरूकता बढ़ाने, संगठनात्मक परिवर्तनों के पीछे के तर्क को स्पष्ट करने और व्यक्त चिंताओं को हल करने की दिशा में सक्रिय रूप से काम करने के लिए यूनिट रीच आउट कार्यक्रम शुरू किए गए हैं।

पिछले कुछ वर्षों में, व्यक्तिगत लक्ष्यों को यूनिट/डिवीजन एवं संगठन के लक्ष्यों के साथ संबद्ध करने को सर्वोपरि महत्व दिया गया है। जवाबदेही और जिम्मेदारी की भावना पैदा करने के लिए पुरस्कार और मान्यता को ठोस लक्ष्यों की उपलब्धि से जोड़ा गया है। इसके अलावा, बीएचईएल ने संगठन के महत्वपूर्ण सफलता कारकों के साथ संबद्ध संकेतक स्थापित करने के लिए कंपनी व्यापी बैलेंस स्कोरकार्ड ढांचे को मजबूत किया है और भूमिका धारकों और कार्यों के लिए केपीआई की निष्पक्षता, मूल्यांकन और प्रासंगिकता को बढ़ावा देने के लिए एक केपीआई लाइब्रेरी भी विकसित की गई है।


अपनी मानव पूंजी के दीर्घकालिक और निरंतर विकास के लिए, कार्यबल (कार्यपालकों, पर्यवेक्षकों के साथ–साथ श्रमिकों) के प्रशिक्षण/पुनर्प्रशिक्षण, निरंतर प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिए ई–मॉड्यूल का उपयोग, नेतृत्व विकास कार्यक्रम, आंतरिक संचार को मजबूत करना, सरलीकरण जैसी पहल वर्ष के दौरान उन्हें कर्मचारी केंद्रित बनाने आदि की नीतियां अपनाई गईं।

1.12.1 ज्ञानार्जन और विकास

बीएचईएल के लिए अपने सभी कर्मचारियों, यानी कार्यपालकों, पर्यवेक्षकों और आर्टीजन के प्रौद्योगिकी और व्यावहारिक कौशल का निरंतर विकास अत्यंत महत्वपूर्ण है। कंपनी द्वारा चल रहे ऊर्जा परिवर्तन के साथ–साथ विविधीकरण पहलों के साथ, कंपनी एक चुस्त, अनुकूली और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल बनाने के लिए अनलर्निंग और रीलर्निंग पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

कॉर्पोरेट लर्निंग एंड डेवलपमेंट (सीएलडी) द्वारा पेश किए गए कार्यक्रम तीन व्यापक श्रेणियों के अंतर्गत आते हैं (क) प्रौद्योगिकी और कार्यात्मक प्रशिक्षण (ख) उन्नयन पोर्टल के माध्यम से ई–लर्निंग और (ग) प्रबंधकीय और व्यवहारिक प्रशिक्षण। परियोजना प्रबंधन के क्षेत्र में कर्मचारियों को प्रमाणन कार्यक्रम प्रदान किए जाते हैं। इसके अलावा, सभी कर्मचारियों को 98 ई–लर्निंग मॉड्यूल उपलब्ध कराए गए हैं। कर्मचारियों के लिए लागत कटौती के क्षेत्र में विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

मौजूदा ट्रेडों के लिए रीस्किलिंग FGD, न्यूक्लियर पावर प्लांट, कंट्रोल सिस्टम, पावर ट्रांसफार्मर, कंप्रेसर, पंप, WAG–7 में रीजेनरेटिव ब्रेकिंग सिस्टम, टर्बाइन और इसकी सहायक कंपनियों जैसे क्षेत्रों में की गई है।



बीएचईएल में नवंबर 2022 को 'गुणवत्ता सर्वप्रथम' विषय पर गुणवत्ता माह मनाया गया

कोयले से मेथनॉल, कोयले से अमोनिया, बैटरी विनिर्माण और ऊर्जा भंडारण प्रणाली, ग्रीन हाइड्रोजन के लिए इलेक्ट्रोलाइज़र, फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट, हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था, एयूएससी प्रौद्योगिकी, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रिक वाहन और चार्जिंग, प्रौद्योगिकी, थर्मल पावर प्लांटों का लचीलापन, ट्रेन टकराव बचाव प्रणाली (टीसीएएस) और स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली, आदि जैसे क्षेत्रों में स्किलिंग/अपस्किलिंग की गई है।

प्रौद्योगिकी/कार्यात्मक प्रशिक्षण के क्षेत्र में आंतरिक संकायों की क्षमताओं को विकसित करने पर कई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं। इन–हाउस संकायों को 'संकाय विकास कार्यक्रम' के माध्यम से विकसित किया गया, जिसका व्यापक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। सुरक्षा कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण फोकस क्षेत्र है जिसके लिए साइटों पर तैनात कर्मचारियों के लिए 'सेफ्टी इंडक्शन प्रशिक्षण' पर एक मासिक श्रृंखला शुरू की गई है, ताकि उनके सुरक्षा पहलू को बेहतर बनाने में मदद मिल सके।

बीएचईएल ने 2022–23 में अपनी इकाइयों में 1859 प्रशिक्षुओं को नियुक्त किया, जिनमें से 1390 ट्रेड (आईटीआई) प्रशिक्षु थे बाकी 469 प्रशिक्षु स्नातक, डिप्लोमा, व्यावसायिक या गैर–प्रौद्योगिकी क्षेत्र के थे। प्रशिक्षुओं को विनिर्माण क्षेत्र में सर्वोत्तम कौशल के साथ भविष्य का सामना करने के लिए तैयार करने के लिए विश्व स्तरीय इंजीनियरिंग बुनियादी ढांचे पर कार्य सीखने का अवसर प्रदान किया गया।

बीएचईएल का 7वां "ज्ञानार्जन सप्ताह" 5 से 11 सितंबर 2022 तक विनिर्माण इकाइयों और क्षेत्रों में मनाया गया, जिसका विषय था, 'रणनीति–नवाचार–कार्यान्वयन' को चल रही रणनीतिक योजना 2022–27 के अनुरूप बनाना।

1.12.2 निष्पादन एवं करियर विकास

बीएचईएल की परिवर्तनकारी यात्रा की योजना बनाने के क्रम में मा.सं. द्वारा उत्तराधिकार योजना की पहचान प्रमुख आवश्यक क्षेत्रों में से एक के रूप में की गई है। संगठन स्तर पर विशेष दायित्वों पर पुनर्विचार किया जा रहा है और महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों की पहचान की जा रही है। इन भूमिकाओं के लिए उत्तराधिकार की योजना सर्वप्रथम इनके लिए सफलता के प्रमुख कारकों की पहचान करके और उत्तराधिकारियों का एक समूह विकसित और तैयार करके बनाई जा रही है ताकि कार्मिकों की कमी के जोखिम को कम किया जा सके।

बीएचईएल ने अपने नेतृत्व क्षमता मॉडल और उसके व्यावहारिक तत्वों पर दोबारा गौर किया, जिन्हें संगठन के नेतृत्व द्वारा प्रदर्शित करने की उम्मीद की जाती है। इस कार्य में विकास केंद्रों के माध्यम से वरिष्ठ नेतृत्व का आकलन करना और उसके बाद संगठन के अंदर संभावित नेतृत्व विकसित करने के लिए आईआईएम जैसे प्रसिद्ध संस्थानों में प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी)



जैसे व्यक्तिगत विकास कार्यक्रमों की पहचान करना शामिल था।

विभिन्न अन्य स्तरों पर नेतृत्व विकसित करने के लिए आंतरिक रूप से और प्रमुख प्रबंधन संस्थानों के सहयोग से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। संगठन की आवश्यकताओं/ पद्धतियों के अनुरूप प्रौद्योगिकी और व्यावहारिक कौशल विकसित करने के लिए केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम डिजाइन और कार्यान्वित किए गए हैं।

कर्मचारी संतुष्टि और कार्य सहभागिता सर्वे 2021–22

प्रत्येक एकांतर वर्ष में कर्मचारी संतुष्टि और सहभागिता सर्वेक्षण किया जाता है। ज्ञानार्जन और विकास, संचार, कैरियर एवं कार्यनिष्पादन प्रबंधन, पुरस्कार और सम्मान स्वास्थ्य, सुरक्षा, पर्यावरण, प्रतिपूर्ति और भौतिक कार्य पर्यावरण संरक्षण जैसे मानकों पर निर्भर हैं। 2021–22 के लिए कर्मचारी संतुष्टि और सहभागिता सूचकांक ईएसईआई 7.88 (दस के पैमाने पर) पर है।

कंपनी अधिनियम की धारा 134 (3)(p) के अंतर्गत प्रकटीकरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3) (पी) के अनुसार, निदेशक मंडल सूचीबद्ध कंपनी की रिपोर्ट में निदेशक मंडल द्वारा निदेशक मंडल एवं निदेशकों के वार्षिक मूल्यांकन की रीति को दर्शाने वाला विवरण शामिल किया जाएगा। कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ने अपनी दिनांक 5 जून, 2015 की अधिसूचना के द्वारा सरकारी कंपनियों को कंपनी अधिनियम, 2013 के उपबंधों से छूट दी है जो अन्य बातों के साथ धारा 134 (3) (पी), औपचारिक वार्षिक मूल्यांकन विवरण के संबंध में इसके अनुसार सरकारी कंपनियों पर लागू नहीं होगी, यदि निदेशक मंत्रालय द्वारा मूल्यांकन किया जाता है जो प्रशासनिक रूप से प्रभारी है। इसके अतिरिक्त, उपर्युक्त छूट के अनुरूप, नियुक्ति, प्रदर्शन मूल्यांकन और पारिश्रमिक के संबंध में धारा 178 की उप–धारा (2), (3) और (4) सरकारी कंपनियों के निदेशकों पर लागू नहीं होगी।

सीपीएसई में, कंपनी और भारत सरकार के बीच हस्ताक्षरित एमओयू में उन मापदंडों और पहलुओं का विवरण है जो कंपनी को उस वित्तीय वर्ष के दौरान शुरू करने के लिए आवश्यक है। वर्ष के अंत में इस एमओयू का सरकार द्वारा मूल्यांकन किया जाता है एवं निर्धारित मापदंडों के आधार पर बीएचईएल को निष्पादन रेटिंग दी जाती है। इसके अलावा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और निदेशकों के कार्य–निष्पादन के मूल्यांकन के लिए एक अच्छी निर्धारित प्रक्रिया है। सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) ने एक प्रारूप तैयार किया है और कार्यकारी निदेशक के कार्य–निष्पादन के मूल्यांकन के लिए एक प्रक्रिया निर्धारित की है। कार्यकारी निदेशकों का कार्यकाल, जैसा कि उनकी नियुक्ति के नियमों एवं शर्तों में बताया गया है, पांच वर्ष या उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि, जो भी पहले हो, है।

निदेशक मंडल स्तर की समितियों के विचारार्थ विषय निदेशक मंडल द्व ारा अनुमोदित होते हैं। निदेशक मंडल स्तर की समितियों के कार्यवृत्त को निदेशक मंडल के अवलोकनार्थ उसके समक्ष रखा जाता है। स्वतंत्र निदेशकों के संबंध में, उनकी नियुक्ति और कार्यकाल (आमतौर पर तीन साल की अवधि) भारत सरकार द्वारा तय किया जाता है। डीपीई बीएचईएल के प्रशासनिक मंत्रालय (एमएचआई) के माध्यम से कंपनी के निदेशक मंडल में गैर–आधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशकों के कार्य–निष्पादन का मूल्यांकन/ आकलन का कार्य कर रहा है।

1.12.3 औद्योगिक संबंध

बीएचईएल की सभी वर्गों के कर्मचारियों के साथ खुले और निरंतर संचार की नीति के माध्यम से सुनिश्चित 'सभी की भागीदारी के माध्यम से सर्वांगीण विकास', हमारी औद्योगिक संबंधों की यात्रा का प्रेरक मंत्र रहा है। विभिन्न कर्मचारी समूहों के साथ निकट सहयोग में प्रबंधन द्वारा भागीदारी संस्कृति को दिया गया प्रोत्साहन संगठन में एक सौहार्दपूर्ण औद्योगिक संबंध वातावरण को बनाए रखने और बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान कंपनी की विभिन्न निर्माण इकाइयों, प्रभागों और कार्यालयों में औद्योगिक संबंध सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण रहे। कंपनी की नीतियों के खिलाफ हड़ताल के कारण वर्ष के दौरान नगण्य (0.002%) मानव दिवस नष्ट हुए, जो प्रबंधन के साथ–साथ कर्मचारी समूहों द्वारा संगठन के लक्ष्यों की दिशा में संयुक्त रूप से काम करने के लिए किए गए ठोस प्रयासों का प्रमाण है।

भागीदारी संस्कृति को बनाए रखने के लिए बीएचईएल की प्रतिबद्धता के अनुरूप, वर्ष के दौरान शीर्ष स्तरीय द्विपक्षीय मंच अर्थात् "बीएचईएल की संयुक्त समिति" की एक बैठक आयोजित की गई थी। इसके अतिरिक्त, इकाई स्तर पर, विभिन्न विनिर्माण स्थानों पर "प्लांट काउंसिल" की 38 बैठकें और "शॉप काउंसिल" की 278 बैठकें आयोजित की गईं। इन मंचों पर चर्चा विशेष रूप से उत्पादकता में वृद्धि, गुणवत्ता, सुरक्षा और डिलिवरी से ग्राहक प्रतिबद्ध ताओं को पूरा करना और कंपनी के वित्तीय स्वास्थ्य में सुधार के लिए विभिन्न लागत कटौती उपायों को अपनाकर कंपनी के समग्र प्रदर्शन में सुधार लाने के बारे में हुई। इन प्रयासों के माध्यम से, बीएचईएल का लक्ष्य स्थायी विकास, प्रतिस्पर्धात्मकता और लाभप्रदता सुनिश्चित करके कर्मचारियों सहित अपने विभिन्न हितधारकों को लाभान्वित करना है।

1.12.4 जनशक्ति

दिनांक 31 मार्च, 2023 को कंपनी की कुल जनशक्ति 29,536 है जिनमें 10,187 कार्यपालक, 4,363 पर्यवेक्षक तथा 14,986 श्रमिक शामिल हैं।



निदेशक (आईएसएंडपी), बीएचईएल आईओसीएल पानीपत रिफाइनरी में परियोजना समीक्षा के दौरान बीएचईएल इंजीनियरों के साथ



बीएचईएल के सीएमडी एचईपी, भोपाल में पंचिंग ऑपरेशन का निरीक्षण करते हुए

1.12.5 राष्ट्रपति के निदेशों के संबंध में स्थिति

(क) आरक्षित श्रेणी के व्यक्तियों के लिए आरक्षण नीति (ख) वर्ष 2020–21, 2021–22 और 2022–23 के दौरान कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में कोई राष्ट्रपति निदेश प्राप्त नहीं हुआ है।

1.12.5.1 आरक्षित श्रेणी के व्यक्तियों के लिए आरक्षण नीति पर निर्देश:

केंद्र सरकार द्वारा समय–समय पर जारी आरक्षण नीति पर राष्ट्रपति के निदेशों में सीधी भर्ती के साथ–साथ निर्दिष्ट पदों में पदोन्नति और उम्मीदवारों की निर्दिष्ट आरक्षित श्रेणी, यानी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) में कुछ प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाता है। इसके अलावा, निदेशों में सीधी भर्ती और पदोन्नति में निर्दिष्ट श्रेणी के कर्मचारियों के लिए कुछ रियायतों और छूट का प्रावधान भी है। राष्ट्रपति के निदेशों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है और सरकार द्वारा निर्धारित पद आधारित रोस्टर प्रणाली के माध्यम से आरक्षण प्रतिशत सुनिश्चित किया जाता है।

इस विषय पर अन्य प्रासंगिक जानकारी नीचे दी गई है:

1. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / पीडब्ल्युएस कर्मचारियों का प्रतिशत

   31 दिसंबर, 2022 को कुल जनशक्ति में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के कर्मचारियों का समग्र प्रतिनिधित्व अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए क्रमशः 20.73%, 7.56% और 36.92% था। वर्ष 2021–22 के दौरान ग्रुप ए एवं ग्रुप सी के लिए 02 अनुसूचित जाति और 01 अनुसूचित जनजाति की भर्ती की गई ।

   31 दिसंबर 2021 को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और ईडब्ल्यूएस के प्रतिनिधित्व को दर्शाने वाले निर्धारित प्रारूप में वार्षिक विवरण और कैलेंडर वर्ष के दौरान की गई नियुक्तियों की संख्या, जैसा कि सरकार को दिया गया है, **अनुलग्नक–क** में दिया गया है।

2. 31 दिसंबर, 2022 को दिव्यांग कर्मचारियों की संख्या

31 दिसंबर, 2022 को पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों की कुल संख्या 835 थी। वर्ष 2022 में समूह ए में ओएच श्रेणी में एक पार्श्विक (लेटरल) भर्ती हुई थी। 31 दिसंबर, 2022 को कंपनी में पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों की समूहवार जनशक्ति **अनुलग्नक–ख** में दी गई है।

1.12.5.2 कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करने और यौन उत्पीड़न की शिकायतों की रोकथाम और निवारण और उससे जुड़े या उसके आकस्मिक मामलों से संबंधित अधिनियम "कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013" भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा नियमों की अधिसूचना के साथ 9 दिसंबर, 2013 से लागू हो गया है, जिसे "कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) नियम, 2013" कहा जाता है।

अधिनियम के प्रावधानों और उसके अधीन नियमों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। अधिनियम के अनुसार, बीएचईएल की सभी इकाइयों में आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) का गठन किया गया है और उनके गठन और संपर्क विवरण इकाई की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए हैं।

अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों, नियोक्ता के कर्तव्यों, शिकायत निवारण तंत्र, दुर्भावनापूर्ण शिकायतों के लिए कार्रवाई और यौन उत्पीड़न के बारे में विभिन्न गलत धारणाओं पर प्रकाश डालने वाले पोस्टर हिंदी, अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं में सभी इकाइयों में प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किए गए हैं। अधिनियम के अनुसार कंपनियों द्वारा आईसीसी के लिए सालाना अभिमुखी सत्र या प्रशिक्षण आयोजित किए जाने आवश्यक हैं। आंतरिक शिकायत समिति के पास महिलाओं की शिकायतों के निवारण के लिए ज्ञान और संवेदनशीलता होनी चाहिए। यह न सिर्फ कानूनी तौर पर बल्कि कार्यस्थल की सुरक्षा के लिए भी अनिवार्य है। अधिनियम के अनुरूप संपूर्ण बीएचईएल आधार पर आईसीसी सदस्यों के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई। इकाई स्तर पर, यौन



कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

उत्पीड़न अधिनियम और लिंग संवेदीकरण पर 24 कार्यशालाएँ/जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान कोई मामला सामने नहीं आया। वित्तीय वर्ष 2021–22 के अग्रेनीत 03 मामलों का निस्तारण किया गया। 31.03.2023 तक कोई भी मामला लंबित नहीं है।

अनुलग्नक–क

31 दिसंबर 2022 तक एससी, एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस का प्रतिनिधित्व और कैलेंडर वर्ष 2022 के दौरान की गई नियुक्तियों को दर्शाने वाला वार्षिक विवरण

ग्रुप	एससी, एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस का प्रतिनिधित्व (31 दिसंबर, 2022 की स्थिति)	केलेंडर वर्ष 2022 के दौरान की गई नियुक्तियाँ															
		सीधी भर्ती द्वारा					पदोन्नति द्वारा*			प्रतिनियुक्ति / आमेलन द्वारा							
	कर्मचारियों की कुल संख्या	ई.ड. ब्ल्युएस	एस सी	एसटी	ओबीसी	कुल	ई.ड. ब्ल्युएस	एस सी	एसटी	ओबीसी	कुल	एस सी	एसटी	कुल	एस सी	एसटी	ओबीसी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18
ग्रुप A	11229	6	2033	929	3139	13	0	1	0	0	---- लागू नहीं ----			0	0	0	0
ग्रुप B	4522	0	917	527	1117	0	0	0	0	0				0	0	0	0
ग्रुप C	13905	3	3184	797	6684	9	0	1	1	0				0	0	0	0
ग्रुप D (SW के अतिरिक्त)	151	0	32	3	72	0	0	0	0	0				0	0	0	0
ग्रुप D (SW)	19	0	18	0	0	0	0	0	0	0				0	0	0	0
कुल	**29826**	**9**	**6184**	**2256**	**11012**	**22**	**0**	**2**	**1**	**0**	**0**	**0**	**0**	**0**	**0**	**0**	**0**

* बीएचईएल में इंडक्शन स्तर पर पदोन्नति से नियुक्तियां नहीं होतीं

अनुलग्नक–ख

वर्ष 2022 के दौरान दिव्यांग व्यक्तियों की नियुक्ति का विवरण

ग्रुप	कर्मचरियों की सं.				सीधी भर्ती							पदोन्नति*						
	कर्मचारियों की कुल संख्या	विएच	एचएच	ओएच	आरक्षित रिक्तियाँ			कुल	कुल नियुक्तियाँ की गई			आरक्षित रिक्तियाँ			कुल	कुल नियुक्तियाँ की गई		
					विएच	एचएच	ओएच		विएच	एचएच	ओएच	विएच	ओएच	एचएच		विएच	एचएच	ओएच
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19
ग्रुप A	11229	5	16	288	0	0	5	5	0	0	1	---------- लागू नहीं ----------						
ग्रुप B	4522	1	7	125	0	0	0	0	0	0	0							
ग्रुप C	13905	16	24	345	0	0	0	0	0	0	0							
ग्रुप D	170	2	4	2	0	0	0	0	0	0	0							
कुल	**29826**	**24**	**51**	**760**	**0**	**0**	**5**	**5**	**0**	**0**	**1**							

टिप्पणी:

(i) VH का अर्थ है दृष्टिबाधित (अंधेपन या न्यून दृष्टि से पीड़ित)

(ii) HH का अर्थ है श्रवणबाधित (सुनने में अक्षम व्यक्ति)

(iii) OH का अर्थ है अस्थि विकलांग (चलने में अक्षमता अथवा पक्षाघात से पीड़ित व्यक्ति)

* बीएचईएल में इंडक्शन स्तर पर पदोन्नति से नियुक्तियां नहीं होतीं

1.13 देश के लिए क्षमता निर्माण

कंपनी द्वारा भारी उद्योग मंत्रालय के सहयोग से डब्ल्युआरआई तिरुच्चि और उसके विस्तार केंद्रों वाराणसी, रानीपेट, भोपाल, झांसी एवं हरिद्वार वैल्डिंग प्रोद्योगिकी में कौशल विकास हेतु "कॉमन इंजीनियरिंग सुविधा केंद्र" तैयार किया जा रहा है। केंद्रों में "भारतीय कैपिटल गुड्स क्षेत्र चरण II (सीजी–II) में प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि" की एमएचआई योजना के तहत बुनियादी और उन्नत वेल्डिंग प्रौद्योगिकियों में सालाना ~ 5000 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित करने की क्षमता होगी। डब्ल्युआरआई तिरुच्चि स्थित सीईएफसी और उसके विस्तार केंद्र वाराणसी, रानीपेट, भोपाल, झांसी एवं हरिद्वार पूरी तरह से कार्य कर रहे हैं एवं जून 2023 तक इनमें 2000 से अधिक वेल्डरों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

1.14 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 (अधिनियम) के प्रावधानों के अनुरूप, बीएचईएल पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने की दिशा में कार्यरत है। कंपनी में कॉर्पोरेट कार्यालय में एक केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) के साथ प्रत्येक प्रमुख प्रशासनिक इकाई में 24 अन्य सीपीआईओ कार्यरत हैं। कंपनी में अधिनियम के अंतर्गत सीपीआईओ(ओं) के आदेशों के खिलाफ दायर पहली अपील को निपटाने के लिए 25 प्रथम अपीलीय प्राधिकारी भी कार्यरत हैं।

नागरिकों को आरटीआई आवेदन और पहली अपील ऑनलाइन दाखिल करने में सुविधा के लिए, बीएचईएल ने कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा शुरू किए गए ऑनलाइन आरटीआई वेब पोर्टल (https://rtionline.gov.in) को अपनाया है। परिणामस्वरूप, पोर्टल पर दायर आरटीआई आवेदनों और आरटीआई प्रथम अपीलों का जवाब ऑनलाइन मोड के माध्यम से दिया जा रहा है। धारा 4 (1) (बी) का प्रकटीकरण बीएचईएल की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। इसके अलावा, अधिनियम के तहत सूचना प्राप्त करने और आरटीआई प्रथम अपील दायर करने की प्रक्रिया को दर्शाने वाले कुछ दिशानिर्देश और प्रोफार्मा बीएचईएल की वेबसाइट पर दिए गए हैं।

सीपीआईओ और अन्य आंतरिक हितधारकों को प्रशिक्षण और कार्यशालाओं के माध्यम से अधिनियम के तहत अपने दायित्वों के बारे में जागरूक किया जाता है।

सार्वजनिक उद्यम के स्थायी सम्मेलन (स्कोप) द्वारा गठित आरटीआई पर परिचालन समिति का सदस्य होने के नाते बीएचईएल स्कोप द्वारा आयोजित आरटीआई मामलों से संबंधित बैठकों और चर्चाओं में सक्रिय रूप से भाग लेता है। सभी चार तिमाहियों के लिए त्रैमासिक आरटीआई रिटर्न केंद्रीय सूचना आयोग को प्रस्तुत किया गया है। वर्ष 2022–23 के दौरान 602 आवेदन एवं 89 अपीलें प्राप्त हुई तथा 554 आवेदन एवं 78 अपीलों का निराकरण किया गया।

1.15 जोखिम और चिंताएं

बीएचईएल के व्यवसाय में वित्तीय, परिचालन, क्षेत्रीय, प्रौद्योगिकी, ईएसजी विशिष्ट, साइबर सुरक्षा और भू–राजनीतिक से संबंधित विभिन्न प्रकार के आंतरिक और बाहरी जोखिम हैं। बदलते कारोबारी माहौल, गतिशील ग्राहक आवश्यकताएं, प्रौद्योगिकी संबंधी विचार, अनुबंधों की लंबी अवधि और प्रतिकूल परिस्थितियों में समय पर ऑन–साइट उत्पाद समर्थित आवश्यकताएं, बीएचईएल के कामकाज के लिए विशिष्ट कुछ जोखिम हैं।

उद्योग जोखिमों की व्यापकता, कंपनी के व्यापार पोर्टफोलियो की विविधता और संचालन के भौगोलिक स्थानों को ध्यान में रखते हुए, बीएचईएल ने एक मजबूत जोखिम प्रबंधन नीति लागू की है। जोखिम की पहचान की प्रक्रिया में कंपनी के उद्देश्यों, बाहरी वातावरण, उद्योग रिपोर्टों के साथ–साथ आंतरिक और बाहरी हितधारकों सहित अन्य कारक सक्रिय रूप से सहायक हैं।

बीएचईएल ने एक सुव्यवस्थित और व्यापक उद्यम जोखिम प्रबंधन प्रणाली लागू करने के लिए निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित जोखिम प्रबंधन चार्टर और नीति लागू की है। चार्टर का उद्देश्य जोखिमों की पहचान, मूल्यांकन, प्रतिक्रिया, निगरानी और रिपोर्टिंग के लिए एक सामान्य समझ, भाषा और कार्यप्रणाली स्थापित करना और प्रबंधन को यह आश्वासन देना है कि कंपनी में प्रमुख जोखिमों की उचित पहचान और प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया जा रहा है।

बीएचईएल के जोखिम प्रबंधन ढांचे में तीन स्तरीय संरचना है, जिसमें शीर्ष स्तर निदेशक मंडल (बीओडी) के प्रतिनिधित्व वाली निदेशक मंडल स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति (बीएलआरएमसी) कॉर्पोरेट स्तर पर जोखिम प्रबंधन संचालन समिति (आरएमएससी) और क्षेत्रों/इकाइयों/व्यावसायिक क्षेत्रों में यूनिट जोखिम प्रबंधन समितियां (यूआरएमसी) है। 'निदेशक मंडल स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति' (बीएलआरएमसी) को कंपनी की जोखिम शासन संरचना, जोखिम मूल्यांकन और जोखिम प्रबंधन ढांचे, दिशानिर्देशों, नीतियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निदेशक मंडल/बीएलआरएमसी शीर्ष जोखिम वाले क्षेत्रों की नियमित रूप से समीक्षा करता है।

निदेशक मंडल जोखिम प्रबंधन समिति (बीएलआरएमसी) को अन्य बातों के साथ–साथ एक विस्तृत जोखिम प्रबंधन नीति तैयार करने की जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कंपनी के व्यवसाय से जुड़े जोखिमों की निगरानी और मूल्यांकन, जोखिम प्रबंधन नीति के कार्यान्वयन की निगरानी और निरीक्षण करना, जोखिम प्रबंधन नीति की समय–समय पर समीक्षा करना, कंपनी अधिनियम, सेबी विनियमों और अन्य वैधानिक विनियमों आदि के तहत निर्धारित समिति के विचारार्थ विषय से संबंधित कोई अन्य कार्य करने के लिए उचित कार्यप्रणाली, प्रक्रियाएं और प्रणालियां मौजूद हैं। बीएलआरएमसी ने 10 जनवरी 2023 को आयोजित बैठक में बीएचईएल के श्जोखिम प्रबंधन चार्टर और नीतिश की समीक्षा की।

बीएलआरएमसी और आरएमएससी के संयोजक मुख्य जोखिम अधिकारी (सीआरओ) बोर्ड/बीएलआरएमसी को जोखिम प्रबंधन पर आवधिक रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार हैं। कंपनी द्वारा सामना किए जाने वाले प्रमुख जोखिमों का जोखिम प्रबंधन संचालन समिति द्वारा विस्तार से विश्लेषण किया जाता है, जो जोखिम प्रबंधन ढांचे को अपनाने और लागू करने और कंपनी भर में जोखिम प्रबंधन पहल का नेतृत्व करने के लिए जिम्मेदार है।

आरएमएससी उनकी प्रासंगिकता सुनिश्चित करने के लिए जोखिम मापदंडों और उनके मापने के मापदंडों पर पुनर्विचार करता है और तदनुसार उनमें संशोधन/हटाने/जोड़ने की सिफारिश करता है। इस वर्ष, आरएमएससी ने 'अतिरिक्त घरेलू विनिर्माण क्षमताओं' के जोखिम विवरण के लिए गैर–कोयला व्यवसाय से बुक किए गए ऑर्डर से संबंधित एक नया जोखिम माप पैरामीटर शामिल करने की सिफारिश की है। नीतिगत परिवर्तनों और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण व्यापार मिश्रण में बदलाव के कारण ऑर्डर बुक में कमी होने से यह संबंधित जोखिम को प्रभावी ढंग से कम करने के लिए रणनीति तैयार करने में सक्षम है। इकाई स्तर पर जोखिम प्रबंधन समितियाँ अपने–अपने क्षेत्रों से संबंधित जोखिमों का विश्लेषण करती हैं, निराकरण योजनाएँ तैयार करती हैं, उनका कार्यान्वयन सुनिश्चित करती हैं और यदि आवश्यक हो तो शीर्ष प्रबंधन को भी सूचित करती हैं।

शीर्ष छह प्रमुख जोखिम जिनका कंपनी सामना करती है और उन्हें कम करने के लिए संबंधित रणनीतियों का उल्लेख नीचे दी गई तालिका में किया गया है:

जोखिम विवरण	शमन रणनीतियाँ
अतिरिक्त घरेलू विनिर्माण क्षमता, नीतिगत परिवर्तनों के कारण व्यापार मिश्रण में परिवर्तन और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण ऑर्डर बुक कम होना	चल रही ऊर्जा परिवर्तन ने जीवाश्म ईंधन–आधारित विद्युत उत्पादन से ध्यान हटाकर विद्युत उत्पादन के हरित तरीकों पर ध्यान केंद्रित कर दिया है, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी अप्रयुक्त क्षमताएं पैदा हो रही हैं। कंपनी के पारंपरिक 'थर्मल' व्यवसाय में लगभग तीन वर्षों के लिए मुख्य संयंत्र उपकरण ऑर्डर 'शून्य' था (2x660 मेगावाट, एनटीपीसी तालचेर के लिए सितंबर 2022 में ऑर्डर के साथ) जिससे बाद के वर्षों में राजस्व वसूली प्रभावित हुई है। कंपनी कम रेटिंग वाले सुपरक्रिटिकल प्लांट, स्वदेशी एयूएससी तकनीक के साथ–साथ थर्मल सेक्टर में टीपीपी के लचीले संचालन के लिए समाधान पेश कर रही है। इसके अलावा क्लीन–कोयला और गैर–कोयला व्यवसाय से बुक किए गए ऑर्डर पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसका विवरण निम्न है: • "कोयला से रसायन" और "हरित हाइड्रोजन" मूल्य श्रृंखला जैसे उभरते नए क्षेत्रों में उद्यम करने के लिए रणनीतिक गठजोड़ पर जोर दिया गया। – कोयला गैसीकरण आधारित संयंत्र स्थापित करने के लिए सीआईएल और एनएलसीआईएल के साथ रणनीतिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। बीएचईएल ने "राष्ट्रीय कोयला गैसीकरण मिशन" को सक्षम करते हुए उच्च राख वाले भारतीय कोयले के गैसीकरण के लिए स्वदेशी रूप से विकसित पीएफबीजी तकनीक के उन्नयन के लिए डिजाइन और इंजीनियरिंग पूरी कर ली है। – इलेक्ट्रोलाइज़र विनिर्माण और ग्रीन हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला में संभावित अवसरों को साकार करने के लिए अग्रणी सलाहकार नियुक्त करना। • आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया मिशन, पीएलआई योजनाओं और पूंजीगत सामान संवर्धन योजना–II से उत्पन्न अवसरों की पूर्ति।
	• परिवहन, रक्षा और एयरोस्पेस, पुर्जों और सेवाओं और श्रृंखला संचालन जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना। • BHEL-TRSL (बीएचईएल टीटागढ़ रेल सिस्टम लि.) कंसोर्टियम को 80 ''वंदे भारत'' ट्रेनों का ठेका दिया गया है। पांच बोलीदाताओं में से बीएचईएल–टीआरएसएल कंसोर्टियम एकमात्र पूर्ण घरेलू भारतीय बोलीदाता था, और यह ''आत्मनिर्भर भारत'' के दृष्टिकोण को प्राप्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

जोखिम विवरण	शमन रणनीतियाँ
परियोजनाओं की डिलीवरी में देरी से एलडी, पैनल्टी, ग्राहक असंतोष और कंपनी की छवि पर प्रभाव	परियोजनाओं के शीघ्र निष्पादन के लिए वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा परियोजना केंद्रित संचालन समीक्षाओं पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है जिसके मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं: • साइट डेटा डिजिटाइजेशन (एसडीडी) पर चल रहे काम के साथ एकीकृत परियोजना प्रबंधन प्रणाली (आईपीएमएस) के सफल कार्यान्वयन ने परियोजना की प्रगति की वास्तविक समय की निगरानी के साथ–साथ मुद्दों के मामले में त्वरित हस्तक्षेप को सक्षम किया है। • कंपनी ने एनटीपीसी 2x660MW तालचर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के निष्पादन में सहायता के लिए परियोजना प्रबंधन सलाहकार (पीएमसी) नियुक्त किया है। • निरंतर निर्माण को सक्षम करने के लिए परियोजना स्थलों पर अनुक्रमिक आपूर्ति सुनिश्चित की गई • परियोजनाओं के तेजी से निष्पादन के लिए इंजीनियरिंग आदि गतिविधियां अवार्ड–पूर्व चरण में शुरू किया जाना। • साइटों पर 'परियोजना निदेशक' – कार्य निष्पादन में तेजी लाने के लिए साइट पर तेजी से निर्णय लेने के लिए कार्यकारी निदेशक की वित्तीय शक्ति के साथ सशक्त परियोजना निदेशक की तैनाती • ठेकेदार के प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने और प्रोत्साहित करने के लिए 'बोनस क्लॉज' को शामिल करना।
बढ़ते देनदार	• वर्तमान में चल रही और कमीशन की गई परियोजनाओं के लिए देनदारों से नकद वसूली की बेहतर प्रभावकारिता के लिए क्रॉस फंक्शनल टीमों का गठन।
बढ़ते देनदार	• पुराने बिलों और चालू वर्ष के बिलों के निपटान पर अलग–अलग ध्यान केंद्रित करके बिलिंग/नकद संग्रह प्रक्रिया की मजबूती से निगरानी। • प्रबंधन द्वारा देनदारों और उनके प्रावधानों के प्रत्येक तत्व पर नियमित रूप से ध्यान और समीक्षा। • परियोजना के नकदी प्रवाह से जुड़े विभिन्न माइलस्टोन को तेजी से पूरा करना • देनदारों के परिसमापन के लिए मंत्रालय/सरकारी एजेंसियों से सहयोग मांगना

जोखिम विवरण	शमन रणनीतियाँ
	• मध्यस्थता/ एनसीएलटी/ एएमआरसीडी कार्यवाही सहित कंपनी की व्यापार प्राप्य नीति के अनुरूप चूक करने वाले ग्राहकों के खिलाफ कार्रवाई। • अनुबंध परिसंपत्तियों को व्यापार प्राप्य में बदलने के लिए परियोजना माइलस्टोन को पूरा करने पर ध्यान देना गौरतलब है कि कंपनी संस्कृति के परियोजना केंद्रित दृष्टिकोण में प्रतिमान परिवर्तन के साथ क्रमिक प्रेषण, परियोजना गतिविधियों / माइलस्टोन की समय से डिलीवरी के साथ–साथ अनुशासित बिलिंग में निरंतर ध्यान केंद्रित करना, समय से बकाया संग्रहण से वर्तमान वर्ष के बिलिंग संग्रहण में अत्यधिक उछाल आया है जो कि वित्तीय वर्ष 2018–19 के 59% की तुलना में वित्तीय वर्ष 2022–23 में 86% है।
प्रत्यक्ष सामग्री लागत में वृद्धि लाभप्रदता को प्रभावित करने वाली है।	• सामग्री लागत को कम करने की दृष्टि से, उद्योग बेंचमार्क के अनुरूप डिजाइन अनुकूलन के लिए एक लागत अनुकूलन सेल (सीओसी) का गठन किया गया है। • कंपनी ग्राहक के ऑर्डर से लेकर निष्पादन चरण, स्वदेशीकरण आदि तक इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और विवेकपूर्ण खरीद की दिशा में भी काम कर रही है। इसके अलावा कंपनी उच्च सकल मार्जिन वाले क्षेत्रों जैसे स्पेयर और सेवाओं, रक्षा, एयरोस्पेस, परमाणु, आदि में ऑर्डर पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है।
	• एक ही प्रकार के सामान्य उत्पाद एक से अधिक इकाइयों में डिज़ाइन/विनिर्मित किए जा रहे हैं उन्हें एकीकृत और अनुकूलित किया जा रहा है। • साइटों/इकाइयों पर अधिशेष सामग्री की पहचान और उसका उपयोग इन–हाउस विकसित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है।

जोखिम विवरण	शमन रणनीतियाँ
मुख्य उत्पादों में प्रौद्योगिकी की अनुपलब्धता वर्तमान/भविष्य की बाजार आवश्यकताओं को पूरा करने से व्यापार में हानि की संभावना	• प्रौद्योगिकी परिदृश्य में बदलाव और नए व्यावसायिक अवसरों के लिए आने वाली संभावनाओं को चिह्नित करते हुए, कंपनी इन–हाउस विकास, शैक्षिक संस्थानों से सहयोग और स्थापित उद्योगों के साथ प्रौद्योगिकी सहयोग समझौते (टीसीए) के संयोजन के माध्यम से अवसरों पर ध्यान दे रही है। कंपनी के पास वर्तमान में वैश्विक इंजीनियरिंग और विनिर्माण नेताओं और भारतीय संस्थाओं के साथ 13 सक्रिय टीसीए हैं (700 मेगावाट परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के लिए स्टीम टर्बाइन के लिए जनरल इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजी GmbH General Electric Technology GmbH] स्विट्जरलैंड के साथ सहयोग; सबक्रिटिकल के लिए सुमितोमो SHI FW (एसएफडब्ल्यू), फिनलैंड के साथ सहयोग) सुपरक्रिटिकल सर्कुलेटिंग फ्लूइडाइज्ड बेड कम्बशन (सीएफबीसी) बॉयलर, आदि) • घरेलू प्रयासों के माध्यम से प्रौद्योगिकियों का विकास और उन्नयन, जैसे कि कंपनी ने उच्च राख वाले भारतीय कोयले से सिनगैस उत्पन्न करने के लिए पहले से ही स्वदेशी रूप से दबावयुक्त द्रवीकृत बिस्तर गैसीकरण (पीएफबीजी) तकनीक विकसित कर ली है। • गैस टर्बाइन और इसके स्पेयर और सेवा व्यवसाय के लिए GE के साथ प्रौद्योगिकी सहयोग समझौता। – नए क्षेत्रों के लिए कुछ प्रमुख समझौता ज्ञापनों में निम्नलिखित के साथ समझौता ज्ञापन शामिल हैं :– – कोयला गैसीकरण आधारित संयंत्र स्थापित करने के लिए सीआईएल और एनएलसीआईएल। – हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला से संबंधित क्षेत्रों में संभावित सहयोग के लिए कमिंस इंडिया लिमिटेड।

जोखिम विवरण	शमन रणनीतियाँ
ऑनलाइन डाटा एवं सूचना सुरक्षा का भंग होना जो हानि होने महत्त्वपूर्ण सूचना ढ़ांचा भंग होने का कारण हो सकता है।	• नेक्स्ट–जेन साइबर सिक्योरिटी ऑपरेशंस सेंटर (Cyber SOC) जिसमें यूजर और एंटिटी बिहेवियर एनालिटिक्स (UEBA), सिक्योरिटी ऑर्केस्ट्रेशन, ऑटोमेशन एंड रिस्पॉन्स (SOAR) और वेब एप्लिकेशन फायरवॉल (WAFs) जैसी उन्नत सुविधाएं हैं, को लागू किया गया है। व्यवसाय की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए अतिरेक अंतर्निहित हैं। साथ ही, किसी आपदा से निपटने के लिए डीआर समाधान भी लागू किया जाता है। थ्रेट इंटेल सुरक्षा सूचना और इवेंट मैनेजमेंट (SIEM) के साथ एकीकृत है जो यह सुनिश्चित करता है कि उत्पन्न कार्रवाई योग्य वस्तु और की गई वास्तविक कार्रवाई के बीच की समय सीमा कम से कम हो। • बीएचईएल के सभी इंटरनेट राउटर्स का साइबर स्वच्छता केंद्र (CERT-In. MeitY का बोटनेट क्लीनिंग और मैलवेयर विश्लेषण केंद्र) के साथ एकीकरण • सभी आईएसओ 27001 प्रमाणित बीएचईएल इकाइयों में सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (ISMS) का एकीकरण। • कंपनी की सुरक्षा स्थिति के समग्र दृष्टिकोण के लिए एंडपॉइंट सुरक्षा के लिए केंद्रीकृत समाधान लागू किया गया है। पूरे संगठन में सामान्य सुरक्षा नीतियों को सिस्टम के माध्यम से लागू किया गया है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि के लिए सेंट्रल डैशबोर्ड की नियमित रूप से निगरानी की जाती है और किसी भी मैलवेयर को नियंत्रित करने के लिए सक्रिय उपाय किए जाते हैं। • फ़िशिंग मेल जोखिमों के बारे में कर्मचारियों को जागरूक करने के लिए जागरूकता पैदा करते हुए, फ़िशिंग सिमुलेशन अभ्यास समय–समय पर आयोजित किया जाता है।

1.16 डाटा एवं साइबर सुरक्षा

बीएचईएल को साइबर खतरों से बचाने के साथ–साथ अपनी आईटी संपत्तियों की सुरक्षा के लिए कंपनी ने उन्नत सुरक्षा उपाय लागू किए हैं

संगठन ने अपने संपूर्ण बुनियादी ढांचे में एंडपॉइंट डिटेक्शन एंड रिस्पांस (EDR) क्षमताओं के साथ एक एकीकृत और केंद्रीकृत एंडपॉइंट सुरक्षा समाधान भी लागू किया है।

बीएचईएल नेटवर्क और डेटा की सुरक्षा बढ़ाने के लिए, महत्वपूर्ण आईटी सेवाओं के लिए दो–कारक प्रमाणीकरण तैयार किया है। इस कार्यान्वयन का उद्देश्य अनधिकृत पहुंच को प्रभावी ढंग से रोकना और बीएचईएल के नेटवर्क और डेटा की अखंडता और गोपनीयता सुनिश्चित करना है।

किसी भी संभावित खतरे या सुरक्षा घटनाओं का पता लगाने और प्रतिक्रिया देने के लिए नेटवर्क, आईटी सिस्टम और अंतिम उपकरणों की निरंतर निगरानी 24/7 की जाती है। सभी लॉग एक सुरक्षा सूचना और इवेंट मैनेजमेंट (SIEM) प्रणाली में एकत्र किए जाते हैं, जो सहसंबंध और विश्लेषण को साइबर खतरों में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। यह प्रक्रिया एक केंद्रीकृत साइबर सुरक्षा संचालन केंद्र (C-SOC) में होती है।

इस वर्ष, हमने विभिन्न महत्वपूर्ण विशेषताओं और सुधारों को लागू करके C-SOC को पूरी तरह से नया रूप दिया है, जो न केवल शमन प्रक्रिया को स्वचालित करता है, बल्कि पहचाने गए खतरों पर बीएचईएल की सक्रियता भी सुनिश्चित करता है, कुछ महत्वपूर्ण विशेषताओं में निम्नलिखित शामिल हैं

- एकीकृत ग्लोबल थ्रेट इंटेलिजेंस से प्राप्त इनपुट और CERT-In - NCIIPC जैसे सरकारी निकायों से सलाह के आधार पर साइबर खतरों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई के लिए SOAR (सिक्योरिटी ऑर्केस्ट्रेशन, ऑटोमेशन और रिस्पांस) के माध्यम से स्वचालन।
- सामान्य सुरक्षा उपयोग के मामलों, जैसे अलार्म, व्यूज, रिपोर्ट, वेरिएबल और वॉचलिस्ट के लिए प्रीपैकेज्ड कॉन्फ़िगरेशन (इसे कंटेंट पैक कहा जाता है)।
- वैश्विक नियमों और नियंत्रण ढांचे के लिए पूर्वनिर्धारित डैशबोर्ड, ऑडिट ट्रेल्स और रिपोर्ट
- रेग्यूलेशन और नियंत्रण फ्रेमवर्क
- तीसरे पक्ष के सुरक्षा विक्रेता उपकरणों और ख़तरे की खुफ़िया फ़ीड से डेटा एकत्र करने की क्षमता

- स्केलेबल डेटा आर्किटेक्चर जो कई वर्षों के लॉग इवेंट एकत्र और सहसंबंधित करता है
- प्रासंगिक जानकारी के साथ घटनाओं को समृद्ध करने की क्षमता (जैसे गोपनीयता समाधान; खतरा डेटा और रेपुटेशन फ़ीड; और पहचान और एक्सेस मेनेजमेंट सिस्टम)
- सुरक्षित एप्लिकेशन डिलीवरी, DDoS और अन्य हमलों की रोकथाम के साथ वेब एप्लिकेशन फ़ायरवॉल (WAF) के साथ एकीकृत

बीएचईएल न केवल साइबर खतरों को कम करने में प्रौद्योगिकी के महत्व को पहचानता है, बल्कि कंपनी की आईटी संपत्तियों की सुरक्षा में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी स्वीकार करता है। बीएचईएल अपने आईटी विशेषज्ञों को शिक्षित और कुशल बनाने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है, साथ ही पूरे संगठन में सिमुलेशन अभ्यास, लक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रमों और व्यापक संचार के माध्यम से साइबर अपराध, सामाजिक इंजीनियरिंग हमलों और संबंधित जोखिमों के बारे में कर्मचारियों के बीच जागरूकता बढ़ाता है।

बीएचईएल द्वारा 2005 से सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (आईएसएमएस) के अपने संगठन–व्यापी प्रमाणीकरण को कायम रखा गया है।

नवीनतम ISO 27001 मानक (ISO 27001:2022) के साथ संरेखित करने के लिए, BHEL ने वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान अपने ISMS सिस्टम को अपग्रेड करने की योजना बनाई है जिससे संगठन के सूचना सुरक्षा ढांचे को और मजबूती मिलेगी।

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से



डॉ. नलिन सिंघल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 28 जुलाई, 2023

निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक –II

कॉर्पोरेट अभिशासन

2.1 कॉर्पोरेट अभिशासन पर हमारी धारणा

बीएचईएल एक मजबूत कॉर्पोरेट गवर्नेंस ढांचे के भीतर कार्य करता है, जो शासन की गुणवत्ता, खुलासों में पारदर्शिता, हितधारकों के मूल्य में लगातार वृद्धि और कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। बीएचईएल अपने शेयरधारकों, ग्राहकों, कर्मचारियों, आपूर्तिकर्ताओं और बड़े पैमाने पर समाज के विश्वास निर्माण पर लगातार ध्यान केंद्रित करते हुए, कॉर्पोरेट प्रशासन की बुनियादी और नियामक आवश्यकताओं से आगे बढ़ने का प्रयास करता है। कंपनी का कॉर्पोरेट प्रशासन ढांचा पारदर्शिता, प्रकटीकरण, स्वतंत्र निगरानी और सभी, विशेषकर अल्पसंख्यक शेयरधारकों के प्रति निष्पक्षता की आधारशिला पर आधारित है।

बीएचईएल में कॉर्पोरेट अभिशासन में निम्नलिखित कारक मजबूती प्रदान करते हैं:

i. निदेशक मंडल की स्वतंत्रता एवं बहुमुखी प्रतिभा

ii. सभी कर्मचारियों की सत्यनिष्ठा और नैतिक व्यवहार

iii. सभी हितधारकों शेयरधारको, ग्राहकों, कर्मचारियों, आपूर्तिकर्ताओं और समाज के प्रति कर्तव्यों का उत्तरदायित्व

iv. उच्च स्तरीय प्रकटीकरण और पारदर्शिता

v. कंपनी परिचालन के सभी क्षेत्रों में पूर्ण कानूनी और नियामक अनुपालन

vi. लोगों तथा पर्यावरण के प्रति सहानुभुति रखते हुए ऊपर दिए गए लक्ष्यों की प्राप्ति

कंपनी कॉर्पोरेट अभिशासन प्रक्रियाओं और आचार संहिता का अनुपालन करते हुए सभी मूल मूल्यों को चरितार्थ करते हुए, जो बीएचईएल के शेयरधारकों को दीर्घकालिक रिटर्न, ग्राहकों को अनुकूल परिणाम, कर्मचारियों को आकर्षक अवसर, और समाज का संवर्धन करते हुए अपने व्यवसाय का परिचालन करने में विश्वास करती है।

2.2 निदेशक मंडल

i. निदेशक मंडल की संरचना और श्रेणी

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(45) के अनुसार, बीएचईएल एक "सरकारी कंपनी" है क्योंकि कंपनी की कुल चुकता शेयर पूंजी का 63.17% भारत के राष्ट्रपति के माध्यम से केन्द्र सरकार के पास है।

निदेशक मंडल की स्वतंत्रता को बनाए रखने, प्रबंधन और नियंत्रण के निदेशक मंडल के कार्यों को भिन्न करने के लिए बीएचईएल के निदेशक मंडल की संरचना में कार्यपालक निदेशकों का एक समुचित मिश्रण है। जिसमें सीएमडी और गैर – कार्यकारी निदेशक शामिल है, जिनका प्रतिनिधित्व सरकारी नामितों और स्वतंत्र निदेशकों द्वारा किया जाता है।

31 मार्च 2023 को निदेशक मंडल की संरचना इस प्रकार है:

निदेशकों की श्रेणी	निदेशक मंडल संरचना	31 मार्च, 2023 को वास्तविक संख्या
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	1	1
पूर्णकालिक कार्यकारी निदेशक	5	4
भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले अंशकालिक सरकारी निदेशक (सरकारी नामित)	2	2
अंशकालिक गैर–सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक	8	2
कुल	**16**	**9**

31 मार्च, 2023 तक, बीएचईएल के निदेशक मंडल में अंशकालिक गैर–आधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशकों की छह रिक्तियां और पूर्णकालिक कार्यकारी निदेशक यानी निदेशक (मा.सं.) की एक रिक्ति है। इन रिक्तियों को भरने का मामला भारत सरकार के स्तर पर विचाराधीन/प्रक्रियाधीन है।

ii. वर्ष 2022–23 के दौरान आयोजित निदेशक मंडल की बैठकों एवं पिछली वार्षिक आम बैठक में प्रत्येक निदेशक की उपस्थिति

निदेशक का नाम श्री / श्रीमती	निदेशक मंडल की बैठकों की सं.		पिछली वार्षिक आम बैठक (29.09.2022 को आयोजित)
	आयोजित	उपस्थित	
कार्यकारी निदेशक			
डॉ. नलिन सिंघल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक@	11	11	जी हाँ
सुबोध गुप्ता, निदेशक (वित्त)	11	11	जी हाँ
रेणुका गेरा, निदेशक (आई एस एंड पी)$	11	11	जी हाँ
उपिंदर सिंह मठारू, निदेशक (पावर)#	11	11	जी हाँ
जय प्रकाश श्रीवास्तव निदेशक (ई आर एंड डी) (12 अगस्त, 2022 से)	6	6	जी हाँ
अंशकालिक सरकारी निदेशक – सरकार द्वारा नामित			
शशांक प्रिया, विशेष सचिव एवं वित्त सलाहाकार, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (14 फरवरी, 2023 तक)	10	8	जी हाँ

निदेशक का नाम श्री / श्रीमती	निदेशक मंडल की बैठकों की सं.		पिछली वार्षिक आम बैठक (29.09.2022 को आयोजित)
	आयोजित	उपस्थित	
आरती भटनागर, अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (14 फरवरी, 2023 से)	1	1	*
विजय मित्तल, संयुक्त सचिव, भारी उद्योग मंत्रालय	11	8	जी हाँ
अंशकालिक गैर–सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक			
राज कमल बिंदल (27 जनवरी, 2023 तक)	9	9	जी हाँ
मनीष कपूर (27 जनवरी, 2023 तक)	9	9	जी हाँ
डॉ. राज कुमार अग्रवाल (12 सितंबर, 2022 तक)	6	6	*
डॉ. के. शिवप्रसाद	11	11	जी हाँ
डॉ. लेखाश्री सामंतसिंघर	11	11	जी हाँ
आदित्य प्रसाद साहू (30 मई, 2022 तक)	2	2	*

@निदेशक (मा.सं.) का अतिरिक्त प्रभार 21 अप्रैल, 2022 तक एवं उसके बाद 22 जनवरी, 2023 से 05 मार्च, 2023 तक

$ निदेशक (ई आर एंड डी) का अतिरिक्त प्रभार 11 अगस्त, 2022 तक

निदेशक (मा.सं.) का अतिरिक्त प्रभार 2 अप्रैल, 2022 से 21 जनवरी, 2023 तक एवं उसके बाद 06 मार्च, 2023से

* यह इंगित करता है कि संबंधित व्यक्ति पिछली वार्षिक आम सभा में बीएचईएल के निदेशक नहीं थे ।

i. 31 मार्च, 2023 तक अन्य कंपनियों में निदेशक, समिति सदस्यता और समिति अध्यक्ष का विवरण

निदेशक का नाम श्री / श्रीमती	अन्य कंपनियों में निदेशक का विवरण	अन्य कंपनियों में समिति सदस्यता और समिति अध्यक्षता का विवरण*
डॉ. नलिन सिंघल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड	–जी नहीं–
सुबोध गुप्ता, निदेशक (वित्त)	1. रायचूर पावर कॉर्पोरेशन लि. 2. बीएचईएल–गीई गैस टरबाइन प्राइवेट लि.	–जी नहीं–
रेणुका गेरा, निदेशक (आई एस एंड पी)	रायचूर पावर कॉर्पोरेशन लि.	–जी नहीं–
उपिंदर सिंह मठारू, निदेशक (पावर)	–जी नहीं–	–जी नहीं–
जय प्रकाश श्रीवास्तव निदेशक (ई आर एंड डी)	–जी नहीं–	–जी नहीं–
आरती भटनागर , अंशकालिक सरकारी निदेशक	1. एचएमटी 2. इंडिया इंटरनेशनल कनवेंशन एंड एक्जिबिशन सेंटर लि. 3. इनवेस्ट इंडिया 4. एमएमटीसी लि. 5. स्टेट ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. 6. इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन	**लेखा परीक्षा समिति** 1. एच.एम.टी. लिमिटेड (सदस्य) 2. एमएमटीसी लिमिटेड (सदस्य) 3. भारत व्यापार संवर्धन संगठन (अध्यक्ष) **हितधारक संबंध समिति** 1. एच.एम.टी. लिमिटेड (सदस्य)
विजय मित्तल, अंशकालिक सरकारी निदेशक	1. एंड्र्यू यूल एंड कं. लि. 2. टाइड वाटर ऑयल कं. इंडिया लि. 3. तुमकुरु मशीन टूल पार्क 4. हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड	–जी नहीं–
डॉ. के. शिवप्रसाद, स्वतंत्र निदेशक	–जी नहीं–	–जी नहीं–

निदेशक का नाम श्री / श्रीमती	अन्य कंपनियों में निदेशक का विवरण	अन्य कंपनियों में समिति सदस्यता और समिति अध्यक्षता का विवरण*
डॉ. के. शिवप्रसाद, स्वतंत्र निदेशक	–जी नहीं–	–जी नहीं–

* केवल लेखा परीक्षा समिति और हितधारक संपर्क समिति की

अध्यक्षता/सदस्यता पर विचार किया गया है।

अन्य कंपनियों में निदेशक/समिति सदस्यता निदेशक मंडल के संबंधित निदेशकों से प्राप्त नवीनतम प्रकटीकरण पर आधारित हैं।

कंपनी का कोई भी निदेशक एक ही समय में बीस (20) से अधिक कंपनियों में निदेशक के रूप में पदधारण नहीं करता है। कंपनी का कोई भी निदेशक दस से अधिक (10) समितियों में सदस्य नहीं है या सभी सूचीबद्ध कंपनियों में पांच से अधिक (5) समितियों के अध्यक्ष के रूप में कार्य नहीं करता है जिसमें वह एक निदेशक है।

निदेशकों के बीच आपस में संबंधों का प्रकटीकरण: कोई नहीं

ii. सूचीबद्ध संस्थाओं में निदेशकों का विवरण और निदेशक पद की श्रेणी

31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार, निम्नलिखित निदेशकों ने सूचीबद्ध संस्थाओं में निम्नानुसार निदेशक का पदधारण किया:

निदेशक का नाम श्री/श्रीमती	सूचीबद्ध इकाई का नाम	निदेशक श्रेणी
आरती भटनागर, अंशकालिक सरकारी निदेशक	1. एचएमटी लि. 2. एमएमटीसी लि. 3. स्टेट ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि.	सरकार द्वारा नामित निदेशक
विजय मित्तल, अंशकालिक सरकारी निदेशक	1. एंड्र्यू यूल एंड कं. लि. 2. टाइड वाटर ऑयल कं. इंडिया लि.	सरकार द्वारा नामित निदेशक

iii. निदेशक मंडल की आयोजित बैठकों की संख्या एवं दिनांक का विवरण

निदेशक मंडल की बैठकें आम तौर पर नई दिल्ली में कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जाती हैं और काफी पहले से इनकी तिथि निर्धारित की जाती हैं। कंपनी सचिव, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के परामर्श से, प्रत्येक निदेशक को निदेशक मंडल की प्रत्येक बैठक की लिखित सूचना भेजते हैं।

निदेशक मंडल के सदस्यों के पास कंपनी की सभी जानकारी तक पहुंच है और वे किसी भी मामले को एजेंडा में शामिल करने की सिफारिश करने के लिए स्वतंत्र हैं जो आमतौर पर अग्रिम रूप से भेजा जाता है। वरिष्ठ प्रबंधन को निदेशक मंडल की बैठकों में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है ताकि चर्चा की जा रही मदों से संबंधित अतिरिक्त जानकारी/इनपुट प्रदान किया जा सके और/या आवश्यकता के अनुसार निदेशक मंडल को प्रस्तुतीकरण दिया जा सके। निदेशक मंडल तिमाही में कम से कम एक बार तिमाही परिणामों और एजेंडा पर अन्य मदों की समीक्षा करने के लिए बैठक करता है। जब भी आवश्यक हो, अतिरिक्त बैठकें आयोजित की जाती हैं।

(i) 11 अप्रैल, 2022	(ii) 21 मई, 2022	(iii) 27 जून, 2022
(iv) 4 अगस्त, 2022	(v) 12 अगस्त, 2022	(vi) 18 अगस्त, 2022
(vii) 22 सितंबर, 2022	(viii)11 नवंबर, 2022	(ix) 16 दिसंबर, 2022
(x) 10 फरवरी, 2023	(xi) 25 मार्च, 2023	

निदेशक मंडल की प्रत्येक बैठक के तुरंत बाद निदेशक मंडल के कार्यवृत्त तैयार किए जाते हैं और सभी निदेशकों को उनकी टिप्पणियों, यदि कोई हो, के लिए परिचालित किया जाता है और उसके बाद अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित किया जाता है। उपर्युक्त कार्रवाई और लागू करने के लिए स्वीकृत कार्यवृत्त को संबंधित विभागों / समूहों को परिचालित किया जाता है।

iv. मुख्य कौशल/विशेषज्ञता/क्षमता की सूची

बीएचईएल एक सरकारी कंपनी है, इसलिए इसके निदेशक मंडल के सभी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड निदेशकों अर्थात कार्यकारी निदेशकों, सरकार द्वारा नामित निदेशकों और स्वतंत्र निदेशकों का चयन एवं नियुक्ति सरकार द्वारा की जाती है। प्रत्येक श्रेणी के निदेशकों का चयन एवं नियुक्ति एक निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की जाती है। बीएचईएल द्वारा संचालित व्यवसाय खंड के संदर्भ में प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए निदेशक मंडल के लिए मुख्य कौशल, विशेषज्ञता और क्षमता की आवश्यकताएं, इन निदेशकों के चयन की सरकार की प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग हैं। इसलिए, बीएचईएल का निदेशक मंडल अपने आप में ऐसे किसी भी मुख्य कौशल या कार्य के लिए आवश्यक क्षमता की पहचान नहीं करता है। साथ ही विशेष कौशल / विशेषज्ञता / क्षमता के लिए निदेशकों की पहचान करता है।

v. निदेशक मंडल का उत्तरदायित्व

निदेशक मंडल, का कार्य कंपनी की रणनीतिक दिशा की निगरानी करना, कॉर्पोरेट प्रदर्शन की समीक्षा एवं निगरानी करना, नियामक अनुपालन सुनिश्चित करना तथा हितधारकों के हितों की रक्षा करना है।

vi. स्वतंत्र निदेशक

स्वतंत्र निदेशक, निदेशक मंडल और समिति की बैठकों के विचार–विमर्श में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा कंपनी को इंजीनियरिंग, वित्त, प्रबंधन, कानून, सार्वजनिक नीति आदि के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता उपलब्ध कराते हैं। स्वतंत्र निदेशक, निदेशक मंडल द्वारा गठित महत्वपूर्ण समितियों जैसे लेखा परीक्षा समिति, नामांकन और पारिश्रमिक समिति, हितधारक संबंध समिति और सीएसआर समिति का हिस्सा है। कंपनी अधिनियम, 2013 और सूचीबद्धता विनियमों के अनुरूप, लेखा परीक्षा समिति, नामांकन और पारिश्रमिक समिति की अध्यक्षता एक स्वतंत्र निदेशक द्वारा की जाती है और यह उनसे संबंधित परिभाषित कार्यक्षेत्र के अनुसार कार्य करता है।

इसके अतिरिक्त, सीपीएसई के लिए गैर–शासकीय निदेशकों की आदर्श भूमिका और उत्तरदायित्वों पर 28 दिसंबर, 2012 को डीपीई कार्यालय ज्ञापन के अनुरूप निदेशक मंडल ने स्वतंत्र निदेशकों की एक समिति का गठन किया था। यह समिति कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत सूचीबद्धता विनियमों और

स्वतंत्र निदेशकों की संहिता की आवश्यकताओं के अनुपालन में है।

स्वतंत्र निदेशकों के परिचय कार्यक्रम का विवरण कंपनी की वेबसाइट www.bhel.com पर वेब लिंक https://www.bhel.com/familiarization-programme-directors पर "निदेशकों के लिए परिचय कार्यक्रम" शीर्षक के अंतर्गत उपलब्ध है।

निदेशक मंडल की राय में, स्वतंत्र निदेशक सूचीबद्धता विनियमों में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करते हैं और प्रबंधन से स्वतंत्र होते हैं।

स्वतंत्र निदेशक श्री आदित्य प्रसाद साहू ने 30 मई, 2022 को बीएचईएल के निदेशक मंडल से अपना त्यागपत्र दे दिया क्योंकि वह झारखंड से राज्यसभा चुनाव लड़ रहे थे। इसके अलावा, स्वतंत्र निदेशक डॉ. राज के. अग्रवाल ने व्यक्तिगत मामलों में व्यस्तता का हवाला देते हुए 12 सितंबर, 2022 को बीएचईएल के निदेशक मंडल से अपना त्यागपत्र दे दिया और कहा कि कंपनी का एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में वह अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए पर्याप्त समय नहीं दे पाएंगे। दोनों स्वतंत्र निदेशकों ने पुष्टि की थी कि त्यागपत्र के लिए उनके द्वारा दिए गए कारणों के अलावा कोई अन्य कारण नहीं हैं।

vii. निदेशक मंडल के समक्ष प्रस्तुत सूचना

निदेशक मंडल के समक्ष रखे गए एजेंडे में अन्य बातों के साथ–साथ निम्नलिखित शामिल हैं:

- वार्षिक परिचालन योजना तथा बजट एवं उससे संबंधित अद्यतन सूचना
- पूँजी बजट एवं उससे संबंधित अद्यतन सूचना
- महत्त्वपूर्ण पूँजी निवेश प्रस्ताव
- अधिशेष निधियों का अल्पकालिक निवेश
- मूर्त प्रकृति की सहयोगी कंपनियों एवं परिसंपत्तियों का क्रय निवेश जो वर्तमान में सामान्य व्यसाय में नहीं हैं
- महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों और प्रचलनों में परिवर्तन और इसके कारण
- कंपनी और उसके परिचालन प्रभागों या व्यावसायिक क्षेत्रों के लिए तिमाही परिणाम
- मूर्त विदेशी मुद्रा एक्सपोजर का त्रैमासिक विवरण और प्रतिकूल विनिमय दर के मुद्दों को सीमित करने के लिए प्रबंधन द्वारा उठाए गए कदम
- विभिन्न कानूनों के अनुपालन पर तिमाही रिपोर्ट।
- मध्यस्थता मामलों और प्रमुख कानूनी विवादों की स्थिति
- लेखा परीक्षा समिति और निदेशक मंडल बैठकों का कार्यवृत्त
- निदेशक स्तर से एक स्तर नीचे के वरिष्ठ अधिकारियों की भर्ती से संबंधित सूचना
- निदेशक मंडल के अनुमोदन की आवश्यकता वाले किसी भी संयुक्त उद्यम या अनुसंधान एवं विकास परियोजना या प्रौद्योगिकी सहयोग समझौते का विवरण
- महत्वपूर्ण श्रम/लेबर समस्याएं और उनके प्रस्तावित समाधान
- मानव संसाधन/औद्योगिक संबंध के मोर्चे पर कोई महत्वपूर्ण विकास जैसे वेतन समझौते पर हस्ताक्षर, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना का कार्यान्वयन आदि
- निदेशक मंडल द्वारा वांछित मामलों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट
- कोई भी अनुबंध जिसमें निदेशक (निदेशकों) की रुचि हो
- निदेशकों द्वारा अन्य कंपनियों में उनके द्वारा अधिग्रहित निदेशको और समिति पदों के बारे में रूचि का प्रकटीकरण
- निदेशक मंडल की बैठक आदि पर सूचीकरण विनियमों, डीपीई दिशानिर्देशों और सचिवीय मानक–1 के अंतर्गत सूचना या अनुमोदन के लिए निदेशक मंडल को प्रस्तुत किए जाने वाले आवश्यक अन्य मामले।

निदेशक मंडल ने निर्णय लेने की प्रक्रिया को सुचारु तथा कुशल प्रवाह देने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया है। सभी निदेशक मंडल स्तरीय समितियों के कार्यवृत्त परिचालित किए जाते हैं और निदेशक मंडल की बैठकों में चर्चा की जाती है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान ऐसा कोई उदाहरण नहीं था जिसमें निदेशक मंडल की किसी समिति की किसी भी अनुशंसा को स्वीकार नहीं किया जो अनिवार्य रूप से आवश्यक हो।

viii. नए निदेशकों का चयन

बीएचईएल के अंतर्नियमों के अनुसार, भारत के राष्ट्रपति भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय के माध्यम से, बीएचईएल के निदेशक मंडल में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा कार्यकारी निदेशकों की नियुक्ति करते हैं। बीएचईएल के निदेशक मंडल में प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा दो अंशकालिक शासकीय निदेशकों को नामित किया जाता है। भारत के राष्ट्रपति बीएचईएल के निदेशक मंडल में अंशकालिक गैर–अधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशकों की नियुक्ति भी करते हैं। स्वतंत्र निदेशकों का चयन भारी उद्योग विभाग द्वारा सार्वजनिक उद्यम विभाग की खोजबीन समिति के परामर्श से किया जाता है, जिसके पास प्रबंधन, वित्त, इंजीनियरिंग, प्रशासन उद्योग आदि के क्षेत्र में विस्तृत अनुभव रखने वाले विद्वान व्यक्तियों के पैनल की सूची होती है।

ix. सदस्यता अवधि और सेवानिवृत्ति नीति

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा कार्यकारी निदेशकों की नियुक्ति उनके पदभार ग्रहण करने की तिथि से पांच वर्ष की अवधि के लिए, या उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, तक की जाती है।

अंशकालिक शासकीय निदेशक भारत सरकार के विवेक पर बीएचईएल के निदेशक मंडल में बने रहेंगे। अंशकालिक गैर सरकारी (स्वतंत्र) निदेशकों का कार्यकाल प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा तय किया जाता है। स्वतंत्र निदेशक को सामान्यतः तीन वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाता है।

x. आचार संहिता

बीएचईएल ने सूचीकरण विनियमों 2005 समझौते के खंड 49 के अनुरूप "निदेशक मंडल के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों के लिए व्यावसायिक आचरण और नैतिकता संहिता" निर्धारित की है। संहिता को बाद में समय–समय पर नियामक ढांचे में बदलाव के अनुरूप संशोधित किया जाता है, जिसमें

सूचीकरण विनियमों में बदलाव और व्यापार की गतिशीलता में बदलाव तथा संहिता की मजबूती के लिए अन्य प्रासंगिक प्रावधानों को सम्मिलित करना था। वर्तमान संहिता भी संशोधित सूचीकरण विनियमों के अनुपालन में है।

संहिता में सम्मिलित हैं :–

- सामान्य नैतिक अनिवार्यताएं
- विशिष्ट व्यावसायिक उत्तरदायित्व तथा
- निदेशक मंडल सदस्यों तथा वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों के लिए विशिष्ट अतिरिक्त प्रावधान।

संहिता की एक प्रति कंपनी की वेबसाइट www.bhel.com पर उपलब्ध है।

xi. निदेशक मंडल का घोषणा पत्र / चार्टर

निदेशक मंडल तथा निदेशकों की व्यक्तिगत भूमिका तथा उत्तरदायित्वों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने के उद्देश्य से, निदेशक मंडल ने निदेशक मंडल का एक घोषणा पत्र / चार्टर निर्धारित किया है। घोषणा पत्र / चार्टर बीएचईएल कॉर्पोरेट अभिशासन के उद्देश्यों तथा दृष्टिकोण को भी स्पष्ट करता है।

डीपीई दिशानिर्देशों के अनुरूप, सूचीबद्धता समझौते और निदेशकों को प्रदान करने के उद्देश्य से:

क) अपने वैधानिक कर्तव्यों के सफल निर्वहन के लिए दिशा निर्देशों और प्रक्रियाओं में अंतर्दृष्टि, ख) भविष्य को समझने तथा रणनीतियों को विकसित करने के लिए व्यावसायिक वातावरण की बेहतर समझ तथा ग) निदेशक मंडल के सदस्यों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण, बीएचईएल निदेशक मंडल ने निदेशकों के प्रशिक्षण के लिए एक नीति को मंजूरी दी है। इससे कंपनी के विशिष्ट क्षेत्रों के लिए सामान्य और विशिष्ट दोनों प्रकार के प्रशिक्षण हैं।

xii. व्यवसायी कंपनी सचिव द्वारा प्रमाण पत्र

कंपनी को कंपनी सचिव से प्रमाण पत्र प्राप्त है कि कंपनी निदेशक मंडल के किसी भी निदेशक को सेबी / कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय या किसी ऐसे वैधानिक प्राधिकरण द्वारा कंपनी निदेशक के रूप में नियुक्त या निरंतरता रखने से वंचित या अयोग्य घोषित नहीं किया गया है। इसे संलग्न किया गया है।

xiii. सीईओ / सीएफओ प्रमाणन

सूचीबद्धता विनियमों के विनियम 17(8) के संदर्भ में, वित्तीय विवरणों और वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित आंतरिक नियंत्रण पर सीईओ और सीएफओ द्वारा जारी अनुपालन प्रमाणपत्र निदेशक मंडल के समक्ष रखा गया था।

2.3 निदेशक मंडल लेखा परीक्षा समिति

i. विचारार्थ विषय

निदेशक मंडल द्वारा निर्दिष्ट निदेशक मंडल ऑडिट समिति के विचारार्थ विषय कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 के साथ–साथ सूचीबद्धता विनियमों की आवश्यकताओं के अनुरूप हैं और निम्नानुसार हैं:

1. कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की निगरानी और इसकी वित्तीय जानकारी का प्रकटीकरण यह सुनिश्चित करने के लिए कि वित्तीय विवरण सही, पर्याप्त और विश्वसनीय है
2. कंपनी के लेखा परीक्षकों की नियुक्ति, पारिश्रमिक और नियुक्ति की शर्तों की अनुशंसाएं
3. सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा प्रदान की गई किसी अन्य सेवा के लिए सांविधिक लेखापरीक्षकों को भुगतान की स्वीकृति
4. अनुमोदन के लिए निदेशक मंडल को प्रस्तुत करने से पहले प्रबंधन के साथ वार्षिक वित्तीय विवरणों और लेखापरीक्षक की रिपोर्ट की समीक्षा करना, विशेष रूप से निम्नलिखित के संदर्भ में:
   i. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 की उप–धारा 3 के खंड (सी) के संदर्भ में निदेशक मंडल की रिपोर्ट में निदेशक के उत्तरदायित्व विवरण में शामिल किए जाने वाले आवश्यक मामले
   ii. लेखांकन नीतियों और पद्धतियों में परिवर्तन, यदि कोई हो, और उसके कारण
   iii. प्रबंधन द्वारा निर्णय के अभ्यास के आधार पर अनुमानों को शामिल करने वाली प्रमुख लेखा प्रविष्टियां
   iv. लेखापरीक्षा निष्कर्षों से उत्पन्न वित्तीय विवरणों में किए गए महत्वपूर्ण समायोजन
   v. वित्तीय विवरणों से संबंधित सूचीबद्धता और अन्य कानूनी आवश्यकताओं का अनुपालन
   vi. किसी भी संबंधित पक्ष से लेनदेन का प्रकटीकरण
   vii. मसौदा लेखा परीक्षा रिपोर्ट में योग्यताएं
5. अनुमोदन के लिए निदेशक मंडल को प्रस्तुत करने से पहले प्रबंधन के साथ तिमाही वित्तीय विवरणों और लेखापरीक्षक की रिपोर्ट की समीक्षा करना
6. प्रबंधन के साथ समीक्षा करना, किसी मुद्दे (सार्वजनिक निर्गम, राइट्स इश्यू, प्रेफरेंशियल इश्यू, आदि) के माध्यम से जुटाए गए फंड के उपयोग / आवेदन के विवरण, प्रस्ताव दस्तावेज में बताए गए उद्देश्यों के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए उपयोग किए गए फंड का विवरण / सार्वजनिक या राइट्स इश्यू की आय के उपयोग की निगरानी करने वाली निगरानी एजेंसी द्वारा प्रॉस्पेक्टस/नोटिस और रिपोर्ट प्रस्तुत करना और इस मामले में कदम उठाने के लिए निदेशक मंडल को उचित सिफारिशें करना

7. लेखापरीक्षक/ऑडिटर की स्वतंत्रता और प्रदर्शन, और लेखांकन/ऑडिट प्रक्रिया की प्रभावशीलता की समीक्षा और निगरानी करना

8. संबंधित पक्षों के साथ कंपनी के लेनदेन की स्वीकृति या उसके बाद का कोई संशोधन

9. अंतर–कॉर्पोरेट ऋणों और निवेशों की संवीक्षा

10. इस प्रावधान के लागू होने की तिथि से, होल्डिंग कंपनी द्वारा 100 करोड़ रूपये से अधिक या सहायक कंपनी की परिसम्पत्ति का 10% जो भी कम हो, में मौजूदा ऋण / अग्रिम / निवेश सहित मौजूदा ऋणों / अग्रिमों / अग्रिमों/निवेशों के उपयोग की समीक्षा करना

11. कंपनी के उपक्रमों या परिसंपत्तियों का मूल्यांकन, जहां कहीं आवश्यक हो

12. आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों और जोखिम प्रबंधन प्रणालियों का मूल्यांकन

13. प्रबंधन के साथ, सांविधिक और आंतरिक लेखा परीक्षकों के प्रदर्शन, आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की पर्याप्तता की समीक्षा करना

14. आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग की संरचना, स्टाफिंग और विभाग के प्रमुख अधिकारी की वरिष्ठता, संरचना कवरेज और आंतरिक लेखापरीक्षा की आवृत्ति की रिपोर्टिंग सहित आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य की पर्याप्तता, यदि कोई हो, की समीक्षा करना

15. किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर आंतरिक लेखा परीक्षकों के साथ चर्चा और उस पर अनुवर्ती कार्रवाई

16. आंतरिक लेखा परीक्षकों द्वारा किसी भी आंतरिक जांच के निष्कर्षों की समीक्षा करना जहां संदिग्ध धोखाधड़ी या अनियमितता या भौतिक प्रकृतिकी आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की विफलता है और मामले को निदेशकमंडल को रिपोर्ट करना है

17. लेखा परीक्षा शुरू होने से पहले सांविधिक लेखा परीक्षकों के साथ चर्चा, लेखा परीक्षा की प्रकृति और दायरे के साथ–साथ किसी भी संदेह के क्षेत्र का पता लगाने के लिए लेखा परीक्षा के बाद भी चर्चा करना

18. जमाकर्ताओं, डिबेंचर/धारकों, शेयरधारकों (घोषित लाभांश का भुगतान न करने की स्थिति में) और लेनदारों को भुगतान में पर्याप्त चूक के कारणों की जांच करना

19. व्हिसल ब्लोअर/सतर्कता तंत्र के कामकाज की समीक्षा करना

20. आंतरिक लेखापरीक्षा/निदेशक मंडल और/या भारत सरकार द्वारा बीएलएसी को संदर्भित लेखापरीक्षा पैरा की समीक्षा करना और इससे संदर्भित मुद्दों पर अपने सुझाव/मार्गदर्शन/टिप्पणियां प्रदान करना

21. सांविधिक लेखापरीक्षकों/आंतरिक लेखापरीक्षकों के साथ आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों के बारे में आवधिक रूप से चर्चा

22. सूचीबद्ध इकाई और उसके शेयरधारकों पर विलय, डीमर्जर, समामेलन आदि से जुड़ी योजनाओं के औचित्य, लागत–लाभ और प्रभाव पर विचार करना और टिप्पणी करना

23. जहां भी आवश्यक हो, उपर्युक्त मामलों में बाहरी स्रोतों से व्यावसायिक सलाह लेना

24. लेखा परीक्षा समिति निम्नलिखित जानकारी की भी समीक्षा करेगी:

    i. वित्तीय स्थिति और परिचालन के परिणामों की प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

    ii. महत्वपूर्ण संबंधित पक्षों से लेनदेन का विवरण

    iii. सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा जारी किए गए प्रबंधन पत्र/आंतरिक नियंत्रण कमियों के पत्र तथा

    iv आंतरिक नियंत्रण कमियों से संबंधित आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट

25. कंपनी अधिनियम, सेबी विनियमों और अन्य वैधानिक विनियमों के तहत निर्धारित लेखा परीक्षा समिति के विचारार्थ विषय से संबंधित कोई अन्य कार्य करना।

ii. समिति की संरचना, सदस्यों और अध्यक्ष के नाम

लेखा परीक्षा समिति की संरचना सूचीबद्धता विनियम और कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुपालन में है। लेखा परीक्षा समिति की अध्यक्षता एक स्वतंत्र निदेशक द्वारा की जाती है। सदस्य निदेशकों में वाणिज्य, वित्त, प्रशासन और अभिशासन पृष्ठभूमि के साथ विद्वान तथा प्रतिष्ठित व्यवसायी शामिल हैं।

लेखा परीक्षा समिति का पुनर्गठन पिछली बार 14 फरवरी, 2023 से किया गया

था। वर्ष के दौरान लेखापरीक्षा समिति की संरचना में निम्नलिखित निदेशक शामिल हैं:

निदेशक का नाम श्रीमती / श्री	पद	बैठकों की सं.	
		उनके कार्यकाल में आयोजित	उपस्थित
मनीष कपूर, स्वतंत्र निदेशक (27 जनवरी, 2023 तक)	अध्यक्ष	6	6
डॉ. के शिवप्रसाद स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष (10 फरवरी, 2023 से)	2	2
	सदस्य (9 फरवरी, 2023 तक)	6	6
शशांक प्रिया, अंशकालिक सरकारी निदेशक (14 फरवरी, 2023 तक)	सदस्य	7	5
सुश्री आरती भटनागर अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय अंशकालिक सरकारी निदेशक	सदस्य (10 फरवरी, 2023 से)	1	1
राज कमल बिंदल, स्वतंत्र निदेशक (27 जनवरी, 2023 तक)	सदस्य	6	6
डॉ. राज के. अग्रवाल, स्वतंत्र निदेशक (12 सितंबर, 2022 तक)	सदस्य	3	3
डॉ. लेखाश्री सामंतसिंघर, स्वतंत्र निदेशक	सदस्य (11 नवंबर, 2022 से)	4	4

निदेशक (वित्त), निदेशक (आई एस एंड पी) और निदेशक (ई, आर एंड डी) स्थायी रूप से आमंत्रित हैं। कंपनी सचिव समिति के सचिव के रूप में कार्य करते हैं।

आंतरिक लेखा परीक्षा के प्रमुख और सांविधिक लेखा परीक्षक के प्रतिनिधि लेखा परीक्षा समिति की बैठकों के लिए आमंत्रितों के रूप में उपस्थित हो सकते हैं। कंपनी के लेखापरीक्षकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों को लेखा परीक्षा समिति की बैठकों में सुनवाई का अधिकार होगा जब वह लेखापरीक्षक की रिपोर्ट पर विचार करेगा लेकिन उसे वोट देने का अधिकार नहीं होगा।

iii. बैठकें और उपस्थिति

समीक्षावधि में लेखापरीक्षा 21 मई, 2022, 4 अगस्त, 2022, 22 सितंबर, 2022, 11 नवंबर, 2022, 16 दिसंबर, 2022, 10 फरवरी, 2023 और 25 मार्च, 2023 को कुल आठ बैठकें हुई। प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति का ब्यौरा पिछली टेबल में दिया गया है।

2.4 नामांकन और पारिश्रमिक समिति:

i. पारिश्रमिक नीति

बीएचईएल एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम होने के कारण अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/कार्यात्मक निदेशकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक भारत सरकार द्वारा तय किया जाता है। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/निदेशकों की नियुक्ति की शर्तें, भारत के राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदित की गई हैं। इनका बीएचईएल के नियमों के अनुसार, कुछ भत्तों और लाभों के निर्धारण का प्रावधान है। अंशकालिक गैर–कार्यकारी निदेशकों को निदेशक मंडल या उसकी समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए स्वतंत्र निदेशकों को बैठक शुल्क के अलावा कोई पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया जाता है।

ii. विचारार्थ विषय

30 मार्च, 2015 को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 और पूर्ववर्ती सूचीबद्धता समझौते (अब सूचीबद्धता विनियम) के खंड 49 की आवश्यकताओं के अनुरूप, निदेशक मंडल ने नामांकन और पारिश्रमिक समिति (एनआरसी) का गठन किया। समिति के विचारार्थ विषय कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 के साथ–साथ सूचीबद्धता विनियमों की आवश्यकताओं के अनुरूप हैं और निम्नानुसार हैं:

1. ऐसे व्यक्तियों की पहचान करना जो निदेशक बनने के लिए योग्य हैं और जिन्हें निर्धारित मानदंडों के अनुसार वरिष्ठ प्रबंधन में नियुक्त किया जा सकता है और उनकी नियुक्ति और हटाने के लिए निदेशक मंडल को अनुशंसा करेंगे और निदेशक मंडल के प्रदर्शन के प्रभावी मूल्यांकन के तरीके को निर्दिष्ट करेंगे, इसकी समितियों और व्यक्तिगत निदेशकों को या तो निदेशक मंडल द्वारा, नामांकन और पारिश्रमिक समिति द्वारा या एक स्वतंत्र बाहरी एजेंसी द्वारा संचालित किया जाएगा और इसके कार्यान्वयन और अनुपालन की समीक्षा की जाएगी।
2. निदेशक की योग्यता, सकारात्मक विशेषताओं और स्वतंत्रता का निर्धारण करने के लिए मानदंड तैयार करना और निदेशक मंडल को एक नीति की सिफारिश करना, निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों और अन्य कर्मचारियों के पारिश्रमिक से संबंधित अधिनियम / सूचीबद्धता विनियमों के प्रावधानों के अनुपालन में / डीपीई दिशानिर्देश,
3. स्वतंत्र निदेशकों और निदेशक मंडल के मूल्यांकन के लिए मानदंड तैयार करना,
4. निदेशक मंडल विविधता पर नीति बनाना,
5. निदेशक मंडल को सिफारिश करने के लिए, अपनी सहायक कंपनियों और अन्य सरकारी संगठनों के बोर्डों में बीएचईएल अधिकारियों का नामांकन, जिन्हें एमएचआई को प्रस्तुत करने से पहले बीएचईएल के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया जाना आवश्यक है,
6. विशिष्ट पारिश्रमिक पैकेजों पर कंपनी की नीति का निरीक्षण, पेंशन अधिकारों सहित पूर्णकालिक निदेशकों के लिए अनुलाभ और कोई भी प्रतिपूरक भुगतान, जो भारत के राष्ट्रपति द्वारा तय नहीं किया गया है,
7. पूर्णकालिक निदेशकों के लिए कुछ अनुलाभों को मंजूरी देना जो

निदेशक मंडल की शक्तियों के अधीन हैं। व्यक्तिगत निदेशकों के पारिश्रमिक पैकेज के प्रमुख समूहों के तहत शामिल किए गए तत्वों की समीक्षा, जैसे प्रोत्साहन लाभ, बोनस, स्टॉक विकल्प, पेंशन आदि,

8. भत्तों एवं लाभों और अन्य संबंधित मामलों पर नीतियों को अंतिम रूप देना जो भारत के राष्ट्रपति द्वारा नहीं बल्कि निदेशक मंडल की शक्तियों के भीतर तय किए गए हैं,

9. कार्य निष्पादन मानदंड के आधार पर निश्चित घटकों और प्रदर्शन से जुड़े प्रोत्साहनों का अनुमोदन,

10. गैर–कार्यकारी निदेशकों को भुगतान करने के मानदंड को अंतिम रूप देना,

11. निदेशक मंडल/शेयरधारकों को स्वतंत्र निदेशकों सहित गैर–कार्यकारी निदेशकों को भुगतान/अनुदान दिए जाने वाले शुल्क/मुआवजे/स्टॉक विकल्प, यदि कोई हों, की अनुशंसा,

12. वरिष्ठ प्रबंधन को देय सभी पारिश्रमिक, चाहे वह किसी भी रूप में हो के लिए निदेशक मंडल की अनुशंसा,

13. अधिकारियों और गैर–संघीय पर्यवेक्षकों के लिए बोनस/परिवर्तनीय वेतन पूल और इसके वितरण के लिए नीति तय करना,

14. कंपनी अधिनियम, सेबी विनियमों और अन्य वैधानिक विनियमों के तहत निर्धारित एनआरसी के विचारार्थ विषय से संबंधित कोई अन्य कार्य करना।

एमसीए ने 5 जून 2015 की अधिसूचना के तहत प्रावधान किया कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 (2), (3) और (4) निदेशकों के प्रदर्शन मूल्यांकन के संबंध में सरकारी कंपनी पर लागू नहीं होगी।

iii. समिति की संरचना, सदस्यों और अध्यक्ष के नाम

नामांकन और पारिश्रमिक समिति का पुनर्गठन पिछली बार 10 फरवरी, 2023 को किया गया था। वर्ष के दौरान समिति की संरचना में निम्नलिखित निदेशक शामिल थे:

निदेशक का नाम श्रीमती / श्री	पद	बैठकों की सं.	
		उनके कार्यकाल में आयोजित	उपस्थित
मनीष कपूर, स्वतंत्र निदेशक (27 जनवरी, 2023 तक)	अध्यक्ष	1	1
डॉ. लेखाश्री सामंतसिंघर, स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष (10 फरवरी, 2023 से)	0	0
	सदस्य (9 फरवरी, 2023 तक)	1	1
विजय मित्तल, सं. सचिव, भारी उद्योग मंत्रालय, अंशकालिक सरकारी निदेशक	सदस्य	1	1
डॉ. के शिवप्रसाद स्वतंत्र निदेशक	सदस्य (11 नवंबर, 2022 से)	0	0
आदित्य प्रसाद साहू, स्वतंत्र निदेशक (30 मई, 2022 तक)	सदस्य	0	0

प्रमुख (मानव संसाधन), कॉर्पोरेट कार्यालय स्थायी आमंत्रित है। कंपनी सचिव समिति के सचिव के रूप में कार्य करते हैं।

iv. बैठकें और उपस्थिति

नामांकन और पारिश्रमिक समिति की समीक्षा वर्ष के दौरान 03 अगस्त, 2022 को एक बैठक हुई। प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति का विवरण उपर्युक्त सारणी में दिया गया है।

v. वर्ष 2022–23 के दौरान कार्यकारी निदेशकों का पारिश्रामिक नीचे दिया गया है:

(₹ में)

क्रम	निदेशक का नाम श्री / श्रीमती	वेतन	हितलाभ	अन्य हितलाभ	निष्पादन से जुड़े प्रोत्साहन	कुल	सेवा अनुबंध नोटिस अवधि विच्छेद शुल्क
1.	डॉ. नलिन सिंघल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	56,31,608	9,85,870	36,039	-	66,53,516	----
2.	सुबोध गुप्ता, निदेशक (वित्त)	45,30,436	9,08,673	3,30,219	-	57,69,328	रोटेशन से सेवानिवृत्त होने के लिए उत्तरदायी
3.	रेणुका गेरा, निदेशक (आई एस एंड पी)	45,82,728	9,19,193	6,53,976	-	61,55,897	रोटेशन से सेवानिवृत्त होने के लिए उत्तरदायी
4.	उपिंदर सिंह मठारू, निदेशक (पावर)	45,53,116	9,11,479	6,52,646	-	61,17,241	रोटेशन से सेवानिवृत्त होने के लिए उत्तरदायी
5.	जय प्रकाश श्रीवास्तव निदेशक (ई आर एंड डी)	30,96,690	6,03,811	3,48,844	-	40,49,345	रोटेशन से सेवानिवृत्त होने के लिए उत्तरदायी

vi. वर्ष 2022–23 के दौरान स्वतंत्र निदेशकों को किए गए भुगतान का विवरण:

(₹ में)

स्वतंत्र निदेशक का नाम	बैठक शुल्क		कुल
	निदेशक मंडल बैठक	समिति बैठक	
श्री राज कमल बिंदल	2,70,000/-	2,80,000/-	5,50,000/-
श्री मनीष कपूर	2,70,000/-	2,40,000/-	5,10,000/-
डॉ राज के. अग्रवाल	1,80,000/-	1,00,000/-	2,80,000/-
डॉ के शिवप्रसाद	3,30,000/-	3,00,000/-	6,30,000/-
डॉ लेखाश्री सामंतसिंघर	3,30,000/-	2,60,000/-	5,90,000/-
श्री आदित्य प्रसाद साहू	60,000/-	20,000/-	80,000/-

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, स्वतंत्र निदेशकों को बैठक शुल्क रु. 30,000/– प्रति निदेशक मंडल बैठक और रु. 20,000/– प्रति निदेशक मंडल स्तरीय समिति बैठक में भाग लेने के लिए पात्र थे। स्वतंत्र निदेशक स्टॉक ऑप्शन के पात्र नहीं हैं।

vii. निदेशकों द्वारा धारित इक्विटी शेयर

निम्नलिखित को छोड़कर, किसी भी निदेशक के पास बीएचईएल में कोई इक्विटी शेयर नहीं है (31 मार्च, 2023 तक):

निदेशक का नाम धारित	शेयरों की संख्या
डॉ. नलिन सिंघल (पति/पत्नी सहित)	100

कंपनी ने वर्ष 2022–23 के दौरान कोई स्टॉक विकल्प जारी नहीं किया है।

2.5 शेयरधारक समितियां

2.5.1 हितधारक संबंध समितियां

i. विचारार्थ विषय

निदेशक मंडल ने 12 मई 2014 को कंपनी अधिनियम, 2013 और पूर्ववर्ती सूचीबद्धता समझौते (अब सूचीबद्धता विनियम) की आवश्यकताओं के अनुरूप शेयरधारकों/निवेशकों की शिकायत समिति को हितधारकों के संपर्क समिति (एसआरसी) के रूप में पुनर्गठित किया। समिति के विचारार्थ विषय कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 की आवश्यकताओं के साथ–साथ सूचीबद्धता विनियमों के अनुरूप हैं और निम्नानुसार हैं:

1. कंपनी के सुरक्षा धारकों की शिकायतों का समाधान जिसमें शेयरों के हस्तांतरण/संचरण, वार्षिक रिपोर्ट न मिलना, घोषित लाभांश न मिलना, नए/डुप्लिकेट प्रमाणपत्र जारी करना, सामान्य बैठकें आदि से संबंधित शिकायतें शामिल हैं;
2. शेयरधारकों द्वारा मतदान अधिकारों के प्रभावी प्रयोग के लिए किए गए उपायों की समीक्षा करना;
3. रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाओं के संबंध में कंपनी द्वारा अपनाए गए सेवा मानकों के पालन की समीक्षा करना;
4. दावा न किए गए लाभांश की मात्रा को कम करने और कंपनी के शेयरधारकों द्वारा लाभांश वारंट/वार्षिक रिपोर्ट/वैधानिक नोटिस की समय पर प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए कंपनी द्वारा किए गए विभिन्न उपायों और पहलों की समीक्षा करना;
5. शेयरधारकों, डिबेंचर धारकों और अन्य सुरक्षा धारकों के हित के विभिन्न पहलुओं पर गौर करना;
6. कंपनी अधिनियम, सेबी विनियमों और अन्य वैधानिक विनियमों के तहत निर्धारित समिति के विचारार्थ विषय से संबंधित कोई अन्य कार्य करना।

ii. समिति की संरचना, सदस्यों और अध्यक्ष के नाम

हितधारक संपर्क समिति का पुनर्गठन पिछली बार 14 फरवरी, 2023 को किया गया था। वर्ष के दौरान गठित समिति में निम्नलिखित निदेशक शामिल थे :–

निदेशक का नाम श्रीमती / श्री	पद	बैठकों की सं.	
		उनके कार्यकाल में आयोजित	उपस्थित
मनीष कपूर, स्वतंत्र निदेशक (27 जनवरी, 2023 तक)	अध्यक्ष	3	3
डॉ. के शिवप्रसाद स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष (10 फरवरी, 2023 से)	1	1
	सदस्य (9 फरवरी, 2023 तक)	3	3
शशांक प्रिया, अंशकालिक सरकारी निदेशक (14 फरवरी, 2023 तक)	सदस्य	4	4
सुश्री आरती भटनागर अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय अंशकालिक सरकारी निदेशक	सदस्य (10 फरवरी, 2023 से)	0	0
निदेशक (वित्त)	सदस्य	4	4
निदेशक (आई एस एंड पी)	सदस्य	4	4

मुख्य निवेशक संपर्क अधिकारी (सीआईआरओ) स्थायी आमंत्रित सदस्य हैं। कंपनी सचिव समिति के सचिव के रूप में कार्य करते हैं।

श्री राजीव कालरा, कंपनी सचिव, सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के अनुसार अनुपालन अधिकारी हैं।

iii. बैठकें और उपस्थिति

समीक्षाधीन वर्ष में समिति की दिनांक 13 मई, 2022, 03 अगस्त, 2022, 11 नवंबर, 2022 और 10 फरवरी, 2023 को कुल चार बैठकें हुईं । प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति का ब्यौरा ऊपर सारणी में दिया गया है।

शेयरधारकों की शिकायतों का विवरण

अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड (आरटीए) द्वारा सेबी को दी गई रिपोर्ट के अनुसार, समीक्षाधीन वर्ष के दौरान शेयरधारकों से 13 शिकायतें प्राप्त हुईं और 31 मार्च, 2023 तक सभी शिकायतों का निवारण कर दिया गया। रिपोर्ट की अवधि के अंत में कोई शिकायत लंबित नहीं थी।

2.5.2 शेयर अंतरण समिति

निदेशक मंडल द्वारा शेयर अंतरण समिति का गठन 25 मार्च, 1992 को किया गया था। बाद में, निदेशक मंडल ने 1 अगस्त, 2014 से समिति के विचारार्थ विषयों को पुनरीक्षित किया। यह शेयर अंतरण समिति शेयरों की भौतिक बदली, उप–विभाजन, समेकन और शेयर प्रमाण–पत्र की दूसरी प्रति जारी किए जाने से संबंधित मुद्दों पर विचार करती है और अनुमोदन प्रदान करती है।

अंतिम बार शेयर अंतरण समिति का पुनर्गठन दिनांक 6 फरवरी, 2021 को किया गया था। निदेशक (वित्त) को अध्यक्ष के रूप में और निदेशक (ई, आर एंड डी) और निदेशक (आईएस एंड पी) को सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया।

2022–23 के दौरान बैठकें

वर्ष के दौरान शेयर अंतरण समिति की सात बैठकें हुईं। शेयर अंतरण समिति की बैठकों के कार्यवृत्त समय–समय पर निदेशक मंडल के समक्ष रखे जाते हैं।

2.6 कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए निदेशक मंडल स्तरीय समिति

i. विचारार्थ विषय

सीपीएसई के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पर डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार, निदेशक मंडल ने सीएसआर गतिविधियों की उचित और आवधिक निगरानी के लिए 25 नवंबर, 2010 को सीएसआर के लिए निदेशक मंडल स्तर की शीर्ष समिति का गठन किया। समिति को वर्तमान में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए निदेशक मंडल स्तरीय समिति के रूप में नामित किया गया है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अनुरूप, समिति के विचारार्थ विषय निम्नानुसार हैं:

1. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति का निर्माण एवं निदेशक मंडल को संस्तुत करना जिसमें कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII में विनिर्दिष्ट क्षेत्रों अथवा विषयों से संबंधित गतिविधियों को शामिल किया जाता है।
2. परियोजनाओं, कार्यक्रमों की सिफारिश और खंड (1) में निर्दिष्ट गतिविधियों पर किए जाने वाले व्यय की राशि
3. समय–समय पर कंपनी के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों की निगरानी करना
4. भारत सरकार द्वारा समय–समय पर जारी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और सतत विकास पर दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना।

ii. समिति की संरचना, अध्यक्ष एवं सदस्यों का नाम

समिति का पिछली बार पुनर्गठन 10 फरवरी, 2023 को किया गया था। वर्ष के दौरान समिति में निम्नलिखित निदेशक सम्मिलित थे:

निदेशक का नाम श्रीमती / श्री	पद	बैठकों की सं.	
		उनके कार्यकाल में आयोजित	उपस्थित
मनीष कपूर, स्वतंत्र निदेशक (27 जनवरी, 2023 तक)	अध्यक्ष	1	1
डॉ. के शिवप्रसाद स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष (10 फरवरी, 2023 से)	0	0
	सदस्य (9 फरवरी, 2023 तक)	1	1
आदित्य प्रसाद साहू, स्वतंत्र निदेशक (30 मई, 2022 तक)	सदस्य	0	0
निदेशक (वित्त)	सदस्य	1	1
निदेशक (मा.सं.)	सदस्य (11 नवंबर, 2022 से)	0	0

प्रमुख (सीएसआर), कॉर्पोरेट कार्यालय स्थायी आमंत्रित हैं। कंपनी सचिव समिति के सचिव के रूप में कार्य करते हैं।

iii. बैठकें और उपस्थिति

समीक्षा वर्ष के दौरान 03 अगस्त, 2022 को एक बार बैठक हुई। प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति का विवरण उपर्युक्त सारणी में दिया गया है।

2.7 मानव संसाधन समिति

i. विचारार्थ विषय

निदेशक मंडल ने विशेष रूप से निम्नलिखित मामलों को देखने के लिए 31 मई, 2006 को मानव संसाधन समिति का गठन किया:

क. कार्यपालकों की पदोन्नति और पुरस्कार/प्रोत्साहन के संबंध में वर्तमान नीतियों की समीक्षा ।

ख. परिवर्तित/उभरते व्यावसायिक वातावरण के लिए बीएचईएल को तैयार करने के लिए नीतियों में अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों परिवर्तनों के बारे में सुझाव देना।

ii. समिति की संरचना, सदस्यों और अध्यक्ष के नाम

पिछली बार समिति का पुनर्गठन 14 फरवरी, 2022 को किया गया था। वर्ष के दौरान गठित समिति में निम्नलिखित निदेशक सम्मिलित थे:

निदेशक का नाम श्रीमती / श्री	पद
राज कमल बिंदल, स्वतंत्र निदेशक (27 जनवरी, 2023 तक)	अध्यक्ष
डॉ. लेखाश्री सामंतसिंघर, स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष (10 फरवरी, 2023 से)
	सदस्य (11 नवंबर, 2022 से 9 फरवरी, 2023 तक)
निदेशक (आईएस एंड पी)	सदस्य
निदेशक (ई, आर एंड डी)	सदस्य
निदेशक (मा.सं.)	सदस्य (11 नवंबर, 2022 से)

प्रमुख (मा.सं.), कॉर्पोरेट कार्यालय स्थायी आमंत्रित है। कंपनी सचिव समिति के सचिव के रूप में कार्य करते हैं।

iii. बैठकें और उपस्थिति :–

वर्ष के दौरान मानव संसाधन समिति की कोई बैठक आयोजित नहीं की गई

2.8 स्वतंत्र निदेशकों की समिति

i. विचारार्थ विषय

निदेशक मंडल ने सीपीएसई के लिए गैर–सरकारी निदेशकों की भूमिका और जिम्मेदारियों पर आधारित मॉडल पर 28 दिसंबर 2012 के डीपीई ओएम के अनुरूप स्वतंत्र निदेशकों की एक समिति का गठन किया, जो कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची पअ की आवश्यकताओं और सूचीबद्धता विनियम के अनुपालन में भी है।

ii. समिति की संरचना, सदस्यों और अध्यक्ष के नाम

वर्ष के दौरान गठित समिति में निम्नलिखित निदेशक सम्मिलित थे:

निदेशक का नाम श्रीमती / श्री	पद	बैठकों की सं.	
		उनके कार्यकाल में आयोजित	उपस्थित
राज कमल बिंदल, (27 जनवरी, 2023 तक)	अध्यक्ष एवं प्रमुख, स्वतंत्र निदेशक	1	1
डॉ. के शिवप्रसाद स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष एवं प्रमुख, स्वतंत्र निदेशक (28 जनवरी, 2023 से)	0	0
	सदस्य (27 जनवरी, 2023 तक)	1	1
मनीष कपूर, (27 जनवरी, 2023 तक)	सदस्य	1	1
डॉ. राज के. अग्रवाल, (12 सितंबर, 2022 तक)	सदस्य	0	0
डॉ. लेखाश्री सामंतसिंघर	सदस्य	1	1
आदित्य प्रसाद साहू, स्वतंत्र निदेशक (30 मई, 2022 तक)	सदस्य	0	0

iii. बैठकें और उपस्थिति

समीक्षा वर्ष के दौरान समिति की 10 जनवरी, 2022 को एक बैठक हुई। प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति का विवरण उपर्युक्त सारणी में दिया गया है।

2.9 निदेशक मंडल जोखिम प्रबंधन समिति:

i. विचारार्थ विषय

पूर्ववर्ती सूचीबद्धता समझौते (अब सूचीबद्धता विनियम) के अनुरूप, निदेशक मंडल ने 14 नवंबर, 2014 को निदेशक मंडल स्तर की जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया। निदेशक मंडल जोखिम प्रबंधन समिति के विचारार्थ विषय विनियमों की आवश्यकताओं के अनुरूप हैं और निम्नानुसार हैं:

1. व्यापक जोखिम प्रबंधन नीति तैयार करना जिसमें निम्नलिखित विषय शामिल होंगे: (क) विशेष रूप से वित्तीय, परिचालन, क्षेत्रीय, स्थिरता (विशेष रूप से, ईएसजी से संबंधित जोखिम), सूचना, साइबर सुरक्षा जोखिम या समिति द्वारा निर्धारित किसी भी अन्य जोखिम सहित सूचीबद्ध इकाई द्वारा सामना किए जाने वाले आंतरिक और बाहरी जोखिमों की पहचान के लिए एक प्रारूप, (ख) पहचाने गए जोखिमों के आंतरिक नियंत्रण के लिए प्रणालियों और प्रक्रियाओं सहित जोखिम न्यूनीकरण के उपाय, (ब) व्यवसाय निरंतरता योजना
2. कंपनी के व्यवसाय से जुड़े जोखिमों की निगरानी और मूल्यांकन के लिए उपर्युक्त कार्यप्रणाली, प्रक्रियाएं और प्रणालियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना,
3. जोखिम प्रबंधन प्रणाली की पर्याप्तता के मूल्यांकन सहित जोखिम प्रबंधन नीति के कार्यान्वयन की निगरानी और देख रेख करना,
4. जोखिम प्रबंधन नीति की समय–समय पर समीक्षा करना जिसमें दो साल में कम से कम एक बार, उद्योग की बदलती गतिशीलता और विकसित जटिलता पर विचार करना शामिल है
5. निदेशक मंडल को उनकी चर्चाओं, सिफारिशों और की जाने वाली कार्रवाइयों की प्रकृति और विषय वस्तु के बारे में सूचित करना
6. मुख्य जोखिम अधिकारी (यदि कोई हो) की नियुक्ति, निष्कासन और पारिश्रमिक की शर्तें जोखिम प्रबंधन समिति द्वारा समीक्षा के अधीन होंगी
7. किसी भी कर्मचारी से जानकारी प्राप्त करना, बाहरी कानूनी या अन्य व्यावसायिक सलाह प्राप्त करना और यदि आवश्यक हो तो संबंधित विशेषज्ञता वाले बाहरी लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करना,
8. निदेशक मंडल द्वारा निर्धारित रूपरेखा के अनुसार अन्य समितियों की गतिविधियों के साथ कोई ओवरलैप होने पर अन्य समितियों के साथ अपनी गतिविधियों का समन्वय,
9. कंपनी अधिनियम, सेबी विनियमों और अन्य वैधानिक विनियमों के तहत निर्धारित समिति के विचारार्थ विषय से संबंधित कोई अन्य कार्य करना।

ii. समिति की संरचना, सदस्यों और अध्यक्ष के नाम

पिछली बार समिति का पुनर्गठन 14 फरवरी, 2023 को किया गया था। वर्ष के दौरान समिति की संयोजन में निम्नलिखित निदेशक सम्मिलित थे:

निदेशक का नाम श्रीमती / श्री	पद	बैठकों की सं.	
		उनके कार्यकाल में आयोजित	उपस्थित
शशांक प्रिया, अंशकालिक सरकारी निदेशक (14 फरवरी, 2023 तक)	अध्यक्ष	3	3
सुश्री आरती भटनागर अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय अंशकालिक सरकारी निदेशक	अध्यक्ष (14 फरवरी, 2023 से)	0	0
राज कमल बिंदल, स्वतंत्र निदेशक (27 जनवरी, 2023 तक)	सदस्य	3	3
डॉ. राज के. अग्रवाल, स्वतंत्र निदेशक (12 सितंबर, 2022 तक)	सदस्य	1	1
डॉ. के शिवप्रसाद स्वतंत्र निदेशक	सदस्य (11 नवंबर, 2022 से)	1	1
डॉ. लेखाश्री सामंतसिंघर, स्वतंत्र निदेशक	सदस्य (11 नवंबर, 2022 से)	1	1
निदेशक (वित्त)	सदस्य	3	3
निदेशक (आईएस एंड पी)#	सदस्य	3	2
निदेशक (पावर)*	सदस्य	3	2
निदेशक (ईआर एंड डी)#	सदस्य	3	3
निदेशक (मा.सं.)*	सदस्य (11 नवंबर, 2022 से)	1	0
अध्यक्ष, जोखिम प्रबंधन समिति	सदस्य	3	3
मुख्य जोखिम अधिकारी	सदस्य एवं संयोजक	3	3

23 अप्रैल 2022 को आयोजित बैठक के समय निदेशक (आई एस एंड पी) निदेशक (ईआर एंड डी) का अतिरिक्त कार्यभार भी देख रहे थे।

* 10 जनवरी 2023 को आयोजित बैठक के समय निदेशक (पावर) निदेशक (मा.सं.) का अतिरिक्त कार्यभार भी देख रहे थे।

iii. बैठकें और उपस्थिति

समिति की समीक्षाधीन अवधि के दौरान 23 अप्रैल, 2022, 18 अक्तूबर, 2022 और 10 जनवरी, 2023 को कुल तीन बैठकें आयोजित की गईं। प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति का विवरण ऊपर सारणी में दिया गया है।

2.10 निदेशक मंडल स्तर की परियोजना समीक्षा समिति

i. विचारार्थ विषय

निदेशक मंडल स्तर की परियोजना समीक्षा समिति के विचारार्थ विषय निम्नलिखित हैं:

(क) समिति रु. 500 करोड़ और उससे अधिक के संविदा मूल्य वाली सभी परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा करेगी,

(ख) समिति देनदारों की आवधिक स्थिति की समीक्षा करेगी,

(ग) समिति ऐसे कार्यपालकों को आमंत्रित कर सकती है, जिन्हें वह समिति की बैठकों में उपस्थित होना उचित समझे।

ii. समिति की संरचना, सदस्यों और अध्यक्ष के नाम

पिछली बार 25 मार्च, 2022 को समिति का पुनर्गठन किया गया था। वर्ष के दौरान समिति की संयोजन में निम्नलिखित निदेशक शामिल थे

निदेशक का नाम श्रीमती / श्री	पद	बैठकों की सं.	
		उनके कार्यकाल में आयोजित	उपस्थित
विजय मित्तल, संयुक्त सचिव, भारी उद्योग मंत्रालय	अध्यक्ष	2	2
राज कमल बिंदल, स्वतंत्र निदेशक (27 जनवरी, 2023 तक)	सदस्य	1	1
डॉ. राज के. अग्रवाल, स्वतंत्र निदेशक (12 सितंबर,2022 तक)	सदस्य	1	1
डॉ. लेखाश्री सामंतसिंघर, स्वतंत्र निदेशक	सदस्य	2	2
निदेशक (आईएस एंड पी)	सदस्य	2	2
निदेशक (पावर)	सदस्य	2	2

प्रमुख (पीएस–पीएमजी) और महाप्रबंधक (प्राप्य प्रबंधन) संबंधित कार्यसूची के लिए समिति के संयोजक हैं। निदेशक (वित्त) को समिति की बैठक में आमंत्रित किया जाता है। संबंधित व्यावसायिक क्षेत्रों के प्रमुखों को आवश्यकतानुसार आमंत्रित किया जाएगा। कंपनी सचिव समिति के सचिव के रूप में कार्य करते हैं।

iii. बैठकें एवं उपस्थिति

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान समिति की 31 मई, 2022 एवं 21 फरवरी, 2023 को दो बैठकें आयोजित की गईं। प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति का विवरण उपर्युक्त तालिका में दिया गया है।

2.11 मध्यस्थता एवं प्रमुख कानूनी विवाद तथा वैकल्पिक विवाद समाधान हेतु समिति

i. विचारार्थ विषय

विचारार्थ विषय की शर्तें मध्यस्थता के मामलों के साथ–साथ प्रमुख कानूनी विवादों की समीक्षा करना और उसके बाद निदेशक मंडल को तदनुसार अवगत कराना है। साथ ही, बीएचईएल सुलह योजना, 2018 के तहत मसौदा निपटान समझौते को स्वीकार/अस्वीकार करने के लिए सक्षम प्राधिकारी के रूप में भी कार्य करना है।

ii. समिति की संरचना, सदस्यों और अध्यक्ष के नाम

पिछली बार 25 मार्च, 2022 को समिति पुनर्गठित की गई थी। वर्ष के दौरान गठित समिति में निम्नलिखित निदेशक शामिल थे:

निदेशक का नाम श्रीमती / श्री	पद	बैठकों की सं.	
		उनके कार्यकाल में आयोजित	उपस्थित
राज कमल बिंदल, स्वतंत्र निदेशक (27 जनवरी, 2023 तक)	अध्यक्ष	3	3
डॉ. लेखाश्री सामंतसिंघर, स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष (10 फरवरी, 2023 से)	1	1
	सदस्य (09 फरवरी, 2023 तक)	3	3
विजय मित्तल, संयुक्त सचिव, भारी उद्योग मंत्रालय, अंशकालिक सरकारी निदेशक	सदस्य	4	3
आदित्य प्रसाद साहू, स्वतंत्र निदेशक (30 मई, 2022 तक)	सदस्य	1	1
निदेशक (आईएस एंड पी)*	सदस्य	4	4
निदेशक (पावर)#	सदस्य	4	4
निदेशक (ईआर एंड डी)*	सदस्य	4	4
निदेशक (मा.सं.)#	सदस्य (11 नवंबर, 2022 से)	2	2

#18 नवंबर, 2022 और 21 फरवरी, 2023 को आयोजित बैठकों के समय निदेशक (पावर) के पास निदेशक (मा.सं.) का अतिरिक्त प्रभार भी था।

* 13 मई, 2022 और 03 अगस्त, 2022 को आयोजित बैठकों के समय निदेशक (आईएस एंड पी) के पास निदेशक (ई आर एंड डी) का अतिरिक्त प्रभार भी था।

प्रमुख विधि, कार्पोरेट कार्यालय समिति के संयोजक है और समिति द्वारा समीक्षा हेतु आवश्यक सूचना प्रस्तुत करते हैं। प्रमुख (मानव संसाधन), कॉर्पोरेट कार्यालय स्थायी रूप से आमंत्रित हैं।

iii. बैठकें और उपस्थिति:

समीक्षाधीन अवधि के दौरान समिति की 13 मई, 2022, 03 अगस्त, 2022, 18 नवंबर, 2022 एवं 21 फरवरी, 2023 को कुल चार बैठकें हुईं । प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति का विवरण उपर्युक्त तालिका में दिया गया है।

2.12 सामान्य बैठकें

i. पिछली तीन वार्षिक सामान्य बैठकों (एजीएम) का स्थान और समयः

वर्ष	स्थान	दिनांक	समय
वित्तीय वर्ष 2019–20 (56 वीं एजीएम)	वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। आयोजन स्थल कंपनी का पंजीकृत कार्यालय था।	28 सितंबर, 2020	10.00 पूर्वा.
वित्तीय वर्ष 2020–21 (57वीं एजीएम)	वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। आयोजन स्थल कंपनी का पंजीकृत कार्यालय था।	23 सितंबर, 2021	10.00 पूर्वा.
वित्तीय वर्ष (58वीं एजीएम)	वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। आयोजन स्थल कंपनी का पंजीकृत कार्यालय था।	29 सितंबर, 2022	10.00 पूर्वा.

ii. पिछली तीन सामान्य बैठकों में पारित विशेष प्रस्तावों का विवरणः

सेबी सूचीबद्धता विनियमों के विनियमन 25(2ए) के प्रावधानों के अनुरूप, डॉ राज के अग्रवाल, डॉ के शिवप्रसाद और डॉ लेखाश्री सामंतसिंघर की स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए 29 सितंबर, 2022 को आयोजित 58वीं वार्षिक आम बैठक में विशेष प्रस्ताव पारित किए गए।

iii. पोस्टल बैलट (डाक मतपत्र)

पिछले वर्ष डाक मतपत्र के माध्यम से कोई विशेष प्रस्ताव पारित नहीं किया गया था। वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान डाक मतपत्र के माध्यम से कोई विशेष प्रस्ताव पारित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

2.13 प्रकटीकरण

i. कंपनी हितों के विरूद्ध होने की संभावना वाले संबंद्ध पक्ष के साथ वास्तविक रूप से महत्वपूर्ण लेन–देनों का प्रकटीकरण

कंपनी ने ऐसे किसी भी महत्वपूर्ण संबंधित पक्ष लेनदेन (आरपीटी) में प्रवेश नहीं किया है जिसका बड़े पैमाने पर कंपनी के हितों के साथ संभावित टकराव हो सकता है। बहरहाल, वार्षिक रिपोर्ट में वित्तीय विवरण 2022–23 के नोट्स में संबंधित पक्षों के साथ लेनदेन का खुलासा किया गया है।

सामग्री सहायक कंपनियों का निर्धारण करने वाली कंपनी की नीति और संबंधित पार्टी लेनदेन से संबंधित नीति इस लिंक पर उपलब्ध है

https://www.bhel.com/sites/default/files/Policy%20on%20RPTs%20wef%2001042022_0.pdf

ii. पिछले तीन वर्षों के दौरान कंपनी पर पूंजी बाजार से संबंधित लगाए गए गैर–अनुपालना, दंड और सख्ती

पिछले तीन वर्षों के दौरान पूंजी बाजार से संबंधित किसी भी मामले पर कंपनी द्वारा गैर–अनुपालन का कोई मामला नहीं था और पूंजी बाजार से संबंधित किसी भी मामले पर स्टॉक एक्सचेंजों/सेबी या किसी अन्य वैधानिक प्राधिकरण द्वारा कंपनी पर कोई दंड/कठोरता लागू नहीं की गई थी।

हालाँकि, कंपनी को एनएसई एवं बीएसई से निदेशक मंडल की संरचना के संबंध में सेबी सूचीबद्धता विनियमों के विनियमन 17 (1) के प्रावधान के गैर–अनुपालन के लिए वित्त वर्ष 2022–23 की दूसरी और तीसरी तिमाही में निदेशक मंडल की संरचना में स्वतंत्र निदेशकों की संख्या निर्धारित न्यूनतम संख्या से कम होने पर जुर्माना लगाने का नोटिस मिला। नोटिस के जवाब में, कंपनी ने एक्सचेंजों को स्पष्ट किया कि स्वतंत्र निदेशकों की कमी कंपनी की किसी लापरवाही/डिफॉल्ट के कारण नहीं है, क्योंकि नियुक्ति उसके नियंत्रण में नहीं है। इसके मद्देनजर, कंपनी ने एक्सचेंजों से अपनी अलग–अलग नीतियों के तहत जुर्माना माफ करने का अनुरोध किया है। स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति का मामला भारत सरकार के साथ प्रक्रियाधीन है। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, कंपनी को एनएसई और बीएसई से जनवरी, 2021 में कोविड के दौरान वाणिज्यिक पत्र के मोचन दायित्व के बारे में सूचना दाखिल करने में देरी के संबंध में सेबी सूचीबद्धता विनियमों के विनियमन 57 (1) के गैर–अनुपालन के लिए जुर्माना लगाने के नोटिस भी मिले। असामान्य कोविड समय को ध्यान में रखते हुए जुर्माना माफ करने की मांग करने वाली कंपनी के अनुरोध को स्वीकार करते हुए स्टॉक एक्सचेंजों ने लगाया गया जुर्माना माफ कर दिया।

iii. सतर्कता तंत्र / व्हिसल ब्लोअर नीति

केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए कॉर्पोरेट अभिशासन पर डीपीई दिशानिर्देशों और सूचीबद्ध कंपनियों और स्टॉक सूचीबद्धता समझौते के खंड 49 और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177, के अनुसरण में कंपनी द्वारा एक विस्तृत व्हिसल ब्लोअर नीति का मसौदा तैयार किया गया था और इसे 12 अगस्त 2014 को आयोजित अपनी 464 वीं बैठक में निदेशक मंडल द्वारा विधिवत अनुमोदित किया गया था। नीति भी सूचीबद्धता विनियम के अनुरूप है।

इसके बाद, सभी कर्मचारियों के सूचनार्थ एक परिपत्र जारी किया गया जिसमें व्हिसल ब्लोअर नीति को अधिसूचित किया गया और सक्षम प्राधिकारी और अध्यक्ष, लेखा परीक्षा समिति के संपर्क विवरण को सूचित किया गया।

व्यापक प्रचार के लिए व्हिसल ब्लोअर नीति की एक प्रति कंपनी की वेबसाइट www.bhel.com पर भी उपलब्ध है। सक्षम प्राधिकारी और अध्यक्ष, लेखा परीक्षा समिति के पते, संपर्क नंबर और ईमेल पते में परिवर्तन समय–समय पर अधिसूचित किए जा रहे हैं। नीति के तहत प्राप्त शिकायतों का निवारण इस संबंध में दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार किया जा रहा है। किसी भी कर्मचारी को लेखा परीक्षा समिति के पास जाने से रोका नहीं जाता।

iv. कॉर्पोरेट अभिशासन पर डीपीई दिशानिर्देशों की आवश्यकताओं का अनुपालन, अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन और सूचीबद्ध ता विनियमों की गैर–अनिवार्य कॉर्पोरेट गवर्नेंस आवश्यकताओं को अपनाना

सीपीएसई और सेबी के लिए कॉर्पोरेट अभिशासन पर डीपीई दिशानिर्देशों की सभी अनिवार्य आवश्यकताएं [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं] 2015 का कंपनी द्वारा 31 मार्च, 2022 तक विधिवत अनुपालन किया गया है। सूचीबद्धता विनियमों के तहत गैर–अनिवार्य आवश्यकताओं के संबंध

में, बीएचईएल में असंशोधित लेखापरीक्षा राय के साथ वित्तीय विवरणों की व्यवस्था पहले से ही है।

खातों से ऐसा कोई व्यय डेबिट नहीं किया गया है जो व्यवसाय के उद्देश्य से नहीं है और न ही ऐसा कोई व्यय किया गया है जो व्यक्तिगत हो या निदेशक मंडल एवं शीर्ष प्रबंधन के लिए किया गया है। कुल व्यय के प्रतिशत के रूप में अन्य व्यय (प्रशासनिक और अन्य विविध व्यय सहित) को घटाकर 6.26% कर दिया गया है। इसे लागत में कमी के उपायों और कड़े बजटीय नियंत्रणों द्वारा संभव बनाया गया है।

v. राष्ट्रपति के निदेश

पिछले तीन वर्षों 2020–21, 2021–22 और 2022–23 के दौरान राष्ट्रपति का कोई निदेश प्राप्त नहीं हुआ।

vi. जोखिम प्रबंधन

सेबी विनियम, 2015 तथा उसके संशोधनों और सीपीएसई के लिए कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर डीपीई दिशानिर्देशों के अनुपालन में, बीएचईएल ने निदेशक मंडल के सदस्यों को जोखिम मूल्यांकन, न्यूनीकरण और शमन के बारे में सूचित करने के लिए प्रक्रियाओं को निर्धारित करने के लिए निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित जोखिम प्रबंधन चार्टर और नीति स्थापित की है। चार्टर का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य कंपनी भर में एक सुनियोजित और व्यापक जोखिम प्रबंधन प्रणाली को लागू करना है जो यह सुनिश्चित करता है कि जोखिमों की ठीक से पहचान की जा चुकी है और इसे प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जा रहा है। जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया में जोखिम पहचान, जोखिम निर्धारण, जोखिम मूल्यांकन, जोखिम शमन और नियमित समीक्षा और निगरानी शामिल है। विवरण पैरा 1.15 'जोखिम और चिंताएं' में है।

vii. कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के संबंध में प्रकटीकरण की जानकारी निदेशक मंडल की रिपोर्ट का भाग है और पैरा 1.12.5.2 'कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा' के अनुलग्नक –I के रूप में उपलब्ध है।

viii. विनियम 32 (7ए) के तहत निर्दिष्ट अधिमान आवंटन या योग्य संस्थानों की नियुक्ति के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोगः

शून्य

ix. सूचीबद्ध इकाई और उसकी सहायक कंपनियों द्वारा सांविधिक लेखापरीक्षक और नेटवर्क फर्म/नेटवर्क इकाई, जिसका सांविधिक लेखापरीक्षक एक हिस्सा है, में सभी संस्थाओं को समेकित आधार पर भुगतान की गई सभी सेवाओं के लिए कुल शुल्क

सांविधिक लेखा परीक्षकों और शाखा लेखा परीक्षकों को भुगतान की गई सभी सेवाओं के लिए कुल शुल्क का खुलासा वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों में किया गया है। सहायक कंपनी और संयुक्त उद्यम कंपनियों के लेखा परीक्षकों को उनके द्वारा अलग–अलग नियुक्त किया गया था और वे वही लेखापरीक्षक नहीं थे जिन्होंने बीएचईएल के वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की हो।

x. उन फर्मों/ कंपनियों को ऋण और अग्रिम जिनमें निदेशक हितबद्ध हैं

शून्य

xi. सूचीबद्ध इकाई की वास्तविक सहायक कंपनियों और उसके वैधानिक लेखा परीक्षकों का विवरण

लागू नहीं

xii. कॉर्पोरेट अभिशासन पर अनुपालन प्रमाणपत्र

कॉर्पोरेट अभिशासन पर अनुपालन प्रमाणपत्र संलग्न है।

2.14 संचार माध्यम

सूचीयन विनियमों के अंतर्गत आवश्यक है कि कंपनी के गैर–लेखापरीक्षित/लेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों को प्रस्तुत किए जाने के लिए आयोजित निदेशक मंडल की बैठक की सूचना कंपनी द्वारा स्टाक एक्सचेंज की अग्रिम रूप से दी जाएगी। इसके अलावा, उक्त परिणाम रिकॉर्ड / अनुमोदित किए जाने के बाद, स्टॉक एक्सचेंजों को तुरंत सूचित किए जाते हैं। ये स्वीकृत वित्तीय परिणाम निदेशक मंडल की बैठक के समापन के 48 घंटों के भीतर पूरे या काफी हद तक पूरे भारत में प्रसारित होने वाले कम से कम एक अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र में और उस क्षेत्र की भाषा में प्रकाशित एक दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किए जाते हैं जहां का पंजीकृत कार्यालय कंपनी स्थित है और कंपनी की वेबसाइट (www.bhel.com) पर भी अपलोड की गई है। शेयरधारकों से संबंधित अन्य जानकारी जैसे निदेशक पद में परिवर्तन, अवैतनिक लाभांश का विवरण, वार्षिक रिपोर्ट आदि भी कंपनी की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाते हैं। प्रमुख आदेशों की प्राप्ति, कमीशन की गई प्रमुख परियोजनाओं, महत्वपूर्ण सहयोग, अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं आदि जैसी महत्वपूर्ण घटनाओं सहित आधिकारिक समाचार विज्ञप्ति कंपनी की वेबसाइट पर पोस्ट की जाती हैं और साथ ही स्टॉक एक्सचेंजों को भेजी जाती हैं। वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, कॉन्फ्रेंस कॉल आयोजित की गईं और विस्तृत परिणाम दस्तावेज और पूरक जानकारी/प्रस्तुतियां भी स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइटों के साथ–साथ कंपनी की वेबसाइट पर वित्तीय परिणाम घोषणा के बाद भी अपलोड की गईं । यद्यपि वित्तीय परिणामों पर विश्लेषकों या संस्थागत निवेशकों को व्यक्तिगत स्तर पर बीएचईएल ने अपने विचार से अवगत नहीं कराया है। नियमित तौर पर सीधी बातचीत के अतिरिक्त विभिन्न निवेशक सम्मेलनों/बैठकों में भी बी.एच.ई. एल. ने प्रतिभागिता की है।

सूचीबद्धता विनियमों के विनियम 46 के अनुपालन में, कंपनी अपनी वेबसाइट पर सूचना प्रसारित करती है जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ निदेशक मंडल की विभिन्न समितियों की संरचना, आचार संहिता, आरपीटी से निपटने की नीति, निवेशक की शिकायतों आदि की प्रबंधन एवं सहायता के लिए जिम्मेदार कंपनी के नामित अधिकारियों की संपर्क जानकारी शामिल है।

कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार की 'हरित पहल' के अनुसरण में, कंपनी वार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक आम बैठक बुलाने की सूचना उन शेयरधारकों को ईमेल के माध्यम से भेजती है, जिन्होंने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत की है। जिन्होंने आरटीए और वार्षिक रिपोर्ट हार्ड कॉपी का विकल्प नहीं चुना है। इस पहल की निरंतर सफलता के लिए, शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने ईमेल आईडी को अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों/आरटीए के साथ पंजीकृत करें।

2.15 सामान्य शेयरधारक सूचना

	वार्षिक आम बैठक की तिथि	समय	स्थान
i	24 अगस्त, 2023	10:00 (पूर्वा.)	कंपनी 28 दिसंबर, 2022 के एमसीए परिपत्र के साथ पठित 5 मई, 2020 के एमसीए परिपत्र के अनुसार वीसी के माध्यम से बैठक आयोजित कर रही है। वार्षिक आम सभा के लिए स्थान कंपनी का पंजीकृत कार्यालय होगा। विवरण के लिए कृपया इस वार्षिक आम सभा की सूचना देखें।
ii.	**वित्तीय वर्ष**	01 अप्रैल, 2022 से 31 मार्च, 2023	
iii.	**रिकॉर्ड तिथि**	शुक्रवार, 11 अगस्त, 2023	
iv.	**लाभांश भुगतान तिथि**	22 सितंबर, 2023 या इससे पूर्व	

वार्षिक रिटर्न https://www.bhel.com/agm.related पर उपलब्ध है।

v. लाभांश इतिहास:

बीएचईएल द्वारा भुगतान किए गए लाभांश का विवरण (निवेशक शिक्षा संरक्षण कोष में अंतरण के लिए देय नहीं) संक्षेप में निम्नानुसार दिया गया है:

वर्ष	लाभांश दर	लाभांश भुगतान की कुल राशि (करोड़ रु. में)	जिस तारीख को लाभांश घोषित किया गया
2015–2016 (अंतिम)	20%	97.90	22.09.2016
2016–2017 (अंतरिम)	40%	195.81	07.02.2017*
2016–2017 (अंतिम)	39%	190.92	22.09.2017
2017–2018 (अंतरिम)	40%	293.72	08.02.2018*
2017–2018 (अंतिम)	51%	374.48	19.09.2018
2018–2019 (अंतरिम)	40%	278.57	05.02.2019*
2018–2019 (अंतिम)	60%	417.85	19.09.2019
2021–2022 (अंतिम)	20%	139.28	29.09.2022
2022–2023 (अंतिम)	20%	139.28	**

* निदेशक मंडल की बैठक की तिथि जिस दिन अंतरिम लाभांश घोषित हुआ

** निदेशक मंडल की दिनांक 26 मई, 2023 को आयोजित बैठक में वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए अंतिम लाभांश संस्तुत। वार्षिक आम सभा में शेयरधारकों के अनुमोदनाधीन।

नोट:

1) 2017–18 के दौरान, कंपनी ने अपने शेयरधारकों को 03.10.2017 को 1:2 के अनुपात में बोनस इक्विटी शेयर आवंटित किए अर्थात प्रत्येक दो पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयरों के लिए रु. 2 का एक पूर्ण प्रदत्त नया बोनस इक्विटीशेयर। नतीजतन, शेयरों की कुल संख्या 244.76 करोड़ से बढ़कर 367.14 करोड़ हो गई।

2) 2018–19 के दौरान, कंपनी ने 18,93,36,645 पूरी तरह से चुकता इक्विटी शेयरों का बाय बैक किया, जो रिकॉर्ड तिथि (यानी मंगलवार, 06 नवंबर, 2018) के अनुसार कंपनी के शेयरधारकों से कंपनी की कुल जारी और चुकता इक्विटी शेयर पूंजी का 5.16% है। आनुपातिक आधार पर, 'निविदा प्रस्ताव' प्रक्रिया के माध्यम से 86 (छियासी रुपये केवल) प्रति इक्विटी शेयर की कीमत पर नकद में देय रु. 1628.30 करोड़ के कुल प्रतिफल के लिए, परिणामस्वरूप, शेयरों की कुल संख्या 367.14 करोड़ से घटकर 348.21 करोड़ हो गई है।

3) यदि किसी शेयरधारक ने पिछले सात वर्षों में से किसी के लिए लाभांश का दावा / प्राप्त नहीं किया है और उसे अभी तक निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष (आईईपीएफ) में अंतरित नहीं किया गया है, तो वह निम्नलिखित का पालन करके इस अवैतनिक लाभांश का दावा कर सकता है। प्रक्रिया कंपनी की वेबसाइट (www.bhel.com) पर अपलोड कर दी गई है। वर्ष 2014–15 (अंतिम) के लिए दावा न किए गए लाभांश को वर्ष 2022–23 के दौरान पहले ही निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष (आईईपीएफ) में अंतरित कर दिया गया है। इसके अलावा वर्ष 2015–16 (अंतिम) और 2016–17 (अंतरिम) के लिए दावा न किया गया लाभांश 24.10.2023 और 08.03.2024 को आईईपीएफ को अंतरित किया जाना है।

4) लाभांश/शेयरों के संबंध में जो आईईपीएफ को अंतरित किए गए हैं, शेयरधारक आईईपीएफ प्राधिकरण (लेखा,लेखा परीक्षा, अंतरण और वापसी) नियम, 2016 के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन करके आईईपीएफ प्राधिकरण से इसका दावा कर सकते हैं। ये नियम आईईपीएफ की वेबसाइट (www.iepf.gov.in) और कंपनी की वेबसाइट (www.bhel.com) पर उपलब्ध हैं।

vi. a) स्टॉक एक्सचेंजों और स्टॉक कोड पर सूचीबद्धता

निम्नलिखित स्टॉक एक्सचेंजों में बीएचईएल के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं जिनके लिए 2022–23 सूचीबद्धता शुल्क का भुगतान किया गया है:

स्टॉक एक्सचेंज का नाम	स्टॉक कोड
1. बीएसई लिमिटेड फिरोज जीजीभॉय टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई– 400 001	500103
2. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, प्लॉट नं। सी–1, ब्लॉक – जी, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400 051	BHEL

इसके अलावा, कंपनी द्वारा जारी वाणिज्यिक पत्र भी बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध हैं।

बाजार मूल्य डेटाः वित्तीय वर्ष में प्रत्येक माह के दौरान उच्च, निम्न, बंद 2022–23										
माह	बीएसई				एनएसई				बाजार सूचकांक (बंद)	
	उच्च	निम्न	बंद	मात्रा	उच्च	निम्न	बंद	मात्रा	एस एंड पी बीएसई सेंसेक्स	एनएसई निफ्टी
	(रु. में)			शेयरों की सं. (करोड़ में)	(रु. में)			शेयरों की सं. (करोड़ में)		
अप्रैल–22	58.65	49.50	52.65	4.69	58.65	49.45	52.65	53.10	57060.87	17102.55
मई–22	55.80	44.55	51.25	4.99	55.80	44.50	51.20	61.26	55566.41	16584.55
जून–22	52.80	41.40	45.00	2.88	52.70	41.40	44.95	34.08	53018.94	15780.25
जुलाई–22	54.75	44.40	53.85	2.76	54.75	44.40	53.85	34.27	57570.25	17158.25
अगस्त–22	60.65	51.40	58.75	4.83	60.70	51.35	58.80	55.98	59537.07	17759.30
सितंबर–22	65.05	54.75	59.85	5.21	65.10	54.75	59.90	57.02	57426.92	17094.35
अक्तूबर–22	74.70	59.90	74.05	6.08	74.75	59.90	74.05	77.35	60746.59	18012.20
नवंबर–22	84.85	69.05	83.65	6.24	84.85	69.05	83.70	76.08	63099.65	18758.35
दिसंबर–22	91.45	73.05	79.20	5.54	91.55	73.10	79.20	72.22	60840.74	18105.30
जनवरी–23	83.50	71.70	78.50	2.67	83.50	71.65	78.40	34.83	59549.90	17662.15
फरवरी–23	79.65	66.30	69.75	2.10	79.70	66.30	69.80	30.50	58962.12	17303.95
मार्च–23	79.90	69.59	70.13	1.85	79.95	69.50	70.05	30.02	58991.52	17359.75

स्रोतः www.bseindia.com / www.nseindia.com

viii. इनसाइडर ट्रेडिंग पर नीति

बीएचईएल अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी की गोपनीयता को बनाए रखने और ऐसी जानकारी के दुरुपयोग को रोकने का प्रयास करता है। इस उद्देश्य के लिए और सेबी (इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध) विनियम, 1992 के अनुरूप, कंपनी ने 26 अगस्त, 2002 को 'इनसाइडर ट्रेडिंग की रोकथाम के लिए आचार संहिता' को अपनाया था, जिसे बाद में 29 जनवरी, 2009 से संशोधित किया गया था।. निदेशक मंडल ने 6 अप्रैल, 2015 को आयोजित 469वीं बैठक में सेबी (इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध) विनियम, 2015 के अनुरूप 'इनसाइडर्स द्वारा ट्रेडिंग और रिपोर्टिंग ट्रेडिंग के लिए आचार संहिता और निष्पक्ष प्रकटीकरण, 2015' को मंजूरी दी। सेबी (इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध) (संशोधन) विनियम, 2018 के लिए, निदेशक मंडल ने 01.04.2019 से प्रभावी नामित व्यक्तियों और उनके नजदीकी रिश्तेदारों द्वारा व्यापार को विनियमित और रिपोर्टिंग के लिए और निष्पक्ष प्रकटीकरण के लिए संशोधित बीएचईएल आचार संहिता को भी मंजूरी दी थी। संहिता का उद्देश्य नामित व्यक्तियों और नामित व्यक्तियों के नजदीकी रिश्तेदारों द्वारा सेबी (इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध) विनियम, 2015, संशोधित के अनुपालन को प्राप्त करने के लिए व्यवसाय को विनियमित, निगरानी और रिपोर्ट करना है। संहिता अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी के उचित प्रकटीकरण के लिए पद्ध तियों और प्रक्रियाओं का भी प्रावधान करती है। इस कोड के तहत कंपनी के कॉर्पोरेट रणनीतिक प्रबंधन विभाग–प्रमुख, कंपनी के मुख्य निवेशक संबंध अधिकारी हैं।

ix. (क) इक्विटी शेयरों के लिए रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए)

कंपनी ने बीएचईएल (भौतिक और डीमैट मोड दोनों) के इक्विटी शेयरों से संबंधित सभी मामलों को संभालने के लिए मेसर्स अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड को अपना रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) नियुक्त किया है। कंपनी के इक्विटी शेयरों से संबंधित सभी मामले जैसे समेकन, शेयर प्रमाणपत्रों का खो जाना, ट्रांसमिशन, डीमैटरियलाइजेशन, लाभांश, पते में परिवर्तन, आदि तथा संबंधित पत्राचार और प्रश्नों हेतु संपर्क किया जा सकता है:

मैसर्स अलंकित असाइनमेंट लिमिटेड
यूनिट: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड,
4ई/2, अलंकित हाउस, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली.110055
दूरभाष: 011–42541234
फैक्स नं. 011–23552001
ईमेल: rta@alankit.com
वेबसाइट: www.alankit.com

(ख) वाणिज्यिक पत्रों के लिए रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट:

मेसर्स KFIN टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड,
सेलेनियम बिल्डिंग, टॉवर बी,
प्लॉट नं. 31–32, वित्तीय जिला
नानकरमगुडा, सेरिलिंगमपल्ली
हैदराबाद, रंगारेड्डी, तेलंगाना–500032
Toll Free No-: 1800 309 4001
ई–मेल: einward.ris@kfintech.com
वेबसाइट: www.kfintech.com

शेयरधारकों की सेवा में आरटीए का प्रदर्शन संतोषजनक रहा है। निवेशकों की सभी शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया।

x. शेयर अंतरण पद्धति:

भौतिक खंड के तहत सभी शेयर हस्तांतरण गतिविधियों जैसे दस्तावेजों की प्राप्ति / प्रेषण और उनका सत्यापन मैसर्स अलंकित असाइनमेंट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। सेबी [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं] (चौथा संशोधन) विनियम, 2018 के अनुसार, 01.04.2019 से, प्रतिभूतियों के हस्तांतरण (प्रतिभूतियों के संचरण या अंतरण के मामले को छोड़कर) को प्रभावी करने के अनुरोधों पर तब तक कार्रवाई नहीं की जाएगी जब तक कि प्रतिभूतियों को अभौतिकीकृत प्रपत्र सूचीकरण विनियमों के अनुरूप, शेयर प्रमाण पत्र ट्रांसमिशन, ट्रांसपोजिशन, सब–डिवीजन और समेकन के लिए निर्धारित समय सीमा के भीतर जारी किए जा रहे हैं।

xi. शेयरधारिता का वितरण


क. 31 मार्च, 2023 की होल्डिंग के आकार के अनुसार शेयरों का वितरण

धारित इक्विटी शेयरों की सं.	शेयरधारकों की सं.	शेयरधारकों का %	शेयरों की सं.	शेयरधारिता का %
1 - 500	908986	87.23	93993168	2.70
501 - 1000	67414	6.47	53674161	1.54
1001 - 2000	34834	3.34	52351850	1.50
2001 - 3000	11698	1.12	30228370	0.87
3001 - 4000	4826	0.46	17356850	0.50
4001 - 5000	4153	0.40	19719931	0.57
5001 - 10000	5846	0.56	43475924	1.25
10001 and above	4245	0.41	3171263101	91.07
कुल	**1042002**	**100.00**	**3482063355**	**100.00**

ख. 31 मार्च, 2023 को शेयरधारिता पैटर्न

श्रेणी	2023		2022	
	वोटिंग शक्ति (%)	धारित शेयरों की सं.	वोटिंग शक्ति (%)	धारित शेयरों की सं.
प्रमोटर होल्डिंग				
भारतीय प्रमोटर				
भारत के राष्ट्रपति (पीओआई)	63.17	2199650402	63.17	2199650402
कुल प्रमोटर होल्डिंग	**63.17**	**2199650402**	**63.17**	**2199650402**
गैर–प्रमोटर होल्डिंग				
बैंक, वित्तीय संस्थान, बीमा कंपनियां, योग्य संस्थागत खरीदार, वैकल्पिक निवेश कोष	11.50	400542743	11.09	386286711
विदेशी संस्थागत निवेशक (योग्य विदेशी निवेशक सहित)	8.58	298734941	4.00	139407793
म्यूचुअल फंड और यूटीआई	4.02	139820242	1.57	54537776
अन्य				
व्यक्तिगत, एचयूएफ, कर्मचारी	11.48	399645637	18.36	639427887
कॉर्पोरेट निकाय	0.65	22462202	0.83	28818539
एनआरआई और विदेशी/इकाई	0.51	17837995	0.64	22123766
ट्रस्ट	0.01	300464	0.02	610839
क्लियरिंग सदस्य	0.07	2559156	0.31	10754500
आईपीएफ	0.01	494773	0.01	435642
निदेशक और रिश्तेदार	0	300	0	300
राज्य सरकार	0	14500	0	9200
कुल गैर–प्रमोटर होल्डिंग	**36.83**	**1282412953**	**36.83**	**1282412953**
कुल योग	**100**	**3482063355**	**100.00**	**3482063355**

31 मार्च, 2023 को शेयरधारिता पैटर्न



ग. शेयरधारकों की सूची जिनके पास 31 मार्च, 2023 को 1% से अधिक शेयर हैं

शेयरधारक का नाम एवं श्रेणी	31 मार्च, 2023	
	वोटिंग शक्ति	धारित शेयरों की सं.
प्रमोटर		
भारत के राष्ट्रपति	63.17	2199650402
गैर–प्रमोटर		
भारतीय जीवन बीमा निगम	10.07	350767507
फिडेलिटी इमर्जिंग मार्केट फंड	1.08	37638600

xii. शेयरों का डीमेटिरियलाएजेशन और चलनिधि

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के निर्देशों के अनुसार, बीएचईएल के शेयरों में सभी श्रेणियों के निवेशकों द्वारा 05 अप्रैल, 1999 से डीमैट रूप में व्यापार करना अनिवार्य कर दिया गया है। बीएचईएल ने डीमैट मोड के अंतर्गत अपनी प्रतिभूतियों के प्रवेश के लिए देश के दोनों डिपॉजिटरी अर्थात् नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के साथ समझौता किया है।

बीएचईएल की कुल इक्विटी शेयर पूंजी का 99.97% (एनएसडीएलः 94.09%, सीडीएसएलः 5.88%) शेयरधारकों द्वारा 31 मार्च, 2023 तक डीमैट मोड में रखा जा रहा है। शेयरधारकों द्वारा भौतिक मोड में रखे गए शेयर 0.03% हैं। भारत के माननीय राष्ट्रपति की शेयरधारिता (कंपनी के प्रमोटर होने के नाते कंपनी की चुकता शेयर पूंजी का 63.17% हिस्सा है) भी डिमैटरलाइज्ड रूप में/धारित है। कंपनी को अंतरराष्ट्रीय सिक्यूरिटीज पहचान संख्या INE257A01026 आबंटित हुआ है।

xiii. बकाया जीडीआर/एडीआर/वारंट या कोई परिवर्तनीय लिखत, रूपांतरण तिथि और इक्विटी पर संभावित प्रभावः

शून्य

xiv. निदेशक मंडल की मुख्य रिपोर्ट में वर्ष 2022–23 के दौरान प्राप्त क्रेडिट रेटिंग की सूची का खुलासा किया गया है।

xv. विदेशी मुद्रा जोखिम या कमोडिटी मूल्य जोखिम और प्रतिरक्षण (हेजिंग) गतिविधियां

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान प्रतिरक्षण (हेजिंग) गतिविधियां/लेनदेन निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित विदेशी मुद्रा जोखिम प्रबंधन नीति के अनुरूप हैं।

पूरे वर्ष इकाई द्वारा सामना किए गए कमोडिटी और कमोडिटी जोखिमों के लिए सूचीबद्ध इकाई का एक्सपोजरः

क) सूचीबद्ध इकाई का कमोडिटी में कुल एक्सपोजरः रु 4311 करोड़ (लगभग)

ख) विभिन्न कमोडिटी के लिए सूचीबद्ध इकाई का एक्सपोजरः

कमोडिटी का नाम	विशेष कमोडिटी हेतु में एक्सपोजर (करोड़ रु.) (लगभग)	विशेष कमोडिटी हेतु मात्रा के संदर्भ में एक्सपोजर (मीट्रिक टन में) (लगभग)	एक्सपोजर कमोडिटी डेरिवेटिव्स के माध्यम से इस तरह के प्रतिशत				
			घरेलू मार्केट		अंतरराष्ट्रीय मार्केट		कुल
			ओटीसी	एक्सचेंज	ओटीसी	एक्सचेंज	
स्टील	3938	422750	-				
कॉपर	566	6386	-				
एल्यूमीनियम	55	1746	-				
निकेल	45	205	-				
टिन	8	30	-				

c) प्रमुख औद्योगिक वस्तुओं जैसे स्टील, कॉपर, एल्युमीनियम आदि की खरीद केंद्रीय रूप से चुनी गई इकाइयों में से एक द्वारा विभिन्न बीएचईएल इकाइयों की आवश्यकताओं की समेकित कर जहां तक संभव हो, मूल्य लाभ प्राप्त करने के लिए की जा रही है। कंपनी कीमतों में उतार–चढ़ाव से बचने के लिए, समय–समय पर फ्रेमवर्क समझौतों को अंतिम रूप दिया जाता है।

xvi. प्लांट अवस्थिति

बीएचईएल की विनिर्माण इकाइयाँ	
बेंगुलुरु	1. इलेक्ट्रॉनिक डिविजन (ईडीएन)
	2. इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिविजन (ईएसडी)
	3. सोलर बिजनेस डिवीजन (एसबीडी)
भोपाल	4. हेवी इलेक्ट्रिकल प्लांट (एचईपी)
गोइंदवाल	5. इंडस्ट्रियल वाल्व प्लांट (आईवीपी)
हरिद्वार	6. हेवी इलेक्ट्रिकल्स इक्विप्मेंट प्लांट (एचईईपी)
	7. सेंट्रल फॉउंड्री फोर्ज प्लांट (सीएफएफपी)
हैदराबाद	8. हेवी पॉवर इक्विपमेंट प्लांट (एचपीईपी)
जगदीशपुर	9. फेब्रीकेशन, स्टेम्पिंग एंड इंसुलेटर प्लांट (एफएसआईपी)
झांसी	10. ट्रांसफॉर्मर प्लांट (टीपी)
रुद्रपुर	11. कम्पोनेंट फेब्रीकेशन प्लांट (सीएफपी)
रानीपेट	12. बॉयलर ऑक्जिलरी प्लांट (बीएपी)
तिरुचिरापल्ली	13. हाई प्रेशर बॉयलर प्लांट (एचपीबीपी)
	14. सीमलेस स्टील ट्यूब प्लांट (एसएसटीपी)
तिरुमयम	15. पॉवर प्लांट पाइपिंग यूनिट (पीपीपीयू)
विशाखापत्तनम	16. हेवी प्लेट्स एंड वेसेल्स प्लांट (एचपीवीपी)
बीएचईएल रिपेयर यूनिट	
मुम्बई	1. इलेक्ट्रिकल्स मशीन रिपेयर प्लांट (ईएमआरपी)
वाराणसी	2. हेवी इक्विपमेंट प्लांट (एचईआरपी)

xvii. पत्र व्यवहार का पता

शेयरधारक कंपनी के शेयरों से संबंधित अपने प्रश्न और अन्य पत्राचार निम्नलिखित दिए गए पते पर किसी को भी भेज सकते हैं

मैसर्स अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड,

यूनिट: बीएचईएल

4ई/2,अलंकित हाउस,
झंडेवाला एक्सटेंशन
नई दिल्ली 110055

फोन: 011.42541234
फैक्स: 011.23552001
ईमेल: rta@alankit.com

अथवा

श्री राजीव कालरा
कंपनी सचिव

फोन: 011.26001046
फैक्स: 011.66337533
ईमेल: shareholderquery@bhel.in

बीएचईएल
पंजीकृत कार्यालय: बीएचईएल हाउस
सिरी फोर्ट नई दिल्ली 110 049

नोट: इलेक्ट्रॉनिक मोड में शेयर रखने वाले शेयर धारक सभी पत्राचार में संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों को संबोधित करें।

घोषणा: सूचीबद्धता विनियमों के अनुसार, यह घोषित किया जाता है कि सभी बोर्ड सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों ने वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए बीएचईएल के "व्यावसायिक आचरण और नैतिकता संहिता" के अनुपालन की पुष्टि की है।

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से



डॉ. नलिन सिंघल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 28 जुलाई, 2023

निदेशकों की नॉन–डिस्क्वालिफिकेशन (अन–अर्हता) का प्रमाण पत्र

सेबी [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं] विनियम, 2015 के विनियम 34(3)
और अनुसूची V के पैरा सी खंड 10(i) के अनुसार}

सदस्यगण,
भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड,
बीएचईएल हाउस, सिरी फोर्ट,
नई दिल्ली–110049

हमने भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (CIN L74899DL1964GOI004281) जिसका पंजीकृत कार्यालय बीएचईएल हाउस, सिरी फोर्ट, नई दिल्ली –110049 है (इसे यहाँ 'कंपनी' के रूप में संदर्भित किया है) के निदेशकों से प्राप्त प्रासंगिक रजिस्टर, रिकॉर्ड, फॉर्म, रिटर्न और प्रकटीकरण की जांच की है। इन्हें भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 34(3) और अनुसूची V के पैरा सी खंड 10(i) के अनुसार यह प्रमाणपत्र जारी करने हेतु कंपनी द्वारा हमारे सामने प्रस्तुत किया गया है।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं सत्यापन (पोर्टल www.mca.gov.in पर निदेशकों की पहचान संख्या (डीआईएन) की यथास्थिति सहित) एवं अन्य आवश्यक समझे गए तथ्यों और कंपनी तथा कंपनी के निदेशकों/अधिकारियों द्वारा हमें दिए गए स्पष्टीकरण/अभ्यावेदन के आधार पर हम एतद्द्वारा प्रमाणित करते हैं कि 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष में निम्नानुसार कंपनी के निदेशक मंडल में किसी भी निदेशक को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय या ऐसे किसी अन्य सांविधिक प्राधिकरण द्वारा कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्त होने या बने रहने से वंचित या अयोग्य नहीं ठहराया गया है।

क्र सं.	निदेशक का नाम (डीआईएन के अनुसार)	डीआईएन	कम्पनी में नियुक्ति की तिथि
1	नलिन सिंघल	1176857	08.07.2019
2	आरती भटनागर	10065528	14.02.2023
3	विजय मित्तल	09548096	25.03.2022
4	शिवप्रसाद कोडंगल्लूर	09392812	09.11.2021
5	लेखाश्री सामंतसिंघर	09392192	09.11.2021
6	सुबोध गुप्ता	08113460	18.04.2018
7	रेणुका गेरा	08970501	01.12.2020
8	उपिन्द्र सिंह मठारु	09541886	21.03.2022
9	जय प्रकाश श्रीवास्तव	09703643	12.08.2022

निदेशक मंडल में प्रत्येक निदेशक की नियुक्ति/निरंतरता की पात्रता सुनिश्चित करना कंपनी के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारा उत्तरदायित्व है कि सत्यापन के आधार पर हम इन पर विचार व्यक्त करें । यह प्रमाणपत्र न तो कंपनी की भविष्य की व्यवहार्यता का आश्वासन है और न ही उस दक्षता या प्रभावशीलता के बारे में जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी के मामलों का परिचालन किया है।

कृते पी पी अग्रवाल एंड कंपनी
कंपनी सचिव

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 30–05–2023

हस्ता/–
(प्रमोद प्रसाद अग्रवाल)
प्रोपराइटर
सीपी नं.: 10566 एफसीएसः 4955
पीर रिव्यू नं. 1241/2021
यूडीआईएनः F004955E000416619

सी–154, एलजीएफ, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली 110065
ईमेल: fes.ppa@gmail.com फोनः 011–35541587

अग्रवाल एस. एंड एसोसिएट्स
कंपनी सचिव

डी–427, दूसरी मंजिल, पालम एक्सटेंशन, रामफल चौक,
सेक्टर 7, द्वारका, नई दिल्ली–110075
ईमेल आईडी: asacs2022@gmail.com
फोनः 011–45052182;

कॉर्पोरेट अभिशासन की शर्तों के अनुपालन का प्रमाणपत्र

सदस्यगण
भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
बीएचईएल हाउस, सिरी फोर्ट,
नई दिल्ली–110049

1. हमने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (CIN: L74899DL1964 GOI004281) द्वारा कॉर्पोरेट अभिशासन की शर्तों के अनुपालन की जांच की है, जैसा कि सेबी [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं] विनियम, 2015 और भारत सरकार के सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए कॉर्पोरेट अभिशासन पर जारी दिशानिर्देश में निर्धारित है।

2. कॉर्पोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन करना कंपनी प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जांच उक्त विनियमों और दिशानिर्देशों में निर्धारित कॉर्पोरेट अभिशासन की शर्तों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए कंपनी द्वारा अपनाई गई प्रक्रियाओं और उनके कार्यान्वयन की समीक्षा तक सीमित है। यह न तो ऑडिट है और न ही कंपनी के वित्तीय विवरणों पर राय की अभिव्यक्ति है।

3. "हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, हम प्रमाणित करते हैं कि कंपनी ने सेबी [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं] विनियम, 2015 और वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान जारी कॉर्पोरेट अभिशासन पर डीपीई दिशानिर्देश में निर्धारित कॉर्पोरेट अभिशासन की सभी लागू शर्तों का अनुपालन किया है,सिवाय इसके कि निदेशक मंडल की संरचना सेबी के विनियम 17 (1) (ए) और (बी) [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं] विनियम, 2015 और कॉर्पोरेट अभिशासन पर डीपीई दिशानिर्देशों के पैरा 3.1.4 और 3.1.2 के अनुपालन में नहीं थी क्योंकि, (i) 30.05.2022 को एक स्वतंत्र निदेशक के त्यागपत्र के कारण कंपनी के निदेशक मंडल में अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशक नहीं थे और (ii) 27.01.2023 को दो स्वतंत्र निदेशकों के कार्यकाल के पूरा होने के परिणामस्वरूप कंपनी के निदेशक मंडल में अपेक्षित संख्या में गैर–कार्यकारी निदेशक नहीं थे।

4. कंपनी ने स्पष्ट किया है कि बीएचईएल सरकारी कंपनी होने के नाते स्वतंत्र निदेशकों सहित निदेशकों को नियुक्त करने की शक्ति भारत सरकार के पास है, जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ मंत्रिमंडलीय की नियुक्ति समिति के अनुमोदन सहित निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करना शामिल है। कंपनी भारत सरकार के साथ लगातार संपर्क कर स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या की नियुक्ति का अनुरोध कर रही है ताकि सेबी [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं] विनियम, 2015 के साथ–साथ कॉर्पोरेट अभिशासन पर डीपीई दिशानिर्देशों के तहत निर्धारित कॉर्पोरेट अभिशासन मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। इन रिक्तियों को भरने का मामला भारत सरकार में प्रक्रियाधीन है।

5. हम यह भी कहना चाहते है कि, इस संदर्भ में इस तरह का अनुपालन प्रमाण–पत्र न तो कंपनी की भविष्य की व्यवहार्यता के बारे में कोई आश्वासन है और न ही दक्षता या प्रभावशीलता जिसमें प्रबंधन ने कंपनी के मामलों का परिचालन किया है।

कृते अग्रवाल एस एंड एसोसिएट्स
कंपनी सचिव,
आईसीएसआई यूनिक कोड़ P2003DE049100
पीर रिव्यू प्रमाणपत्र सं. 2725/2022

Digitally signed by GARIMA GROVER
Date: 2023-05-31 14:55:56 +05'30'

गरिमा ग्रोवर
पार्टनर
एसीएस.: 27100
सीपी सं.: 23626

दिनांक : 31.05.2023

स्थान : नई दिल्ली

यूडीआईएन : A027100E000433418

अग्रवाल एस एंड एसोसिएट्स
कंपनी सचिव

डी–427, दूसरी मंजिल, पालम एक्सटेंशन, रामफल चौक, सेक्टर 7,
द्वारका, नई दिल्ली–110075
ईमेल आईडी: asacs2022@gmail.com
फोनः 011–45052182;

सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट

31 मार्च 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु

{कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204(1) और कंपनी (प्रबंधकीय कर्मियों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 9 के अनुसार}

सेवा में,
सदस्यगण,
भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

हमने भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, सीआईएन L74899DL1964GOI004281 (यहां इसे 'कंपनी' या 'बीएचईएल' कहा गया है) द्वारा लागू वैधानिक प्रावधानों के अनुपालन और श्रेष्ठ कॉर्पोरेट पद्धतियों के अनुपालन का सचिवीय ऑडिट किया है। सचिवीय लेखा परीक्षा इस तरह से की गई थी कि हमें कॉर्पोरेट आचरणों/वैधानिक अनुपालनों का मूल्यांकन करने और उन पर अपनी राय व्यक्त करने हेतु उचित आधार मिल सकें।

बीएचईएल की बहियों, कागजातों, कार्यवृत्त बहियों, प्रपत्रों और कंपनी के रिटर्न्स और अन्य अभिलेखों के सत्यापन तथा कंपनी, उसके अधिकारियों और अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा सचिवीय लेखा परीक्षा के दौरान प्रदान की गई जानकारी के आधार पर, हम एतद्वारा रिपोर्ट करते हैं कि हमारी राय में, कंपनी ने लेखापरीक्षा अवधि (31 मार्च 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष) के दौरान नीचे सूचीबद्ध वैधानिक प्रावधानों का अनुपालन किया है। हमारी यह भी राय है कि कंपनी में उचित निदेशक मंडल प्रक्रियाएं और अनुपालन–तंत्र भी है, जो की गई रिपोर्टिंग की प्रक्रिया में और इसके बाद की गई रिपोर्टिंग के अधीन है।

हमने मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए बीएचईएल द्वारा निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार बनाई गई बहियों, कागजातों, कार्यवृत्तों, फार्मों और दाखिल रिटर्न्स एवं अन्य अभिलेखों की जांच की है :

(i) कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') और उसके तहत बनाए गए नियम;

(ii) प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) अधिनियम,1956 (एससीआरए) और उसके तहत बनाए गए नियम;

(iii) डिपॉजिटरी एक्ट 1996 और उसके तहत बनाए गए विनियम और उपनियम;

(iv) विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 और उसके तहत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश और बाह्य वाणिज्यिक उधार की सीमा तक बनाए गए नियम और विनियमय;

(v) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (श्सेबी अधिनियमश) के तहत निर्धारित निम्नलिखित विनियम और दिशानिर्देशः–

(क) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयरों का पर्याप्त अर्जन और प्रबंध अधिग्रहण) विनियम, 2011;

(ख) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (अंतरंग व्यापार का प्रतिषेध) विनियम, 2015;

(ग) भारतीय प्रतिभूति और बोर्ड (पूंजी का निर्गम और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2018;

(घ) भारतीय प्रतिभूति और बोर्ड (कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना और कर्मचारी स्टॉक खरीद योजना) दिशानिर्देश, 1999;

(ङ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (गैर–परिवर्तनीय प्रतिभूतियों का निर्गम और सूचीकरण) विनियम, 2021;

(च) कंपनी अधिनियम और ग्राहक के साथ व्यवहार के संबंध में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (निर्गम और शेयर अंतरण एजेंटों के रजिस्ट्रार) विनियम, 1993;

(छ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इक्विटी शेयरों की सूची से हटाना) विनियम, 2021; तथा

(ज) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों का पुनः क्रय) विनियम, 2018;

(viii) अन्य विशिष्ट लागू कानूनों (उद्योग पर लागू) के तहत अनुपालन/प्रक्रियाएं/प्रणालियां, जिनमें नीचे सूचीबद्ध हैं (कंपनी के निदेशक मंडल को प्रस्तुत आंतरिक अनुपालन प्रणाली के तहत आवधिक प्रमाण पत्र के आधार पर सत्यापित किया जा रहा है) :

1) परमाणु ऊर्जा (विकिरण संरक्षण) नियम, 2004;

2) बैटरी (प्रबंधन और हैंडलिंग) नियम, 2001;

3) फैक्टरी अधिनियम, 1948;

4) भारतीय बॉयलर अधिनियम, 1923; तथा

5) खतरनाक रासायनिक नियम, 1989 का विनिर्माण, भंडारण और आयात

हमने निम्नलिखित के लागू खंडों के अनुपालन की भी जांच की है:-

(क) भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी अनिवार्य सचिवीय मानक;

(ख) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बीएसई लिमिटेड के साथ इक्विटी सूचीबद्धता समझौते; तथा

(ग) सार्वजनिक उद्यम विभाग, भारत सरकार द्वारा जारी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए कॉर्पोरेट अभिशासन पर दिशानिर्देश।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, कंपनी ने उपर्युक्त उल्लिखित अधिनियम, नियमों, विनियमों, दिशा निर्देशों, मानकों आदि के प्रावधानों का पालन किया है। इस संबंध में हमारी टिप्पटिया इस प्रकार हैः

निदेशक मंडल की संरचना भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं] विनियम, 2015, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 (4) और कॉर्पोरेट अभिशासन पर डीपीई दिशानिर्देशों के पैरा 3.1.2 और 3.1.4 के अनुपालन नहीं हो पाने के कारण (i) 30.05.2022 को एक स्वतंत्र निदेशक के त्यागपत्र के कारण कंपनी के निदेशक मंडल में अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशक नहीं थे और (ii) 27.01.2023 को दो स्वतंत्र निदेशकों के कार्यकाल के पूरा होने के परिणामस्वरूप कंपनी के निदेशक मंडल में अपेक्षित संख्या में गैर–कार्यकारी निदेशक नहीं थे।

कंपनी ने स्पष्ट किया है कि बीएचईएल सरकारी कंपनी होने के नाते स्वतंत्र निदेशकों सहित निदेशकों को नियुक्त करने की शक्ति भारत सरकार के पास है, जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ मंत्रिमंडलीय की नियुक्ति समिति के अनुमोदन सहित निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करना शामिल है। कंपनी भारत सरकार के साथ लगातार संपर्क कर स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या की नियुक्ति का अनुरोध कर रही है ताकि सेबी [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं] विनियम, 2015 के साथ–साथ कॉर्पोरेट अभिशासन पर डीपीई दिशानिर्देशों के तहत निर्धारित कॉर्पोरेट अभिशासन मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। इन रिक्तियों को भरने का मामला भारत सरकार में प्रक्रियाधीन है।

हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि समीक्षाधीन अवधि के दौरान निदेशक मंडल की संरचना में परिवर्तन अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में किए गए थे।

आम तौर पर, निदेशक मंडल की बैठकों की तिथि निश्चित करने के लिए सभी निदेशकों को पर्याप्त समय दिया जाता है। एजेंडा और एजेंडा पर विस्तृत नोट कम से कम सात दिन पहले भेजे जाते हैं और बैठक में सार्थक भागीदारी हेतु बैठक से पहले एजेंडा मदों पर और अधिक जानकारी में एवं स्पष्टीकरण मांगने और प्राप्त करने के लिए प्रणाली मौजूद है। अपेक्षाकृत कम समय में कार्यसूची भेजने सहित बैठक बुलाने की स्थिति में, बैठक में उपस्थित सदस्यों की सहमति ली गई थी।

निदेशक मंडल/समिति की बैठक (बैठकों) में किए गए सभी निर्णय बैठक के दौरान उपस्थित सभी निदेशकों/सदस्यों की सर्वसम्मति से लिए गए।

हम यह भी सूचित करते हैं कि कंपनी में लागू विधियों, नियमों, विनियमों तथा दिशा–निर्देशों के अनुपालन की निगरानी तथा सुनिश्चित करने के लिए कंपनी के आकार तथा परिचालनों के अनुरूप पर्याप्त प्रणालियां और प्रक्रियाएं मौजूद हैं।

हम यह भी सूचित करते हैं कि लेखापरीक्षा अवधि के दौरान, कंपनी में ऊपर उल्लिखित कानूनों, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों आदि के अनुसरण में कंपनी के मामलों पर कोई विशेष घटनाएं/कार्रवाई नहीं हुई है।

कृते –
अग्रवाल एस. एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिव,
आईसीएसआई विशिष्ट कोड: P2003DE049100
पीर रिव्यू प्रमाणपत्र सं–2725/2022

हस्ता/–
गरिमा ग्रोवर
साझेदार (पार्टनर)
एसीएस नं. 27100
सी.पी. सं. 23626
UDIN: A027100E000490585

दिनांक–15.06.2023
स्थान– नई दिल्ली

टिप्पणी: इस रिपोर्ट को हमारे समदिनांकित तिथि के पत्र के साथ पढ़ा जाए जो "अनुलानक–क" के रूप में संलग्न है और इस रिपोर्ट का अभिन्न भाग है।

"अनुलग्नक क"

सेवा में,
सदस्यगण,
भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

हमारी समदिनांकित रिपोर्ट को इस पत्र के साथ पढ़ा जाए।

(i) सचिवीय अभिलेखों का रखरखाव कंपनी के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जिम्मेदारी लेखापरीक्षा के लिए हमारे समक्ष प्रस्तुत अभिलेखों के निरीक्षण के आधार पर इन सचिवीय अभिलेखों पर राय व्यक्त करना है।

(ii) हमने लेखापरीक्षा पद्धतियों और प्रक्रियाओं का पालन किया है जैसा कि सचिवीय रिकॉर्ड की सामग्री की शुद्धता के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए उपयुक्त था। सत्यापन, परीक्षण के आधार पर किया गया था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सचिवीय रिकॉर्ड में सही तथ्य परिलक्षित होते हैं। हमारा मानना है कि अपनाई जाने वाली प्रक्रियाएं और प्रथाएं हमारी राय के लिए उचित आधार प्रदान करती हैं।

(iii) हमने कंपनी के वित्तीय अभिलेखों और लेखा पुस्तकों की शुद्धता और उपयुक्तता का सत्यापन नहीं किया है और हमारी रिपोर्ट में अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा पहले बताई गई टिप्पणियों/कमियों को शामिल नहीं किया गया है।

(iv) जहां कहीं आवश्यक लगा, हमने कानूनों, नियमों और विनियमों के अनुपालन और गतिविधियों आदि के होने के बारे में प्रबंधन से स्पटीकरण प्राप्त किया है।

(v) कॉर्पोरेट और अन्य लागू कानूनों, नियमों, विनियमों, मानकों के प्रावधानों का अनुपालन प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी परीक्षा परीक्षण के आधार पर प्रक्रियाओं के सत्यापन और हमारी राय देने के लिए सीमित थी कि क्या कंपनी के पास उचित निदेशक मंडल प्रक्रियाएं और अनुपालन–तंत्र हैं या नहीं।

(vi) सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट न तो कंपनी की भविष्य की व्यवहार्यता के बारे में कोई आश्वासन है और न ही प्रभावकारिता या प्रभावशीलता जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी के मामलों का परिचालन किया है।

कृते –
अग्रवाल एस. एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिव,
आईसीएसआई विशिष्ट कोड: P2003DE049100
पीर रिव्यू प्रमाणपत्र सं–2725/2022

हस्ता/–
गरिमा ग्रोवर
साझेदार (पार्टनर)
एसीएस नं. 27100
सी.पी. सं. 23626
UDIN: A027100E000490585

दिनांक–15.06.2023
स्थान– नई दिल्ली

निदेशक मंडल की रिपोर्ट का अनुलग्नक–III

सीईओ और सीएफओ प्रमाणन

(सेबी (एलओडीआर) अधिनियम 2015 के 17(8) की शर्तों के अनुसरण में)

सेवा में,
निदेशक मंडल
भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड,
नई दिल्ली

क) हमने भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों और नकदी प्रवाह विवरण की समीक्षा की है और हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसारः

i. इन विवरणों में कोई भी वास्तविक रूप से असत्य कथन नहीं है या किसी भी महत्वपूर्ण तथ्य को छोड़ नहीं दिया गया है या किसी प्रकार के भ्रामक विवरण नहीं है;

ii. ये विवरण एक साथ कंपनी के मामलों का उचित और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं और लागू इंड एएस, कानूनों और विनियमों के अनुपालन में हैं।

इ) हमारे सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार, वर्ष 2022–23 के दौरान कंपनी द्वारा कोई भी ऐसा लेनदेन नहीं किया गया है जो कपटपूर्ण, अवैध या कंपनी की आचार संहिता का उल्लंघन है।

ब) हम वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए आंतरिक नियंत्रण स्थापित करने और बनाए रखने की जिम्मेदारी स्वीकार करते हैं और हमने वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया है और हमने लेखा परीक्षकों और लेखा परीक्षा समिति को गठन/डिजाइन या संचालन में कमियों का खुलासा किया है; या ऐसे आंतरिक नियंत्रणों का परिचालन, यदि कोई हो, जिनके बारे में हम जानते हैं और इन कमियों को दूर करने के लिए हमने जो कदम उठाए हैं या उठाने का प्रस्ताव किया है।

क) हमने लेखा परीक्षकों और लेखा परीक्षा समिति को संकेत दिया है।

i. वर्ष 2022–23 के दौरान वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण में महत्वपूर्ण परिवर्तन, यदि कोई हो;

ii. वर्ष 2022–23 के दौरान लेखांकन नीतियों में महत्वपूर्ण परिवर्तन, यदि कोई हो, और इसका खुलासा वित्तीय विवरणों के टिप्पणियों में किया गया है; तथा


iii. वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रबंधन या कर्मचारी के धोखाधड़ी के उदाहरण, और उसमें भागीदारी, यदि कोई हो जिसके बारे में हमें पता चला है, शामिल है।

(जय प्रकाश श्रीवास्तव)
निदेशक (ई,आर एवं डी) –
निदेशक वित्त एवं सीएफओ का अतिरिक्त प्रभार

(डॉ. नलिन सिंघल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 26 मई, 2023

संधारणीयता और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व





सीएमडी, बीएचईएल ने बीएचईएल तिरुचिरापल्ली परिसर में मियावाकी वन (इस तरह के पहले वन) विकसित करने के क्रम में वृक्षारोपण अभियान का उद्घाटन किया

निदेशक मंडल की रिपोर्ट का अनुलग्नक–IV

संधारणीयता एवं सीएसआर

4.1 संधारणीयता निष्पादन –पर्यावरणीय

हमारा मिशन कथन "ऊर्जा, उद्योग और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में स्थायी व्यावसायिक समाधान प्रदान करना" हमारी निर्णय लेने की प्रक्रियाओं और उन निर्णयों से निकलने वाली गतिविधियों में स्थिरता के सिद्धांतों को दर्शाता है।

संधारणीयता के पर्यावरणीय पहलुओं पर ध्यान देने के लिए, पर्यावरण की अत्यधिक देखभाल करते हुए व्यावसायिक गतिविधियां की जाती हैं। उत्तरदायी सामग्री और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, ऊर्जा प्रबंधन, जल प्रबंधन, जैव विविधता प्रबंधन, कार्बन प्रबंधन, अपशिष्ट प्रबंधन हमारी व्यावसायिक प्रक्रियाओं में फोकस क्षेत्र हैं, और हमारी गतिविधियां तदनुसार संपन्न की जाती हैं।

हमारी आर एंड डी गतिविधियों का मूल मंत्र अपनी मूल्य शृंखला के भीतर, अधिक स्वच्छ एवं हरित उत्पादों का विकास करना है ताकि उनके पूरे जीवन चक्र में पर्यावरण पर उनका कम प्रभाव पड़े। हमारे उत्पाद दशकों लंबे समय तक कार्यरत हैं, और इन उत्पादों के अधिकांश पर्यावरणीय प्रभाव परिचालन से हैं। स्वच्छ उत्पादों को विकसित करने के हमारे प्रयास उनके परिचालन चरण के दौरान प्राकृतिक संसाधनों के इष्टतम उपयोग के माध्यम से हमारे उत्पादों के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने में मदद कर रहे हैं, अर्थात कम गैसों का उत्सर्जन, कम पानी की आवश्यकता और मौजूदा संयंत्रों में रेट्रोफिटिंग उत्सर्जन नियंत्रण प्रणालियों के माध्यम से उत्सर्जन को कैप्चर करना है। आर एंड एम के साथ–साथ जीवन विस्तार सेवाओं के माध्यम से प्रदर्शन में सुधार करने का हमारा निरंतर प्रयास, उत्सर्जन को कम करने के लिए एयूएससी और कोयला गैसीकरण जैसी भविष्य की प्रौद्योगिकियां प्रदान करना, हाइड्रो और परमाणु क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक समाधान प्रदान करना और मौजूदा विद्युत संयंत्रों के उत्सर्जन को कम करने के लिए एफजीडी और एससीआर की रेट्रोफिटिंग प्राकृतिक संसाधनों के कुशल और स्थायी उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए कदम हैं।

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान की गई इनमें से कुछ पहलों का विवरण नीचे दिए गए अनुभागों में दिया गया है।

4.1.1 सामग्री और प्राकृतिक संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्वक उपभोग

एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में, संबंधित पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए उत्पादन और उपभोग के लिए सभी प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग अत्यंत मितव्ययिता के साथ किया जा रहा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए रिड्यूस–रीसायकल–रीयूज़ के सिद्धांतों को परिश्रमपूर्वक लागू किया जा रहा है। वर्ष 2022–23 के दौरान, हमारे परिसर में लगभग 763 मीट्रिक टन कचरे का पुनर्चक्रण/पुनः उपयोग किया गया, जिसके परिणामस्वरूप हमारी प्रक्रियाओं में बराबर मात्रा में नए कच्चे माल की खपत से बचा गया। बीएचईएल ने एक इन–हाउस पोर्टल–सदुपयोग– बनाया है जो विनिर्माण कार्यों के साथ–साथ परियोजना स्थलों पर अधिशेष सामग्री के प्रभावी क्रॉस–यूनिट उपयोग को सक्षम बनाता है और संसाधनों के अनुकूलन और स्थिरता को बढ़ावा देने में मदद करता है।

4.1.2 ऊर्जा प्रबंधन

विद्युत उत्पादन उपस्कर के क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी के रूप में, हम अपने परिसर में ऊर्जा प्रबंधन और अपने ग्राहकों को ऊर्जा कुशल प्रौद्योगिकी/उपस्कर उपलब्ध कराने के महत्व को समझते हैं। ऊर्जा दक्षता/संरक्षण से संबंधित परियोजनाओं पर काम करना हमारी कंपनी की एक नियमित विशेषता है और हाल के दिनों में, परियोजनाओं की पहचान करने और समयबद्ध तरीके से इन परियोजनाओं को निष्पादित करने के लिए बहुत प्रयास किए गए हैं, जिससे हमें मांग के प्रबंधन में मदद मिली है। हमारी ऊर्जा गहन इकाइयाँ ISO 50001 प्रमाणन प्राप्त कर चुकी हैं और इसे बनाए रखने की इस पूरी श्रृंखला के परिणामस्वरूप विद्युत की मांग में उल्लेखनीय कमी आई है और परिणामस्वरूप हमारी आय बढ़ी है।

वर्ष के दौरान पूरी की गई कुछ प्रमुख ऊर्जा दक्षता परियोजनाएं इस प्रकार हैं:

- विभिन्न भट्ठियों के बेहतर इन्सुलेशन और संचालन के साथ संरचनात्मक सुधार, पारंपरिक से पुनर्योजी बर्नर–आधारित दहन प्रणाली में अपग्रेडेशन, और सीएफएफपी हरिद्वार में अन्य परियोजनाओं से वार्षिक विद्युत की मांग प्रतिवर्ष 6.63 मिलियन यूनिट कम होने की उम्मीद है।
- एफएसआईपी जगदीशपुर में 500 टन मैनुअल प्रेस पर उच्च क्षमता के पारम्परिक प्रकार के कंप्रेसर के स्थान पर सिंगल स्क्रू कंप्रेसर की स्थापना, जिससे वार्षिक विद्युत की मांग प्रतिवर्ष 59,000 यूनिट कम होने की संभावना है।
- त्रिची इकाई में विभिन्न ईएनसीओएन परियोजनाओं का निष्पादन जिसके परिणामस्वरूप प्रति वर्ष 3.6 लाख यूनिट विद्युत की अपेक्षित वार्षिक कमी हुई।

इसके अलावा, वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान भोपाल इकाई में 5 मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र चालू किया गया है। कुल मिलाकर वर्ष 2022–23 के दौरान, पूरे संगठन में कुल 29.78 मिलियन यूनिट हरित ऊर्जा का उत्पादन किया गया, जिससे पिछले छह वर्षों के दौरान सौर प्रणालियों द्वारा कुल ऊर्जा उत्पादन लगभग 160 मिलियन यूनिट हो गया।



बीएचईएल द्वारा 'बीएचईएल को हरित कंपनी बनाने' की पहल – जिसमें बड़ी बीएचईएल इकाइयों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान से घने शहरी वन (मियावाकी) बनाए जा रहे हैं

4.1.3 जल और जैव विविधता प्रबंधन

पीने योग्य पानी की दुर्लभ उपलब्धता दुनिया भर में और भारत में तो और भी बड़ी चिंता का विषय होने की उम्मीद है। इस संदर्भ में, एक जिम्मेदार संगठन के रूप में, बीएचईएल अपनी प्रक्रियाओं में पानी की खपत को कम करने का प्रयास कर रहा है। हम पानी की खपत को कम करने, प्रक्रियाओं में पानी को रिसाइकल करने और बागवानी के लिए स्वच्छ किए गए पानी का पुनः उपयोग करने के लिए अपनी प्रक्रियाओं को संशोधित कर रहे हैं।

बीएचईएल की इकाइयों ने रूफटॉप वर्षा जल संग्रहण पिट, भूजल पुनर्भरण पिट/तालाब/झील/कुओं सहित कुल 126 वर्षा जल संचयन प्रणालियां स्थापित की हैं जो भूजल के पुनर्भरण में योगदान करते हैं। इसके अलावा, गंदे पानी को स्थायी रूप से प्रबंधित करने के लिए हमारे पास 22 एफ्लूएंट परिशोधन संयंत्र (ईटीपी) और 16 सीवेज परिशोधन संयंत्र (एसटीपी) हैं। बीएचईएल की 10 विनिर्माण इकाइयों को शून्य तरल निकासी संस्थाओं के रूप में घोषित किया गया है और शेष इसे प्राप्त करने की प्रक्रिया में हैं। उपचारित अपशिष्ट/सीवेज का उपयोग विनिर्माण संयंत्र और टाउनशिप के अंदर बागवानी के लिए किया जाता है।

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, हरियाली बढ़ाने की दिशा में हमारे प्रयास जारी हैं, जिसके परिणामस्वरूप 49,200 पौधे लगाए गए, साथ ही पिछले छह वर्षों के दौरान लगाए गए पौधों की संख्या 2,62,000 से अधिक रही।

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, कंपनी ने 'बीएचईएल को हरित कंपनी बनाने' की पहल की है। कंपनी के पास 2023–24 के दौरान 75,000 पौधे लगाने का लक्ष्य है। बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियानों के अलावा, बीएचईएल की बड़ी इकाइयों में घने शहरी वन (मियावाकी वन) बनाने की योजना है। वित्त वर्ष 2022–23 में झांसी इकाई में 500 वर्ग मीटर में मियावकी तकनीक का उपयोग करके वृक्षारोपण किया गया। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, हरिद्वार में 3 एकड़ स्थान, हैदराबाद में 1 एकड़ और त्रिची में 2.75 एकड़ स्थान की पहचान मियावकी तकनीक का उपयोग करके वृक्षारोपण करने के लिए की गई है। इसके अलावा, बीएचईएल परिसर के भीतर जल निकाय भी बनाए जा रहे हैं जो वर्षा जल का भंडारण करेंगे और वर्षा जल संचयन प्रणाली के रूप में कार्य करेंगे। हरिद्वार में दो बड़े आकार के तालाब, भोपाल में एक बड़ा तालाब और आर एंड डी हैदराबाद में एक तालाब वित्त वर्ष 2023–24 में मानसून की शुरुआत से पहले ही बनाए जा चुके हैं।

4.1.4 कार्बन प्रबंधन

अपने ऊर्जा मिश्रण को अधिक प्रभावशाली/उपयोगी बनाने की दिशा में अपने केंद्रित दृष्टिकोण के एक हिस्से के रूप में, हम जमीन पर स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्रों के साथ–साथ छत पर भी सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर रहे हैं। अब हमारे परिसर में सौर पीवी संयंत्रों की कुल क्षमता लगभग 34.89 मेगावाट है। वर्ष 2022–23 के दौरान ही हमने अपनी एचईपी भोपाल इकाई में 5 मेगावाटपी एसपीवी संयंत्र स्थापित किए हैं। इसके अलावा, नवीकरणीय ऊर्जा से संबंधित उत्पादों को विकसित करने की दिशा में हमारे अनुसंधान एवं विकास प्रयास भी हमारे ग्राहकों को विद्युत उत्पादन से जुड़े पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने में मदद कर रहे हैं।

इससे हमें वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान 26,964 $MTCO_2$ – समकक्ष तक कार्बन प्रभाव से बचने में मदद मिली है। इसके अलावा, हमारा सुव्यवस्थित और लगातार बढ़ता हरा–भरा आवरण भी कार्बन पृथक्करण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। पूरी की गई परियोजनाओं के माध्यम से ऊर्जा दक्षता/संरक्षण के क्षेत्र में हमारे प्रयासों से हमें अपने स्कोप–2 उत्सर्जन को कम करने में मदद मिली है।

4.1.5 अपशिष्ट प्रबंधन

बीएचईएल के संचालन के आकार और दायरे को ध्यान में रखते हुए, कचरे के उत्पादन को कम करने और उत्पन्न कचरे के पुनर्चक्रण/पुनः उपयोग को बढ़ाने के लिए पर्याप्त अवसर मौजूद हैं। हमारे कारखानों में उत्पन्न कचरे को स्रोत पर ही अलग कर दिया जाता है और आगे की प्रक्रिया/निपटान के लिए उचित रूप से संग्रहीत किया जाता है। हमारे द्वारा उत्पन्न लगभग सभी गैर–खतरनाक कचरे का उपयोग या तो संस्थान में ही पुनर्चक्रण (recycling) /पुनः उपयोग के माध्यम से किया जाता है



बीएचईएल हरिद्वार इकाई में फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत आयोजित साइकिल रैली

या इसके उपर्युक्त उपयोग के लिए अधिकृत पुनर्चक्रणकर्ताओं (recyclers) को भेजा जाता है। वर्ष 2022–23 के दौरान, लगभग 27,615 मीट्रिक टन कचरा अधिकृत पुनर्चक्रणकर्ताओं (recyclers) को बेचा गया।

इसके अलावा, प्लास्टिक प्रदूषण के खतरे से लड़ने के लिए, हमारे टाउनशिप परिसर को ''एकल उपयोग प्लास्टिक मुक्त'' बनाने के लिए संगठन द्वारा एक अनोखी पहल की गई और परिणामस्वरूप हमारी 14 टाउनशिप का तीसरे पक्ष द्वारा ऑडिट किया गया और संस्थानों को ''एकल उपयोग प्लास्टिक मुक्त'' के रूप में पुनः प्रमाणित किया गया।

4.2 बीएचईएल को हरित कंपनी बनाना

जलवायु परिवर्तन और इसे कम करने के लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता ने आज की दुनिया में केंद्रीय भूमिका निभायी है। आपकी कंपनी जलवायु परिवर्तन की इन चुनौतियों से निपटने के लिए कई उत्पाद और समाधान पेश कर रही है और कई संबंधित उभरती प्रौद्योगिकियों पर काम कर रही है। परिचालन के मोर्चे पर, आपकी कंपनी हमेशा एक पर्यावरण के प्रति जागरूक संगठन रही है, जो पर्यावरणी पर प्रभाव को कम करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। अब, जलवायु कार्रवाई पर भारत के एजेंडे में सक्रिय रूप से योगदान देने के उद्देश्य से, आपकी कंपनी खुद को हरित कंपनी में बदलने का प्रयास कर रही है। एक त्रि–आयामी रणनीति अपनाई गई है जिसमें (i) इकाइयों का ग्रीन कंपनी रेटिंग (ग्रीनको रेटिंग) के लिए मूल्यांकन किया जाएगा। इससे उन्हें उनकी पिछली उपलब्धियों के लिए मान्यता मिलेगी और आगे सुधार के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलेगी। (ii) वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान कंपनी भर में नौ केंद्रित संधारणीयता संबंधी पहलों को लागू करने के लिए पहचाना गया है। इनमें शामिल हैं – बीएचईएल परिसरों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण, पानी का कुशल उपयोग सुनिश्चित करने के लिए विनिर्माण इकाइयों का जल ऑडिट, सभी इकाइयों के लिए शून्य तरल निर्वहन (जेडएलडी) की स्थिति प्राप्त करना, ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा के कुशल उपयोग के लिए नए अवसरों की पहचान करने के लिए विनिर्माण इकाइयों का ऊर्जा ऑडिट, जैव विविधता को बढ़ावा देने के लिए बीएचईएल परिसरों के भीतर जल निकाय बनाना, अधिक जल संचयन प्रणाली स्थापित करना, स्रोत पर अपशिष्ट पृथक्करण सुनिश्चित करने के लिए बीएचईएल टाउनशिप में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और बायोडिग्रेडेबल कचरे की कंपोस्टिंग सुनिश्चित करना, दिन के समय कारखानों और भवनों में प्राकृतिक सूर्य प्रकाश का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कदम ताकि दिन के समय के दौरान प्रकाश के उद्देश्य के लिए विद्युत के उपयोग को पूरी तरह से समाप्त किया जा सके, और हमारे कार्यों में आरई के उपयोग को बढ़ाने के लिए, कैप्टिव उपयोग के लिए अधिक सौर पीवी विद्युत संयंत्र स्थापित करना। (iii) बीएचईएल नेट जीरो के लिए एक रोडमैप विकसित करने की प्रक्रिया में है।

4.3 संधारणीयता निष्पादन– सामाजिक

बीएचईएल ने अपनी सीएसआर पहलों को पूरा करने के लिए सात महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान की है। इन सात प्रमुख क्षेत्रों का बीएचईएल की सीएसआर नीति में विस्तृत वर्णन किया गया है। इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सभी गतिविधियां कंपनी अधिनियम–2013 की अनुसूची में उल्लखित गतिविधियों और क्षेत्रों के अनुरूप हैं। सभी सीएसआर आवंटन और व्यय बीएचईएल की सीएसआर नीति के अनुसार हैं, जो कंपनी अधिनियम, 2013 में सीएसआर से संबंधित मौजूदा प्रावधानों, कंपनी अधिनियम, कंपनी (सीएसआर नीति) नियम, 2014 और सीपीएसई के लिए मौजूदा डीपीई दिशानिर्देशों के अनुरूप है। बीएचईएल ने सीपीएसई द्वारा सीएसआर व्यय पर समय–समय पर जारी डीपीई दिशानिर्देशों का पूरी तरह से अनुपालन किया है। इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में वर्ष के दौरान कुछ प्रमुख विषयों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है–



पूरी कंपनी में अगस्त 2022 के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आजोजित सफाई अभियान



बीएचईएल द्वारा तेलीबांधा झील (आरएससीएल) की संचालन एवं रखरखाव सहित सफाई की जा रही

स्वच्छ भारत

- बीएचईएल ने हरिद्वार और ऋषिकेश जिला, उत्तराखंड में बायो–डाइजेस्टर शौचालयों के निर्माण के लिए अपने सीएसआर कार्यक्रम को जारी रखा। इन बायो–डाइजेस्टर शौचालयों के 23 क्लस्टर पूरे हो चुके हैं।

शिक्षित भारत

- राजकीय पॉलिटेक्निक, जिला निजामाबाद, तेलंगाना में लड़कों और लड़कियों के लिए छात्रावास का निर्माण।

स्वस्थ भारत

- "हील–ए–सोल IV" के लिए वित्तीय सहायता – भारत भर के विभिन्न जिलों में हीमोफिलिया (पी एंड सीडब्ल्यूएच) से पीड़ित व्यक्तियों और बच्चों को एंटी हीमोफिलिक फैक्टर (एएचएफ) किट प्रदान करना।
- वाराणसी और चंदौली, उत्तर प्रदेश जिले में 12 स्थानों पर सुलभ शौचालय परिसरों के निर्माण, संचालन और रखरखाव के लिए ''सुलभ श्रृंखला सामाजिक सेवा संगठन" (एसआईएसएसओ) को वित्तीय सहायता।''
- जिला हरिद्वार, उत्तराखंड में 200 क्लीफ्ट रोगियों की क्लीफ्ट सर्जरी के लिए "मिशन स्माइल" को वित्तीय सहायता।
- गरीब और जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों और अन्य कमजोर नागरिकों को बुनियादी और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए सतपुड़ा (एमपी), बीकानेर (राजस्थान) और नोएडा (यूपी) में मोबाइल हेल्थकेयर यूनिट चलाने हेतु हेल्पएज इंडिया को वित्तीय सहायता।
- एनजीओ को वित्तीय सहायता – पूरे भारत में (अपेक्षित जिलों में) कैंसर से पीड़ित 0–19 वर्ष की आयु के 200 बच्चों को चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए "कैन किड्स किड्स कैन" को वित्तीय सहायता एवं अस्पतालों के लिए चिकित्सा उपकरण और बच्चों के लिए रोगनिवारक देखभाल केंद्र तथा रोगी परिवहन हेतु एम्बुलेंस।
- राजकीय सीनियर माध्यमिक विद्यालय, जांगलू, जिला, बीकानेर, राजस्थान में टिन शेड और चौकी के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता।



बीएचईएल द्वारा स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित आयुष शिविर



हील–ए–सोल IV अभियान के अंतर्गत हीमोफिलिया (पी एंड सीडब्ल्यूएच) से पीड़ित व्यक्तियों और बच्चों को एंटी हीमोफिलिक फैक्टर (एएचएफ) किट प्रदान करने हेतु वित्तीय सहायता का पूरे भारत के विभिन्न आकांक्षी जिलों विस्तार

- दिल्ली–एनसीआर में समाज के वंचित वर्ग को कोविड से संबंधित गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता।
- जिला सूर्यापेट, तेलंगाना में 36 जिम स्थापित करने के लिए जिला कलेक्टर, सूर्यापेट को वित्तीय सहायता।

समावेशी भारत

- वाराणसी में हेरिटेज स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम की स्थापना के लिए नगर आयुक्त, वाराणसी को वित्तीय सहायता।
- बीएचईएल ने ओडिशा के आकांक्षी जिले कंधमाल में "आर्थिक परिवर्तन के लिए कंधमाल के कृषि समुदायों को अभिप्रेरित करना (MARKET)" नामक परियोजना के लिए प्रोफेशनल असिस्टेंस फॉर डेवलपमेंट एक्शन (प्रदान) को अपनी वित्तीय सहायता जारी रखी।

हरित भारत

- तिरुवल्लुर, तमिलनाडु में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए पायरोलेटर इकाई स्थापित करने के लिए जिला कलेक्टर, तिरुवल्लुर का वित्तीय सहायता।

4.4 सीएसआर गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट

[कंपनी (सीएसआर नीति) नियम, 2014 की आवश्यकता के अनुसार]

1. कंपनी की सीएसआर नीति की संक्षिप्त रूपरेखा (अनुलग्नक–क के रूप में संलग्न)

2. सीएसआर समिति की संरचना

क्रम सं.	निदेशक का नाम	निदेशक पद का प्रकार/पदनाम	वर्ष के दौरान आयोजित सीएसआर समिति की बैठकों की सं.	वर्ष के दौरान सीएसआर समिति की बैठकों में उपस्थिति की सं.
1	मनीष कपूर, स्वतंत्र निदेशक (27 जनवरी 2023 तक)	अध्यक्ष	1	1
2	डॉ. के शिवप्रसाद, स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष (10 फरवरी 2023 से)	0	0
		सदस्य (09 फरवरी 2023 से)	1	1
3	आदित्य प्रसाद साहू, स्वतंत्र निदेशक (मई 2022 तक)	सदस्य	0	0
4	निदेशक (वित्त)	सदस्य	1	1
5	निदेशक (मा.सं)	सदस्य (11 नवंबर 2022 से)	0	0

प्रमुख (सीएसआर), कॉर्पोरेट कार्यालय स्थायी आमंत्रित सदस्य होते है। कंपनी सचिव समिति के सचिव के रूप में कार्य करते हैं।

3. कंपनी की वेबसाइट का वेब लिंक देखें जहाँ सीएसआर समिति की संरचना, सीएसआर नीति और निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित सीएसआर परियोजना को सार्वजनिक रूप से दिखाया गया है। वेब लिंक–https://www.bhel.com/csr

4. यदि लागू हो तो नियम 8 के उप–नियम (3) के अनुसरण में पूरी की गई सीएसआर परियोजनाओं के प्रभाव आकलन के वेब–लिंक के साथ कार्यकारी सारांश प्रदान करें।

   लागू नहीं

5. (क) धारा 135 की उप–धारा (5) के अनुसार कंपनी का औसत शुद्ध लाभ

   ₹ (–) 1,301.61 करोड़

   (ख) धारा 135 की उप–धारा (5) के अनुसार कंपनी के औसत शुद्ध लाभ का दो प्रतिशत

   ₹ (–) 26.03 करोड़

   (ग) पिछले वित्तीय वर्षों की सीएसआर परियोजनाओं या कार्यक्रमों या गतिविधियों से उत्पन्न अधिशेष **शून्य**

   (घ) वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित की जाने वाली आवश्यक राशि, यदि कोई हो **शून्य**

   (ङ) वित्तीय वर्ष के लिए कुल सीएसआर दायित्व [(ख) + (ग) – (घ)] **शून्य**

6. (क) सीएसआर परियोजनाओं (चल रही परियोजना और चल रही परियोजना के अलावा अन्य) पर व्यय की गई राशि – **571.906 लाख**

   (ख) प्रशासनिक ओवरहेड्स में व्यय की गई राशि –**28.595 लाख**

   (ग) प्रभाव आकलन पर व्यय की गई राशि, यदि लागू हो। **शून्य**

   (घ) वित्तीय वर्ष के लिए व्यय की गई कुल राशि [(क) + (ख) + (ग)]* – **600.50 लाख**

   (ङ) वित्तीय वर्ष के लिए व्यय की गई या व्यय न की गई सीएसआर राशि:

वित्तीय वर्ष के लिए व्यय की गई कुल राशि (रू.)	व्यय न की गई राशि (रू. में)				
	धारा 135(6) के अनुसार अव्ययित सीएसआर खाते में अंतरित कुल राशि		धारा 135(5) के दूसरे नियम के अनुसार, अनुसूची VII के तहत निर्दिष्ट किसी भी फंड को अंतरित राशि		
	राशि (लाख में)	अंतरण की तिथि	फंड का नाम	राशि	अंतरण की तिथि
शून्य	शून्य	लागू नहीं	शून्य	शून्य	लागू नहीं

च. समायोजन के लिए अतिरिक्त राशि, यदि कोई हो:

क्र. सं.	विवरण	राशि (लाख में)
(i)	धारा 135 (5) के अनुसार कंपनी के औसत शुद्ध लाभ का दो प्रतिशत।	(-) 2603.00
(ii)	वित्तीय वर्ष के लिए व्यय की गई कुल राशि'	600.50
(iii)	वित्तीय वर्ष के लिए व्यय की गई अतिरिक्त राशि [(ii) – (i)]	शून्य
(iv)	पिछले वित्तीय वर्षों की सीएसआर परियोजनाओं या कार्यक्रमों या गतिविधियों से उत्पन्न अधिशेष	शून्य
(v)	अगले वित्तीय वर्षों में समायोजन के लिए उपलब्ध राशि [(iii) – (iv)]	शून्य

* वित्त वर्ष 2020–21 में 2,126.95 लाख रुपये की शेष सीएसआर राशि को कंपनी (सीएसआर नीति) संशोधन नियम, 2021 के अनुसार एक अलग बैंक खाते में स्थानांतरित कर दिया गया था। इसमें से 911.08 लाख और 600.50 लाख रुपये क्रमशः वित्त वर्ष 2021–22 और वित्त वर्ष 2022–23 में व्यय किए गए हैं।

7.(क) पिछले तीन वित्तीय वर्षों की शेष सीएसआर राशि का विवरण:

1	2	3	4	5	6		7	8
क्रम सं.	पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष	धारा 135 (6) के तहत अव्ययित सीएसआर खाते में अंतरित राशि (लाख में)	धारा 135 की उप धारा (6) के तहत अव्ययित सीएसआर खाते में शेष राशि (₹ लाख में)	वित्त वर्ष में व्यय की गई राशि (रु. लाख)	धारा 135(5) के दूसरे नियम के अनुसार, अनुसूची VII के तहत निर्दिष्ट किसी भी फंड में अंतरित राशि		अगले वित्तीय वर्षों में व्यय की जाने वाली शेष राशि (₹ लाख में)	विसंगति, यदि कोई हो
					राशि (₹ में)	अंतरण की तिथि		
1	2019-20	शून्य	-	-	लागू नहीं	-	1550.94	शून्य
2	2020-21	2126.95	2126.95	1441.99	लागू नहीं	-	2126.95	शून्य
3	2021-22	शून्य	2126.95	911.08	लागू नहीं	-	1215.87	शून्य

8. क्या वित्तीय वर्ष में व्यय की गई कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व राशि के माध्यम से कोई पूंजीगत संपत्ति बनाई गई या अर्जित की गई है: **नहीं**

यदि हां, तो निर्मित/ अधिगृहीत पूंजीगत संपत्तियों की संख्या दर्ज करें: **लागू नहीं**

वित्तीय वर्ष में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व राशि के माध्यम से बनाई गई या अर्जित की गई ऐसी संपत्ति से संबंधित विवरण प्रस्तुत करें: **लागू नहीं**

क्रम सं.	संपत्ति या संपत्ति का संक्षिप्त विवरण [संपत्ति का पूरा पता स्थान सहित]	संपत्ति या संपत्ति का पिन कोड	निर्माण की तारीख	व्यय की गई सीएसआर राशि	पंजीकृत मालिक की इकाई/प्राधिकारी/ लाभार्थी का विवरण		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)		
					सीएसआर पंजीकरण संख्या, यदि लागू हो	नाम	पंजीकृत पता
-	-	-	-	-	-	-	-

9. कारणों को निर्दिष्ट करें, यदि कंपनी धारा 135 की उप–धारा (5) के अनुसार औसत शुद्ध लाभ का दो प्रतिशत व्यय करने में विफल रही है।

1) धारा 135 (5) के अनुसार, वित्त वर्ष 2022–23 के लिए कंपनी के औसत शुद्ध लाभ का दो प्रतिशत (–) 26.03 करोड़ था। इसलिए, वित्त वर्ष 2022–23 के लिए सीएसआर बजट शून्य था।

2) वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान सीएसआर व्यय पिछले वर्ष से जारी सीएसआर परियोजनाओं से लिया गया था। बीएचईएल की सीएसआर नीति के अनुसार, व्यय न की गई प्रतिबद्ध राशि व्यपगत नहीं होगी और भविष्य में सीएसआर परियोजनाओं के लिए उपयोग की जाएगी।

10. हम एतद्द्वारा घोषणा करते हैं कि सीएसआर नीति का कार्यान्वयन और निगरानी कंपनी के सीएसआर उद्देश्यों और नीति के अनुपालन में है।





नई दिल्ली
दिनांक – 28 जुलाई, 2023

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

अध्यक्ष
(निदेशक मंडल सीएसआर समिति)

अनुलग्नक–क

बीएचईएल कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) नीति की रूपरेखा

सीएसआर विज़न

बेहतर कल की दिशा में काम करने वाला एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक बनना।

सीएसआर मिशनः

कंपनी अधिनियम, 2013 में सूचीबद्ध किए गए सीएसआर क्षेत्रों और अन्य क्षेत्रों में कंपनी की जिम्मेदारी का ईमानदारी से और प्रभावी ढंग से निर्वहन करना।

नीति के उद्देश्यः

- कंपनी अधिनियम 2013, कंपनी (सीएसआर नीति) नियम, 2014 और प्रचलित डीपीई दिशानिर्देशों के अंतर्गत आने वाली उन सीएसआर परियोजनाओं या कार्यक्रमों की योजना बनाना जिन्हें बीएचईएल शुरु करना चाहता है।
- सीएसआर परियोजनाओं या कार्यक्रमों को पूरा करने की कार्यविधि तैयार करना।
- इन सीएसआर परियोजनाओं या कार्यक्रमों की निगरानी (मॉनिटरिंग) करना।
- बीएचईएल में सीएसआर कार्य प्रणाली के बारे में हितधारकों को जागरूक करना।
- व्यवसाय के संचालन और सीएसआर एजेंडे को लागू करने में संधारणीय विकास के वृहद्तर उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए काम करना।

नीति की मुख्य विशेषताएंः

- नीति में कंपनी अधिनियम–2013, कंपनी (सीएसआर नीति) नियम–2014 और सीएसआर व सततता (संयोजनीयता) पर डीपीई दिशानिर्देशों में बताई गई आवश्यकताओं को शामिल किया गया है।
- यह उन सीएसआर गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों को परिभाषित करती है, जो कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII में उल्लिखित गतिविधियों पर आधारित हैं।
- नीति यह निर्दिष्ट करती है कि पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान औसत शुद्ध लाभ का 2% सीएसआर गतिविधियों के लिए आवंटित किया जाएगा।
- कंपनी को सीएसआर गतिविधियों के लिए निर्धारित राशि का कम से कम 75% व्यय करने के लिए स्थानीय क्षेत्रों को वरीयता देनी होगी।
- एक करोड़ रुपये या उससे अधिक के कुल मूल्य वाली परियोजना को मेगा परियोजना कहा जाएगा और ऐसी परियोजनाओं का प्रभाव मूल्यांकन अनिवार्य रूप से एक बाहरी एजेंसी के माध्यम से किया जाएगा।
- किसी भी आपदा/विपदा में राहत गतिविधियों के लिए वार्षिक सीएसआर बजट का 5% आपातकालीन निधि के रूप में आरक्षित करने का प्रावधान है।
- नीति यह निर्धारित करती है कि वर्ष में कुल सीएसआर व्यय का 5% प्रशासनिक उपरिव्यय व क्षमता बढाने के लिए आरक्षित रखा जाएगा।
- यह बीएचईएल में सीएसआर के लिए संगठनात्मक संरचना के बारे में जानकारी प्रदान करती है।

सीएसआर नीति के लिए वेब–लिंक

बीएचईएल सीएसआर नीति को www.bhel.com पर सीएसआर अनुभाग के अंतर्गत होस्ट किया गया है और इसे https://www.bhel.com/csr लिंक के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है।

अनुलग्नक–V व्यावसायिक उत्तरदायित्व और संधारणीयता रिपोर्ट

भाग–क: सामान्य प्रकटीकरण

सूचीबद्ध इकाई का विवरण

1.	**कंपनी की कॉर्पोरेट पहचान संख्या:**	L74899DL1964GOI004281
2.	**कंपनी का नाम:**	भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
3.	**निगमन की तिथि**	13 नवंबर 1964
4.	**पंजीकृत कार्यालय पता:**	बीएचईएल हाउस, सीरी फोर्ट, नई दिल्ली–110 049
5.	**कार्पोरेट कार्यालय पता**	बीएचईएल हाउस, सीरी फोर्ट, नई दिल्ली – 110049
6.	**ईमेल आईडी:**	shareholderquery@bhel.in
7.	**दूरभाष:**	011-66337598
8.	**वेबसाइट:**	**www.bhel.com**
9.	**रिपोर्टित वित्तीय वर्ष:**	2022-23
10.	**शेयर बाजार के नाम जिसमें शेयर सूचीबद्ध हैं:**	BSE एवं NSE
11.	**प्रदत्त पूंजी:**	₹ 696.41 करोड़
12.	**रिपोर्ट के संबंध में किसी भी प्रश्न के मामले में संपर्क किए जाने वाले व्यक्ति का नाम और संपर्क ब्यौरा (टेलीफोन, ईमेल एड्रेस**	अजय सक्सेना (अ.म.प्र.–कॉर्पोरेट स्ट्रैटिजिक मैनेजमेंट), email: ajaysaxena@bhel.in, 011-66337390
13.	**रिपोर्टिंग बाउंड्री – क्या इस रिपोर्ट के अंतर्गत डिस्क्लोजर स्टेंड अलोन आधारित (अर्थात केवल सूचीबद्ध कंपनी के लिए) हैं अथवा समेकित आधारित (अर्थात सूचीबद्ध कंपनी एवं सभी सहयोगी कंपनियों को मिलाकर जो इसके समेकित वित्तीय विवरण का अंग हैं**	एकल (स्टेंड अलोन) आधारित

उत्पाद / सेवाएं

14. व्यावसायिक गतिविधियों का विवरण (कारोबार का 90% हिस्सा)

क्र.सं	मुख्य गतिविधि का विवरण	कारोबारी गतिविधि का विवरण	कंपनी के कुल टर्नओवर का प्रतिशत
1	विनिर्माण (सी)	विद्युत उपस्कर, सामान्य एवं विशिष्ट प्रयोजन हेतु मशीनरी एवं उपस्कर, यातायात उपकर (सी10)	100%

15. कंपनी द्वारा विक्रय किए गए उत्पाद / सेवाएं (कुल टर्नओवर का 90%):

क्र.सं	उत्पाद / सेवाएं	एनआईसी कोड	कुल टर्नओवर का %
1	जल–विद्युत ऊर्जा संयंत्रों के अलावा अन्य विद्युत संयंत्रों का निर्माण और रखरखाव	45207	31%
2	केंद्रीय हीटिंग बॉयलर के अलावा स्टीम या अन्य स्टीम उत्पन्न करने वाले बॉयलर और गर्म पानी के बॉयलर का निर्माण	28131	26%
3	स्टीम इंजनों और टर्बाइन का निर्माण	29111	8%
4	सभी आकारों और प्रकारों के ट्रांसफार्मरों का निर्माण और इलेक्ट्रिक मोटरों की रिवाइडिंग	31102	7%

क्र.सं	उत्पाद / सेवाएं	एनआईसी कोड	कुल टर्नओवर का %
5	विद्युत वितरण और नियंत्रण उपस्कर का निर्माण [1000 वोल्ट से अधिक वोल्टेज के लिए विद्युत सर्किट (जैसे स्विच, फ़्यूज़, वोल्टेज लिमिटर्स, सर्ज सप्रेसर्स, जंक्शन बॉक्स आदि) को स्विच करने या संरक्षित करने के लिए विद्युत उपकरण; 1000 वोल्ट से अधिक न होने वाले वोल्टेज के लिए समान उपकरण (रिले, सॉकेट आदि सहित); विद्युत नियंत्रण या पावर कैपेसिटर सहित विद्युत के वितरण के लिए उपर्युक्त दो या अधिक उपकरणों से सुसज्जित बोर्ड, पैनल, कंसोल, कैबिनेट और अन्य आधार।]	31200	7%
6	जेनरेटर/जनरेटिंग सेट का निर्माण	31101	4%
7	इलेक्ट्रिक मोटरों का निर्माणः यूनिवर्सल एसी/डीसी मोटर और डीसी मोटर या जनरेटर	31103	4%
8	अन्य मूवर्स एन.ई.सी. का निर्माणः हाइड्रोलिक टर्बाइन, वाटर व्हील और उनकी नियामक मशीनरी; मेरीन प्रोपल्शन के लिए या इलेक्ट्रिक जनरेटर या पंपों के प्राइम मूवर के रूप में उपयोग के लिए गैस टर्बाइन; बॉयलर टर्बाइन सेट या इंटीग्रल बॉयलर के साथ एक स्थिर स्टीम इंजन।	29119	3%

III. परिचालन

16. उन स्थानों की संख्या जहां संयंत्र और / या संचालन / इकाई के कार्यालय स्थित हैं:

स्थान	प्लांट की संख्या	कार्यालयों की संख्या	कुल
राष्ट्रीय	16	29	45
अंतरराष्ट्रीय	0	1	1

कंपनी की 16 विनिर्माण इकाइयां (अथवा प्लांट), 2 मरम्मत इकाइयाँ, 4 क्षेत्रीय कार्यालय, 8 सर्विस केंद्र एवं 15 क्षेत्रीय विपणन केंद्र हैं। प्लांटों के नाम के लिए कृपया "अखिल भारतीय उपस्थिति" देखें:

17. बाजार में कंपनी की पहुँच

क. स्थानों की संख्या

स्थान	संख्या
राष्ट्रीय (राज्यों की संख्या)	28 (राज्य), 8 (केन्द्रशासित प्रदेश)
अंतरराष्ट्रीय (देशों की संख्या)	88

ख. कंपनी का कुल टर्नओवर में से निर्यात का प्रतिशत कितना है?

निर्यात में कुल टर्नओवेर का 4.86% योगदान है

ग. ग्राहकों का संक्षिप्त विवरण

घरेलू बाजार में बीएचईएल के ग्राहकों में सरकारी एवं प्राइवेट स्वामित्व वाली कंपनियाँ शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बीएचईएल के ग्राहक सरकारी मंत्रालय अथवा कंपनियां, पेरेस्टेटल एजेंसियां, स्वतंत्र विद्युत निर्माता एवं गैर–सरकारी कंपनियाँ शामिल हैं।

IV. कर्मचारी

बीआरएसआर प्रारूप के दिशानिर्देशों के अनुसार औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 की धारा 2 (आई) के तहत 'कर्मचारी' और औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 की धारा 2 (जेडआर) के तहत 'कामगार' की परिभाषा देखें। बीआरएसआर प्रारूप के दिशानिर्देशों में 'स्थायी कर्मचारी', 'स्थायी कामगार', 'स्थायी कर्मचारी के अलावा' और 'स्थायी कामगार के अलावा अन्य' की परिभाषा भी देखें।

18. वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर विवरण:

क. कर्मचारी और कामगार (दिव्यांगजन सहित):

क्र.सं.	विवरण	कुल (A)	पुरूष		महिलाएं	
			संख्या (B)	% (B/A)	संख्या (C)	% (C/A)
			कर्मचारी			
1.	स्थायी (D)	29536	27790	94.09%	1746	5.91%
2.	स्थायी के अतिरिक्त (E)	15705	14495	92.3%	1210	7.7%
3.	**कुल कर्मचारी** (D + E)	45241	42285	93.47%	2956	6.53%
			कामगार			
4.	स्थायी (F)	14986	14592	97.37%	394	2.63%
5.	स्थायी के अतिरिक्त (G)	15639	14430	92.27%	1209	7.73%
6.	**कुल कामगार** (F + G)	30625	29022	94.77%	1603	5.23%

ख. दिव्यांग कर्मचारी और कामगारः

क्र.सं.	विवरण	कुल (A)	पुरूष		महिलाएं	
			संख्या (B)	% (B/A)	संख्या (C)	% (C/A)
			दिव्यांग कर्मचारी			
1.	स्थायी (D)	823	801	97.33%	22	2.67%
2.	स्थायी के अतिरिक्त (E)	47	33	70.21%	14	29.79%
3.	**कुल कर्मचारी** (D + E)	870	834	95.86%	36	4.14%
			दिव्यांग कामगार			
4.	स्थायी (F)	401	398	99.25%	3	0.75%
5.	स्थायी के अतिरिक्त (G)	47	33	70.21%	14	29.79%
6.	**कुल कामगार** (F + G)	448	431	96.21%	17	3.79%

* बीएचईएल संगठनात्मक आवश्यकताओं के अनुसार अपनी विभिन्न इकाइयों / प्रभागों / विभागों में ठेकेदारों को नौकरी / कार्य अनुबंध प्रदान करता है। ठेकेदारों के साथ श्रमिकों की संख्या समय–समय पर बदलती रहती है।

19. महिलाओं की भागीदारी / समावेशन / प्रतिनिधित्व

	कुल (A)	महिलाओं की संख्या एवं प्रतिशत	
		संख्या (B)	% (B/A)
निदेशक मंडल	9	3	33.33%
मुख्य प्रबंधन कार्मिक	1	0	0%

31 मार्च 2023 को स्थिति

20. स्थायी कर्मचारियों और कामगारों के लिए टर्नओवर दर

	वित्तीय वर्ष 2022-23			वित्तीय वर्ष 2021-22			वित्तीय वर्ष 2020-21		
	पुरूष	महिला	कुल	पुरूष	महिला	कुल	पुरूष	महिला	कुल
स्थायी कर्मचारी	4.01%	4.97%	4.15%	5.45%	3.77%	5.29%	4.13%	5.28%	5.17%
स्थायी कामगार	3.21%	7.66%	3.41%	3.71%	6.51%	3.78%	6.71%	4.60%	4.65%

V. होल्डिंग, सहायक और सहयोगी कंपनी (संयुक्त उद्यम सहित)

21. (क) होल्डिंग / सहायक / सहयोगी कंपनियों / संयुक्त उद्यमों के नाम

क्रम सं.	होल्डिंग/सहायक/सहयोगी कंपनियों/संयुक्त उद्यमों के नाम (A)	बताएं कि क्या यह स्वामित्व/सहायक/सहयोगी/संयुक्त उद्यम है	सूचीबद्ध इकाई द्वारा धारित शेयरों का %	क्या कॉलम ए में दर्शाई गई इकाई सूचीबद्ध इकाई की व्यावसायिक जिम्मेदारी पहल में भाग लेती है? (हां/नहीं)
1.	बीएचईएल–जीई गैस टरबाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड	संयुक्त उद्यम	49.99%	नहीं
2.	एनटीपीसी बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड	संयुक्त उद्यम	50.00%	नहीं
3.	रायचूर पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड	संयुक्त उद्यम	22.14%	नहीं

निदेशक मंडल रिपोर्ट – फॉर्म एओसी – I का अनुलग्नक – IX देखें

VI. सीएसआर विवरण

22. सीएसआर विवरण

(i) क्या सीएसआर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अनुसार लागू है: (हां/नहीं) हां, बीएचईएल के लिए सीएसआर लागू है

(ii) टर्नओवर: 22,136 करोड़

(iii) कुल संपत्ति: 27,262 करोड़

VII. पारदर्शिता और प्रकटीकरण अनुपालन

23. जिम्मेदार व्यावसायिक आचरण पर राष्ट्रीय दिशानिर्देशों के तहत किसी भी सिद्धांत (सिद्धांत 1 से 9) पर शिकायतें/व्यथा:

हितधारक समूह जिससे शिकायत प्राप्त हुई है	शिकायत निवारण तंत्र उपलब्ध है (हाँ/नहीं) (यदि हाँ, तो शिकायत निवारण नीति का वेब लिंक प्रदान करें	वित्तीय वर्ष 2021–22			वित्तीय वर्ष 2020–21		
		वर्ष के दौरान दायर शिकायतों की संख्या	वर्ष की समाप्ति पर लंबित शिकायतों की संख्या	टिप्पणी	वर्ष के दौरान दायर शिकायतों की संख्या	वर्ष की समाप्ति पर लंबित शिकायतों की संख्या	टिप्पणी
समुदाय	हाँ https://pgportal.gov.in/	218	0	-	253	0	-
निवेशक (शेयरधारकों के अलावा)	नहीं	0	0	-	0	0	-
शेयरधारक	हाँ संपर्क विवरण www.bhel.com पर उपलब्ध कराया गया है	13	0	-	37	0	-
कर्मचारी और कामगार	हाँ (आंतरिक प्रणाली)	196	175	-	55	32	-
ग्राहक*	हाँ (आंतरिक प्रणाली)	466	219	-	509	173	-
मूल्य श्रृंखला भागीदार/साझेदार	हाँ https://suvidha.bhel.in/	92	09	-	68	11	-

* ग्राहक शिकायत को समेकित करने की प्रणाली कार्यान्वयनाधीन है।

कॉर्पोरेट गवर्नेंस, शेयरधारक समिति के लिए कृपया निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक–II देखें

सतर्कता प्रणाली के लिए निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक–VIII देखें

24. कंपनी के प्रत्यक्ष उत्तरदायित्व के संबंध में व्यावसयिक आचार संबंधी मुद्दों का संक्षिप्त विवरण

क्रम सं.	वास्तविक मुद्दे की पहचान की गई	जोखिम है या अवसर	जोखिम/अवसर की पहचान के लिए तर्क	जोखिम के मामले में, अनुकूलन या कम करने के लिए दृष्टिकोण	जोखिम या अवसर के वित्तीय निहितार्थ (सकारात्मक या नकारात्मक निहितार्थ इंगित करें)
1.	कॉर्पोरेट प्रशासन और व्यावसायिक नैतिकता	R	मूल्य/नैतिक व्यवहार उन तरीकों से कार्य करना है जो कंपनी के नैतिक सिद्धांतों और मूल्यों को देखने के तरीके के अनुरूप हैं। इसका पालन न करने से ईमानदारी, कार्यस्थल पर अंतर–कार्मिक संबंधों, हितों के टकराव और व्यवसाय पर विपरीत प्रभाव के कारण प्रतिष्ठा संबंधी जोखिम उत्पन्न हो सकते हैं। हालाँकि, बीएचईएल के पास मजबूत कॉर्पोरेट गवर्नेंस ढांचा है और यह वैधानिक मानदंडों का सख्ती से पालन करके और सर्वोत्तम पद्धतियों का पालन करके इसे प्रदर्शित करता है।	बीएचईएल कॉर्पोरेट गवर्नेंस प्रक्रियाओं और आचार संहिता के अनुपालन में अपने व्यवसाय का संचालन करने में विश्वास करता है, प्रत्येक मूल मूल्यों का उदाहरण देता है, ग्राहकों के लिए अनुकूल परिणाम, कर्मचारियों के लिए आकर्षक अवसर, आपूर्तिकर्ताओं को कंपनी और समाज की प्रगति और संवर्धन में भागीदार बनने का अवसर देता है। बीएचईएल कोड/प्रक्रिया मौजूद हैं जैसे व्हिसलब्लोअर नीति, धोखाधड़ी रोकथाम नीति, सीडीए नियम आदि सिद्धांत 1 देखें।	नकारात्मक प्रभाव
2.	जलवायु परिवर्तन	R	जीएचजी उत्सर्जन करने वाले पूंजीगत श्रेष्ठ उत्पादों की मांग में कमी। मांग में कमी देश स्तर पर नीतिगत परिवर्तनों का प्रत्यक्ष परिणाम है।	नए उत्पादों के साथ उत्पाद पोर्टफोलियो का विविधीकरण।	नकारात्मक प्रभाव
3.	संधारणीय उत्पाद एवं सेवाएं	O	हमारे ग्राहकों द्वारा ऊर्जा परिवर्तन और जलवायु संबंधी कार्यवाई के कारण नए व्यावसायिक अवसर	-	सकारात्मक प्रभाव
4.	कुशल जनशक्ति	R	नए उत्पादों या व्यवसाय या संचालन के नए तरीकों के लिए नए कौशल और दक्षता की आवश्यकता होती है	कार्यबल का पुनर्कौशल और आवश्यक कौशल की पार्श्विक नियुक्ति। सिद्धांत 3 का संदर्भ लें।	नकारात्मक प्रभाव
5.	ग्राहक संतुष्टि	R	परियोजनाओं और उत्पादों की देरी से डिलीवरी के परिणामस्वरूप ग्राहक असंतोष और कंपनी पर वित्तीय देनदारियां बढ़ गईं।	ग्राहक अनुभव में सुधार बीएचईएल के मूल मूल्यों में शामिल है। कंपनी परियोजना योजना और निगरानी के लिए एकीकृत परियोजना प्रबंधन प्रणाली द्वारा समर्थित अपनी परिचालन विचारधारा को ष्राजस्व केंद्रितष से ष्परियोजना केंद्रितष में बदल रही है।	नकारात्मक प्रभाव
6.	स्वास्थ एवं सुरक्षा	R	सुरक्षा और स्वास्थ्य का प्रबंधन हमारे व्यवसाय का एक अभिन्न अंग है। कार्यस्थल (कार्यस्थलों), परियोजना स्थल (स्थलों), कारखानों पर खतरे और जोखिम कर्मचारियों, श्रमिकों और अन्य हितधारकों को नुकसान पहुंचा सकते हैं जिससे संचालन में बाधा आ सकती है।	कर्मचारियों और श्रमिकों को नियमित रूप से एचएसई संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है जिसमें शुरूआती/प्रारम्भिक स्तर भी शामिल है। एचएसई टीम द्वारा बार–बार सुरक्षा मूल्यांकन किया जाता है। सिद्धांत 3 देखें	नकारात्मक प्रभाव

24. कंपनी के प्रत्यक्ष उत्तरदायित्व के संबंध में व्यावसयिक आचार संबंधी मुद्दों का संक्षिप्त विवरण (जारी)

क्रम सं.	वास्तविक मुद्दे की पहचान की गई	जोखिम है या अवसर	जोखिम/अवसर की पहचान के लिए तर्क	जोखिम के मामले में, अनुकूलन या कम करने के लिए दृष्टिकोण	जोखिम या अवसर के वित्तीय निहितार्थ (सकारात्मक या नकारात्मक निहितार्थ इंगित करें)
7.	मानवाधिकार एवं श्रम स्थितियाँ	R	इसके संचालन और आपूर्ति श्रृंखला में मानवाधिकार जोखिमों की पहचान और प्रबंधन करने और प्रतिकूल जोखिमों और परिणामी क्षति को कम करने की जिम्मेदारी।	बीएचईएल की नीतियां मानव अधिकार, भारत के संविधान और लागू कानूनों के सिद्धांतों के अनुरूप हैं। कंपनी में कार्यस्थल पर महिला कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रावधान हैं। कंपनी ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क, भारत (जीसीएनआई) के संस्थापक सदस्य में से एक है और भारत में पहल का एक हिस्सा है। सिद्धांत 3 और 5 का संदर्भ लें	नकारात्मक प्रभाव
8.	कॉर्बन फुटप्रिंट	O	ऊर्जा का कुशलतापूर्वक उपयोग करने का अवसर, ईंधन में बदलाव अर्थात लागत में कमी और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग, हरित आवरण में वृद्धि, और बेहतर ऊर्जा दक्षता और संरक्षण। सिद्धांत 6 देखें	-	सकारात्मक प्रभाव
9.	जल और अपशिष्ट प्रबंधन	O	संचालन के दौरान उत्पन्न पानी और अपशिष्ट जैसे प्राकृतिक संसाधनों का कुशलतापूर्वक प्रबंधन और पुनर्चक्रण/पुनः उपयोग करके पर्यावरण पर प्रभाव को कम करना	-	सकारात्मक प्रभाव
10.	समान अवसर और समावेशन	O	कंपनी एक समान अवसर नियोक्ता है और भारत सरकार की विविध संस्कृति और प्रतिभा के लिए अग्रणी नीतियों द्वारा निर्देशित भर्ती और रोजगार संबंधों में लिंग, जाति, धर्म, भाषाई, क्षेत्र आदि के आधार पर भेदभाव नहीं करती है।	-	सकारात्मक प्रभाव
11.	सामाजिक जुड़ाव और प्रभाव	O	सीएसआर उन समाज और समुदायों के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जो कमजोर और निम्न स्तर पर हैं। इससे कंपनी की ब्रांड धारणा में, ग्राहकों, कर्मचारियों और निवेशकों के लिए आकर्षण; प्रतिभा प्रतिधारण; और समग्र व्यावसायिक सफलता में भी सुधार होता है।	-	सकारात्मक प्रभाव

खंड–ख प्रबंधन एवं प्रक्रिया संबंधी विवरण

इस अनुभाग का उद्देश्य व्यवसायों को एनजीआरबीसी सिद्धांतों और मूल तत्वों को अपनाने के लिए बनाई गई संरचनाओं, नीतियों और प्रक्रियाओं को प्रदर्शित करने में मदद करना है।

प्रकटीकरण प्रश्न	पी1	पी2	पी3	पी4	पी5	पी6	पी7*	पी8	पी9
नीति और प्रबंधन प्रक्रियाएँ									
1. क. क्या आपकी इकाई की नीति/नीतियाँ एनजीआरबीसी के प्रत्येक सिद्धांत और उसके मूल तत्वों को कवर करती है। (हां/ नहीं)	हां	हां	हां	हां	हां	हां	नहीं	हां	हां
ख. क्या नीति को निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है? (हां /नहीं)	हां	हां	हां	हां	हां	हां	नहीं	हां	हां
ग. नीतियों का वेब लिंक, यदि उपलब्ध हो।	जहां भी लागू हो, वेबलिंक उपलब्ध कराए गए हैं								
2. क्या इकाई ने नीति को प्रक्रियाओं में अनुवादित किया है। (हां /नहीं)	हां	हां	हां	हां	हां	हां	नहीं	हां	हां
3. क्या सूचीबद्ध नीतियां आपके वेल्यू चेन भागीदारों को उपलब्ध कराई गई है? (हां /नहीं)	हां	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं
4. उन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कोडों / प्रमाणीकरणों लेबलों / मानकों (जैसे फ़ॉरेस्ट स्टीवर्डशिप काउंसिल, फ़ेयरट्रेड, रेनफ़ॉरेस्ट एलायंस, ट्रस्टिया) तथा मानदंडों (जैसे SA 8000, OHSAS, ISO, BIS) के नाम जिन्हें आपकी कम्पनी द्वारा अपनाया गया है और प्रत्येक सिद्धांत के लिए मैप किया गया है?	e, f	a, b, c	b, c, e, f	f	e, f	b, d	f	f	a
5. इकाई द्वारा निर्धारित समयसीमा यदि कोई हो, के साथ विशिष्ट प्रतिबद्धताएं और लक्ष्य,	g	50% ऑर्डर बुक से गैर फॉसिल क्षेत्र (FY23–27)	g	NA	g	g	NA	g	NA
6. कंपनी द्वारा विनिर्दिष्ट प्रतिबद्धताओं, लक्ष्यों का निष्पादन पूरा न कर पाने का कारण	उत्कृष्ट^	42.7% वित्त वर्ष 23 के दौरान	100%	NA	100%	100%	NA	100%	NA
अभिशासन, नेतृत्व और निगरानी									
7. ईएसजी से संबंधित चुनौतियों, लक्ष्यों और उपलब्धियों को उजागर करते हुए व्यवसाय दायित्व रिपोर्ट के लिए जिम्मेदार निदेशक द्वारा दिए गए विवरण, (कंपनी में इस प्रकटन के संबंध में लचीलापन है)									
8. व्यावसायिक उत्तरदायित्व नीति (नीति) के कार्यान्वयन और निरीक्षण के लिए जिम्मेदार सर्वोच्च प्राधिकारी का विवरण।	नामः उपिंदर सिंह मठारू# पदनामः निदेशक (पावर) एवं अतिरिक्त प्रभार (मा.सं.) डीआईएनः 0009541886 दूरभाषः 011– 26001002 ई–मेलः pmgus@bhel.in								
9. क्या इकाई के पास संधारणीयता संबंधी मुद्दों पर निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार निदेशक मंडल/निदेशक की विनिर्दिष्ट समिति है? (हां/नहीं)। यदि हाँ, तो विवरण प्रदान करें।	हाँ नामः उपिंदर सिंह मठारू# पदनामः निदेशक (पॉवर), अतिरिक्त प्रभार(मा.सं.) डीआईएनः 0009541886 दूरभाषः 011– 26001002 ई–मेलः pmgus@bhel.in								

समीक्षा का विषय	क्या निदेशक/निदेशक मंडल समिति या अन्य समिति द्वारा समीक्षा की गई? कृपया निर्दिष्ट करें–									आवधिकता (वार्षिक/अर्धवार्षिक/ त्रैमासिक/ कोई अन्य – कृपया निर्दिष्ट करें)								
	पी 1	पी 2	पी 3	पी 4	पी 5	पी 6	पी 7	पी 8	पी 9	पी 1	पी 2	पी 3	पी 4	पी 5	पी 6	पी 7	पी 8	पी 9
10. कंपनी द्वारा एनजीआरबीसी की समीक्षा का विवरण:																		
उक्त नीतियों का निष्पादन एवं अनुवर्ती कार्रवाई	जहां भी लागू हो, बीआरएसआर के अनुभाग सी में समीक्षाएं और आवृत्ति प्रदान की जाती है।																	
सिद्धांतों की प्रासंगिकता की सांविधिक आवश्यकताओं का अनुपालन और किसी भी गैर–अनुपालन का सुधार	जहां कहीं भी लागू हो, बीआरएसआर की धारा सी में वैधानिक आवश्यकताओं के अनुपालन की समीक्षा और आवृत्ति प्रदान की जाती है।																	
मानवाधिकारों को कायम रखना कंपनी की मूल्य प्रणाली का केंद्र है और यह निष्पक्ष और नैतिक व्यवसाय और रोजगार पद्धतियों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए मानवाधिकारों का समर्थन, सुरक्षा और प्रचार करने का प्रयास करता है। कंपनी जाति, रंग, धर्म, लिंग, दिव्यांगजन आदि के बावजूद सभी के लिए एक सुरक्षित समावेशी वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी की नीतियों, प्रक्रियाओं और पद्धतियों में भी यही सुनिश्चित किया गया है।

2. किसी भी मानवाधिकार के संबंध तत्काल कार्रवाई के दायरे और कवरेज का विवरण।

सभी वैधानिक कानूनों/नियामक आवश्यकताओं और उनके तहत बनाए गए नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निवारक/वैधानिक ऑडिट के दौरान समय–समय पर प्लांट और कार्यालयों का मूल्यांकन किया जाता है। कंपनी इस विषय पर अपने शिक्षुओं सहित कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम/ जागरूकता सत्र भी आयोजित करती है।

3. क्या विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 की अपेक्षाओं के अनुसार इकाई का परिसर/कार्यालय विकलांग आगंतुकों के लिए सुलभ है?

हाँ। सिद्धांत 3, नेतृत्व संकेतक संख्या 3 देखें।

4. मूल्य शृंखला भागीदारों के मूल्यांकन का विवरण:

बीएचईएल के मूल्य शृंखला भागीदारों का मूल्यांकन मानवाधिकार मानदंडों के आधार पर किया जाता है क्योंकि वे श्रम संबंधी कानूनों/अधिनियमों/कानूनों के अंतर्गत आते हैं और इनका मूल्यांकन या निरीक्षण संबंधी सरकारी विभाग/ संस्थान द्वारा किया जाता है।

5. उपर्युक्त प्रश्न 4 के आकलनों से उत्पन्न महत्वपूर्ण जोखिमों/ चिंताओं का समाधान करने के लिए की गई अथवा की जा रही सुधारात्मक कार्रवाई का ब्यौरा प्रदान करें।

लागू नहीं।

सिद्धांत 6: पर्यावरण

बीएचईएल की आईएसओ 14001 से मान्यता प्राप्त एक सुस्थापित पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (ईएमएस) है। कॉर्पोरेट एचएसई नीति के आधार पर, सभी विनिर्माण इकाइयों और क्षेत्रों ने आईएसओ 14001 'पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली' मानक की आवश्यकता के अनुरूप अपने एचएसई सिस्टम प्राप्त किए हैं। ईएमएस एक व्यवस्थित तरीके से पर्यावरण से संबंधित जोखिमों की सक्रिय रूप से पहचान करने और उन्हें कम करने के लिए एक उत्कृष्ट ढांचा प्रदान करता है। बीएचईएल की सभी इकाइयों और पावर सेक्टर के क्षेत्रीय प्रभागों के एचएसई प्रकोष्ठ शीर्ष स्तर पर कॉर्पोरेट एचएसई के मार्गदर्शन में एचएसई नीति के कार्यान्वयन का कार्य कर रहे हैं। ईएमएस का अनुपालन और आईएसओ 14001 की अपेक्षाओं की पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रमाणन निकाय द्वारा आवधिक ऑडिट किए जाते हैं। कंपनी की एचएसई नीति इंटरनेट पर उपलब्ध है और इसे निम्नलिखित वेब लिंक के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है

https://www.bhel.com/sites/default/files/HSEPOLICY.pdf

बीएचईएल ने 2070 तक भारत की नेट ज़ीरो प्रतिबद्धता में योगदान के रूप में "बीएचईएल को एक हरित कंपनी बनाने" के लिए एक बड़ी पहल की है।

निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक–VII, 7.1 ऊर्जा संरक्षण देखें।

निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक–IV, 4.2 बीएचईएल को हरित कंपनी बनाना देखें।

नेतृत्व संकेतक

1. निम्नलिखित प्रारूप में कुल ऊर्जा खपत (जूल या गुणकों में) और ऊर्जा तीव्रता का विवरण:

मापदंड	वि.व. 2022-23	वि.व. 2021-22
कुल विद्युत खपत (क) (गीगा जूल में)	893815	759595
कुल ईंधन खपत (ख) (गीगा जूल में)	1758770	1929497
अन्य स्रोतों के माध्यम से ऊर्जा की खपत (ग) (गीगा जूल में)	107216	97812
कुल ऊर्जा खपत (क+ख+ग) गीगा जूल में)	**2759801**	**2786904**
प्रति रुपया टर्नओवर ऊर्जा तीव्रता (कुल ऊर्जा खपत किलो जूल/ टर्नओवर रूपये में)	12.47	13.855
ऊर्जा तीव्रता (वैकल्पिक) – कम्पनी द्वारा संगत मेट्रिक का चयन किया जाए।	-	-

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान विद्युत की खपत में वृद्धि वित्त वर्ष 2021–22 की तुलना में उत्पादन गतिविधि में वृद्धि के कारण है।

नोट: क्या किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई स्वतंत्र मूल्यांकन/मूल्यनिर्धारण किया गया है/ आश्वासन लिया गया है? (हां/नहीं) यदि हां, तो बाहरी एजेंसी का नाम–

किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई मूल्यांकन/ मूल्यनिर्धारण नहीं किया गया /आश्वासन नहीं दिया गया।

2. क्या कंपनी के पास भारत सरकार की निष्पादन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) योजना के तहत नामित उपभोक्ताओं (डीसी) के रूप में पहचानी गई कोई साइट/सुविधाएं हैं? (हां/नहीं) यदि हां, तो क्या पीएटी योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य हासिल कर लिए गए हैं। यदि लक्ष्य प्राप्त नहीं किए गए हैं, तो की गई सुधारात्मक कार्रवाई, यदि कोई हो।

निष्पादन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) योजना के तहत बीएचईएल की किसी भी सुविधा की पहचान नामित उपभोक्ता (डीसी) के रूप में नहीं की गई है।

निदेशक मंडल की रिपोर्ट, अनुलग्नक–VII, 7.1 ऊर्जा संरक्षण देखें।

3. पानी के संबंध में निम्नलिखित जानकारी नीचे दिए गए प्रारूप में प्रदान करें:

मापदंड	वि.व. 2022-23	वि.व. 2021-22
स्रोत द्वारा पानी की निकासी (किलोलीटर में)		
(i) सतही जल	0	0
(ii) भूमिगत जल	5407690	6107432
(iii) थर्ड पार्टी वाटर	12961712	13795524
(iv) समुद्री जल/ अलवणीकृत जल	0	0
(v) अन्य	0	0
कुल पानी निकासी मात्रा (किलोलीटर में) (i + ii + iii + iv + v)	18369402	19902956
पानी की कुल खपत की मात्रा (किलोलीटर में)	18369402	19902956
प्रति रूपया टर्नओवर पानी की तीव्रता (पानी की खपत / टर्नओवर लि. प्रति रू.में)	0.083	0.098
पानी की तीव्रता (वैकल्पिक)– कंपनी द्वारा संबंधित मेट्रिक का चयन किया जा सकता है।	--	--

किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई आकलन/मूल्यांकन नहीं किया गया है / आश्वासन नहीं दिया गया है। वित्त वर्ष 2021–22 का डेटा दोबारा तैयार किया गया है।

4. क्या इकाई ने शून्य तरल निर्वहन के लिए कोई तंत्र लागू किया है? यदि हाँ, तो इसके कवरेज और कार्यान्वयन का विवरण प्रदान करें।

हाँ। एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में, बीएचईएल ने 16 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और 22 एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे परिसर से निकलने वाला पानी वैधानिक आवश्यकता के अनुसार एफ्लुएंट मानकों के अनुरूप हो और इसकी मात्रा यथासंभव कम हो। इस संबंध में, हमारी 10 विनिर्माण इकाइयों को शून्य तरल स्राव इकाई घोषित किया गया है और शेष में इसे प्राप्त करने की प्रक्रिया में उपचारित अपशिष्ट/सीवेज का उपयोग विनिर्माण संयंत्र और टाउनशिप के अंदर बागवानी के लिए किया जाता है।

5. कंपनी द्वारा वायु उत्सर्जन (ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन के अलावा) का विवरण निम्नलिखित प्रारूप में दें:

मापदंड	इकाई	वि.व. 2022-23	वि.व. 2021-22
NOx	मीट्रिक टन	136.59	144.50
SOx	मीट्रिक टन	164.28	160.84
पार्टिकुलेट मैटर्स (पीएम)	मीट्रिक टन	344.00	338.91
लगातार जैविक प्रदूषक (POC)	मीट्रिक टन	0	0
वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (VOC)	मीट्रिक टन	5.17	5.6
खतरनाक वायु प्रदूषक (HAP)	मीट्रिक टन	9.40	8.45
अन्य–कार्बन मोना आक्सॉइड	मीट्रिक टन	0.024	0.023

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान SOx, PM और HAP के उत्सर्जन में वृद्धि उत्पादन गतिविधि में वित्त वर्ष 2021–22 की तुलना में वृद्धि के कारण है।

वायु उत्सर्जन का मूल्यांकन बाहरी एजेंसियों जैसे–उन्नत पर्यावरण परीक्षण एवं अनुसंधान प्रयोगशाला, ग्वालियर; तमिलनाडु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वेल्लोर; पीसीआरआई हरिद्वार; ह्यूबर्ट एनवायरो केयर सिस्टम (पी) लिमिटेड, चेन्नई; मेसर्स एवरग्रीन सॉल्यूशंस सिस्टम प्रा. लिमिटेड, बेंगलुरु आदि से कराया जाता है। वित्त वर्ष 2021– 22 के लिए डेटा को फिर से तैयार किया गया है।

6. ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन (स्कोप 1 और स्कोप 2 उत्सर्जन) और इसकी तीव्रता का विवरण निम्नलिखित प्रारूप में प्रदान करें:

मापदंड	इकाई	वि.व. 2022-23	वि.व. 2021-22
कुल दायरा 1 उत्सर्जन (GHG का विघटन–CO2, CH4 N2O HFCs, में PFCs, SF6, NF3, यदि उपलब्ध है)	मीट्रिक टन CO_2 के बराबर	115744	126295
कुल दायरा 2 उत्सर्जन (GHG का विघटन–CO_2, CH_4, N_2O, HFCs, PFCs, SF_6, NF_3, यदि में उपलब्ध हो।)	मीट्रिक टन CO_2 के बराबर	233385	198339
कुल स्कोप 1 और स्कोप 2 उत्सर्जन प्रति रुपया टर्न–ओवर	प्रति रुपया CO_2 ग्राम के बराबर	1.58	1.61
कुल स्कोप 1 और स्कोप 2 उत्सर्जन तीव्रता (वैकल्पिक) – इकाई द्वारा संगत मेट्रिक का चयन किया जा सकता है	-	-	-

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान स्कोप 2 उत्सर्जन में वृद्धि वित्त वर्ष 2021–22 की तुलना में उत्पादन गतिविधि में वृद्धि के कारण है।

किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई आकलन/मूल्यांकन नहीं किया गया / आश्वासन नहीं दिया गया। वित्त वर्ष 2021–22 का डेटा दोबारा तैयार किया गया है।

7. क्या कंपनी के पास ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को कम करने से संबंधित कोई परियोजना है? यदि हाँ, तो विवरण प्रदान करें।

हाँ। बीएचईएल ने छत सहित लगभग 34.895 मेगावाटपी क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए हैं, जिससे संगठन को अपनी विद्युत की खपत कम करने में मदद मिली है। इस बड़े पैमाने पर सौरीकरण से हमें कार्बन उत्सर्जन को कम करके वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान 26,964 $MTCO_2$ तक कम करने में मदद मिली है।

ऊर्जा की खपत को कम करने और इस तरह विद्युत की खपत से जुड़े कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए हमारी इकाइयों में हर साल ऊर्जा संरक्षण परियोजनाएं शुरू की जाती हैं।

– निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक–IV, 4.1.2 ऊर्जा प्रबंधन देखें

– निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक–IV, 4.1.4 कार्बन प्रबंधन देखें

– निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक–VII, 7.1 ऊर्जा संरक्षण देखें

8. कंपनी द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित विवरण निम्नलिखित प्रारूप में प्रदान करें:

मापदंड	वि.व. 2022-23	वि.व. 2021-22
उत्पन्न कुल अपशिष्ट (मीट्रिक टन में)		
प्लास्टिक अपशिष्ट (A)	68.98	47.36
ई–वेस्ट (B)	42.17	77.90
जैव– चिकित्सा अपशिष्ट (C)	6.51	9.13
निर्माण एवं धवस्त करने से उत्पन्न अपशिष्ट (D)	0	0
बैटरी अपशिष्ट (E)	88.10	77.25
रेडियोएक्टिव अपशिष्ट (F)	0	0
अन्य हानिकारक अपशिष्ट, यदि कोई हो कृपया विनिर्दिष्ट करें (G)	1278.90	1308.82
अन्य गैर– हानिकारक अपशिष्ट (N), यदि कोई तो कृपया विनिर्दिष्ट करें (सामग्री आधार पर ब्रेक अप यानी संबंधित क्षेत्र में प्रयुक्त सामग्री)	45944.15	42494.96
कुल (A+B + C + D + E + F + G + H)	47428.81	44015.42
उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट की प्रत्येक श्रेणी के लिए, रिसाइकिलिंग, पुनः उपयोग या अन्य रिकवरी कार्यों के माध्यम से कुल अपशिष्ट (मेट्रिक टन में) उत्पन्न किया गया।		
अपशिष्ट की श्रेणी		
(i) पुनर्चक्रण	94.06	91.14
(ii) पुनःप्रयोग	669.37	797.22
(iii) अन्य रिकवरी विकल्प	0	0
कुल	763.44	886.36
उत्पन्न होने वाले प्रत्येक श्रेणी के लिए निपटान पद्धति की प्रकृति द्वारा निपटाया गया कुल अपशिष्ट (मीट्रिक टन में)		
अपशिष्ट की श्रेणी		
(i) भस्मीकरण	6.92	1.044
(ii) लैंडफिलिंग	1359.29	2875.99
(iii) अन्य निपटान परिचालन	27615.08	23745.98
कुल	28981.29	26623.01

तालिका में, प्लास्टिक अपशिष्ट, ई–वेस्ट अपशिष्ट और बैटरी वेस्ट की दर्शाई गई मात्रा वर्ष के दौरान प्राधिकृत एजेंसियों को बेची गई मात्रा

है। अन्य निपटान में ई–नीलामी/अन्य माध्यमों से बाहरी एजेंसियों को रिसाइकिल/ रि–यूज/ रिकवरी के लिए स्क्रैप की बिक्री का डेटा शामिल है।

काफी मात्रा में स्क्रैप जमा होने के बाद, इसे अंतिम निपटान के लिए एजेंसी को बेच दिया जाता है। किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई आकलन/मूल्यांकन नहीं किया गया /आश्वासन नहीं दिया गया। वित्त वर्ष 2021–22 का डेटा दोबारा तैयार किया गया है।

* उत्पादन गतिविधि में वृद्धि के कारण, वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान उत्पन्न कुल कचरा बढ़ गया है।

निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक–IV, 4.1.3 उत्तरदायी सामग्री और प्राकृतिक संसाधनों की खपत का अवलोकन करें,

निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक– IV, 4.1.3 जल एवं जैव विविधता प्रबंधन का अवलोकन करें।

निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक– IV, 4.2 अपशिष्ट प्रबंधन का अवलोकन करें।

9. प्रतिष्ठान में अपनाई गई अपशिष्ट प्रबंधन पद्धतियों का संक्षेप में वर्णन करें। उत्पादों और प्रक्रियाओं में खतरनाक और जहरीले रसायनों के उपयोग को कम करने के लिए कंपनी द्वारा अपनाई गई रणनीति और ऐसे कचरे के प्रबंधन के लिए अपनाई गई पद्धतियों का विवरण प्रस्तुत करें।

हमारी विनिर्माण गतिविधि में, अपशिष्ट उत्पादन में कमी को एक बहुत ही महत्वपूर्ण गतिविधि के रूप में लिया जाता है और धातु शीट को काटने के लिए हमारी नेस्टिंग योजना इस प्रकार से बनाई गई है कि इस पहलू का ध्यान रखा जाए। हालांकि, एक बार जब स्क्रैप उत्पन्न हो जाता है, तो इसका उपयोग या तो स्थानीय फाउंड्री की दुकान में कास्टिंग/ फोर्जिंग बनाने के लिए किया जाता है या सीएफएफपी हरिद्वार/अधिकृत रिसाइकलर को की खपत से बचने के लिए भट्ठी में पिघलने के लिए भेजा जाता है, ताकि नए कच्चे माल की जरूरत न पड़े।

पूरे बीएचईएल में, पुनर्विक्रय मूल्य वाले ठोस अपशिष्ट/स्क्रैप को एकत्र किया गया, अलग किया गया, संग्रहीत किया गया और अधिकृत रिसाकिलर्स को बेचा गया। इनमें से कुछ का कोई पुनर्विक्रय मूल्य नहीं है जिसका उपयोग निचले इलाकों को भरने के लिए किया जाता है। खतरनाक कचरे/ई–कचरे का निपटान संबंधित कानूनों में निर्धारित शर्तों के अनुसार किया जाता है।

इकाइयों में उत्पन्न खतरनाक अपशिष्ट को नियामक अपेक्षाओं के अनुसार निपटाया जाता है और प्राधिकरण की जांच के लिए आवश्यक रिकॉर्ड विधिवत रखा जाता है। खतरनाक कचरा जिसे बाहर इस्तेमाल किया जा सकता है, अधिकृत रिसाइकलरों को भेजा जाता है। शेष खतरनाक अपशिष्ट, जिसे जलाकर या सुरक्षित लैंडफिल में दबा दिया जाना है, को अंतिम निपटान के लिए उनके संबंधित राज्यों के ट्रीटमेंट स्टोरेज एंड डिस्पोजल फैसिलिटी (टीएसडीएफ) को भेज दिया जाता है।

निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक–IV, 4.1.1 उत्तरदायी सामग्री और प्राकृतिक संसाधनों की खपत का अवलोकन करें,

निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक– IV, 4.1.3 जल एवं जैव विविधता प्रबंधन का अवलोकन करें।

निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक– IV, 4.1.5 अपशिष्ट प्रबंधन का अवलोकन करें।

10. यदि इकाई के पास पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों (जैसे राष्ट्रीय उद्यान, वन्यजीव अभयारण्य, बायोस्फीयर रिजर्व, आर्द्रभूमि, जैव विविधता हॉटस्पॉट, वन, तटीय विनियमन क्षेत्र इत्यादि) में/ आस–पास इकाई/ कार्यालय हैं, जहां पर्यावरण अनुमोदन/अनुमति की आवश्यकता होती है, तो कृपया निर्दिष्ट करें और निम्नलिखित प्रारूप में विवरण दें:

लागू नहीं

11. चालू वित्त वर्ष में लागू कानूनों के आधार पर कंपनी द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं के पर्यावरणीय प्रभाव आकलन का विवरण:

लागू नहीं

12. क्या इकाई भारत में लागू पर्यावरण कानून/विनियम/ दिशानिर्देशों का अनुपालन करती है; जैसे कि जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम और उसके तहत नियम (हाँ/नहीं)। यदि नहीं, तो निम्नलिखित प्रारूप में ऐसे सभी गैर–अनुपालनों का विवरण प्रदान करें:

हां, बीएचईएल भारत में लागू पर्यावरण कानून/विनियम/दिशानिर्देशों का अनुपालन करती है।

नेतृत्व संकेतक

1. निम्नलिखित प्रारूप में नवीकरणीय और गैर–नवीकरणीय स्रोतों से खपत की गई कुल ऊर्जा (जूल या गुणकों में) का विवरण प्रदान करें:

मापदंड	वि.व. 2022-23	वि.व. 2021-22
नवीकरणीय स्रोतों से (गीगा जूल में)		
कुल विद्युत खपत (A)	107216	97812
कुल ईंधन खपत (B)	0	0
अन्य स्रोतों से ऊर्जा खपत (C)	0	0
नवीकरणीय स्रोतों से कुल ऊर्जा खपत (A+B+C)	107216	97812
गैर नवीकरणीय स्रोतों से (गीगा जूल में)		
कुल विद्युत खपत (D)	893815	759595
कुल ईंधन खपत (E)	1758771	1929497
गैर नवीकरणीय स्रोतों से कुल ऊर्जा खपत (F)	0	0
गैर नवीकरणीय स्रोतों से कुल ऊर्जा खपत (D+E+F) (गीगा जूल में)	2652586	2689092

किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई आकलन/ मूल्यांकन नहीं किया गया/ आश्वासन नहीं दिया गया।

2. जल स्राव के संबंध में निम्नलिखित विवरण प्रदान करें:

हमारी विनिर्माण इकाइयों में 16 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) और 22 एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) और ऑक्सीडेशन पॉन्ड स्थापित हैं जो उत्पन्न सीवेज/ व्यवसाय अपशिष्ट का वांछित स्तर तक परिशोधन करते हैं।

मापदंड	वि.व. 2022-23	वि.व. 2021-22
स्रोत द्वारा पानी की निकासी (किलोलीटर में)		
(i) सतही जल	0	0
– कोई ट्रीटमेंट के बिना	0	0
– ट्रीटमेंट किया हुआ– कृपया ट्रीटमेंट का स्तर विनिर्दिष्ट करें	0	0
(ii) भूमिगत जल	0	0
– कोई ट्रीटमेंट के बिना	0	0
– ट्रीटमेंट किया हुआ– कृपया ट्रीटमेंट का स्तर विनिर्दिष्ट करें	0	0
(iii) समुद्री जल	0	0
– कोई ट्रीटमेंट के बिना	0	0
– ट्रीटमेंट किया हुआ– कृपया ट्रीटमेंट का स्तर विनिर्दिष्ट करें	0	0
(iv) अन्य पक्षों को प्रेषित	0	0
– कोई ट्रीटमेंट के बिना	0	0
– ट्रीटमेंट किया हुआ– कृपया ट्रीटमेंट का स्तर विनिर्दिष्ट करें	0	0
(v) अन्य	0	0
– कोई ट्रीटमेंट के बिना	0	0
– ट्रीटमेंट किया हुआ– कृपया ट्रीटमेंट का स्तर विनिर्दिष्ट करें	106680	87272
कुल डिस्चार्ज जल (किलोलीटर में)#	106680	87272

वित्त वर्ष 2022–23 में उपचारित अपशिष्ट स्त्राव में वृद्धि हुई क्योंकि इन्सुलेटर इकाई ने अपनी उत्पादन गतिविधि में वृद्धि की है और इसलिए संबंधित अपशिष्ट स्त्राव में वृद्धि हुई है।

किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई स्वतंत्र आंकलन /मूल्यांकन / आश्वासन नहीं किया गया। वित्त वर्ष 2021–22 का डेटा पुनः तैयार किया गया है।

3. पानी की कमी वाले क्षेत्रों में जल निकासी, खपत और स्त्राव (किलोलीटर में):

लागू नहीं

4. कृपया कुल स्कोप 3 उत्सर्जन और इसकी तीव्रता का विवरण प्रदान करें:

हमने अधिक ऊर्जा खपत वाली कई विनिर्माण इकाइयों में एलपीजी के स्थान पर आरएलएनजी का उपयोग शुरू किया है जिसकी पाइपलाइन के माध्यम से आपूर्ति की जा रही है। इस तरह हम उस सीमा तक ईंधन के परिवहन से जुड़े स्कोप–3 उत्सर्जन कम हो रहे हैं। हमारे कर्मचारियों को ऊर्जा बचाने और स्कोप–3 उत्सर्जन से बचने के लिए कार पूल का उपयोग करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है।

ये कुछ ऐसे तरीके हैं जिनसे बीएचईएल स्कोप–3 उत्सर्जन को कम करने की कोशिश कर रहा है। परंतु, फिलहाल इसकी गणना नहीं की जा रही है।

बाहरी एजेंसी द्वारा कोई स्वतंत्र मूल्यांकन/मूल्यांकन/आश्वासन नहीं किया गया।

5. उपर्युक्त प्रश्न 10 में बताए गए आवश्यक संकेतकों के पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों के संबंध में, रोकथाम और उपचारात्मक गतिविधियों के साथ–साथ ऐसे क्षेत्रों में जैव विविधता पर इकाई के महत्वपूर्ण प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रभाव का विवरण प्रदान करें।

लागू नहीं

6. यदि कंपनी ने कोई विशिष्ट पहल की है या संसाधन दक्षता में सुधार के लिए नवीन प्रौद्योगिकी या समाधानों का उपयोग किया है, या उत्सर्जन/अपशिष्ट निर्वहन/उत्पन्न अपशिष्ट के कारण प्रभाव को कम किया है, तो कृपया विवरण प्रदान करें:

क्र. सं.	की गई पहल	पहल का विवरण (यदि कोई वेब लिंक हो तो प्रदान करें वेब–लिंक, यदि कोई हो, सारांश के साथ प्रदान किया जा सकता है)	पहल का परिणाम
1.	सीएफएफपी हरिद्वार में परंपरागत दहन का रेजनरेटिव बर्नर–आधारित दहन प्रणाली में उन्नयन	उपलब्ध नहीं	6.63 मिलियन यूनिट की संभावित वार्षिक विद्युत बचत
2.	एनटीपीसी कहलगांव एफजीडी और एनटीपीसी तालचर परियोजना स्थलों पर बांस और तली में राख (बॉटम एश) का उपयोग करके हरित निर्माण	उपलब्ध नहीं	आरएमसी में सीमेंट उपयोग में कटौती के माध्यम से कंक्रीट उत्पादन की लागत में 5–10% की उल्लेखनीय कमी आई है

जिम्मेदार वैश्विक नागरिक के रूप में, संगठन ग्रीन हाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन के बीच संबंध को स्वीकार करता है। इस वैश्विक चुनौती का समाधान करने के लिए, बीएचईएल अपने उत्पादों एवं सेवाओं के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के प्रयास कर रहा है, जिससे ग्राहकों को संयंत्र के जीवन चक्र में पर्यावरणीय उत्सर्जन को कम करके संधारणीय तरीके से विद्युत उत्पादन करने में सक्षम बनाया जा सके।

आंतरिक परिचालन में भी, कंपनी द्वारा ऊर्जा दक्षता और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग पर जोर दिया जा रहा है। कंपनी ने बीएचईएल के विभिन्न स्थानों पर कुल 34.895 मेगावाट (लगभग) का सोलर फोटो वोल्टाइक (ग्राउंड माउंटेड और रूफ–टॉप) संयंत्र स्थापित किया है, जिससे कंपनी को अपने ऊर्जा मिश्रण को अधिक संधारणीय बनाने में मदद मिली है। कंपनी के नवीकरणीय अनुप्रयोगों की सूची में सोलर वॉटर हीटर, सोलर स्ट्रीट लाइटिंग आदि भी शामिल हैं। कंपनी ने जल और ऊर्जा संरक्षण, वृक्षारोपण, अपशिष्ट प्रबंधन, संसाधन संरक्षण आदि से संबंधित कई परियोजनाएं भी शुरू की हैं।

निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक–IV: संधारणीय निष्पादन– पर्यावरण देखें

निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक–VII: ऊर्जा संरक्षण देखें

5. क्या इकाई में व्यवसाय निरंतरता और आपदा प्रबंधन योजना है? विवरण 100 शब्दों/वेब लिंक में दें।

हाँ, बीएचईएल की व्यवसाय निरंतरता और आपदा प्रबंधन योजना है। इसे कोविड–19 के प्रकोप के दौरान उस पर कार्रवाई की गई थी। व्यापार निरंतरता योजना और/या आपदा प्रबंधन योजना इंटरनेट पर प्रकाशित नहीं की गई ।

8. कंपनी की मूल्य श्रृंखला से पर्यावरण पर उत्पन्न होने वाले किसी भी महत्वपूर्ण प्रतिकूल प्रभाव का खुलासा करें। इस संबंध में इकाई द्वारा क्या शमन या अनुकूलन उपाय किए गए हैं।

कोई खास असर देखने में नहीं आया.

9. मूल्य श्रृंखला भागीदारों का प्रतिशत (ऐसे भागीदारों के साथ किए गए व्यवसाय के मूल्य से) जिनका मूल्यांकन पर्यावरणीय प्रभावों के लिए किया गया था।

पर्यावरणीय प्रभाव के लिए 100: मूल्य श्रृंखला भागीदारों का मूल्यांकन किया गया।.

सिद्धांत 7: नीति का समर्थन

बीएचईएल कई प्रतिष्ठित उद्योग निकायों/चैम्बरों का सदस्य है। बीएचईएल द्वारा नीति से संबंधित मामलों में अपने विचार और राय रखने के लिए ऐसे निकायों (जैसे संगोष्ठियों और बैठकों में भागीदारी, कार्य समूहों में भागीदारी आदि) के साथ बातचीत के विभिन्न तंत्रों का उपयोग किया जाता है। कंपनी के हितों का प्रतिनिधित्व सरकारी प्रश्नों, ज्ञान साझाकरण, सर्वेक्षणों की प्रतिक्रिया, उद्योग की जरूरतों पर प्रतिक्रिया, जीएसटी, राजकोषीय बजट, विदेश व्यापार, कंपनी कानून, औद्योगिक नीति, पूंजीगत सामान नीति, निर्यात संवर्धन आदि जैसी सरकारी नीतियों के गठन के माध्यम से किया जाता है।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार और सहयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए कंपनी के विचार विभिन्न अंतर–सरकारी मंचों जैसे संयुक्त आयोग आर्थिक निगम (जेसीईसी), संयुक्त इंजीनियरिंग समिति (जेईसी), संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी), संयुक्त संचालन समिति (जेएससी), संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) आदि में भी प्रस्तुत किए जाते हैं। कंपनी एमएचआई, डीपीई, डीआईपीपी, नीति आयोग जैसे सरकारी निकायों के साथ भी बातचीत करती है और नीति निर्माण के लिए इनपुट/सुझाव प्रस्तुत करती है।

नेतृत्व संकेतक

1. क. व्यापार और उद्योग चैंबरों/संघों के साथ संबद्धता की संख्या

नौ संबद्धताएं

ख. शीर्ष 10 व्यापार और उद्योग मंडलों/संघों (ऐसे निकाय के कुल सदस्यों के आधार पर निर्धारित) की सूची, जो इकाई का सदस्य/संबद्ध है।

क्र.स.	व्यापार एवं उद्योग मंडल/संघ का नाम	व्यापार एवं उद्योग मंडल/ संघ का दायरा (राज्य/राष्ट्रीय)
1	इंडियन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईईईएमए)	राष्ट्रीय
2	भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी)	राष्ट्रीय
3	भारतीय परियोजना निर्यात संवर्धन परिषद (पीईपीसी)	राष्ट्रीय
4	भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई)	राष्ट्रीय
5	फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की)	राष्ट्रीय
6	एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचौम)	राष्ट्रीय
7	सार्वजनिक उद्यमों का स्थायी सम्मेलन (स्कोप)	राष्ट्रीय
8	संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट इंडिया नेटवर्क	राष्ट्रीय
9	पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री	अंतरराष्ट्रीय

2. इकाई द्वारा प्रतिस्पर्धा–विरोधी आचरण से संबंधित किसी भी मुद्दे पर की गई या चल रही सुधारात्मक कार्रवाई का विवरण प्रदान करें

बीएचईएल द्वारा प्रतिस्पर्धा–विरोधी आचरण का कोई उदाहरण सामने नहीं आया है।

नेतृत्व संकेतक

1. संस्था द्वारा समर्थित सार्वजनिक नीति का विवरणः

क्र. सं.	सार्वजनिक नीति का सर्मथन	इस सर्मथन के लिए अपनाया तरीका	क्या जानकारी सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है? (हाँ/नहीं)	निदेशक मंडल द्वारा समीक्षा की आवृत्ति (वार्षिक/अर्धवार्षिक/त्रैमासिक/अन्य – कृपया विनिर्दिष्ट करें)	वेब लिंक यदि उपलब्ध है
1.	सार्वजनिक नीति का सर्मथन (i) डिजिटलीकरण (ii) पीएसई@2047, (iii) हरित पीएसई के लिए मॉडल फ्रेमवर्क–हरित विनिर्माण और नेट जीरो कार्बन के प्रति दृष्टिकोण, (iv) एमएसएमई के साथ पीएसई के लिए व्यापार करने में आसानी, आदि को बढ़ावा देना	सीआईआई, फिक्की, एसोचैम, स्कोप आदि औद्योगिक निकायों के साथ अभ्यावेदन/परिषद की बैठकों के माध्यम से।	नहीं	--	--
2.	अंतरराष्ट्रीय व्यापार और सहयोग की सुविधा	विभिन्न अंतर–सरकारी मंचों जैसे संयुक्त आयोग आर्थिक निगम (जेसीईसी), संयुक्त इंजीनियरिंग समिति (जेईसी), संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी), संयुक्त संचालन समिति (जेएससी), संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी), आदि में प्रतिनिधित्व के माध्यम से।	नहीं	--	--
3.	पूंजीगत क्षेत्र को बढ़ावा देना, भारतीय विद्युत क्षेत्र का विकास, आत्मनिर्भर भारत पहल, एफटीए आदि।	सरकारी मंत्रालयों जैसे एमएचआई, एमओपी आदि के साथ बातचीत के माध्यम से।	नहीं	--	--
4.	सीमा शुल्क, निर्यात प्रोत्साहन और निर्यात प्रोत्साहन जैसे मामलों पर इनपुट	बजट 2023–24 के लिए बजट पूर्व ज्ञापन	नहीं	-	-

सिद्धांत 8: समावेशी विकास

बीएचईएल की सुसंरचित संगठनात्मक संरचना, नीति और प्रक्रियाएं हैं जिसके माध्यम से विभिन्न सीएसआर कार्यक्रम कार्यान्वित किए जाते हैं। सीएसआर नीति द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची–VII से कई गतिविधियों की पहचान इसके प्रमुख क्षेत्रों के रूप में की गई है। सीएसआर नीति में परिभाषित सात प्रमुख क्षेत्र हैं– स्वच्छ भारत, हरित भारत, स्वस्थ भारत, हैरिटेज भारत, समावेशी भारत, शिक्षित भारत और उत्तरदायी भारत। इस नीति को वेबसाइट लिंक https://www.bhel.com/sites/default/files/ BHEL_CSR_Policy_2022.pdf पर होस्ट किया गया है और यह पूरी तरह से कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 135 की आवश्यकताओं के अनुरूप है।

नीति को त्रि–स्तरीय संरचनाः कॉर्पोरेट स्तर (निदेशक मंडल स्तर सीएसआर समिति, स्तर–1 समिति और स्तर–2 समिति केवल प्रस्तावों की जांच और अनुमोदन के लिए है) के साथ इकाई स्तर की सीएसआर समितियों के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है। कंपनी सीएसआर नीति के अनुरूप विशेष एजेंसियों जैसे एनजीओ, सरकारी एजेंसियों आदि के माध्यम से समाज के गरीबों, जरूरतमंदों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को लक्षित करने वाली देश भर में कई सामाजिक पहलों का समर्थन करती है। बीएचईएल ने स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छ भारत, पर्यावरण संरक्षण, व्यावसायिक प्रशिक्षण, कौशल विकास कार्यक्रम, बुनियादी ढांचे के विकास और सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के क्षेत्र में कई सीएसआर पहल की हैं, जिन्होंने अंततः समाज के समग्र कल्याण और समावेशी विकास में योगदान दिया है। समाज को अधिकतम लाभ प्रदान करने और शुरू की गई पहलों की सार्थकता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सीएसआर परियोजनाओं की बारीकी से निगरानी और पर्यवेक्षण किया जाता है।

आपूर्ति शृंखला में, बीएचईएल सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) का समर्थन करता रहा है क्योंकि वे कमजोर क्षेत्रों के एक बड़े हिस्से को रोजगार देते हैं; जैसे महिलाएं, युवा और गरीब घरों के लोग। कंपनी के पास लगभग 6000 पंजीकृत एमएसई हैं जो अपनी विभिन्न इकाइयों/संयंत्रों/डिवीजनों को सेवाएं प्रदान करते हैं। एमएसई बीएचईएल के लगभग 30% आपूर्तिकर्ता आधार का प्रतिनिधित्व करते हैं। जैसा कि सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) संशोधन

आदेश, 2018 (एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी) के लिए सार्वजनिक क्रय नीति में अनिवार्य है, पिछले कुछ वर्षों में बीएचईएल की कुल क्रय का 25% से अधिक एमएसई से किया गया है।

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, एमएसई से वस्तुओं एवं सेवाओं की कुल खरीद 32.6%, एससी/एसटी एमएसई से 0.06% और महिला स्वामित्व वाले एमएसई से 0.41% रही। एससी/एसटी एमएसई और महिला एमएसई मिलाकर कुल पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं का हिस्सा 2% से भी कम है। एससी/एसटी एमएसई और महिला एमएसई की कम खरीद हिस्सेदारी इस तथ्य के कारण है कि बीएचईएल निविदाओं में इस प्रकार की संस्थाओं की भागीदारी कम है और इसके अलावा ऐसी आपूर्तिकर्ता संस्थाएं कई बार प्रावधान के बावजूद निविदाओं/एमएसई प्रमाणपत्र में अपनी श्रेणी की स्थिति घोषित नहीं करती हैं। उद्यम पंजीकरण प्रमाणपत्र में उपलब्ध है। इसके अलावा, बीएचईएल ने एमएसई को समर्थन देने के लिए ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम (टीआरईडीएस) प्लेटफॉर्म पर खुद को पंजीकृत कर लिया है। एमएसई आपूर्तिकर्ताओं को टीआरईडीएस प्लेटफॉर्म का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम मौजूद हैं, जिसमें वे अपने बिलों पर छूट देकर शीघ्र भुगतान का लाभ उठा सकते हैं। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, TReDS के माध्यम से बीएचईएल द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं के चालान की स्वीकृति/अस्वीकृति 100% थी।

पिछले दो वर्षों के दौरान, बीएचईएल ने गवर्नमेंट ई–मार्केटप्लेस (GeM) के माध्यम से अपनी खरीद बढ़ाई है। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, कंपनी की 58.94% वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद GeM के माध्यम से की गई है।

नेतृत्व संकेतक

1. चालू वित्त वर्ष में लागू कानूनों के आधार पर कंपनी द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं के सामाजिक प्रभाव आकलन (एसआईए) का विवरण।

–लागू नहीं।

2. आपकी कंपनी द्वारा चलाए जा रहे पुनर्वास और पुन्स्थापन (आर एंड आर) परियोजना (परियोजनाओं) के बारे में जानकारी प्रदान करें।

–लागू नहीं।

3. समुदाय की शिकायतों को प्राप्त करने और उनका निवारण करने के लिए उपलब्ध तंत्र का वर्णन करें।

समुदाय द्वारा केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (CPGRAMS)/लोक शिकायत पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायतें दर्ज की जाती हैं, जिसे बाद में बीएचईएल में लोक शिकायत अधिकारी को सौंपा जाता है।

4. आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त इनपुट सामग्री का प्रतिशत (मूल्य के आधार पर कुल इनपुट में प्रविष्टी):

	वि.व. 2022-23	वि.व. 2021-22
एमएसएमई/छोटे उत्पादकों से सीधे प्राप्त	32.6%	29%
जिले के भीतर और पड़ोसी जिलों से सीधे प्राप्त	10%	10%

नेतृत्व संकेतक

1. सामाजिक प्रभाव आकलन में चिह्नित किसी भी नकारात्मक सामाजिक प्रभाव को कम करने के लिए की गई कार्रवाइयों का विवरण प्रदान करें (संदर्भ: ऊपर दिए गए आवश्यक संकेतक के प्रश्न संख्या–1)

– लागू नहीं

2. सरकारी निकायों द्वारा चिन्हित आकांक्षी जिलों में आपकी संस्था द्वारा शुरू की गई सीएसआर परियोजनाओं के बारे में निम्नलिखित जानकारी प्रदान करें:

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान नामित जिलों में सीएसआर परियोजनाओं पर व्यय की गई राशि है

क्र. स.	राज्य	अकांक्षी जिले	व्यय की गई राशि (लाख में)
1	उत्तराखंड	हरिद्वार	33.60
2	उडीसा	कंधमाल	25.17
3	अखिल भारतीय	अखिल भारतीय	31.28

3. (क) क्या आपकी अधिमान्य क्रय नीति है जहां आप हाशिए पर / कमजोर समूहों वाले आपूर्तिकर्ताओं से खरीद को प्राथमिकता देते हैं? (हाँ / नहीं)

– हाँ

(ख) आप किन हाशिये पर पड़े/कमजोर समूहों से खरीदारी करते हैं?

कंपनी सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) का समर्थन कर रही है क्योंकि वे कमजोर क्षेत्रों, जैसे महिलाओं, युवाओं और गरीब घरों के लोगों के एक बड़े हिस्से को रोजगार देते हैं। बीएचईएल इकाइयों द्वारा विशेष रूप से एमएसई (स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं सहित) के साथ–साथ एससी/एसटी के लिए नियमित विक्रेता बैठकें और आपूर्तिकर्ता विकास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जो पारस्परिक लाभ के लिए आवश्यकताओं की पहचान और कार्य योजना तैयार करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करते हैं। इसके अलावा, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) के लिए सार्वजनिक खरीद नीति में अनिवार्य प्राथमिकताओं के अनुसार एमएसई के लिए आदेश (एमएसएमई–भारत सरकार के मंत्रालय द्वारा जारी) का पालन किया जाता है।

(ग) यह कुल खरीद (मूल्यानुसार) का कितना प्रतिशत है?

बीएचईएल ने वित्त वर्ष 2022–23 में अपनी खरीद का 32.6% एमएसएमई से खरीदा।

4. पारंपरिक ज्ञान के आधार पर आपकी इकाई (चालू वित्तीय वर्ष में) के स्वामित्व या अर्जित बौद्धिक संपदा से प्राप्त और साझा किए गए लाभों का विवरण:

कंपनी के पास पारंपरिक ज्ञान पर आधारित बौद्धिक संपदा नहीं है या उसे अर्जित नहीं किया गया है। परंतु, कंपनी ने इंजीनियरिंग क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास में निवेश किया है जिससे बीएचईएल के स्वामित्व वाली बौद्धिक संपदा प्राप्त हुई है। वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान, बीएचईएल ने 503 पेटेंट और कॉपीराइट दाखिल किए हैं। बीएचईएल द्वारा पेटेंट और कॉपीराइट से अर्जित राजस्व (लाभ) को अलग से निर्धारित नहीं किया जा सकता है क्योंकि ये पेटेंट और कॉपीराइट प्रक्रियाओं, प्रौद्योगिकियों और उत्पादों के विकास का परिणाम हैं। इन आईपीआर के परिणामस्वरूप बीएचईएल उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ती है और उत्पाद पेशकश का विस्तार होता है। यह दीर्घकालिक लाभ के लिए प्रौद्योगिकी बढ़त भी प्रदान करता है और कंपनी के व्यावसायिक हितों को सुरक्षित करते हैं। कंपनी के राजस्व का 19% से अधिक, इसके इन–हाउस विकसित उत्पादों, प्रणालियों और सेवाओं से प्राप्त किया गया है।

निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक–VI अनुसंधान एवं विकास तथा प्रौद्योगिकी उपलब्धियों पर वार्षिक रिपोर्ट।

5. बौद्धिक संपदा से संबंधित विवादों में जहां पारंपरिक ज्ञान का उपयोग शामिल है, किसी भी प्रतिकूल आदेश के आधार पर की गई या चल रही सुधारात्मक कार्रवाई का विवरण।

वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान बौद्धिक संपदा अधिकारों से संबंधित कोई विवाद सामने नहीं आया।

6. सीएसआर परियोजनाओं के लाभार्थियों का विवरण:

क्र. स.	सीएसआर परियोजना	सीएसआर परियोजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या	कमजोर और हाशिये पर रहने वाले समूहों से लाभार्थियों का प्रतिशत
1	"हील ए सोल – IV" – पूरे भारत में हीमोफिलिया वाले व्यक्तियों और बच्चों को मुफ्त एंटी हीमोफिलिक फैक्टर (एएचएफ) प्रदान करना	160	100%
2	नोएडा, बीकानेर, सतपुड़ा में तीन मोबाइल हेल्थ केयर यूनिट चलाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना	40000	100%
3	राजकीय पॉलिटेक्निक में बालक एवं बालिका छात्रावास भवनों का निर्माण	304	100%
4	हरिद्वार में कलेफ्ट रोगियों की सर्जरी के लिए "मिशन स्माइल" को वित्तीय सहायता	200	100%
5	नूंह, हरियाणा में "जन आरोग्यम" सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम	11000	100%
6	भारत में कैंसर से पीड़ित 200 बच्चों को चिकित्सा सहायता प्रदान करना	500	100%

सिद्धांत 9: ग्राहक मूल्य

नेतृत्व संकेतक

1. उपभोक्ता शिकायतों और फीडबैक को प्राप्त करने और उनका जवाब देने के लिए तंत्र का वर्णन करें।

ग्राहक मूल्य बीएचईएल की संस्कृति का एक अभिन्न अंग है जो हमारे विजन, मिशन और मूल्यों में भी परिलक्षित होता है। कंपनी उत्पादों और सेवाओं के माध्यम से ग्राहकों के लिए मूल्य बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। बीएचईएल के प्रत्येक उत्पाद की पेशकश पर अनिवार्य वैधानिक आवश्यकताओं के अलावा ग्राहकों के साथ अनुबंध की शर्तों और आवश्यकताओं के अनुसार विस्तृत उत्पाद लेबल/नेम प्लेट/परीक्षण प्रमाण पत्र के साथ लेबल किया गया है।

ग्राहकों की शिकायतें बैठकों के दौरान पत्र, ईमेल, फोन कॉल जैसे विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होती हैं। शिकायतों को बाद में समाधान के लिए आगे बढ़ाया जाता है। रिपोर्ट किए गए सभी प्रमुख गुणवत्ता मुद्दों को मूल कारण विश्लेषण (आरसीए) के लिए लिया जा रहा है और आरसीए समितियों के माध्यम से हल किया जा रहा है। शिकायतों के अलावा, ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण, ग्राहकों की बैठक, आमने–सामने बातचीत, वीडियो–कॉन्फ्रेंसिंग और प्रशंसा पत्रों के माध्यम से ग्राहकों की प्रतिक्रिया ली जाती है।

2. सभी उत्पादों/सेवाओं के टर्नओवर के प्रतिशत के रूप में उत्पादों और सेवाओं का टर्नओवर, जिसमें ष्उत्पाद से संबंधित पर्यावरणीय और सामाजिक पैरामीटरष्, ष्सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोगष् और ष्पुनर्चक्रण और/या सुरक्षित निपटानष् के बारे में जानकारी होती है।

1. बीएचईएल उत्पाद पूंजीगत वस्तुएं हैं और इसलिए इनका परिचालन काल 25 वर्षों की अवधि का है। ग्राहकों को दिये जाने वाले उत्पादों/प्रणालियों के साथ सुरक्षा, पर्यावरण के अनुकूल तरीके से परिचालन आदि को कवर करने वाला मैनुअल भी दिया जाता है। बीएचईएल द्वारा ग्राहक कर्मियों के प्रशिक्षण में इन्हीं पहलुओं को शामिल किया गया है।

3. निम्नलिखित के संबंध में उपभोक्ता शिकायतों की संख्याः

	वि.व 2022-23		अभियुक्तयां	वि.व 2021-22		अभियुक्तयां
	वर्ष के दौरान प्राप्त	वर्ष के अंत में समाधान के लिए लंबित		वर्ष के दौरान प्राप्त	वर्ष के अंत में समाधान के लिए लंबित	
डाटा गोपनीयता	0	0	-	0	0	-
विज्ञापन	0	0	-	0	0	-
साइबर सुरक्षा	0	0	-	0	0	-
आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति	लागू नहीं					
प्रतिबंधित व्यापार पद्धति	0	0	-	0	0	-
अनुचित व्यापार पद्धति	0	0	-	0	0	-
अन्य	-	-	-	-	-	-

4. सुरक्षा मुद्दों के कारण वापस मंगाए गए उत्पाद का विवरणः

सुरक्षा मुद्दों के कारण उत्पाद को वापस मंगानें का कोई मामला नहीं है

5. क्या इकाई के पास साइबर सुरक्षा और डेटा गोपनीयता से संबंधित जोखिमों पर कोई रूपरेखा/नीति है? (हां/नहीं) यदि उपलब्ध हो, तो पॉलिसी का एक वेब–लिंक प्रदान करें।

हाँ। बीएचईएल बी2बी व्यवसाय में है और व्यक्तिगत ग्राहकों के साथ व्यवहार नहीं करता है। इसलिए, कोई भी व्यक्तिगत ग्राहक डेटा संग्रहीत नहीं किया जाता है।

निदेशक मंडल रिपोर्ट "डाटा एवं साइबर सुरक्षा" का अवलोकन करें ।

6. विज्ञापन और आवश्यक सेवाओं के वितरण से संबंधित मुद्दों पर की गई किसी भी सुधारात्मक कार्रवाई साइबर सुरक्षा और ग्राहकों की डेटा गोपनीयताय उत्पाद रिकॉल के उदाहरणों की पुनः घटनाएं उत्पादों/सेवाओं की सुरक्षा पर नियामक प्राधिकारियों द्वारा की गई शास्ति/कार्रवाई का विवरण प्रदान करें।

– लागू नहीं

नेतृत्व संकेतक

1. चैनल/प्लेटफॉर्म जहां इकाई के उत्पादों और सेवाओं की जानकारी प्राप्त की जा सकती है (यदि उपलब्ध हो तो वेब लिंक प्रदान करें)

बीएचईएल के उत्पादों एवं सेवाओं संबंधी जानकारी www.bhel.com से प्राप्त की जा सकती है।

2. उत्पादों और/या सेवाओं के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के बारे में उपभोक्ताओं को सूचित करने और शिक्षित करने के लिए उठाए गए कदम।

ग्राहकों को संविदात्मक आवश्यकताओं के अनुसार उत्पादों या प्रणालियों पर परिचालन नियमावली और प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

3. उपभोक्ताओं को आवश्यक सेवाओं के बाधित/बंद होने के किसी भी जोखिम के बारे में सूचित करने के लिए तंत्र मौजूद है।

बीएचईएल अपने ग्राहकों के साथ नियमित संपर्क में है और किसी भी व्यवधान (उदाहरण के लिए हाल के दिनों में कीविड–19 के कारण) को ईमेल, पत्र और अनुबंध/खरीद आदेश में सहमत किसी भी अन्य संचार माध्यम से सूचित किया जाता है। इसके अलावा, स्थापित मशीनों की प्रदर्शन निगरानी रिपोर्ट या ग्राहक प्रतिक्रिया के आधार पर ग्राहकों के साथ सक्रिय बातचीत से ग्राहक परिसर में संचालन में व्यवधान को रोकने में मदद मिलती है। ग्राहकों को उनकी मशीनों के बारे में पत्रों या अन्य डिजिटल माध्यमों के रूप में आवधिक संचार/संपर्क किया जाता है जिनका जीर्णोद्धार या अनिवार्य निरीक्षण बकाया या होना रहता है।

4. क्या संस्था स्थानीय कानूनों के अनुसार अनिवार्य उत्पाद के बारे में उत्पाद की जानकारी प्रदर्शित करती है? (हां/नहीं/लागू नहीं)। यदि हां, तो संक्षिप्त विवरण दें। क्या आपकी इकाई ने इकाई के प्रमुख उत्पादों/सेवाओं, इकाई के परिचालन के महत्वपूर्ण स्थानों या समग्र रूप से इकाई से संबंधित उपभोक्ता संतुष्टि के संबंध में कोई सर्वेक्षण किया है? (हां नहीं)

हाँ। बीएचईएल द्वारा भेजे गए उत्पादों पर सभी आवश्यक और मानक जानकारी प्रदर्शित/स्टैंसिल की जाती है।

हाँ, बीएचईएल प्रमुख उत्पादों, सेवाओं के लिए ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण करता है।

5. डेटा उल्लंघनों से संबंधित निम्नलिखित जानकारी प्रदान करें:


क. डेटा उल्लंघनों और उनके प्रभाव के मामलोन की संख्या शून्य।

ख. ग्राहकों की व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी से जुड़े डेटा उल्लंघनों का प्रतिशत शून्य।

निदेशक मंडल की ओर से एवं उनके लिए
भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

डॉ. नलिन सिंघल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 28 जुलाई, 2023



अनुसंधान एवं विकास तथा प्रौद्योगिकी उपलब्धियां

निदेशक मंडल की रिपोर्ट का अनुलग्नक-VI

अनुसंधान एवं विकास और प्रौद्योगिकी उपलब्धियां

1.1 अनुसंधान एवं विकास रणनीति

बीएचईएल ने स्वयं को देश में भारी इंजीनियरिंग क्षेत्र में एक अग्रणी अनुसंधान एवं विकास और नवाचार संगठन के रूप में स्थापित किया है। वित्त वर्ष 2022–23 में, कंपनी के राजस्व का बड़ा हिस्सा–19% इन–हाउस विकसित उत्पादों, प्रणालियों और सेवाओं से उत्पन्न हुआ और 31 मार्च 2023 तक 5,443 आईपीआर दाखिल किए गए हैं। यह तथ्य नवोन्मेषी प्रौद्योगिकियों एवं समाधानों के सृजन एवं सुरक्षा के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। पिछले वर्षों में अनुसंधान एवं विकास व्यय लगातार राजस्व के 2.5% से अधिक होने के साथ, बीएचईएल इंजीनियरिंग एवं विनिर्माण उद्योग में अनुसंधान एवं विकास पर सबसे अधिक व्यय करने वालों में से एक है।

बीएचईएल के अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम निरंतर नवाचार के साथ–साथ देश में पूंजीगत सामग्री के आयात के स्वदेशीकरण के लिए कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं। इन कार्यक्रमों के साथ कंपनी के प्रयासों को जोड़कर, बीएचईएल यह सुनिश्चित करती है कि यह प्रौद्योगिकी प्रगति में सबसे आगे रहे, और उद्योग की मांगों के अनुरूप प्रतिक्रिया दे।

बीएचईएल चल रहे ऊर्जा परिवर्तन के महत्व के साथ–साथ विशाल उपलब्ध कोयला भंडार को देखते हुए देश की आर्थिक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोयले का उपयोग करने की अनिवार्यता को पहचानता है। इसे ध्यान में रखते हुए, कंपनी कोयला गैसीकरण जैसी स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित कर रही है और उन्नत अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल (एयूएससी) प्रौद्योगिकी के डिजाइन को पूरा करने के लिए एनटीपीसी और आईजीसीएआर के साथ सफलतापूर्वक साझेदारी की है। यह अत्याधुनिक एयूएससी तकनीक सुपरक्रिटिकल और सबक्रिटिकल प्रौद्योगिकियों की तुलना में काफी अधिक दक्षता और कम उत्सर्जन की पेशकश करके नए उद्योग मानक स्थापित करती है।

बीएचईएल ने देश में पुराने और अकुशल सबक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांटों को बदलने के विकल्प के रूप में लो रेटिंग सुपरक्रिटिकल सेट भी विकसित किया है, जो 30 साल (2030 तक 50 गीगावॉट से अधिक) का अपना आर्थिक जीवन पूरा कर रहे हैं। भविष्य में इन कम रेटिंग वाले सुपरक्रिटिकल सेटों (350 मेगावाट) की आवश्यकता बढ़ सकती है, आगामी विस्तार परियोजनाओं में भूमि की कमी (कम रेटिंग सेटों को 660/800 मेगावाट सुपरक्रिटिकल सेटों से बदलना) और मौजूदा थर्मल पावर प्लांटों में लचीले संचालन की आवश्यकता को देखते हुए।

इसके अतिरिक्त, बीएचईएल ने उच्च राख वाले भारतीय कोयले के गैसीकरण के लिए बीएचईएल की इन–हाउस विकसित पीएफबीजी तकनीक का उपयोग करके हैदराबाद में 0.25 टीपीडी मेथनॉल जेनरेशन प्लांट के स्वदेशी डिजाइन, स्थापना और प्रदर्शन के माध्यम से स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकियों में अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया है। यह संयंत्र उच्च राख वाले भारतीय कोयले का उपयोग करता है, जो स्थानीय संसाधनों के उपयोग के लिए बीएचईएल की प्रतिबद्धता पर जोर देता है। कंपनी अब कोयला गैसीकरण से उत्पादित सिनगैस का उपयोग करके अन्य फीडस्टॉक रसायनों के उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी के स्वदेशीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रही है, इस क्षेत्र में एक ऐसा



कॉर्पोरेट आर एंड डी, हैदराबाद में कम्प्यूटेशनल फ्लूइड डायनेमिक्स (सीएफडी) का उत्कृष्टता केंद्र



कॉर्पोरेट आर एंड डी, हैदराबाद में उन्नत ट्रांसमिशन सिस्टम उत्कृष्टता केंद्र

विकास जो रसायनों के आयात पर देश की निर्भरता को काफी कम कर देगा। बीएचईएल कार्बन कैप्चर और इसकी उपयोग प्रौद्योगिकियों के महत्व को भी पहचानता है और इसमें अग्रणी पेशेवर बनने की इच्छा रखता है।

परिवहन क्षेत्र में, बीएचईएल सक्रिय रूप से आत्मनिर्भरता का प्रयास कर रहा है और भारतीय रेलवे के विविध रोलिंग स्टॉक अनुप्रयोगों के लिए उन्नत विद्युत प्रणालियों को डिजाइन और विनिर्माण करने के लिए अपनी घरेलू क्षमताओं को बढ़ा रहा है। भारतीय रेलवे के साथ घनिष्ठ सहयोग में, BHEL पारंपरिक WAG–7 इंजनों के लिए पुनर्योजी ब्रेकिंग सिस्टम जैसे अनुकूलित समाधान सफलतापूर्वक प्रदान कर रहा है। भारत की पहली वातानुकूलित लोकल ट्रेन के लिए आईजीबीटी–आधारित प्रणोदन प्रणाली और 25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम को सीधे विद्युत देने के लिए रेलवे पटरियों के किनारे सौर फोटोवोल्टिक संयंत्र स्थापित किया गया है।

बीएचईएल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट सिस्टम्स डेवलपमेंट एंड इंटीग्रेशन सेंटर (सीएएसडीआईसी), हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) एवं अन्य जैसे प्रतिष्ठित ग्राहकों के साथ मिलकर निकट समन्वय में काम करके रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इन सहयोगों के माध्यम से, बीएचईएल रणनीतिक उपकरणों और सेवाओं की एक विविध श्रृंखला के विकास और वितरण में योगदान देता है।

संक्षेप में, स्वच्छ स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास, परिवहन प्रणालियों में प्रगति तथा रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में इसकी भागीदारी के प्रति बीएचईएल की प्रतिबद्धता नवाचार, आत्मनिर्भरता और भारत में विभिन्न उद्योगों की रणनीतिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कंपनी के समर्पण का उदाहरण है।

प्रौद्योगिकी परिदृश्य में बदलाव और नए व्यावसायिक अवसरों की संभावनाओं को पहचानते हुए, बीएचईएल इन–हाउस विकास, शिक्षा जगत के साथ सहयोग और स्थापित उद्योग अग्रणीयों के साथ प्रौद्योगिकी सहयोग समझौते (टीसीए) के संयोजन के माध्यम से अवसरों का समाधान कर रही है।

प्रौद्योगिकी क्षेत्र में बदलाव पहचानते हुए और विभिन्न नए व्यावसायिक क्षेत्रों / अवसरों की ओर ध्यान देने के लिए, बीएचईएल इन–हाउस विकास से अनुसंधान एवं विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, साथ ही प्रौद्योगिकी सहयोग समझौतों (टीसीए) के माध्यम से प्रतिष्ठित निर्वाहकों द्वारा प्रौद्योगिकी सहायता के साथ सहयोग प्राप्त कर रहा है। बीएचईएल के पास भारतीय संस्थाओं और वैश्विक इंजीनियरिंग व विनिर्माण अग्रणियों के साथ 13 टीसीए हैं। भारतीय बाजार की आवश्यकताओं के साथ–साथ निर्यात को पूरा करने के लिए ऐसी प्रौद्योगिकियों के तेजी से समावेश एवं स्वदेशीकरण की दिशा में निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

चल रहे प्रौद्योगिकी सहयोग समझौते

वैश्विक ओईएम के साथ प्रौद्योगिकी सहयोग

क्र.सं.	सहयोगी का नाम	उत्पाद
1	सीमेंस एनर्जी ग्लोबल जीएमबीएच – को. केजी, जर्मनी	स्टीम टर्बाइन, जेनरेटर और लेटरल/एक्सियल कंडेनसर
2	जनरल इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजी जीएमबीएच, स्विट्जरलैंड	परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के लिए स्टीम टर्बाइन
3	लियोनार्डो एस.पी.ए., इटली	सुपर रैपिड गन माउंट 76/62
4	सुमितोमो एसएचआई एफडब्ल्यू एनर्जी ओवाई फिनलैंड	सबक्रिटिकल और सुपरक्रिटिकल सर्कुलेटिंग फ्लूइडाइज्ड बेड कम्बशन (सीएफबीसी) बॉयलर
5	वाल्मेट ऑटोमेशन ओवाई फिनलैंड	नई पीढ़ी के सी–आई ऑटोमेशन (वितरित नियंत्रण प्रणाली)
6	मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्रीज लिमिटेड, जापान	लूप गैस डिसल्फराइजेशन
7	एचएलबी पावर को., लिमिटेड, कोरिया गणराज्य	गेट्स और डैम्पर्स
8	वोग्ट पावर इंटरनेशनल इंक, एयूएसए	हीट रिकवरी स्टीम जेनरेटर (एचआरएसजी)
9	बैबॉक पावर एनवायरनमेंटल एइंक, यूएस	एससीआर प्रणालियाँ डिनोक्स अनुप्रयोग
10	नैनो को. लिमिटेड, कोरिया गणराज्य	डी–एनओएक्स अनुप्रयोगों के लिए एससीआर उत्प्रेरक
11	कावासाकी हेवी इंडस्ट्रीज लिमिटेड, जापान	मेट्रो के लिए स्टेनलेस स्टील के कोच एवं बोगियां

भारतीय संस्थाओं के साथ प्रौद्योगिकी सहयोग

क्र.सं.	सहयोगी का नाम	उत्पाद
1.	भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) भारत	स्पेस ग्रेड लिथियम ऑयन सेल्स
2.	सीएसआईआर–आईआईपी, देहरादून, भारत	प्रेशर वैक्यूम स्विंग एडसॉर्पसन आधारित ऑक्सीजन संयंत्र (पीवीएसए)

बीएचईएल कंपनी के भीतर ज्ञान पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के साथ–साथ अपने कर्मचारियों के निरंतर प्रशिक्षण के माध्यम से इसे उन्नत करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है। इंजीनियरिंग को अपने सभी उत्पादों में डिजाइन ओप्टिमाइजेशन एवं समय चक्र (cycle time) को कम करने के लिए एक लक्षित क्षेत्र के रूप में पहचाना गया है, जो अंततः लागत में कमी की ओर ले जाएगा।

6.2 अनुसंधान एवं विकास संरचना

कंपनी की अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) संरचना का नेतृत्व निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास) करते हैं। वे कॉर्पोरेट प्रौद्योगिकी प्रबंधन (सीटीएम) तथा कॉर्पोरेट अनुसंधान एवं विकास प्रभाग द्वारा समर्थित रणनीतिक दिशा एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ–साथ कंपनी की समग्र अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों की देखरेख के लिए जिम्मेदार है। सीटीएम कंपनी की प्रौद्योगिकी रणनीति तैयार करने के लिए जिम्मेदार है, जबकि कॉर्पोरेट अनुसंधान एवं विकास प्रभाग इन–हाउस प्रौद्योगिकी विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। अनुसंधान एवं विकास प्रयासों के संवर्धन के लिए, बीएचईएल की विनिर्माण इकाइयों में अपने विभिन्न उत्पाद प्रभागों के भीतर समर्पित अनुसंधान एवं उत्पाद विकास (आरपीडी) समूह हैं।

बीएचईएल ने एक सुसज्जित अत्याधुनिक आरएंडडी बुनियादी ढांचा स्थापित किया है, जिसमें कॉर्पोरेट आरएंडडी हैदराबाद (इंटेलिजेंट मशीन और रोबोटिक्स, मशीन डायनेमिक्स, यूएचवी प्रयोगशाला, कम्प्यूटेशनल फ्लूइड डायनेमिक्स, स्थायी चुंबक मशीनें, आदि), एचपीबीपी तिरुचिरापल्ली (कोयला अनुसंधान केंद्र) और ईडीएन बेंगलुरु (पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, आईजीबीटी और कंट्रोलर टेक्नोलॉजी) आदि सहित विभिन्न स्थानों पर 14 उत्कृष्टता केंद्र शामिल हैं। कंपनी में 5 विशिष्ट अनुसंधान संस्थान और हैं अर्थात् प्रदूषण नियंत्रण और अनुसंधान संस्थान (पीसीआरआई), हरिद्वार, वेल्डिंग अनुसंधान संस्थान (डब्ल्यूआरआई), तिरुच्चि, सिरेमिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सीटीआई), बेंगलुरु, इलेक्ट्रिक ट्रांसपोर्टेशन केंद्र (सीईटी), भोपाल और अमोर्फस सिलिकॉन सोलर सेल प्लांट (एएसएससीपी), गुरुग्राम।

उद्योग–शैक्षणिक सहयोग के महत्व को पहचानते हुए, बीएचईएल ने आईआईटी, सीएसआईआर, एआरसीआई, एआरएआई और अन्य सहित देश के प्रमुख शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों के साथ साझेदारी की है। ये सहयोग बीएचईएल को चिन्हित क्षेत्रों में अनुसंधान करने और उत्पादों और प्रक्रियाओं में सफल विकास के लिए शिक्षा जगत की विशेषज्ञता का लाभ उठाने में सक्षम बनाते हैं।

इसके अतिरिक्त, बीएचईएल ने संधारिणीय वृद्धि में सहायक उभरते व्यावसायिक अवसरों पर प्रभावी ढंग से ध्यान देने के लिए अपनी अनुसंधान एवं विकास



कॉर्पोरेट आर एंड डी, हैदराबाद में धातुकर्म विभाग में उन्नत सामग्रियों की क्रीप परीक्षण सुविधा



वेल्डिंग अनुसंधान संस्थान (डब्ल्यूआरआई), त्रिची में इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप

प्रक्रियाओं को फिर से व्यवस्थित किया है। इससे सुनिश्चित होता है कि बीएचईएल उभरती बाजार जरूरतों के प्रति प्रतिक्रिया देता रहे और बढ़ी हुई प्रतिस्पर्धात्मकता एवं निरंतर नवाचार के लिए अपने अनुसंधान एवं विकास प्रयासों को अनुकूलित करता रहे।

6.3 वर्ष के दौरान उपलब्धियां

नए और बेहतर उत्पादों, प्रक्रियाओं और प्रणालियों के विकास के लिए बीएचईएल के अनुसंधान एवं विकास प्रयासों के परिणामस्वरूप निम्नलिखित प्रमुख विकास हुए हैं।

- आईसीएफ चेन्नई के गैर–एसी ईएमयू के लिए इलेक्ट्रिक्स का डिजाइन एवं विकास किया गया। ट्रैक्शन कनवर्टर, सहायक कनवर्टर, ट्रेन नियंत्रण और प्रबंधन प्रणाली (टीसीएमएस) सॉफ्टवेयर एवं रिमोट मॉनिटरिंग सिस्टम का विकास 'मेक इन इंडिया' योजना के अनुसार शुरू किया गया है। इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) में प्रोटोटाइप ट्रेन को कमीशन किया गया।
- ~22% की बेंचमार्क दक्षता वाले पैसिवेटेड एमिटर रियर कॉन्टैक्ट (पीईआरसी) मोनो–क्रिस्टलीय सौर सेल स्वदेशी रूप से विकसित किए गए। पीईआरसी टेक्नोलॉजी यानी सिंगल साइड एचिंग, रियर पैसिवेशन स्टैक और लेजर कॉन्टैक्ट ओपनिंग के लिए आवश्यक अतिरिक्त प्रक्रिया चरणों को सफलतापूर्वक पूर्ण कर बेंचमार्क प्राप्त किया गया है, साथ ही मौजूदा प्रक्रिया चरणों में विशेष रूप से टेक्सचराइजेशन, डिफ्यूजन और एआरसी (एंटी रिफ्लेक्शन कोटिंग) डिपोजिशन में सुधार किया गया है। इन–हाउस विकसित पीईआरसी सेल का उपयोग करके निर्मित मॉड्यूल का परीक्षण किया गया है और फील्ड परीक्षणों के लिए बीएचईएल एएसएससीपी, गुरुग्राम में स्थापित किया गया है।
- लिक्विड फ्यूल बर्निंग टेस्ट फैसिलिटी (एलएफबीटीएफ) में मेथनॉल फायरिंग के प्रदर्शन को सफलतापूर्वक स्थापित और आंकलन किया गया। इसमें कम चिपचिपे मेथनॉल ईंधन के लिए प्रणाली स्थापित करना शामिल है जिसमें मेथनॉल के लिए उपयुक्त दबाव प्रणाली, एटमाइजर, इग्निटर और फ्लेम स्कैनर शामिल हैं और यह थर्मल पावर प्लांट में हल्के डीजल तेल और भारी ईंधन तेल के विकल्प के रूप में मेथनॉल फायरिंग सिस्टम की पेशकश करने में सक्षम होगा।
- बीएचईएल ने इन–हाउस डिजाइन और विकसित सकर रॉड पंपिंग (एसआरपी) यूनिट (जिसे बीम पंपिंग यूनिट के रूप में भी जाना जाता है) का उपयोग तेल क्षेत्रों में ऑयल एक्सट्रैक्शन मशीन के रूप में व्यापक रूप से किया जाता है, जो बड़े पैमाने पर चीन से आयात किया जाता है।
- आसान असेंबली, असेंबली समय में कमी, डिलीवरी समय में कमी और रखरखाव में आसानी के लिए 6000 एचपी लोकोमोटिव के लिए ट्रैक्शन कन्वर्टर पैनल का डिजाइन सफलतापूर्वक पूरा किया गया।
- हल्के लड़ाकू विमान MK1 के लिए कड़े सैन्य मानकों (ईएमआईई्ईएमसी, पर्यावरण और विद्युत आपूर्ति परीक्षण) के अनुसार 2 किलोवाट एयर साइकिल मशीन (एसीएम) आधारित लिक्विड कूलिंग सिस्टम (एलसीएस) का सफलतापूर्वक डिजाइन, विकास, विनिर्माण और परीक्षण किया गया।
- 500 एमवीए, 765/400/33 केवी, 1–फेस इंटर कनेक्टिंग ट्रांसफार्मर (आईसीटी) विकसित किया गया है जो ऑन लोड टैप चेंजर (ओएलटीसी) के बिना, ट्रांसफार्मर और रिएक्टरों के लिए सीईए मानक विनिर्देश के अनुसार निश्चित आई2 आर लॉस की आवश्यकता को पूरा करता है।
- रणनीतिक अनुप्रयोग के लिए 1000 किलोवाट, 430 वोल्ट, 6 पोल मुख्य मोटर और जेनरेटर (एमएमजी) (सिंगल शाफ्ट पर सिंक्रोनस मशीन और डीसी मशीन शामिल है) को डिजाइन और निर्मित किया गया।

- रक्षा अनुप्रयोग के लिए उन्नत सुपर रैपिड गन माउंट (एसआरजीएम) के लिए 100 KVA रोटरी फ्रीक्वेंसी कनवर्टर (आरएफसी) का डिजाइन, विकास, विनिर्माण और टाइप परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया गया।
- बीएचईएल ने थर्मल पावर प्लांटों के लचीले संचालन के लिए इन–हाउस तकनीक विकसित कर इसे एक इकाई में सफलतापूर्वक कमीशन कर निष्पादन मापदंडों का प्रदर्शन किया है।
- एकीकृत कंप्रेसर नियंत्रण प्रणाली का स्वदेशीकरण सफलतापूर्वक पूरा किया गया। एंटी–सर्ज कंट्रोलर (एएससी) और अन्य संबंधित कंप्रेसर कंट्रोल हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेयर पैकेजों के संपूर्ण विस्तार के सॉफ्टवेयर सिमुलेशन टूल के माध्यम से डिजाइन, निर्माण, परीक्षण और सत्यापन विकास प्रक्रिया में शामिल है। उत्तरी रिफाइनरीज, बैजी इराक परियोजना के लिए एकीकृत कंप्रेसर नियंत्रण प्रणाली की आपूर्ति की गई है।
- ग्रिड फेल होने की स्थिति में क्रिटिकल लोड मांग को पूरा करने के लिए ग्रिड कनेक्टेड मोड और एसी माइक्रोग्रिड मोड (अर्थात आइलैंडेड मोड) दोनों में संचालित करने के लिए बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) के पावर कंडीशनिंग सिस्टम (पीसीएस) के लिए एसी माइक्रो ग्रिड नियंत्रक का डिजाइन और विकास सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। इसमें ब्लैक स्टार्ट क्षमता भी है यानी आइलैंडेड मोड में सेल्फ–स्टार्ट करने की क्षमता।
- रेल व्हील फैक्ट्री में कास्ट स्टील पहियों के निर्माण के लिए सफलतापूर्वक स्वदेशी सिरेमिक पोरिंग ट्यूब और रेल व्हील फैक्ट्री, येलहंका और रेल व्हील प्लांट, बेला दोनों के ऑर्डर पूर्ण किए।
- 630 mm केंद्र ऊंचाई फ्रेम में सबसे बड़ी रेटिंग 2000 KW, 6.6 KV, 8 पोल इंडक्शन मोटर का डिजाइन, निर्माण और परीक्षण किया गया। यह मोटर 50 Hz के साथ–साथ 60 Hz आपूर्ति आवृत्ति संचालन के लिए उपयुक्त है।
- टर्बाइन चालित जनरेटर अनुप्रयोग के लिए अनुकूलित फ्रेम आकार में 4900 KW, 11 KV, 4 पोल अल्टरनेटर का डिजाइन, निर्माण और परीक्षण किया गया।
- निम्नलिखित डिजाइन स्वचालन पहल पूरी हो चुकी हैं :–
  - पूर्ण हाइड्रो जेनरेटर – मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, वेंटिलेशन डिजाइन को एक सॉफ्टवेयर सिस्टम में समेकित किया गया है जिसके परिणामस्वरूप विनिर्माण ड्राविंग और बीओएम के स्वचालित रूप से जनरेट होने के कारण साइकल टाइम में कमी आई है।
  - 400 KV, 3 फेस ऑटोट्रांसफॉर्मर टैंक की नॉलेज आधारित इंजीनियरिंग परियोजना ।
  - वर्टिकल इंडक्शन मोटर्स (2–6 MW, 10–36 पोल)

6.4 अनुसंधान एवं विकास तथा प्रौद्योगिकी विकास के लिए फोकस क्षेत्र

भविष्य के लिए बीएचईएल के अनुसंधान एवं विकास फोकस में शामिल हैं:

- इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव और इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट्स (ईएमयू), उच्च शक्ति वाले लोकोमोटिव और हाई स्पीड ट्रेनसेट के लिए तीन–चरण एसी ड्राइव सिस्टम के क्षेत्रों में रेल परिवहन के लिए संपूर्ण समाधान।
- कोयला गैसीकरण प्रौद्योगिकी के सफल विकास एवं प्रदर्शन के बाद, विशेष रूप से उच्च राख वाले भारतीय कोयले के लिए, कंपनी सिनगैस से रसायन व हरित ईंधन (मेथनॉल, हाइड्रोजन, आदि) उत्पन्न करने के लिए स्वदेशी तकनीक विकसित करने के लिए कार्य कर रही है।
- ईंधन सेल अनुप्रयोगों के लिए उत्पाद एवं प्रणालियाँ ।
- इलेक्ट्रोलाइजर, ट्रैक्शन प्रोपल्शन सिस्टम, हाइड्रोजन स्टोरेज सिलेंडर–टाइप IV के लिए सीओई और हाइड्रोजन स्टोरेज टाइप–IV सिलेंडर के लिए राष्ट्रीय परीक्षण सुविधा स्थापित करने की योजना।
- रक्षा और रणनीतिक अनुप्रयोगों के लिए एयरो स्ट्रक्चर, समुद्री गैस टर्बाइन, ली–आयन बैटरी सिस्टम, हीट एक्सचेंजर्स आदि जैसे उत्पादों और प्रणालियों का विकास।
- डाउनस्ट्रीम तेल और गैस क्षेत्र के लिए उत्पादों का विकास।
- परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के लिए उत्पादों और प्रणालियों का विकास।
- ई–मोबिलिटी इकोसिस्टम (पावर ट्रेन, चार्जिंग स्टेशन आदि सहित) और ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के लिए समाधानों का विकास।
- इंटेलिजेंट मशीनों एवं रोबोटिक्स और उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकियों सहित नई प्रौद्योगिकियों की स्थापना के साथ उद्योग 4.0 का अनुप्रयोग।
- डिजिटल सबस्टेशन और उन्नत पावर ट्रांसमिशन के लिए उत्पाद और सिस्टम जैसे ±800kV HVDC, 765 kV, 1200 kV ट्रांसमिशन सिस्टम।

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

डॉ. नलिन सिंघल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 28 जुलाई, 2023

अनुलग्नक–VII

7.1 उर्जा का संरक्षण

संशोधनों से संस्थाओं को लेखांकन नीतियों और लेखांकन अनुमानों के बीच अंतर करने में मदद मिलेगी। लेखांकन अनुमानों में परिवर्तन की परिभाषा को लेखांकन अनुमानों की परिभाषा से बदल दिया गया है। नई परिभाषा के तहत, लेखांकन अनुमान "वित्तीय विवरणों में मौद्रिक राशियाँ हैं जो गणना संबंधी अनिश्चितता के अधीन हैं"। यदि लेखांकन नीतियों के लिए वित्तीय विवरणों में वस्तुओं की ऐसे तरीके से गणना की आवश्यकता होती है जिसमें गणना अनिश्चितता शामिल हो तो संस्थाएं लेखांकन अनुमान विकसित करती हैं। कंपनी को ऐसी कोई उम्मीद नहीं है कि इस संशोधन से उसके वित्तीय विवरणों पर कोई विशेष प्रभाव पड़ेगा।

नोट [57]

निदेशक मंडल ने 26 मई, 2023 को आयोजित अपनी बैठक में वित्तीय विवरण 2022–23 जारी करने के लिए अधिकृत किया है।


निदेशक मण्डल की ओर से एवं उनके लिए



(राजीव कालड़ा)
कंपनी सचिव
M. No. 14567



(जय प्रकाश श्रीवास्तव)
निदेशक (ई,आर एंड डी),
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ–अतिरिक्त प्रभार
DIN: 09703643



(डॉ. नलिन सिंघल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
DIN: 01176857

समान तिथि को हमारी रिपोर्ट के अनुसार


एबीपी और एसोसिएट्स के लिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 315104E

पीएसएमजी एवं एसोसिएट्स के लिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 008567C

एस.एल. छाजड़ एंड कंपनी एलएलपी के लिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 000709C/C400277



(बिमल कुमार चंदुका)
भागीदार
M. No. 053714



(स्वाति सिंह)
भागीदार
M. No. 404531



(विजित वैदमुथा)
भागीदार
M. No. 406044

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 26 मई, 2023





वित्तीय विवरण

समेकित वित्तीय विवरण 264

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में,
सदस्यगण
भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

समेकित वित्तीय विवरण पर लेखा परीक्षा रिपोर्ट

राय

हमने **भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड** (इसके बाद 'यहाँ इसे 'धारक कंपनी' के रूप मे लिखा जाएगा) एवं इसकी सहायक कंपनियों ('धारक कंपनी' और इसकी सहायक कंपनियों को संयुक्त रूप से "समूह" के नाम से सम्बोधित किया जाएगा) और तीन संयुक्त नियत्रित इकाइयों के संलग्न समेकित वित्तीय विवरण की लेखा परीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च 2023 को समेकित तुलन पत्र, इस दिनांक को समाप्त हुए वर्ष के लिए समेकित लाभ–हानि विवरण (अन्य व्यापक आय सहित), इक्विटी में परिवर्तनों का समेकित विवरण एवं वर्ष के लिए नकदी प्रवाह का समेकित विवरण और महत्वपूर्ण लेखा नीतियां और अन्य व्याख्यात्मक सूचनाएं शामिल है, (इसके पश्चात् इसे "समेकित वित्तीय विवरण" लिखा जाएगा)

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुरूप पूर्वोक्त वित्तीय विवरण, कंपनी अधिनियम 2013 ("अधिनियम") में अपेक्षित तरीके के अनुसार सूचना प्रदान करते हैं और यथा संशोधित कंपनी (इंडियन अकाउंटिंग स्टैंडर्ड) नियम 2015, के साथ पठित इस अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित भारतीय लेखांकन मानकों, (इंड एएस–) एवं भारत में सामान्य रूप से स्वीकार्य लेखा सिद्धांतों के अनुपालन में 31 मार्च 2023 को कंपनी के समेकित लाभ एवं कुल समेकित व्यापक आय, इक्विटी में परिवर्तन का समेकित विवरण और इस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए इसका समेकित नकदी प्रवाह विवरण की स्थिति को यथार्थ व उचित रूप से प्रस्तुत करते हैं।

राय का आधार

हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (10) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखा परीक्षा मानकों (SAs) के अनुसार समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है। इन मानकों के अन्तर्गत हमारी जिम्मेदारियों को आगे हमारी रिपोर्ट के समेकित वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षा में लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारियां खंड में वर्णित किया गया है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा जारी आचार संहिता के साथ ही कंपनी अधिनियम, 2013 और इससे आधारित नियमों के प्रवधानों के अंतर्गत समेकित वितीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिये प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं के अनुसार हम कंपनी से स्वतंत्र हैं और हमने इन आवश्यकताओं और आचार संहिता के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों का पालन किया है। हमारा मानना है कि लेखा परीक्षा के जो साक्ष्य हमने प्राप्त किए हैं, वे कंपनी के समेकित वित्तीय विवरण पर हमारी राय का आधार बनने के लिये पर्याप्त और उचित हैं।

मुख्य लेखा परीक्षा विषय

मुख्य लेखा परीक्षा के विषय वे हैं जो कि हमारे व्यावसायिक मतानुसार वर्तमान कालखंड के समेकित वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षण के दौरान सबसे महत्वपूर्ण थे। अपनी राय बनाते हुए और समेकित वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षण के परिप्रेक्ष्य में इन विषयों का समग्र रूप से समाधान किया गया और हमें इन विषयों पर और कोई राय नहीं देनी है। हमने अपनी रिपोर्ट में सूचित किए जाने वाले प्रमुख लेखा परीक्षा विषयों के नीचे वर्णित मामलों का उल्लेख किया है।

मुख्य लेखा परीक्षा विषय	लेखा परीक्षक की प्रतिक्रिया
इंड एएस 115 के अंतर्गत "ग्राहकों के साथ संविदा से राजस्व" के सम्बंध मे राजस्व एवं अन्य शेषों की मान्यता, मापन, प्रस्तुति की सटीकता। इन राजस्व लेखा मानकों के अनुप्रयोग में विशिष्ट निष्पादन दायित्वों को चिह्नित करना, चिह्नित विशिष्ट निष्पादन दायित्वों के लेन–देन मूल्य का निर्धारण, एक अवधि में मान्य राजस्व के मापन के आधार की उपयुक्तता, वित्तीय विवरणों में शेष के प्रस्तुतिकरण सहित प्रकटीकरण से संबंधित कतिपय मुख्य निर्णय शामिल हैं। आकलित प्रयास राजस्व निर्धारण करने का एक महत्वपूर्ण आकलन है क्योंकि इसके लिए संविदा की प्रगति, आज तक किए गए प्रयासों, शेष निष्पादन दायित्व को पूरा करने के लिए आवश्यक प्रयासों पर विचार करना आवश्यक है। समेकित वित्तीय विवरण के **नोट 43** को देखें।	**प्रधान लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं** आंतरिक नियंत्रण और प्रक्रियाओं के डिजाइन और परिचालन प्रभावशीलता के परीक्षण से निहित हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में निम्नलिखित शामिल हैः • पूर्णता और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन की गई जानकारी रचना प्रक्रिया पर नियंत्रण की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया। • मौजूदा जारी संविदाओं और नए संविदाओं में से एक सेंपल चुनकर विशिष्ट निष्पादन दायित्व और लेन–देन मूल्य का निर्धारण से संबधित आंतरिक नियंत्रण की परिचालन प्रभावशीलता का परीक्षण किया। • इंड एएस115 के अनुरूप राजस्व के अभिलेखन एवं प्रकटीकरण में अनुप्रयुक्त लेखांकन प्रणालियों और संविदाओं एवं इससे संबद्ध सूचनाओं में परिवर्तन के संगत सूचनाओं का परीक्षण किया, जिनका नए राजस्व लेखा मानकों के अनुसार खुलासा करने और अभिलेखबद्ध करने में प्रयोग किया गया। • महत्वपूर्ण उपलब्धियां (माइलस्टोन) प्राप्त करने में संभावित देरी की पहचान के लिए संविदाओं में से एक सेंपल चुनकर समीक्षा की गई, जिसमें कि शेष निष्पादन दायित्व को पूर्ण करने में आकलित प्रयासों को बदलने की आवश्यकता है। • तर्कसंगतता और अन्य संबंधित प्रत्यक्ष मदों के ब्योरों पर विश्लेषणात्मक प्रक्रियाओं और परीक्षणों को किया गया।
व्यापार प्राप्य एवं अनुबंध संपत्तियों का मूल्यांकन एवं वसूली की संभावना 31 मार्च, 2023 के अंत में कंपनी के पास ₹ 29,740.03 करोड़ (निवल) की अनुबंध संपत्तियां तथा ₹ 6,543.89 करोड़ के व्यापार प्राप्य बकाया हैं। यह शेष इंड एएस115 "ग्राहकों के साथ अनुबंधों से राजस्व" के अनुसार पूर्ण हुए अनुबंधों और चालू अनुबंधो के लिए मान्य राजस्व से संबंधित हैं। इसके आकार और प्रबंधकीय निर्णय के उच्च स्तरीय होने के कारण इसकी वसूली की संभावना का आकलन एक मुख्य लेखा विषय है। समेकित वित्तीय विवरणों के **नोट 6, 9, 43** को देखें।	**प्रधान लेखा परीक्षा प्रक्रिया** अनुबंध संपत्तियों एवं व्यापार प्राप्य के राजस्व मान्यता और समीक्षा तंत्र के लिए हमने कंपनी की आतंरिक प्रक्रिया का आकलन किया है। आंतरिक नियंत्रण और प्रक्रियाओं के डिजाइन और परिचालन प्रभावशीलता के परीक्षण से निहित हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में निम्नलिखित शामिल हैः • ग्राहकों के साथ पुनर्मिलान की प्रक्रिया का मूल्यांकन किया। • परियोजनावार बकाया विवरण और प्रबंधन द्वारा इसके समीक्षा तंत्र की सूची को प्राप्त किया। • अनुबंध संपत्तियों एवं व्यापार प्राप्य की क्षति पर कंपनी के दिशानिर्देशों और नीतियों की समीक्षा की। • सैंपल आधार पर वर्ष के अंत में अनुबंध संपत्तियों एवं व्यापार प्राप्य की एजिंग की सटीकता की जांच की। • तर्कसंगतता, वसूली की संभावना और अन्य संबंधित सामग्री मदों के विवरणों पर विश्लेषणात्मक प्रक्रियाओं और परीक्षणों को किया।

मुख्य लेखा परीक्षा विषय	लेखा परीक्षक की प्रतिक्रिया
आकस्मिक देयता का आकलन कंपनी के खिलाफ विभिन्न मंचों के समक्ष कई मुकदमे लंबित हैं और आकस्मिक देयता के रूप में प्रकट की जाने वाली राशि का अनुमान लगाने के लिए प्रबंधन के निर्णय की आवश्यकता है। हमने इन मामलों के परिणाम से संबंधित अनिश्चितता को देखते हुए उपरोक्त क्षेत्र को एक प्रमुख लेखापरीक्षा मामले के रूप में निर्धारित किया है, जिसके लिए कानून की व्याख्या में निर्णय के आवेदन की आवश्यकता है। तद्नुसार, हमारी लेखापरीक्षा विचाराधीन विषय वस्तु के तथ्यों के विश्लेषण और शामिल कानून के निर्णय/ व्याख्या पर केंद्रित थी। (समेकित विवरण के लिए नोट 33 देखें)	प्रमुख लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में शामिल हैं लेकिन इन तक सीमित नहीं थे: – दावों या विवादों के संबंध में प्रबंधन की विस्तृता को समझना प्रक्रियाओं और नियंत्रणों को प्राप्त करना – चयनित नमूनों पर निम्नलिखित प्रक्रियाओं द्वारा जांच करना: – प्रबंधन बैठक के पत्राचार, संप्रेषण के कार्यवृत्त को पढ़कर मामलों को समझना – स्थिति अद्यतन, आधार के साथ परिणामों की अपेक्षा, और कंपनी द्वारा अपेक्षित कार्रवाई के भविष्य के पाठ्यक्रम सहित प्रबंधन कर्मियों के उचित स्तर के साथ पुष्ट पूछताछ करना, और प्रबंधन द्वारा प्राप्त कानूनी राय, यदि कोई हो, का अवलोकन करना। – कंपनी के कानूनी वकीलों से सीधे पुष्टि प्राप्त करना और उनकी राय को ध्यान में रखते हुए परिणामों की संभाव्यता मूल्यांकन पर विचार करना – संभावित परिणामों और अनुमानों की तर्कसंगतता के बारे में प्रबंधन के निर्णय का समर्थन करने वाले साक्ष्य का मूल्यांकन करना। – लागू लेखा मानकों के अनुसार पर्याप्त प्रकटीकरण की उपयुक्तता का मूल्यांकन करना।

समेकित वित्तीय विवरण के अतिरिक्त अन्य जानकारी और उस पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट

कंपनी का निदेशक मंडल अन्य सूचनाएं बनाने के लिए उत्तरदायी है। अन्य जानकारी में प्रबंधकीय परिचर्चा व विश्लेषण में सम्मिलित की गई जानकारी, निदेशक मण्डल रिपोर्ट के अनुलग्नकों सहित बोर्ड रिपोर्ट, व्यावसायिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट, कॉर्पोरेट अभिशासन तथा शेयरधारकों की सूचना आती है परंतु समेकित वित्तीय विवरण और इस पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट इसमें सम्मिलित नहीं होती है।

वित्तीय विवरणों पर हमारी राय अन्य जानकारी को कवर नहीं करती है और हम इस पर कोई आश्वासन या निष्कर्ष नहीं देते हैं।

समेकित वित्तीय विवरणों के हमारे लेखा परीक्षण के संबंध में, हमारी उत्तरदायित्व अन्य सूचनाओं को पढ़ना और ऐसा करते हुए ध्यान रखना कि वित्तीय विवरणों के साथ अन्य सूचनाएं कहीं सारतः असंगत तो नहीं हैं अथवा लेखापरीक्षा में प्राप्त जानकारी अन्यथा भौतिक रूप से अनुचित प्रतीत तो नहीं हो रही है।

जब हमें ऐसी अन्य जानकारी उपलब्ध कराई जाती है तो हम उसे पढ़ते हैं और यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि उसमें कोई महत्वपूर्ण गलत बयानी है तो हमें शासकीय प्रभारी व्यक्तियों को इस मामले के बारे में सूचित करना आवश्यक है।

समेकित वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी

कंपनी का निदेशक मंडल कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 134(5) में वर्णित विषयों के संदर्भ में इन वित्तीय विवरणों को इस प्रकार तैयार किए जाने हेतु उत्तरदायी है, जो भारत में सामान्य रूप से स्वीकार्य लेखा सिद्धांतों और इंड एएस के अनुरूप कंपनी के समेकित वित्तीय स्थिति, समेकित वित्तीय प्रदर्शन, समेकित कुल व्यापक आय, समेकित इक्विटी में परिवर्तनों तथा समेकित नकदी प्रवाह का एक वास्तविक और सही विवरण प्रदान करते हों। इस उत्तरदायित्व में ऐसे पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड का अनुरक्षण भी सम्मिलित है जो अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा हेतु और धोखाधड़ी व अन्य अनियमितताओं को पता लगाने और रोकने हेतु; उचित लेखांकन नीतियों का चयन और अनुप्रयोग; उचित और विवेकपूर्ण आकलन और निर्णय लेने; एवं धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण होने वाले किसी भी प्रकार के मूर्त अनुचित कथन से मुक्त तथा वास्तविक और उचित दृष्टिकोण प्रस्तुत कराने वाले वित्तीय विवरणों के निर्माण और प्रस्तुतीकरण हेतु पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों, जो कि लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे, का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव हेतु प्रासंगिक हों।

समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने में, समूह को एक क्रियाशील इकाई के रूप में बनाए रखने के लिए समूह की योग्यता का आकलन करने, क्रियाशील इकाई से संबन्धित जानकारियां यथा आवश्यक प्रकटीकरण करने और जब तक प्रबंधन समूह के परिसमापन या परिचालन रोकने की मंशा न रखती हो अथवा इसके अतिरिक्त कोई यथार्थ कारण न हो, तब तक समूह को लेखांकन का आधार बनाने के लिए कंपनियों के निदेशक मण्डल सामूहिक रूप से उत्तरदायी हैं।

समूह में सम्मिलित कंपनी के संबंधित निदेशक मंडल समूह की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की देखरेख के लिए उत्तरदायी हैं।

समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा में लेखा परीक्षक की जिम्मेदारियां

हमारा उद्देश्य इस बारे में तर्कसंगत आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या वित्तीय विवरण धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण होने वाले सारतः त्रुटिपूर्ण कथन से समग्र रूप में मुक्त है और लेखा परीक्षक की रिपोर्ट जारी करना, जिसमें हमारी राय शामिल हो। तर्कसंगत आश्वासन उच्च स्तर का आश्वासन है, लेकिन यह गारंटी नहीं है कि लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार किया गया लेखा परीक्षण सदैव किसी सारतः त्रुटिपूर्ण कथन का पता लगा ही लेगा, यदि कोई हो तो। त्रुटिपूर्ण कथन धोखाधड़ी या त्रुटि से उत्पन्न हो सकते हैं और इन्हें संदेहास्पद माना जाता है, यदि, एकल रूप में या कुल मिलाकर, वे इन समेकित वित्तीय विवरणों के आधार पर उपयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णयों को यथोचित रूप में प्रभावित करना प्रत्याशित है।

लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार लेखा परीक्षण के भाग के रूप में, पूरे लेखा परीक्षण के दौरान हम व्यावसायिक रूप से निर्णय लेते हैं और व्यावसायिक संशयात्मकता को बनाए रखते हैं। हम यह भी करते हैं:

- वित्तीय विवरणों के सारतः मिथ्या कथन, चाहे वे धोखाधड़ी के कारण हों या त्रुटि के कारण, की पहचान करना और इसके जोखिमों को आंकना और इन जोखिमों के अनुक्रियाशील लेखा परीक्षण प्रक्रियाओं को डिजाइन करना एवं निष्पादित करना, और लेखा परीक्षण साक्ष्यों को प्राप्त करना जो कि हमारी राय का आधार बनाने के लिए पर्याप्त और उचित हों। धोखाधड़ी के परिणामस्वरूप सारतः मिथ्या कथन को न पहचाने का जोखिम, गलती से किए गए सारतः मिथ्या कथन से कहीं ज्यादा होता है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जाल–साजी, जानबूझकर की गई चूकें, गलतबयानी या आंतरिक नियंत्रणों को अधिभावी (override) किया जाता है।

- परिस्थितियों के अनुसार समुचित लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन करने के लिए लेखा परीक्षण के संगत आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ प्राप्त करना। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(3)(i) के अंतर्गत, हम इस बात पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए भी उत्तरदायी हैं कि क्या कंपनी में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली है और इस तरह के नियंत्रणों के परिचालन में प्रभावशीलता है।

- अनुप्रयुक्त लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और प्रबंधन द्वारा किए गए लेखांकन आकलनों और संबंधित प्रकटन की तर्कसंगतता का मूल्यांकन करना।

- प्रबंधन के क्रियाशील इकाई को लेखांकन का आधार की तरह उपयोग करने उपयुक्तता पर और प्राप्त लेखा परीक्षण साक्ष्य के आधार पर, एक क्रियाशील इकाई के रूप मे बने रहने की समूह की क्षमता पर सार्थक संदेह उत्पन्न करने हेतु साक्ष्य या स्थितियों से संबन्धित कोई वास्तविक अनिश्चितता पर निष्कर्ष प्राप्त करना। यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि कोई वास्तविक अनिश्चितता व्याप्त है, तो हमें अपने लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में वित्तीय विवरणों में संबंधित प्रकटन पर इस संबंध मे उल्लेख करना होगा, यदि यह प्रकटीकरण अपर्याप्त लगे तो हमें अपनी राय को संशोधित करना होता है। हमारे निष्कर्ष, इस दिनांक तक हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट से प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य पर आधारित हैं। हालांकि, भविष्य में होने वाली घटनाएं या स्थितियां समूह को क्रियाशील इकाई के रूप में न बने रहने का कारण बन सकती हैं। प्रकटन सहित समेकित वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुतिकरण, संरचना और सामग्री का मूल्यांकन करना, और क्या समेकित वित्तीय विवरण वास्तविक लेनदेनों और घटनाओं का इस प्रकार वर्णन करते हैं जो निष्पक्ष प्रस्तुतिकरण के उद्देश्य को प्राप्त करता हो।

- समेकित वित्तीय विवरणों पर एक राय व्यक्त करने के लिए समूह के भीतर संस्थाओं की वित्तीय जानकारी के संबंध में पर्याप्त उपयुक्त लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करें। हम समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल ऐसी संस्थाओं के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के निर्देशन, पर्यवेक्षण और निष्पादन के लिए जिम्मेदार हैं जिनके हम स्वतंत्र लेखापरीक्षक हैं। हम अपनी लेखापरीक्षा राय के लिए पूरी तरह उत्तरदायी हैं। इस संबंध में हमारी जिम्मेदारियों को इस लेखापरीक्षा रिपोर्ट में अन्य मामले शीर्षक वाले खंड के पैरा 1 से पैरा 4 में आगे वर्णित किया गया है।

प्रत्यक्षता (Materiality) समेकित वित्तीय विवरणों में मिथ्या कथनी की मात्रा है जो, व्यक्तिगत या समग्र रूप से, वित्तीय विवरणों के एक उचित जानकार उपयोगकर्ता के आर्थिक निर्णय को प्रभावित कर सकता हैं। हम (i) अपने लेखा परीक्षा कार्य क्षेत्र की योजना बनाने और परिणामों का मूल्यांकन करने में और (ii) वित्तीय विवरणों में पाई गई किसी मिथ्या कथनी के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए मात्रात्मक भौतिकता (Materiality) और गुणात्मक कारकों (Qualitative factors) पर विचार करते हैं।

हम अन्य मामलों के साथ ही लेखा परीक्षा के योजनाबद्ध कार्य क्षेत्र एवं समय सीमा के निर्धारण और हमारी लेखा परीक्षा के दौरान आंतरिक नियंत्रण में किसी भी महत्वपूर्ण कमी सहित महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा निष्कर्षों के बारे में अभिशासन प्रभारियों से संवाद करते हैं।

हमने अभिशासन के प्रभारियों को स्वतंत्रता की प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं के अनुपालन संबंधी एक विवरण प्रदान किया है और हमारी स्वतंत्रता के साथ, और जहां लागू हो संगत सुरक्षा से तर्कसंगत रूप से लगाने वाले उन सभी रिश्तों एवं अन्य विषयों के बारे में उन्हें बता दिया है।

अभिशासनके प्रभारियों को वर्णित विषयों में से, हमने उन विषयों का निर्धारण किया है जो समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के सबसे महत्वपूर्ण/ उल्लेखनीय हैं और इसलिए वे प्रधान लेखा परीक्षा विषय हैं। हम अपनी लेखा परीक्षा रिपोर्ट में इन विषयों का वर्णन करते हैं जब तक कि विधि या विनियमन इन विषयों के प्रकटीकरण को निषेध ना करता हो, और अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में जब, हमें यह प्रतीत हो की इस विषय के बारे में सार्वजनिक प्रकटीकरण नहीं करना चाहिए क्योंकि ऐसा करने के दुष्परिणाम से इस सूचना के जनहित लाभों पर हावी होने की यथोचित संभावना है।

अन्य विषय:

1. हमने एक बीएचईएल–जीई गैस टर्बाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा नहीं की (संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाई)। संलग्न बयानों में इस सहयोगी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम/विवरण शामिल हैं, जिनके वित्तीय विवरण/परिणाम 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए समूह के 56.28 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ और 0.59 करोड़ रुपये की अन्य व्यापक आय को दर्शाते हैं, जैसा कि समेकित में माना गया है। इस संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाई के संबंध में वित्तीय विवरण समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय, जहां तक यह इस संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाई के संबंध में शामिल राशियों और प्रकटीकरण से संबंधित है, और अधिनियम की धारा 143 की उप–धारा (3) और (11) के संदर्भ में हमारी रिपोर्ट , जहां तक यह पूर्वोक्त संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाई से संबंधित है, पूरी तरह से अन्य लेखा परीक्षकों के वित्तीय विवरणों पर आधारित है।

2. हमने रायचूर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड और एनटीपीसी–बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा नहीं की (संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाएं)। समेकित वित्तीय विवरणों में इन संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं के शुद्ध नुकसान और अन्य व्यापक नुकसान के समूह के हिस्से को शामिल नहीं किया गया है क्योंकि

समूह ने इन संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं के संबंध में अपने वित्तीय विवरणों में निवेश की लागत के बराबर संचित हानियों को पहले ही मान्यता दे दी है। ये वित्तीय विवरण अलेखापरीक्षित हैं और प्रबंधन और समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय द्वारा हमें प्रस्तुत किए गए हैं, जहां तक यह इन संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं के संबंध में शामिल राशि और प्रकटीकरण से संबंधित है, और उनके संदर्भ में हमारी रिपोर्ट अधिनियम की धारा 143 की धारा (3) और (11) जहां तक यह उपरोक्त संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं से संबंधित है, पूरी तरह से ऐसे अलेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों पर आधारित है। ये वित्तीय विवरण समूह के लिए महत्वपूर्ण नहीं हैं।

3. बीएचईएल के एक संयुक्त उद्यम– पावरप्लांट परफॉरमेंस इम्प्रूवमेंट्स लिमिटेड के खातों को समेकित नहीं किया गया है क्योंकि उक्त कंपनी परिसमापन के अधीन है और इक्विटी निवेश की पूरी राशि प्रदान कर दी गई है।

प्रबंधन द्वारा प्रमाणित लेखा परीक्षा पूर्व वित्तीय विवरणों और अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों पर निर्भरता के संबंध में समेकित वित्तीय वक्तव्यों पर हमारी राय, और नीचे दी गई अन्य कानूनी और विनियामक आवश्यकताओं पर हमारी रिपोर्ट, उपरोक्त विषयों के सापेक्ष संशोधित नहीं की गई है ।

अन्य विधि एवं विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट:–

1) अधिनियम के खंड 143(3) के अनुसार आवश्यक हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर और "अन्य विषय" पैराग्राफ में विनिर्दिष्ट सहायक कंपनी, संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाई के प्रबंधन द्वारा प्रमाणित लेखा परीक्षा पूर्व वित्तीय विवरण पर विचार करने पर, यथा संभव तक, हम रिपोर्ट करते हैं कि:

क) हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के आधार पर हमने उक्त कथित समेकित वित्तीय विवरणों कि लेखा परीक्षा के लिए आवश्यक जानकारियां एवं स्पष्टीकरण मांगे और प्राप्त कर लिए हैं;

ख) हमारे विचार से, कंपनी ने उक्त कथित समेकित वित्तीय विवरण बनाने के संबंध में विधि के अनुसार लेखा बहियां बनाई हैं, जहां तक हमारे द्वारा इन बहियों की जांच से और अन्य प्रबंधन प्रमाणित वित्तीय रिपोर्टों से प्रतीत होता है;

ग) इस रिपोर्ट के साथ व्यावहृत समेकित बैलेंस शीट, लाभ और हानि का समेकित विवरण (अन्य व्यापक आय सहित), इक्विटी में परिवर्तन का समेकित विवरण और समेकित नकदी प्रवाह विवरण; समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने के उद्देश्य से बनाई गई संगत लेखा पुस्तिकाओं के अनुबंध में है;

घ) हमारी राय में, पूर्वोक्त समेकित वित्तीय विवरण, अधिनियम की धारा 133 सहपाठित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 यथा संशोधित, के अंतर्गत विनिर्दिष्ट भारतीय लेखा मानकों और भारत में सामान्यत; स्वीकार्य अन्य लेखांकन सिद्धांतों का अनुपालन करते हैं;

ङ) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 (2) के प्रावधानों के अंतर्गत निदेशकों की अयोग्यता के संबंध में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना सं.: जी.एस.आर. 463 (ई) दिनांक 05–06–2015 कंपनी पर लागू नहीं है;

च) भारत में निगमित धारक कंपनी, इसकी सहायक कंपनी और संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाईओं की वित्तीय रेपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता के संबंध में "अनुलग्नक–क" में हमारी पृथक रिपोर्ट का अवलोकन करें;

छ) कंपनी (लेखा परीक्षा और लेखा परीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11 के अनुसरण में, लेखा परीक्षा रिपोर्ट में सम्मिलित किए जाने वाले अन्य विषयों को, हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और हमें प्रदत्त स्पष्टीकरण के अनुरूप और सहायक कंपनी एवं संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाइयों की अन्य वित्तीय जानकारी के रूप में पृथक वित्तीय विवरणों पर प्रबंधन प्रमाणित वित्तीय विवरणों पर विचार सहित अन्य विषयों को पैराग्राफ में उल्लेखित किया गया है;

i. समेकित वित्तीय विवरण समूह और संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाइयों की समेकित वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकदमों के प्रभाव का प्रकटीकरण करते हैं – समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणी 33 देखें;

ii. दीर्घकालिक अनुबंधों में मूर्त निकटवर्ती हानि, यदि हो तो, के लिए समेकित वित्तीय विवरणों में प्रावधान किया गया है जैसा कि लागू कानून या भारतीय लेखांकन मानकों के अंतर्गत आवश्यक है– ऐसे मदों के संदर्भ में समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणी 42 देखें क्योंकि इनका संबंध समूह और संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाइयों से है और

iii. भारत में निगमित धारक कंपनी और संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाइयों और उसकी सहायक कंपनियों के द्वारा इंवेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड में स्थानांतरित की जाने वाली राशि को स्थानांतरित करने में कोई विलंब नहीं किया गया है


2. कंपनी (लेखापरीक्षक की रिपोर्ट) आदेश 2020 के पैरा 3 (xxi) और 4 के मामले के संबंध में, सहायक और तीन संयुक्त संस्थाएं अलेखापरीक्षित बनी हुई हैं और इस रिपोर्ट के जारी होने की तारीख को इन संस्थाओं के संबंध में इनके लेखापरीक्षकों द्वारा CARO रिपोर्ट जारी नहीं की गई है,जैसा की अन्य मामलों के शीर्षक वाले खंड में उल्लिखित किया गया है। अतः 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के लिए हमारे द्वारा जारी CARO रिपोर्ट के आधार पर, हम रिपोर्ट करते हैं कि CARO रिपोर्ट में कोई योग्यता या प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है।

एबीपी और एसोसिएट्स के लिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 315104E



(बिमल कुमार चंदुका)
भागीदार
M. No. 053714

पीएसएमजी एवं एसोसिएट्स के लिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 008567C



(स्वाति सिंह)
भागीदार
M. No. 404531

एस.एल. छाजड़ एंड कंपनी एलएलपी के लिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 000709C/C400277



(विजित वैदमुथा)
भागीदार
M. No. 406044

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 26 मई, 2023

अनुलग्नक "क" भारत हेवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड की इंड एएस के अनुरूप समेकित वित्तीय विवरण पर स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की समसंख्यक रिपोर्ट का अनुलग्नक–क

कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 143 की उपधारा 3 के खंड (i) के अंतर्गत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट

31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष के लिए कंपनी के इंड एएसके अनुरूप समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा के संयोजन के रूप में, हमने इसी दिनांक पर भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (इसके बाद में इसे धारक कंपनी के रूप में लिखा गया है।") की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का लेखा परीक्षण किया है। हमने तीन संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाइयों के वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षण नहीं किया है। उनमें से तीनों संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाइयों का लेखा परीक्षण नहीं हुआ है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लिए प्रबंधन का उत्तरदायित्व

धारक कंपनी, इसकी सहायक कंपनी और संयुक्त रूप से नियंत्रित कंपनियां, जो भारत में निगमित की गई कंपनियां हैं, के संगत निदेशक मण्डल इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लेखा परीक्षण दिशानिर्देश नोट में कथित आंतरिक नियंत्रण के वांछित घटकों पर विचार करते हुये कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंड पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और इसे बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है। कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत आवश्यक विश्वसनीय वित्तीय जानकारी का समयबद्ध बनाया जाना, लेखांकन अभिलेखों की शुद्धता और संपूर्णता, त्रुटियों व धोखाधड़ी का पता लगाना और रोकथाम, कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा, संबंधित कंपनी की नीतियों का दृढ़ता से पालन सहित अपने व्यवसाय के व्यवस्थित और कुशल परिचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से क्रियाशील पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव इन जिम्मेदारियों में सम्मिलित है।

लेखा परीक्षकों का उत्तरदायित्व

हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर एक राय व्यक्त करना हमारा उत्तरदायित्व है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लेखा परीक्षण दि नोट ("दिशानिर्देश नोट") एवं आईसीएआई द्वारा जारी लेखा परीक्षा मानकों और आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लेखा परीक्षण के लिए लागू, आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लेखा परीक्षण की सीमा लागू करने के लिए कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143 (10) के अंतर्गत निर्धारित समझी गईं हों, के अनुरूप हम अपना लेखा परीक्षण करते हैं। उन मानकों और गाइडेंस नोट की अपेक्षा है कि हम नैतिक अपेक्षाओं की पूर्ति करें और इस तथ्य पर यथोचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित और अनुरक्षित था और यह नियंत्रण सभी मूर्त पहलुओं पर प्रभावी रूप से संचालित था, लेखा परीक्षा योजना बनाएं तथा लेखापरीक्षा करें।

हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली कि पर्याप्तता और इसकी परिचालन प्रभावशीलता के बारे मे लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाओं को निष्पादित करना सम्मिलित है। हमारी लेखा परीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ प्राप्त करना, किसी मूर्त निर्बलता के होने के संकट का आकलन और आकलित संकट के आधार पर आंतरिक नियंत्रण की परिचालन प्रभावशीलता एवं डिजाइन का मूल्यांकन व परीक्षण करना सम्मिलित है। वित्तीय विवरणों की मूर्त मिथ्या कथन, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, का संकट के आकलन सहित लेखा परीक्षकों के निर्णय पर प्रक्रियाएं चयनित की जाती हैं।

हमें विश्वास है कि जो लेखापरीक्षा साक्ष्य हमने प्राप्त किए हैं वह कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली हेतु लेखा परीक्षा राय का आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित है

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ

किसी कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक प्रक्रिया है जो वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता के बारे में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए और सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप बाहरी प्रयोजनों के लिए वित्तीय विवरणों की तैयारी करने हेतु डिजाइन की जाती है। कंपनी के वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और प्रक्रियाएं सम्मिलित हैं, जो (1) ऐसे अभिलेखों के रखरखाव से संबंधित हैं, जिसमें कंपनी की सम्पत्तियों के लेनदेन और निपटान का यथार्थ और उचित रूप में विवरण दर्शाया गया है। (2) उचित आश्वासन देते हैं कि लेनदेन सामान्यतः स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरणों की तैयारी की अनुमति के लिए दर्ज हो रहे हैं और कंपनी कि प्राप्तियां और व्यय केवल कंपनी प्रबंधन और कंपनी के निदेशक प्राधिकरण के अनुसरण में हो रही है और (3) कंपनी की परिसंपत्तियों के अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग, या निपटान जो वित्तीय विवरणों पर मूर्त प्रभाव डाल सकते हैं, का समय पर पता लगाने या रोकथाम के बारे में उचित आश्वासन प्रदान करें।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की निहित सीमाएं

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं जिनमें मिलीभगत की संभावना, नियंत्रण अधिभाव का अनुचित प्रबंधन सम्मिलित है, के कारण त्रुटि या धोखाधड़ी से मूर्त मिथ्या कथनी हो सकती है जिसका पता नहीं लगता है। इसके अतिरिक्त, भविष्य की अवधि के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के किसी भी मूल्यांकन के अनुमान इस जोखिम के अधीन है कि स्थितियों में परिवर्तन के कारण अथवा नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन के स्तर में कमी के कारण वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण अपर्याप्त हो सकता है।

अन्य विषय

अधिनियम की धारा 143(3)(i) के अंतर्गत वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और परिचालन प्रभावशीलता पर हमारी उपरोक्त रिपोर्ट, जहां तक एक सहायक कंपनी और तीन संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाइयों जो कि भारत में निगमित कंपनियाँ है, से संबंधित है,भारत में निगमित इन तीन संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं और एक सहायक कंपनी के संबंधित प्रबंधन प्रमाणपत्र पर आधारित है।

राय

हमारी राय में, होल्डिंग कंपनी और तीन संयुक्त रूप से नियंत्रित कंपनियां, जो भारत में निगमित की गई कंपनियां हैं, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लेखा परीक्षण दिशानिर्देश नोट में कथित आंतरिक नियंत्रण के वांछित घटकों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण मानदंड के आधार पर, सभी मूर्त पहलुओं के सापेक्ष वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली स्थापित थी और 31 मार्च, 2023 को प्रभावशाली रूप से संचालित थी।

एबीपी और एसोसिएट्स के लिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 315104E

(बिमल कुमार चंदुका)
भागीदार
M. No. 053714

पीएसएमजी एवं एसोसिएट्स के लिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 008567C

(स्वाति सिंह)
भागीदार
M. No. 404531

एस.एल. छाजड़ एंड कंपनी एलएलपी के लिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 000709C/C400277

(विजित वैदमुथा)
भागीदार
M. No. 406044

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 26 मई, 2023

DG(E)/REP/01-93/AC-BHEL/CA3/2023-24/135

भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग
कार्यालय महा निदेशक लेखापरीक्षा (ऊर्जा)
नई दिल्ली

INDIAN AUDIT & ACCOUNTS DEPARTMENT
Office of the Director General of Audit (Energy)
New Delhi

आज़ादी का अमृत महोत्सव

Dated: 28/12/23.

सेवा में,

अध्यक्ष एवं प्रबंध-निदेशक,
भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड,
नई दिल्ली

विषयः- 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, नई दिल्ली के समेकित वित्तीय विवरण (Consolidated Financial Statement) पर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143(6)(b) एवं धारा 129(4) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ।

महोदय,

मैं भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, नई दिल्ली के 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के समेकित वित्तीय विवरण (Consolidated Financial Statement) पर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143(6)(b) एवं धारा 129(4) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ अग्रेषित कर रहा हूँ।

कृपया इस पत्र की रांलग्नकों सहित प्राप्ति की पावती भेजी जाए।

भवदीय,

संलग्नक:- यथोपरि।

(संजय कु. झा)
महानिदेशक

पांचवा, छठा, सातवाँ, एवं दसवां तल, सी.ए.जी. बिल्डिंग, एनैक्सी, 10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
5th, 6th, 7th & 10th Floor, C.A.G. Building Annexe, 10, Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi - 110002
Tel. 011-23239213, 23239235, Fax: 011-23239211, Email: pdaenergydl@cag.gov.in

COMMENTS OF THE COMPTROLLER AND AUDITOR GENERAL OF INDIA UNDER SECTION 143(6)(b) READ WITH SECTION 129(4) OF THE COMPANIES ACT, 2013 ON THE CONSOLIDATED FINANCIAL STATEMENTS OF BHARAT HEAVY ELECTRICALS LIMITED FOR THE YEAR ENDED 31 MARCH 2023

The preparation of consolidated financial statements of Bharat Heavy Electricals Limited for the year ended 31 March 2023 in accordance with the financial reporting framework prescribed under the Companies Act, 2013 (Act) is the responsibility of the management of the company. The statutory auditors appointed by the Comptroller and Auditor General of India under section 139 (5) read with section 129 (4) of the Act are responsible for expressing opinion on the financial statements under section 143 read with section 129 (4) of the Act based on independent audit in accordance with the standards on auditing prescribed under section 143(10) of the Act. This is stated to have been done by them vide their Audit Report dated 26 May 2023.

I, on behalf of the Comptroller and Auditor General of India, have conducted a supplementary audit of the consolidated financial statements of Bharat Heavy Electricals Limited for the year ended 31 March 2023 under Section 143(6)(a) read with section 129(4) of the Act. We conducted a supplementary audit of the financial statements of Bharat Heavy Electricals Limited but did not conduct supplementary audit of the financial statements of NTPC-BHEL Power Projects Private Limited and Raichur Power Corporation Limited for the year ended on that date. Further, Section 139(5) and 143(6)(a) of the Act are not applicable to the BHEL-GE Gas Turbine Services Private Limited, being private entity, for appointment of their Statutory Auditor(s) and for conduct of supplementary audit. Accordingly, Comptroller & Auditor General of India has neither appointed the Statutory Auditor(s) nor conducted the supplementary audit of this company. This supplementary audit has been carried out independently without access to the working papers of the statutory auditors and is limited primarily to inquiries of the statutory auditors and company personnel and a selective examination of some of the accounting records.

On the basis of my supplementary audit nothing significant has come to my knowledge which would give rise to any comment upon or supplement to statutory auditors' report under section 143(6)(b) of the Act.

For and on behalf of the
Comptroller & Auditor General of India

(Sanjay K. Jha)
Director General of Audit (Energy)

Place: New Delhi
Dated:27 July 2023

समेकित तुलन पत्र (बैलेंस शीट) 31 मार्च, 2023 को

(₹ करोड़ में)

विवरण	नोट	पृ. सं	31 मार्च 2023 की स्थिति		31 मार्च 2022 की स्थिति	
क. परिसंपत्तियाँ						
1. गैर चालू परिसंपत्तियाँ						
(क) संपत्ति, संयंत्र एवं उपस्कर	**3क**	**288**		2408.74		2336.34
(ख) पूंजीगत चालू कार्य	**3ख**	**288**		344.59		422.32
(ग) अमूर्त परिसंपत्तियाँ	**4क**	**289**		67.24		62.12
(घ) विकासशील अमूर्त परिसंपत्तियां	**4ख**	**289**		9.26		8.66
(ङ) इक्विटी पद्धति का उपयोग करके गणना किया गया निवेश	**5**	**294**		232.29		201.86
(ङ) वित्तीय परिसंपत्तियाँ						
(i) निवेश	**5a**	**295**	3.13		3.29	
(ii) व्यापार प्राप्य	**6**	**296**	3415.54		3203.84	
(iii) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियाँ	**7**	**298**	83.96	3502.63	86.73	3293.86
(च) आस्थगित कर परिसंपत्तियाँ (शुद्ध देनदारियां)	**8**	**298**		3422.62		3530.08
(छ) अन्य गैर चालू परिसंपत्तियाँ	**9**	**299**		19300.14		18526.54
कुल गैर चालू परिसंपत्तियाँ				**29287.51**		**28381.78**
2. चालू परिसंपत्तियाँ						
(क) माल सूची	**10**	**300**		6755.90		6560.21
(ख) वित्तीय परिसंपत्तियाँ						
(i) व्यापार प्राप्य	**6**	**296**	3128.35		3024.75	
(ii) नकद एवं नकद समकक्ष	**11**	**301**	1560.52		732.62	
(iii) नकद एवं नकद समकक्ष के अतिरिक्त अन्य बैंक बैलेंस	**12**	**301**	5082.06		6421.07	
(iv) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियाँ	**7**	**298**	278.23	10049.16	211.56	10390.00
(ग) चालू कर परिसंपत्तियाँ (शुद्ध)	**13**	**302**		226.38		119.24
(घ) अन्य चालू परिसंपत्तियाँ	**9**	**299**		13050.84		10792.53
कुल चालू परिसंपत्तियाँ				**30082.28**		**27861.98**
कुल परिसंपत्तियाँ				**59369.79**		**56243.76**
ख. इक्विटी एवं देयताः						
3. इक्विटी						
इक्विटी शेयर पूंजी	**14**	**302**		696.41		696.41
अन्य इक्विटी	**15**	**303**		26131.62		25810.19
कुल इक्विटी				**26828.03**		**26506.60**
4. देयताएं						
4.1 गैर चालू देयताएं						
(क) वित्तीय देयताएं						
(i) पट्टा देयताएं	**16**	**303**	33.75		35.12	
(ii) व्यापार देय	**17**	**304**				
(i) सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों का कुल बकाया राशि			128.11		127.45	
(ii) सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के अलावा अन्य का कुल बकाया राशि			2065.92		2004.48	
(iii) अन्य वित्तीय देयताएँ	**18**	**305**	255.70	2483.48	215.10	2382.15

समेकित तुलन पत्र (बैलेंस शीट) 31 मार्च, 2023 को

(₹ करोड़ में)

विवरण	नोट	पृ. सं	31 मार्च 2023 की स्थिति		31 मार्च 2022 की स्थिति	
(ख) प्रावधान	19	305		4101.02		3771.21
(ग) अन्य गैर–चालू देयताएँ	20	305		2605.81		2212.65
कुल गैर चालू देयताएं				**9190.31**		**8366.01**
4.2 चालू देयताएं						
(क) वित्तीय देयताएं						
(i) ऋण	21	306	5385.00		4745.00	
(ii) पट्टा देयताएं	16	303	34.76		49.81	
(iii) व्यापार देय	17	304				
(i) सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों की कुल बकाया राशि			1211.53		745.82	
(ii) सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के अलावा अन्य की कुल बकाया राशि			8684.30		7003.77	
(iii) अन्य वित्तीय देयताएँ	18	305	1276.93	16592.52	1124.09	13668.49
(ख) प्रावधान	19	305		2796.63		3066.70
(ग) अन्य चालू देयताएँ	20	305		3962.29		4635.96
कुल चालू देयताएं				**23351.44**		**21371.15**
कुल देयताएं				**32541.75**		**29737.16**
कुल इक्विटी एवं देयताएं				**59369.79**		**56243.76**

तैयारी का आधार , मापन एवं महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां 2 282

साथ में दिए गए नोट (1–57) इन वित्तीय विवरणों का एक अभिन्न हिस्सा हैं

निदेशक मण्डल की ओर से एवं उनके लिए

(राजीव कालड़ा)
कंपनी सचिव
M. No. 14567

(जय प्रकाश श्रीवास्तव)
निदेशक (ई,आर एंड डी),
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ–अतिरिक्त प्रभार
DIN: 09703643

(डॉ. नलिन सिंघल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
DIN: 01176857

समान तिथि को हमारी रिपोर्ट के अनुसार

एबीपी और एसोसिएट्स के लिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 315104E

(बिमल कुमार चंदुका)
भागीदार
M. No. 053714

पीएसएमजी एवं एसोसिएट्स के लिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 008567C

(स्वाति सिंह)
भागीदार
M. No. 404531

एस.एल. छाजड़ एंड कंपनी एलएलपी के लिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 000709C/C400277

(विजित वैदमुथा)
भागीदार
M. No. 406044

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 26 मई, 2023

लाभ हानि का समेकित विवरण

31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(₹ करोड़ में)

विवरण	नोट	पेज	31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए		31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए	
व्यय						
परिचालनों से राजस्व	**22**	**307**	23364.94		21211.09	
अन्य आय	**23**	**308**	488.63		354.54	
कुल आय			**23853.57**		**21565.63**	
व्यय						
खपत किए गए कच्चे माल की लागत			5875.28		5062.40	
खरीदी गई वस्तुओं का मूल्य			4657.33		4141.75	
सिविल, इरेक्शन और इंजीनियरिंग खर्चे			5421.08		4792.61	
स्टोर और स्पेयर की खपत			404.18		271.44	
तैयार माल, प्रगतिशील कार्य एवं स्क्रेप की माल सूची में परिवर्तन	**24**	**308**	(57.15)		525.64	
कर्मचारी लाभ व्यय	**25**	**308**	5700.63		5519.05	
अन्य व्यय	**26**	**309**	647.03		162.62	
वित्त लागत	**27**	**311**	521.43		355.96	
मूल्यह्रास और परिशोधन खर्च	**3.1/4.1**	**291/293**	260.34		314.12	
कुल व्यय			**23430.15**		**21145.59**	
इक्विटी प्रणाली का उपयोग कर निवेश का लाभ (हानि) पूर्व शेयर का शुद्ध लाभ/(पूर्व) तथा कर			**423.42**		**420.04**	
इक्विटी प्रणाली का उपयोग कर संयुक्त उद्यम का शुद्ध लाभ/(हानि)			56.02		50.42	
कर पूर्व लाभ			**479.44**		**470.46**	
कर व्यय	**28**	**311**				
क) वर्तमान कर			(111.22)		(77.13)	
ख) आस्थगित कर			113.27	2.05	102.88	25.75
वर्ष के लिए लाभ (क)			**477.39**		**444.71**	
अन्य व्यापक आय	**29**	**312**				
वे आइटम जिन्हें लाभ या हानि के लिए पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगा (शुद्ध कर)						
निर्धारित कर्मचारी लाभों का पुनर्मापन			(17.27)		76.87	
इक्विटी प्रणाली का उपयोग कर संयुक्त उद्यम में ओसीआई का शेयर			0.59		0.03	
वर्ष के लिए अन्य व्यापक आय (ख)			**(16.68)**		**76.90**	
वर्ष के लिए कुल व्यापक आय (क+ख)			**460.71**		**521.61**	
पर भारित						
मूल इकाई के इक्विटी धारक			**460.71**		**522.93**	
अनियंत्रित ब्याज			-		(1.32)	

लाभ हानि का समेकित विवरण

31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(₹ करोड़ में)

विवरण	नोट	पेज	31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए
कुल			**460.71**	**521.61**
वर्ष की कुल अन्य व्यापक आय				
पर भारित				
मूल इकाई के इक्विटी धारक			(16.68)	76.90
अनियंत्रित ब्याज			-	
कुल			**(16.68)**	**76.90**
वर्ष के लिए कुल लाभ				
पर भारितः				
मूल इकाई के इक्विटी धारक			477.39	446.03
अनियंत्रित ब्याज			-	(1.32)
कुल			**477.39**	**444.71**
प्रति इक्विटी शेयर आय	**30**	**312**		
1. मूल [प्रत्येक का अंकित मूल्य 2 रुपये]			1.37	1.28
2. मिश्रित [प्रत्येक का अंकित मूल्य 2 रुपये]			1.37	1.28
तैयारी का आधार , मापन एवं महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां	**2**	**282**		

साथ में दिए गए नोट (1–57) इन वित्तीय विवरणों का एक अभिन्न हिस्सा हैं

निदेशक मण्डल की ओर से एवं उनके लिए

(राजीव कालड़ा)
कंपनी सचिव
M. No. 14567

(जय प्रकाश श्रीवास्तव)
निदेशक (ई,आर एंड डी),
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ–अतिरिक्त प्रभार
DIN: 09703643

(डॉ. नलिन सिंघल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
DIN: 01176857

समान तिथि को हमारी रिपोर्ट के अनुसार

एबीपी और एसोसिएट्स के लिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 315104E

(बिमल कुमार चंदुका)
भागीदार
M. No. 053714

पीएसएमजी एवं एसोसिएट्स के लिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 008567C

(स्वाति सिंह)
भागीदार
M. No. 404531

एस.एल. छाजड़ एंड कंपनी एलएलपी के लिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 000709C/C400277

(विजित वैदमुथा)
भागीदार
M. No. 406044

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 26 मई, 2023

इक्विटी में परिवर्तन का समेकित विवरण

31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

अ. इक्विटी शेयर पूंजी

(₹ करोड़ में)

2 रू प्रत्येक के इक्विटी शेयर जारी, अभिदान और पूर्ण भुगतान	शेयरों की संख्या		राशि	
	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22
वर्ष की शुरूआत में शेष	**3482063355**	3482063355	**696.41**	696.41
वर्ष के दौरान इक्विटी शेयर पूंजी में परिवर्तन	**-**	-	**-**	-
वर्ष के अंत में शेष	**3482063355**	3482063355	**696.41**	696.41

अ. अन्य इक्विटी

31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(₹ करोड़ में)

विवरण	आरक्षित एवं अधिशेष				अन्य व्यापक आय की अन्य मदें	कुल अन्य इक्विटी	अनियंत्रित ब्याज
	आरक्षित पूंजी	पूंजी मोचन कोष	सामान्य कोष	प्रतिधारित आय			
1 अप्रैल 2022 को शेष राशि	**35.18**	**37.87**	**30476.66**	**(4421.45)**	**(318.08)**	**25810.19**	**0.00**
लेखांकन नीति में परिवर्तन या पूर्व अवधि की त्रुटियां						-	-
1 अप्रैल 2022 की स्थिति के अनुसार प्रतिधारित शेष राशि	**35.18**	**37.87**	**30476.66**	**(4421.45)**	**(318.08)**	**25810.19**	**0.00**
जोड़ें : वर्ष के लिए कुल व्यापक आय				477.39	(16.68)	460.71	0.00
घटाएं : अंतिम लाभांश (नोट 31)				(139.28)		(139.28)	0.00
31 मार्च 2023 तक शेष	**35.18**	**37.87**	**30476.66**	**(4083.33)**	**(334.76)**	**26131.62**	**0.00**

इक्विटी में परिवर्तन का समेकित विवरण

31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(₹ करोड़ में)

विवरण	रिजर्व एवं अधिशेष				अन्य व्यापक आय की अन्य मदें	कुल अन्य इक्विटी	अनियंत्रित ब्याज
	आरक्षित पूंजी	पूंजी मोचन कोष	सामान्य कोष	प्रतिधा. रित आय			
1 अप्रैल 2021 को शेष राशि	**35.18**	**37.87**	**30476.66**	**(4867.48)**	**(394.98)**	**25287.26**	**(11.66)**
लेखांकन नीति में परिवर्तन या पूर्व अवधि की त्रुटिया						-	-
1 अप्रैल 2021 की स्थिति के अनुसार प्रतिधारित शेष राशि	**35.18**	**37.87**	**30476.66**	**(4867.48)**	**(394.98)**	**25287.26**	**(11.66)**
जोड़ें : वर्ष के लिए कुल व्यापक आय				428.95	76.90	505.85	(1.32)
घटाएं : सहायक इक्विटी का परिसमापन एंव माइनरिटी ब्याज				(17.08)		(17.08)	(12.98)
31 मार्च 2023 तक शेष	**35.18**	**37.87**	**30476.66**	**(4421.45)**	**(318.08)**	**25810.19**	**0.00**

* कुल अन्य इक्विटी मूल मालिकों का प्रतिनिधित्व करती है

निदेशक मण्डल की ओर से एवं उनके लिए

(राजीव कालड़ा)
कंपनी सचिव

M. No. 14567

(जय प्रकाश श्रीवास्तव)
निदेशक (ई,आर एंड डी),
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ–अतिरिक्त प्रभार
DIN: 09703643

(डॉ. नलिन सिंघल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

DIN: 01176857

समान तिथि को हमारी रिपोर्ट के अनुसार

एबीपी और एसोसिएट्स के लिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 315104E

(बिमल कुमार चंदुका)
भागीदार
M. No. 053714

पीएसएमजी एवं एसोसिएट्स के लिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 008567C

(स्वाति सिंह)
भागीदार
M. No. 404531

एस.एल. छाजड़ एंड कंपनी एलएलपी के लिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 000709C/C400277

(विजित वैदमुथा)
भागीदार
M. No. 406044

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 26 मई, 2023

नकदी प्रवाह का समेकित विवरण

31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए
अः परिचालन गतिविधियों से नकद प्रवाह		
कर पूर्व लाभ/(हानि)	**479.44**	470.46
समायोजन के लिएः		
प्रावधान एवं राइट ऑफ	**(86.31)**	(1120.06)
मूल्य ह्रास एवं परिशोधन	**260.34**	314.12
वित्तीय लागत (ब्याज की छूट सहित)	**521.43**	355.96
ब्याज एवं लाभांश आय	**(421.12)**	(302.79)
संयुक्त उद्यमों में हानि/(लाभ) का हिस्सा	**(56.02)**	(50.42)
अनुषंगी में हिस्सेदारी का विनिवेश	**0.00**	(17.08)
अप्राप्त विदेशी मुद्रा हानि/(लाभ)	**(401.85)**	19.26
सरकारी अनुदान का परिशोधन	**(8.90)**	(6.20)
अन्य	**(33.02)**	(6.61)
कार्यशील पूंजी में परिवर्तन से पूर्व परिचालनों से प्राप्त/(खर्च) नकद	**253.99**	**(343.36)**
कार्यशील पूंजी में परिवर्तन के लिए समायोजनः		
व्यापारिक प्राप्तियां	**92.04**	1881.12
अनुबंध संपत्तियां	**(2370.65)**	(2594.15)
मालसूची	**(192.40)**	603.40
ऋण,अग्रिम एवं अन्य संपत्तियां	**(262.28)**	143.49
उप कुल	**(2733.29)**	**33.86**
व्यापारिक देयताएं	**2103.68**	1300.96
ग्राहकों से प्राप्त अग्रिम, जमा एवं अन्य प्रावधान	**(167.84)**	(381.49)
प्रावधान	**(308.48)**	(358.60)
उप कुल	**1627.36**	**560.87**
शुद्ध नकदी (उपयोग की गई) / कार्यशील पूंजी से	**(1105.93)**	**594.73**
परिचालन से उत्पन्न नकदी	**(851.94)**	**251.37**
आय कर भुगतान	**(155.54)**	(258.00)
आयकर वापसी	**265.96**	666.88
परिचालन गतिविधियों से शुद्ध नकदी प्रवाह	**(741.52)**	**660.25**
ख. निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह		
बैंक जमा का प्रतिदान/परिपक्वता (मूल परिपक्वता 3 माह से अधिक की होने पर)	**1358.78**	(1251.12)
प्राप्त व्याज	**250.72**	257.93
निवेश से प्राप्त आय	**25.42**	0.00
संयुक्त उद्धमों से प्राप्त लाभांश	**26.18**	30.35
संपत्ति, संयंत्र और उपकरण और अमूर्त संपत्ति की बिक्री	**7.76**	6.90
संपत्ति, संयंत्र और उपकरण और अमूर्त संपत्ति की खरीद	**640.00**	(87.53)
निवेश गतिविधियों से प्राप्त/(उपयोग की गई) शुद्ध नकदी	**(49.77)**	**(48.79)**

नकदी प्रवाह का समेकित विवरण

31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए
ग. वित्त पोषण गतिविधियों से नकदी प्रवाह	**(7.27)**	**(9.57)**
अल्पावधि ऋण से आय	**(139.18)**	(0.30)
पट्टे की बाध्यता (मूलधन) की कार्यवाही (चुकौती)	**(354.82)**	(183.30)
लीज दायित्व (ब्याज) की कार्यवाही / (चुकौती)	**88.96**	(329.49)
लाभांश भुगतान	**827.90**	(794.56)
ब्याज भुगतान	**732.62**	1519.90
निवल नकद (प्रयुक्त) / वित्तपोषण गतिविधियों से (देखें बिंदु 4)	**0.00**	**7.28**
घ. नकदी व नकदी समकक्षों में शुद्ध वृद्धि/(ह्रास)	**1560.52**	**732.62**
नकदी व नकदी समकक्ष का प्रारंभिक शेष (अतिरिक्त नकद ऋण को छोड़कर)	**732.62**	**1519.90**
सहायक कंपनी के नकद ऋण का समायोजन – प्रारंभिक शेष से बीएचईएल ईएमएल	**0.00**	7.28
नकदी व नकदी समकक्षों का जमा शेष (नोट 11 देखे)	**1560.52**	**732.62**

(1) इंड एएस–7: नकदी प्रवाह विवरण में वर्णित अप्रत्यक्ष विधि के तहत नकदी प्रवाह का विवरण तैयार किया गया है।

(2) पिछले वर्ष के आंकड़े जहां कहीं भी लागू किए गए हैं, उन्हें फिर से एकत्र/पुनर्गठित किया गया है।

(3) नकद और नकद समकक्षों के अंतिम शेष शून्य (पिछले वर्ष 0.15 करोड़) की विनिमय भिन्नता हानि शामिल है।

(4) वित्तीय गतिविधियों से उत्पन्न होने वाली देनदारियों में परिवर्तन नोट 21 (vi), एवं नोट 39 बी, पर उपलब्ध हैं।

(5) वर्ष के दौरान कंपनी ने 266 करोड़ रुपये का आयकर रिफंड मिला है, जिसमें 106 करोड़ रुपये की ब्याज आय भी शामिल है।

निदेशक मण्डल की ओर से एवं उनके लिए

(राजीव कालड़ा)
कंपनी सचिव
M. No. 14567

(जय प्रकाश श्रीवास्तव)
निदेशक (ई,आर एंड डी),
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ–अतिरिक्त प्रभार
DIN: 09703643

(डॉ. नलिन सिंघल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
DIN: 01176857

समान तिथि को हमारी रिपोर्ट के अनुसार

एबीपी और एसोसिएट्स के लिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 315104E

(बिमल कुमार चंदुका)
भागीदार
M. No. 053714

पीएसएमजी एवं एसोसिएट्स के लिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 008567C

(स्वाति सिंह)
भागीदार
M. No. 404531

एस.एल. छाजड़ एंड कंपनी एलएलपी के लिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 000709C/C400277

(विजित वैदमुथा)
भागीदार
M. No. 406044

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 26 मई, 2023

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए एकीकृत वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियाँ

नोट [1] – कंपनी के बारे में सूचना

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (''बीएचईएल'' या ''कंपनी'') भारत में स्थित एक सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी है और इसका पंजीकृत कार्यालय बीएचईएल हाउस, सीरी फोर्ट, नई दिल्ली –110049 में है।

कंपनी विद्युत संयंत्र उपस्कारों की एकीकृत विनिर्माता है और अर्थव्यवस्था के मुख्य क्षेत्रों, जैसे विद्युत, पारेषण, उद्योग, परिवहन, नवीकरणीय ऊर्जा, जल, तेल एवं गैस और रक्षा एवं एयरोस्पेस के लिए उत्पादों और सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला के डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण, इरेक्शन, परीक्षण, कमीशनिंग और सर्विसिंग का कार्य करती है।

कंपनी के पास बीएचईएल–जीई गैस टर्बाइन सर्विसेज लिमिटेड, एनटीपीसी–बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, रायचूर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड और पावर प्लांट परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट लिमिटेड के नाम से संयुक्त उद्यम कंपनियां हैं।

नोट [2] – तैयार करने तथा मापने का आधार तथा महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां (समेकित वित्तीय विवरण)

1. वित्तीय विवरण तैयार करने का आधारः

क) अनुपालन का विवरण

वित्तीय विवरण कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 और उसके बाद के संशोधनों तथा कंपनी अधिनियम, 2013 में और उसके संशोधनों के अनुसार वित्तीय विवरण के लिए लागू अतिरिक्त अपेक्षाओं के अधीन कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा अधिसूचित भारतीय लेखा मानकों (इंड–एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं।

ख) माप का आधार

वित्तीय विवरण क्रियाशील इकाई– प्रतिष्ठान (going concern) आधार पर और संग्रहण (accrual) लेखांकन प्रणाली के आधार पर तैयार किया गया है। जब तक पॉलिसी में अन्यथा उल्लेखित न हो वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए ऐतिहासिक लागत का उपयोग किया जाता है।

ग) कार्यात्मक और प्रस्तुति मुद्रा

वित्तीय विवरण भारतीय रुपयों में तैयार किए जाते हैं, जो कंपनी की फंक्शनल करेंसी (कार्यकारी मुद्रा) है।

घ) अनुमान और निर्धारण का उपयोग

इंड एएस के अनुरूप वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए प्रबंधन को मूल्यांकन करने और अनुमान लगाने की आवश्यकता होती है जो लेखांकन नीतियों और परिसंपत्तियों, देनदारियों, आय और व्यय की रिपोर्ट की गई राशि को प्रभावित करते हैं। वास्तविक परिणाम इन अनुमानों से अलग हो सकते हैं। अनुमानों की समीक्षा निरंतर आधार पर की जाती है। तदनुसार, लेखांकन अनुमानों में पूर्व प्रभाव से पुनरीक्षण किया जाता है।

लेखांकन नीतियों को लागू करने में महत्वपूर्ण अनुमान और मूल्यांकन

वित्तीय विवरणों में उल्लिखित राशियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाली लेखांकन नीतियों को लागू करने में किए गए अनुमान और मूल्यांकन इस प्रकार हैं:

i) राजस्व

कंपनी निर्माण ठेकों/अनुबंधों के लिए राजस्व लेखांकन में अपनाए गए लागत दृष्टिकोण के आधार पर इनपुट पद्धति का उपयोग करती है। इनपुट पद्धति के उपयोग के लिए कंपनी को अपने निष्पादन दायित्व की संतुष्टि के लिए कुल अपेक्षित लागत के सापेक्ष लागत का अनुमान लगाना अपेक्षित होता है। अनुबंध की अवधि के दौरान अनुमानों का लगातार मूल्यांकन किया जाता है और कंपनी निर्धारित समयांतराल में प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में अपने प्रदर्शन दायित्वों की पूर्ण संतुष्टि की दिशा में अपनी प्रगति का पुनः आकलन करती है।

कंपनी रिपोर्टिंग अवधि के अंत में मौजूद परिस्थितियों और रिपोर्टिंग अवधि के दौरान परिस्थितियों में बदलाव का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि में अपने अनुमानित लेनदेन मूल्य को अपडेट करती है।

ii) संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर

आवधिक मूल्यह्रास के संबंध में प्रभार का आकलन संपत्ति की अपेक्षित उपयोगी अवधि एवं इसकी समाप्ति के बाद अपेक्षित अवशिष्ट मूल्य का अनुमान करने के बाद किया जाता है। कंपनी की परिसंपत्तियों के मूल्यह्रास विधि, उपयोगी जीवन और अवशिष्ट मूल्यों का अनुमान प्रबंधन द्वारा परिसंपत्ति के अधिग्रहण के समय लगाया जाता है एवं इसकी समीक्षा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के दौरान की जाती है।

iii) कर्मचारी लाभ योजनाएं

कर्मचारी परिभाषित लाभ योजनाएं और दीर्घकालिक लाभ योजनाएं बीमांकिक म ान्यताओं के आधार पर मापी जाती हैं। हालाँकि, इन मान्यताओं में किसी भी प्रकार के परिवर्तन का प्रभाव बताए गए दायित्वों और व्यय पर पड़ सकता है।

iv) प्रावधान और आकस्मिकताएँ

प्रावधानों और आकस्मिकताओं की पहचान हेतु सम्पन्न आकलन वर्तमान उपलब्ध सूचना के आधार पर प्रबंधन के सर्वोत्तम निर्धारण के अनुसार किए गए हैं।

2. संपत्ति संयंत्र और उपकरण (पीपीई)

आवधिक मूल्यह्रास के संबंध में प्रभार का आकलन संपत्ति की अपेक्षित उपयोगी अवधि एवं इसकी समाप्ति के बाद अपेक्षित अवशिष्ट मूल्य का अनुमान करने के बाद किया जाता है।

